RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 256
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 7 जुलाई, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर




वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे शृंखला में कप्तान होंगे धवन

स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# काशी में उच्च शिक्षा पर होगा मंथन

● प्रधानमंत्री आज तीन दिवसीय अखिल भारतीय शिक्षा समागम का करेंगे उद्घाटन

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को वाराणसी में तीन दिवसीय सम्मेलन अखिल भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन करेंगे। इस सम्मेलन में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न पक्षकार उच्च शिक्षा के बदलते परिदृश्य और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विविध दृष्टिकोण के बारे में चर्चा करेंगे। शिक्षा मंत्रालय के बयान के अनुसार, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के सहयोग से अखिल भारतीय शिक्षा समागम का आयोजन कर रहा है।

मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी बृहस्पतिवार को वाराणसी में इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के साथ-साथ सम्मेलन में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों के 300 से अधिक कुलपति एवं निदेशक सहित शिक्षाविद, नीति निर्माता, उद्योगों के प्रतिनिधि आदि हिस्सा लेंगे। बयान के अनुसार, सम्मेलन में उच्च शिक्षा के बदलते परिदृश्य एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने के बारे में चर्चा की जाएगी। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस सम्मेलन में शिक्षा से जुड़े विभिन्न पक्षकार पिछले दो वर्षों में कई पहलों के सफल कार्यान्वयन के बाद इस बात पर चर्चा करेंगे कि देश भर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को आगे कैसे कार्यान्वित किया जा सकता है। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले महीने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में मुख्य सचिवों के एक सम्मेलन को संबोधित किया था जहां राज्यों ने इस मुद्दे पर अपना दृष्टिकोण साझा किया था।

इस संबंध में परामर्शों की श्रृंखला में वाराणसी शिक्षा समागम अगली कड़ी है। 7 से 9 जुलाई तक चलने वाले तीन दिवसीय इस समागम के कई सत्रों में बहु-विषयक और समग्र शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार, भारतीय ज्ञान प्रणाली, शिक्षा का अंतरराष्ट्रीयकरण, डिजिटल सशक्तिकरण तथा ऑनलाइन शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता, गुणवत्ता, रैंकिंग और प्रत्यायन, समान और समावेशी शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों की क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर चर्चा होगी। मंत्रालय के बयान के अनुसार, अखिल भारतीय शिक्षा समागम में उच्च शिक्षा पर वाराणसी घोषणा को अंगीकार किया जाएगा जो उच्च शिक्षा प्रणाली के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए भारत की विस्तारित दृष्टि और नए सिरे से उसकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगा।



वाराणसी में तीन दिवसीय अखिल भारतीय शिक्षा समागम कार्यक्रम के लिए तैयारियां हो गई पूरी

# कर चोरी रोकने को लेकर सभी जिलों में टास्क फोर्स गठित की जाए: योगी

● मुख्यमंत्री ने कहा, फील्ड स्तर के अधिकारियों से नियमित अंतराल पर सीधा संवाद किया जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



लोक भवन में राज्य कर विभाग के प्रस्तुतिकरण के दौरान अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राजस्व की चोरी राष्ट्रीय क्षति है। कर अपवंचन, कर चोरी रोकने के लिए सभी जिलों में एक टास्क फोर्स गठित की जाए। ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुए सम्बन्धित के खिलाफ छापेमारी की जाए। पेट्रोल पम्पों पर घटतौली, मिलावट की शिकायत मिलती रहती है। यह भी एक प्रकार की कर चोरी है। बुधवार को मुख्यमंत्री के समक्ष लोक भवन में राज्य कर विभाग का प्रस्तुतिकरण किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समेकित प्रयासों से प्रदेश में जीएसटी संग्रह में सतत बढ़ोतरी हो रही है। वर्ष 2021-22 में 98107 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह जीएसटी क्षतिपूर्ति व वैट से हुआ। इसे और बेहतर करने की जरूरत है। 2022-23 की पहली तिमाही में हुआ रिकॉर्ड राजस्व संग्रह अब तक के प्रयासों को सही दिशा होने की पुष्टि करते हैं। वर्ष 2022-23 के लिए 1.50 लाख करोड़ रुपये राजस्व संग्रह के लक्ष्य के साथ मिशन मोड में नियोजित प्रयास किये जाएं। उन्होंने कहा कि जीएसटी कन्जम्प्शन आधारित कर प्रणाली है। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद एवं प्रति व्यक्ति आय तथा देश की जीडीपी की वृद्धि दर के दृष्टिगत ही राजस्व प्राप्ति होती है। अतः कन्जम्प्शन में वृद्धि के लिए नियोजित प्रयासों की जरूरत है।

प्रदेश में इसके लिए अनुकूल माहौल है। डीलर बेस में वृद्धि हेतु राज्य कर विभाग द्वारा किये गए प्रयासों के अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं। सतत प्रयासों से वर्तमान में जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों की संख्या 17.44 लाख हो गई है जो कि देश में सर्वाधिक है। इसे आगामी 1 वर्ष में 30 लाख पंजीकरण तक करने के ठोस प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित कराया जाए कि सरकारी विभागों द्वारा संविदाकार को भुगतान करते समय टीडीएस, टीसीएस की कटौती करके जमा किये जाने वाले विवरण जीएसटी आ-7 के आधार पर कार्यदायी संस्था का पता लगाकर रिटर्न व देय कर जमा कराया जाए। जीएसटीआर-7 एवं 3 बी के अन्तर के आधार पर टैक्स जमा कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी की कर प्रणाली में समस्त कार्य ऑनलाइन किए जाने से अनेक प्रकार के डाटा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं जिनका आईटी टूल्स के माध्यम विश्लेषण करते हुए राजस्व संग्रह के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स का भी अधिकाधिक प्रयोग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए पंजीकृत व्यापारी द्वारा हाई वैल्यू के ई-वे बिल जनरेट करने एवं उपयोग किये जाने की प्राथमिकता से जांच कराई जाए। नॉन फाइलर का टर्न ओवरवाइज समीक्षा करते हुए रिटर्न दाखिल कराते हुए देय राजस्व को जमा कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापारिक उपयोग के लिए लीज, कोचिंग सेवाओं, बेन्क्वेट हॉल, मॉल व बड़े कॉम्प्लेक्स में किराये की सेवा तथा अन्य सेवाओं पर नियमानुसार कर प्राप्त किया जाए। राजस्व संग्रह के लिए फील्ड स्तर के अधिकारियों से नियमित अंतराल पर सीधा संवाद किया जाए। उन्होंने कहा कि वे स्वयं अगले 15 दिनों के भीतर फील्ड स्तर के अधिकारियों से संवाद करेंगे।

# रसोई गैस की कीमतें 50 रुपए और बढ़ीं



गुरुग्राम में वितरण के लिए रसोई गैस सिलेंडर ले जाता कर्मचारी

**भाषा।** नई दिल्ली

**घरेलू** रसोई गैस के दाम में बुधवार को 50 रुपए प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा की कीमतें ऊंचाई पर पहुंचने के बीच यह मई से एलपीजी कीमतों में तीसरी वृद्धि है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार राजधानी दिल्ली में बिना सब्सिडी वाले 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब 1,053 रुपए हो गई है। यह पहले 1,003 रुपए थी। देश के अधिकांश शहरों में अब सरकार की तरफ से गैस सिलेंडर पर सब्सिडी नहीं दी जा रही है। लिहाजा अब लोगों को बिना सब्सिडी वाला सिलेंडर ही खरीदना पड़ रहा है।

सरकार सिर्फ उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन पाने वाले लाभार्थियों को ही एलपीजी सब्सिडी दे रही है। एलपीजी के दाम मई, 2022 से अबतक तीसरी बार और इस साल चौथी बार बढ़ाए गए हैं। सात मई को प्रति सिलेंडर 50 रुपए की वृद्धि की गई थी। इससे पहले 22 मार्च को भी प्रति सिलेंडर कीमतों में इतनी ही वृद्धि की गई थी। 19 मई को रसोई गैस सिलेंडर के दाम 3.50 रुपए बढ़ाए गए थे। जून, 2021 से अबतक रसोई गैस सिलेंडर के दाम 244 रुपए तक बढ़ ( शेष पेज 4 )

## दस रुपए घटेंगे खाद्य तेलों के दाम

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कीमतों में भारी गिरावट के बीच सरकार ने खाद्य तेल कंपनियों को आयातित खाद्य तेल के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) में एक सप्ताह के अंदर 10 रुपए प्रति लीटर तक की और कटौती करने का निर्देश दिया है। साथ ही कंपनियों से कहा गया है कि एक ब्रांड के तेल कादाम पूरे देश में एक ही होना चाहिए। भारत अपनी खाद्य तेल जरूरत का 60 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। ऐसे में वैश्विक बाजार के अनुरूप पिछले कुछ माह में खुदरा कीमतें दबाव में आ गई हैं। इसकी वजह यह है कि वैश्विक बाजार में खाद्य तेलों के दाम काफी नीचे आए हैं। खाद्य तेल निर्माताओं ने पिछले महीने कीमतों में 10-15 रुपए प्रति लीटर तक की कटौती की थी और ( शेष पेज 4 )

# शिवसेना पर एक और विद्रोह का खतरा मंडराया



**टीएन रघुनाथ।** मुंबई

**उद्धव** ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना में एक और विद्रोह फूटने की आशंका पैदा हो गई है। पार्टी के भरोसेमंद सांसद राहुल शेवाले ने मुख्यमंत्री ठाकरे को पत्र लिखकर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करने का आग्रह किया है। शिवसेना हाल ही में एकनाथ शिंदे द्वारा किए गए विद्रोह से जूझ रही है, जिसके कारण पार्टी को महाराष्ट्र में सत्ता भी गंवानी पड़ी।

अब शेवाले ने लेटरबम से पार्टी प्रमुख ठाकरे का सिरदर्द बढ़ा दिया है। मुर्मू, 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का सामना कर रही हैं। मुर्मू के समर्थन के लिए पत्र लिखने के शेवाले के कदम के पीछे जो कुछ दिख रहा है, मामला कहीं उससे बढ़ कर है, क्योंकि सांसद का अपनी पार्टी प्रमुख से यह अनुरोध एकनाथ शिंदे खेमे के प्रवक्ता दीपक क्षीरसागर द्वारा मुर्मू का समर्थन करने के लिए महाराष्ट्र में सभी पार्टियों के सभी विधायकों और सांसदों की अपील से मेल खाता है।

शिवसेना अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में शेवाले ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू आदिवासी समुदाय से हैं और उन्होंने सार्वजनिक जीवन में बहुत बड़ा योगदान दिया है। राजनीति में आने से पहले मुर्मू शिक्षक थीं और बाद में उन्होंने श्री अरबिंदो इंटीग्रल एजुकेशन एंड रिसर्च, रायरंगपुर में मानद सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्य किया। इसके बाद, उन्होंने ओडिशा सरकार के सिंचाई विभाग में कनिष्ठ सहायक के रूप में काम किया। द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड के राज्यपाल जैसे महत्वपूर्ण पद पर ( शेष पेज 4 )

# नकवी-आरसीपी सिंह का मंत्रिमंडल से इस्तीफा



**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और राम चंद्र प्रसाद सिंह ने राज्यसभा का कार्यकाल समाप्त होने के एक दिन पहले बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान देश व लोगों की सेवा के लिए दोनों नेताओं की सराहना की थी। प्रधानमंत्री की सराहना को इस संकेत के रूप में देखा गया कि आज हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक दोनों नेताओं के लिए आखिरी थी।

वहीं राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दोनों के इस्तीफे तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिए हैं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी को अल्पसंख्यक मामलों का भी प्रभार और कैबिनेट मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को इस्पात मंत्रालय का प्रभार भी सौंपा गया है। नकवी और सिंह का राज्यसभा सदस्य के रूप में कार्यकाल सात जुलाई यानी बृहस्पतिवार को समाप्त हो रहा है। नकवी को ( शेष पेज 4 )

## इलैयाराजा-पीटी उषा राज्यसभा के लिए मनोनीत

● समाज सेवी वीरेंद्र हेगड़े और पटकथा लेखक वी विजयेंद्र प्रसाद को भी उच्च सदन भेजा गया

**भाषा।** नई दिल्ली



**दिग्गज** एथलीट पी.टी. उषा और महान संगीतकार इलैयाराजा को बुधवार को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया। साथ ही समाजसेवी एवं धर्मस्थल मंदिर के प्रशासक वीरेंद्र हेगड़े और प्रसिद्ध पटकथा लेखक एवं निर्देशक वी. विजयेंद्र प्रसाद को भी संसद के उच्च सदन के लिए मनोनीत किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा के लिए मनोनीत होने पर सभी हस्तियों को बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्विटर पर कहा, उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली पी.टी. उषा जी हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत हैं। खेलों में उनकी उपलब्धियों को व्यापक रूप से पहचाना जाता है, हालांकि, पिछले कई वर्षों में उभरते एथलीटों का मार्गदर्शन करने के लिए उनका काम भी उतना ही सराहनीय है।

राज्यसभा के लिए मनोनीत होने पर उन्हें बधाई। मोदी ने अलग-अलग ट्वीट में अपने बधाई संदेशों के साथ उषा और इलैयाराजा के साथ अपनी तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने कहा, इलैयाराजा की रचनात्मक प्रतिभा ने पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों को मंत्रमुग्ध किया है। उनका कार्य भावनाओं को खूबसूरती से दर्शाता है। उनकी जीवन यात्रा भी उतनी ही प्रेरक है, वह सामान्य पृष्ठभूमि से आए और बहुत कुछ हासिल किया। खुशी है कि उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,750 | ↑ 616 |
| निफ्टी | 15,989 | ↑ 178 |
| सोना | 51,304 | ↓ 760 /10g |
| चांदी | 56,930 | ↓ 1276 /kg |

## क्विक न्यूज

### केरल के मंत्री साजी चेरियन ने पद छोड़ा

**तिरुवनंतपुरम।** संविधान के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर विपक्ष व विभिन्न हलकों के बढ़ते दबाव के बीच केरल के मंत्री साजी चेरियन ने बुधवार को इस्तीफा दे दिया। सांस्कृतिक और मत्स्य पालन विभाग के मंत्री चेरियन ने मुख्यमंत्री कार्यालय में संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। वहीं, राजभवन ने ट्वीट कर कहा कि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने चेरियन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और उनके विभागों को मुख्यमंत्री को आवंटित किया गया है। मंत्री पद से हटाए जाने की विपक्ष की मांग के बीच माकपा के वरिष्ठ नेता चेरियन ने कहा कि उन्होंने स्वेच्छा से पद छोड़ने का फैसला किया है।

## कोविड टीके की दूसरी व एहतियाती खुराक में अंतर छह माह किया गया

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने एनटीएजीआई की सिफारिश पर सभी लाभार्थियों के लिए कोविड-19 टीके की दूसरी एवं एहतियाती खुराकों के बीच अंतराल नौ महीने से घटाकर छह महीने कर दिया है। इस नई टीका व्यवस्था के वास्ते कोविन प्रणाली में जरूरी बदलाव किए गए हैं। राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को बुधवार को लिखे पत्र में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि राष्ट्रीय टीकाकरण तकनीकी सलाहकार समूह (एनटीएजीआई) की स्थाई तकनीकी उपसमिति की सिफारिश पर यह परिवर्तन किया गया है और उपसमिति भी सामने आ रहे वैज्ञानिक साक्ष्य एवं वैश्विक पद्धति को ध्यान में रखकर इस निष्कर्ष पर पहुंची है। भूषण ने कहा कि इस सिफारिश पर एनटीएजीआई भी मुहर लगा चुका है।

# महुआ को गिरफ्तार करने की भाजपा की मांग



कोलकाता में महुआ मित्रा की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन करती भाजपा कार्यकर्ता

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

● सुवेंदु अधिकारी ने कहा- मां काली पर टिप्पणी से आहत हुई धार्मिक भावनाएं

**बंगाल** में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने बुधवार को नादिया से तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा की गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि मोइत्रा द्वारा मां काली पर टिप्पणी करने से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। ज्ञात रहे कि मोइत्रा ने मां काली के सिगरेट पीने वाले चित्र को सही ठहराने के प्रयास करते हुए अपमानजनक बयान दिए थे। अधिकारी ने कहा कि हम ममता सरकार को मोइत्रा के खिलाफ 10 दिनों में कार्रवाई करने का समय देते हैं। उन्होंने कहा कि मोइत्रा जैसे लोगों के लिए यह आखिरी चेतावनी थी, यह आखिरी बार है जब हम बंगाल में हिंदू देवताओं के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने वालों को बर्दाश्त करेंगे। अगली बार हम ऐसा नहीं होने देंगे। हम तब तक विरोध बंद नहीं करेंगे जब तक वह अपने कान पकड़ कर माफी नहीं मांग लेती।

## नुपुर की जीभ काटने वाले को दो करोड़ देने के मामले की जांच शुरू

**हरियाणा** के मेवात में पुलिस उस कथित वीडियो क्लिप की जांच कर रही है जिसमें एक व्यक्ति भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नुपुर शर्मा की जीभ काटने वाले को दो करोड़ रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शर्मा ने पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी की थी जिसके बाद विवाद पैदा हो गया था। नूंह के पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने कहा, मामला अभी हमारे पास आया है। हम आरोपी की पहचान करने के लिए जांच कर रहे हैं।

## नुपुर शर्मा के बारे में भड़काऊ टिप्पणी करने वाला अजमेर दरगाह का खादिम गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर

**भाजपा** की निलंबित प्रवक्ता नुपुर शर्मा के बारे में भड़काऊ वीडियो बनाने व धमकाने के आरोप में अजमेर दरगाह के एक खादिम मौलवी को मंगलवार देर रात अजमेर में गिरफ्तार कर लिया गया।

इस खादिम ने कथित वीडियो में शर्मा का सिर कलम करने वाले को अपना घर इनाम में देने की बात कही थी। दरगाह थाने के थानाधिकारी दलबीर सिंह फौजदार ने बुधवार को बताया, आरोपी सलमान चिश्ती को कल रात गिरफ्तार किया गया। वह दरगाह पुलिस थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उल्लेखनीय है कि एक शिकायत पर पुलिस ने सोमवार को इस खादिम के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

पुलिस के अनुसार खादिम का यह कथित वीडियो 28 जून को उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड से पहले रिकॉर्ड किया गया था लेकिन इंटरनेट पर यह बाद में सामने आया। अजमेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि आरोपी को खादिम मोहल्ले स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया और पुलिस थाने लाया गया।

## केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी समेत दस राज्य सभा सांसदों को राहत

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**केंद्रीय** मंत्री हरदीप पुरी व बीएल वर्मा तथा सपा सांसद राम गोपाल यादव समेत दस राज्य सभा सांसदों को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने इन सांसदों के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। नवंबर 2020 में ये सभी उत्तर प्रदेश से निर्वाचित हुए थे। जस्टिस जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश प्रकाश बजाज की निर्वाचन याचिका को खारिज करते हुए दिया है। याचिका में हरदीप पुरीए बीएल वर्मा, राम गोपाल यादव, बृजलाल, नीरज शेखर, गीता शाक्य, अरुण सिंह, सीमा द्विवेदी, हरद्वार दूबे व रामजी गौतम के निर्वाचन को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि उसका नामांकन गलत तरीके से खारिज किया ( शेष पेज 4 )

# एकीकृत मंदिर सूचना प्रणाली का जल्द हो क्रियान्वयन: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने एक बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनआस्था का सम्मान करते हुए राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को प्रोत्सहित कर रही है। लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 में ऑनलाइन एकीकृत मंदिर सूचना प्रणाली की शुरुआत का संकल्प है। इसे यथाशीघ्र क्रियान्वित किया जाए। ऑनलाईन पोर्टल में हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन आदि धर्म-सम्प्रदायों से जुड़े धर्मस्थलों के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध हो। हर जनपद के धर्मस्थल का विवरण इस पर दिया जाए। धर्म, पंथ, सम्प्रदाय की विशिष्ट परंपरा का भी उल्लेख हो ताकि अधिकाधिक लोग प्रदेश की विविधतापूर्ण धार्मिक आध्यत्मिक प्रकृति से परिचित हो सकें। इसी प्रकार मस्जिदों के बारे में भी संबंधित विभाग द्वारा विशिष्ट पोर्टल का विकास किया जाना चाहिए। दोनों पोर्टल को एकीकृत भी किया जाए। उन्होंने कहा कि लोक कल्याण संकल्प पत्र के अनुसार बुजुर्ग संतों, पुजारियों एवं पुरोहितों के कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा पुरोहित कल्याण बोर्ड का गठन किया जाना है। बोर्ड के गठन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए। इस बोर्ड से लाभान्वित होने के योग्य सभी धर्मों के संतों, पुजारियों का सत्यापन, चिन्हांकन कर लिया जाए।

बोर्ड के माध्यम से सभी धर्मों के पुजारियों, संतों, पुरोहितों, मौलवियों, फकीरों को लाभान्वित किया जाना चाहिए। बोर्ड द्वारा न केवल इनके कल्याणार्थ कार्य किया जाए वरन विभिन्न धर्म, सम्प्रदायों की परंपरा का संरक्षण और पुरोहितों का प्रशिक्षण भी कराया जाए। मंदिर सूचना प्रणाली और बोर्ड को भी एकीकृत किया जाए। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में निजी सुरक्षा सेवाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही हैं। इसी प्रकारए निजी सुरक्षा एजेंसियां भी बढ़ रही हैं। प्रदेश में 662 निजी सुरक्षा एजेंसियां पंजीकृत हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि निजी सुरक्षा एजेंसियों के संचालन, प्रबंधन की नियमावली को और सरल किया जाए। इस विषय में केंद्र सरकार द्वारा निजी सुरक्षा एजेंसी विनियमन अधिनियम के आधार पर प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण विनियमन केंद्रीय मॉडल 2020 को लागू किया गया है। इसे राज्य की जरूरत के अनुसार अंगीकार किया जाए। निजी सुरक्षा एजेंसियों के सम्बंध में नई व्यवस्था के प्रभावी होने के बाद आधुनिक तकनीक आधारित सीसीटीआईएनएस व आईसीजेएस का प्रयोग करते हुए आवेदक के पूर्ववृत्त का सत्यापन किया जाए जिससे सत्यापन में लगने वाले समय को घटाया जा सकेगा।

## सीएम ने दी श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ जी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयन्ती के अवसर पर आज यहां श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय के परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा के सम्मुख चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी एक महान शिक्षाविद, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सेवी एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष थे। आज उनकी पावन जयन्ती है। उन्होंने प्रदेश शासन की ओर से भारत माता के इस महान सपूत को देश के प्रति उनकी सेवाओं के लिए कोटि-कोटि नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की आजादी में बढ़-चढ़कर भाग लिया था। उनकी सेवाओं को देखते हुए देश की आजादी के बाद बनी अन्तरिम सरकार में उन्हें देश के उद्योग एवं खाद्य विभाग मंत्रालय का महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया गया था। जिसका उन्होंने भलीभांति निर्वहन किया था।

# योगी सरकार ने माध्यमिक संस्कृत बोर्ड का किया गठन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**वर्षों** से सरकारों के उपेक्षा का शिकार रही देववाणी संस्कृत भाषा को योगी सरकार ने संजीवनी दी है। सरकार ने इसके प्रोत्साहन के लिए रोजगार परक पाठ्यक्रमों की शुरुआत की हैं। एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के जरिये आधुनिक विषयों का समावेश किया गया है। वहीं इसे लोकप्रिय भाषा बनाने के उद्देश्य से कई कदम उठाये हैं। अब कोई घर बैठे ही आनलाइन संस्कृत की शिक्षा ग्रहण कर सकता है। इसके लिए सरकार ने टोल फ्री नंबर जारी किया है। यह पहली सरकार है जिसने माध्यमिक संस्कृत बोर्ड का गठन किया है। साथ शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए मानदेय पर तैनाती की है।

इसमें कोई दो राय नही कि पिछले कुछ सालों से संस्कृत सियासी उपेक्षा ओर कान्वेंट स्कूलों के बढ़ते वर्चस्व की वजह से संस्कृत के प्रति विद्यार्थियों की रूचि घटी है । एक वजह विज्ञान और आधुनिक विषयों का विकल्प न होना भी माना जा सकता है। यही वजह रही कि अनिवार्य विषय के रूप में संस्कृत की बाध्यता खत्म होते ही आगे की शिक्षा लेने वाले विद्यार्थियों की तादाद में लगातार गिरावट देखी जा रही है। स्नातक और परास्नातक की पूरी सीटें नही भर पा रहीं थी। संस्कृत के प्राथमिक विद्यालय भी काफी उपेक्षा के शिकार रहे हैं। शिक्षकों की कमी और संसाधनों के अभाव में संस्कृत के प्रति युवाओं की रूचि घटती गयी। योगी सरकार ने संस्कृत विद्यालयों में बड़े पैमाने पर मानदेय शिक्षकों की नियुक्ति कर शिक्षकों की कमी दूर किया और समय की मांग के अनुरूप संस्कृत को कंप्यूटर, विज्ञान और सामाजिक विषयों से जोड़ा। संस्कृत से रोजगार की संभावनाओं के मद्देनजर संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में आनलाइन सर्टिफ़िकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया। इन पाठ्यक्रमों के प्रशिक्षण के बाद युवा पुरोहित, पुजारी और वास्तुविद को रोजगार का जरिया बना सकेंगे। योगी सरकार ने संस्कृत को जन जन की भाषा बनाने के लिए संस्कृत विद्यालयों में 15 से 25 दिन के प्रशिक्षण की व्यवस्था की है।

# ग्रामीण आजीविका मिशन से महिलाएं हो रही स्वावलंबी: केशव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रेरणा ओजस कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में आजीविका मिशन तथा एशिया की अग्रणी संस्था काउंसिल फसा एनर्जी एनवायरमेंट एण्ड वाटर, एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड तथा क्लीन के साथ बुधवार को यूपी ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के सभागार में एमओयू हस्ताक्षर हुआ। इसके साथ ही उप मुख्यमंत्री द्वारा विद्युत सखी पोर्टल का शुभारम्भ भी किया गया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आजीविका मिशन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा को विस्तारित करने के लिए प्रेरणा ओजस के अन्तर्गत किये जा रहे एमओयू से ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के साथ ही आर्थिक उन्नति का रास्ता भी प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के प्रयोग से पर्यावरण को संरक्षित करने के साथ ही प्रकृति द्वारा उत्पादित खनिज सम्पदा की रक्षा भी होगी। श्री मौर्य ने कहा कि जिन संस्थाओं के साथ एमओयू हो रहा है, वह देश की अग्रणी संस्थायें हैं जो सौर ऊर्जा को विस्तारित करते हुए आमजन को इसके प्रयोग के लिए प्रेरित कर रही हैं। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि इस एमओयू से ग्रामीण महिलाओं को विशेषकर आजीविका मिशन से जुड़ी दीदियों के स्वरोजगार में बढ़ोत्तरी होगी तथा इससे इनका सामाजिक विकास भी होगा। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्वरोजगार कार्यक्रमों का संवर्धन किया जाता है। उन्होंने कहा कि अब स्वयं सहायता समूह की दीदियां एक कदम और आगे बढ़ाते हुए अपने आपको ओजस उद्यमी के रूप में विकसित होकर मजबूत राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभायेंगी। उन्होंने कहा कि इनके द्वारा सौर ऊर्जा से संचालित उपकरणों को बनाने में दक्ष होते हुए एलईडी बल्ब, बीएलडीसी पंखें व ट्यूबलाइट्स इत्यादि को निर्मित किया जायेगा। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गांव-गांव में सौर ऊर्जा को पहंचाया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि आजीविका मिशन द्वारा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणा ओजस के अन्तर्गत 826 ब्लाकों में प्रेरणा ओजस शॉप स्थापित किया जायेगा तथा साथ ही एसम्बली सेंटर भी स्थापित किया जायेगा ताकि सौर ऊर्जा के उत्पादों में किसी प्रकार की खराबी आने पर उसे स्थानीय स्तर पर ही ठीक किया जा सके। राज्य मंत्री ग्राम्य विकास विजय लक्ष्मी गौतम ने विश्वास व्यक्त किया कि निश्चित रूप से इस एमओयू के दूरगामी परिणाम हासिल होंगे और विकास में और अधिक रफ्तार आयेगी। इस अवसर पर मिशन निदेशक भानु चन्द्र गोस्वामी ने बताया कि काउंसिल फार एनर्जी एनवायरमेंट एण्ड वाटर एशिया की अग्रणी संस्थानों में से एक है जो सौर ऊर्जा के उपकरणों को आमजनता को उपलब्ध कराती है। इस संस्था के सहयोग से प्रेरणा ओजस कार्यक्रम के अन्तर्गत आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर ऊर्जा से संचालित होने वाले विभिन्न उत्पदों की बिक्री की जायेगी।

# राज्यव्यापी टोल-फ्री टेलिफोन सेवा 1533 का किया शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रदेश के नगर निकायों में नागरिक सुविधाओं के सुचारू संचालन तथा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं जन शिकायतो के प्रभावी निस्तारण के लिए तथा इसके लिए पूर्व में उनके द्वारा शुरू की गयी सम्भव एवं डेडिकेटेड कमांड एवं कन्ट्रोल सेन्टर को और असरदार एवं प्रभावी बनाने के लिये राज्य व्यापी टोल फ्री नम्बर 1533 की बुधवार को शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने साहारनपुर, मेरठ, लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, मुरादाबादए एवं गाजियाबाद के नगर आयुक्तों एवं मेयर से इस सेवा के ट्रॉयल के लिए बात की और सेवा के सुचारू संचालन के लिए निर्देशित भी किया। उन्होंने सभी नगर निगमों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीएसएनएल की कोई समस्या हो तो उसे एक-दो घण्टे में ठीक कराकर 1533 सेवा को 24 घंटे और सातों दिन चालू करें। इसके लिए डेडिकेटेड टीम लगायी जाए जिससे कि यह महिलाओं की 1090 एवं बिजली की 1912 हेल्पलाइन की तरह कार्य करे। उन्होंने इस अवसर पर मौजूद जीओ, एयरटेल एवं बीएसएनएल के अधिकारियों को भी इस व्यवस्था के शीघ्र संचालन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होने यह भी बताया कि अभी यह व्यवस्था सभी नगर निगमों में निगम स्तर पर तथा सभी जिलों में जिले स्तर पर बीएसएनएल की सहयोग से हेल्पलाइन की व्यवस्था की गई है। बाद में इसे सभी नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायत स्तर तक लागू किया जायेगा। इस व्यवस्था के तहत कहीं से भी कॉल करने पर सम्बन्धित जनपद की समस्त शिकायतें उसी जनपद में पंजीकृत होगी। कॉल यदि वहाँ नहीं उठती है तो वह कॉल लखनऊ स्थित निदेशक स्थानीय निकाय के कार्यालय पर डेडिकेटेड कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर पर स्वत: पंजीकृत हो जायेगी।

# जून में प्रदेश सरकार के राजस्व में 4095.53 करोड़ रुपए की वृद्धि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**वित्त** मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि यूपी में योगी राज में बेहतर कानून व्यवस्था हुई है। इससे प्रदेश में निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। बुधवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जून 2021 के मुकाबले जून 2022 में प्रदेश के मुख्य कर करेत्तर वाले मदों में 4095.53 करोड़ की वृद्धि हुई है। इसमें जीएसटी, वैट, आबकारी, स्टाम्प एवम निबंधन, परिवहन और भूतत्व एवम खनिकर्म शामिल हैं। हम लगातार अपने संसाधन बढ़ाने के प्रयास में जुटे हैं। मुख्य कर करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2022-23 के जून 2022 में कुल 15259.64 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2021-22 के जून 2022 माह में 11164.11 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार जून 2021 के सापेक्ष जून 2022 में 4095.53 करोड़ रूपए अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत जून 2022 में कुल 6190.33 करोड़ रूपए की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि वर्ष जून 2021 के माह में प्राप्ति 3481.73 करोड़ रुपए थी। वैट के अन्तर्गत जून में 2808.10 करोड़ रूपए की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि जून 2021 में प्राप्ति 2033.44 करोड़ रुपए थी। आबकारी के अन्तर्गत जून में कुल 3146.16 करोड़ रूपए की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि जून 2021 में प्राप्ति 2988.96 करोड़ रुपए थी।

# लोक कल्याण संकल्प पत्र के सभी वादे होंगे पूरे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोक भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 100 दिन के बनाये गये रोड मैप के अनुरूप शत प्रतिशत कार्य किया गया है। कहा कि लोक कल्याण संकल्प पत्र के सभी वादे पूरे किये जायेंगे। विकास कार्यों को अमली जामा पहनाने में मीडिया का भी सकारात्मक सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विभागों द्वारा 6 माह, एक साल, 2 साल और 5 साल का भी रोड मैप तैयार किया गया है। योजना कार्यों व लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमन्त्री के विजन के अनुरूप मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। योजनाओं के क्रियान्वयन में रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी जा रही है। उत्तर प्रदेश विकास की नई उड़ान भर रहा है। कहा कि महिला सशक्तिकरण पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मनरेगा योजना के बारे में प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मनरेगा विकास के साथ रोजगार सृजन का सफल माध्यम बनी है और उत्तर प्रदेश ग्रामोत्थान की दिशा में लगातार अग्रसर है। उप मुख्यमंत्री ने 100 दिन की कार्ययोजना के क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत निर्माणाधीन 1 लाख आवासों को पूर्ण किया गया है। मौर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत 100 दिन में 5000 किमी मार्गो के निर्माण का लक्ष्य था, जिसे पूर्ण कर लिया गया है।

## अराजकता पर अकुंश व कानून का राज जरूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बसपा** अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि विकास के लिए अराजकता पर अंकुश व कानून का आयरन राज जरूरी है। उन्होंने फेक न्यूज, हेट स्पीच, भड़काऊ भाषण आदि को लेकर ताबड़तोड़ पुलिस कार्रवाई देश भर में काफी गंभीर रूप धारण कर चुकी है। इस प्रकार के दुखद घटनाक्रमों से कानून का राज नष्ट होकर आमजन-जीवन भी प्रभावित होता है। मायावती ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि फेक न्यूज के मामले में ही कल एक टीव पत्रकार की गिरफ्तारी को लेकर हुआ टकराव मीडिया की सुर्खियों में है व जिसकी जबरदस्त चर्चा एवं चिंता की लहर भी। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में सभी सरकारों को तटस्थ व गंभीर होकर कार्य करना चाहिए तभी यहां लोगों को तनाव व हिंसक वातावरण से मुक्ति मिल पाएगी।

# हम सार्वभौमिक स्वच्छता की ओर बढ़ रहे: भूपेंद्र

- पंचायती राज मंत्री ने पंचायतीराज विभाग की 100 दिवस में प्राप्त की गयी उपलब्धियों की दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के पंचायती राज मंत्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बुधवार लोक भवन स्थित मीडिया सेन्टर में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि गांव को एक सक्षम इकाई बनाने के लिए उन्हे सशक्त बनाना होगा, जहां लोग अपनी आजीविका को आगे बढ़ा सकें, जहां हमारे सम्मानित जन स्वच्छ, हरित, सुखद मनोरंजन, भाईचारे और समुचित परिवेश में पूर्ण सद्भाव एवं गरिमा के साथ रह सकें।

चौधरी ने निर्धारित लक्ष्य के अनुरुप विभाग के 100 दिवस की उपलब्धियां साझा करते हुए बताया कि चयनित सभी 2.41 लाभार्थियों को धनराशि उपलब्ध कराकर निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। इज्जत घरों का निर्माण शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ ही साथ नवसृजित परिवारों में शौचालय निर्माण हेतु ऑनलाइन आवेदन का प्राविधान कर ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र परिवारों को सम्मिलित कराने के लिये प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि कोई भी शौचालय की सुविधा से वंचित न रहे एवं ओडीएफ की स्थिरता को बनाये रखने के लिये ग्रामीण क्षेत्रों में 1494 सामुदायिक शौचालय काम्पलेक्स का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया गया है। पंचायती राज मंत्री ने बताया कि प्रदेश को ओडीएफ प्लस बनाने की दिशा में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंध किये जाने हेतु लक्षित 10000 ग्रामों में नियोजन, प्रशिक्षण एवं ट्रिगरिंग इत्यादि का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस वर्ष ओडीएफ प्लस की मॉडल कैटेगरी के गांव विकसित करने के लिए 4,723 गांवो को चिन्हित किया गया है। चिन्हित गांवो की प्रत्येक जनपद में ग्राम स्तर पर निर्मित कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण राज्य स्तर पर संबंधित अधिकारियों एवं विशेषज्ञों के समक्ष कराया जा रहा है एवं यथा आवश्यक संशोधन कराये जाने का सुझाव दिया जा रहा है। पंचायती राज मंत्री ने बताया कि ग्राम पंचायतों की बेहतर कार्यप्रणाली के लिये भौगोलिक रूप से एक साथ या निकटता के दृष्टिगत रिमोट सेसिंग एप्लीकेशन सेन्टर (आरएएसएसी), उप्र, लखनऊ के माध्यम से ग्राम पंचायतें का क्लस्टर तैयार कराया गया है। प्रदेश में ऐसे कुल 15720 क्लस्टर बनाये गये है, जिससे पूर्व में आ रही समस्याएं जैसे-कार्य क्षेत्र आवंटन में असमानता, कार्य सम्पादित करने में प्रशासनिक कठिनाईयां इत्यादि को दूर करते हुए व्यवस्था को पारदर्शी बनाया गया है।

## बिजली चोरी रोकने के लिए सीएमडी पावर कारपोरेशन ने की बैठक

**लखनऊ।** बिजली चोरी रोकने के लिए सीएमडी पावर कारपोरेशन एम देवराज और एसएन साबत पुलिस महानिदेशक सतर्कता ने समीक्षा बैठक शक्ति भवन में करते हुए बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए निर्देशित किया। एम देवराज ने भविष्य में प्रभावी व गुणवत्ता परक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया ताकि भविष्य में बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सके तथा राजस्व में वृद्वि हो सके। इस कार्यवाही से जहां एक ओर विद्युत चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा वहीं दूसरी ओर कानून प्रिय जनता को सम्यक् ढंग से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चिचत हो सकेगी। जनवरी से लेकर 30 जून तक प्रदेश में कुल 57334 छापे डाले गए। प्रवर्तन दलों द्वारा कुल 29238 अभियोग पंजीकृत कराए गए। आरएमएस पोर्टल पर फीड/अपलोड किये जाने की कार्यवाही 2019, 2020, 2021 व 2022 पर पंजीकृत अभियोगों व उनके निस्तारण तथा 5 किवा से अधिक भार के चोरी के प्रकरण के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी।

# उपज की खरीद में कई गुना वृद्धि: जेपीएस राठौर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ


**सहकारिता** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद से ही विभाग द्वारा अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की गयी है। परिणामस्वरुप फसली ऋण वितरण, भण्डारण क्षमता एवं कृषकों से उनकी उपज की खरीद में कई गुणा वृद्धि हुयी है, जिससे विभाग प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि आगे आने वाले समय में भी सहकारिता विभाग द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्य किये जायेगें तथा कृषकों एवं ग्रामीणों को विभाग द्वारा अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की जायेंगी। यह बात बुधवार को सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने सरकार के 100 दिन पूर्ण होने पर लोकभवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी। श्री राठौर ने बताया कि जिला सहकारी बैंकों द्वारा 1 अप्रैल 2022 से 30 जून 2022 तक 4635.00 करोड़ का फसली ऋण वितरण किया गया, जिससे 8.5 लाख लघु एवं सीमान्त कृषक लाभान्वित हुयेए गत वर्ष इसी अवधि में 3200 करोड़ रूपये का वितरण हुआ था। इस वित्तीय वर्ष का लक्ष्य 10000 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। सहकारिता मंत्री ने बताया कि कृषि यन्त्रीकरण एवं रोजगार परक योजनाओं के अन्तर्गत 112 करोड़ रुपये का दीर्घकालीन ऋण वितरण किया गया। उर्वरकों के अग्रिम भंडारण हेतु राज्य सरकार द्वारा बजट 2022-23 में 150 करोड़ की धनराशि आवंटित की गयी है, ताकि कृषकों को समय से उर्वरक उपलब्ध हो सके। सहकारिता विभाग के अन्तर्गत समस्त 9 प्रशिक्षण केन्द्रों क्रमश: मेरठ, वाराणसी, अयोध्या, महोबा, मुरादाबाद और इटावा तथा यूपीसीबी द्वारा संचालित एसीएसटीआई, एलडीबी ट्रेनिंग सेन्टर एवं आईसीसीएमआरटी का आधुनिकीकरण किया जायेगा।

# सौ दिन में जनता को मिला महंगाई का उपहार: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने पर जनता को महंगाई का जानलेवा उपहार मिल गया है। महंगाई की आग में जलाने के लिए भाजपा सरकार ने रसोई गैस से लेकर आटा-दाल तक के दाम बढ़ा दिए हैं। सबका साथ वाली भाजपा अब सबको भयए भ्रष्टाचार और महंगाई की मार देकर साथ रहने को मजबूर करने की रणनीति पर काम करने लगी है। उन्होंने कहा कि ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों ने घरेलू 14.2 केजी एलपीजी सिलेण्डर के दाम 50 रूपए तक बढ़ा दिए हैं। 5 केजी घरेलू सिलेण्डर के दाम 18 रूपए प्रति सिलेण्डर बढ़ गए हैं। अखिलेश ने कहा कि जीएसटी काउंसिल की बैठक में नानब्रांडेड आटा, दाल और अनाज पर भी 5 प्रतिशत जीएसटी लगाने का फैसला कर लिया है। इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ना तय है। इस फैसले से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की कमर टूटना तय हैं। जीएसटी काउंसिल के ताजा फैसले से हर वस्तु के दाम 2 से 5 रूपए प्रतिकिलो तक बढ़ जाएंगे। स्मरणीय है भाजपा सरकार ने पेट्रोल.डीजल के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी करके लोगों की परेशानियां बढ़ाई हैं। किसान की खेती की लागत बढ़ी है। भाजपा सरकार अपनी हवाई उपलब्धियों की चर्चा तो जोरशोर से कर रही है लेकिन आम आदमी की तकलीफों पर उसका जरा भी ध्यान नहीं है।

## सपा मुखिया से मिला पीड़ित परिवार



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से भेंट कर जनपद फर्रूखाबाद के थाना मेरापुर के ग्राम ब्रह्मपुरी निवासी युवक गौतम सिसोदिया के पुलिस हिरासत में मौत की घटना की विस्तृत जानकारी मृतक की पत्नी मंजू देवी उनके भाई ऊधल सिंह तथा साथ आए अन्य लोगों ने दी। मृतक की पत्नी मंजू देवी ने बताया कि 24 जून 2022 को रात्रि 12 बजे घर से थाना मेराजपुर की पुलिस गौतम सिसोदिया की थाने ले जाते समय गांव के नज़दीक रास्ते में पिटाई की गई। पिटाई से गौतम की मौत हो गई। अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में निर्दोषों को सताया जा रहा है। उनका उत्पीड़न किया जा रहा है।

# पीजीआई का पीडियाट्रिक एडवांस सेंटर बनेगा रोल मॉडल

- प्रतिवर्ष बच्चों के उपचार के लिए 48 विशेषज्ञ होंगे तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के स्वास्थ्य के बुनियादी ढाचें को बेहतर करते हुए पिछले पांच सालों में सरकार ने तेजी से कदम बढ़ाए हैं। युवाओं के कौशल को निखारने के लिए चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीडियाट्रिक एडवांस सेंटर शुरू करने की बात कही थी, जिसमें बच्चों की जन्मजात सहित अन्य बीमारियों के उपचार तो हों सके इसके साथ ही उन पर अध्ययन किया जा सके। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि ये सेंटर ऐसे होने चाहिए, जो देश-दुनिया के लिए मॉडल बने।

इसकी कार्ययोजना तैयार करने की जिम्मेदारी एसजीपीजीआई को दी गई। एसजीपीजीआई की टीम ने विभिन्न देशों में चल रहे ऐसे सेंटरों की सुविधाओं का अध्ययन कर कार्ययोजना तैयार की। प्रदेश में बच्चों के उपचार की विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधा मुहैया करने के लिए एसजीपीजीआई में पीडियाट्रिक एडवांस सेंटर खोला जाएगा। इसका निर्माण करीब 500 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। सेंटर में संबंधित सुपर स्पेशियलिटी विभाग की पढ़ाई शुरू हो सकेगी। डिग्री व डिप्लोमा कोर्स शुरू होने से संबंधित क्षेत्र में विशेषज्ञों की संख्या बढ़ेगी। एसजीपीजीआई के निदेशक प्रो. आरके धीमान ने कहा कि पीडियाट्रिक एडवांस सेंटर को विश्वस्तरीय बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कोशिश है कि विकसित देशों में जैसी उपचार की सुविधा प्रदेश के बच्चों को भी मिले सके। परियोजना तैयार है। अगले माह शिलान्यास की तैयारी है। इसे दिसंबर तक तैयार करने का लक्ष्य है। नेशनल मेडिकल काउंसिल ने 24 विभागों में डीएम व एमएसी की दो दो सीटों में मान्यता होने से हर साल बच्चों के उपचार के लिए 48 विशेषज्ञ तैयार होंगे। इससे इन विधाओं से जुड़ी क्लीनिक भविष्य में मेडिकल कॉलेजों में भी शुरू हो सकेंगी। प्रोजेक्ट के दूसरे फेज में 12 से 18 साल की उम्र वाले किशोर-किशोरियों से जुड़ी बीमारियों के उपचार के लिए केंद्र बनेगा। यह पूरी तरह से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा होगा। उम्र बढ़ने के साथ किशोरों में होने वाले विभिन्न हॉर्मोनल बदलाव की समस्या का निस्तारण किया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# लंबित मुकदमों को दो माह में कोर्ट से निस्तारित करने का निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एलडीए** में अवैध निर्माण के लंबित मुकदमों को शीघ्र निस्तारित करने के लिए अब दो अतिरिक्त कोर्ट लगेंगी। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने बुधवार को प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक में आदेश जारी किये हैं। एलडीए वीसी द्वारा विहित प्राधिकारियों को एक वर्ष से अधिक पुराने 1500 मुकदमों को दो महीने के अंदर निस्तारित करने का लक्ष्य दिया है। वहीं, बैठक के दौरान उपाध्यक्ष ने सीलिंग व ध्वस्तीकरण आदेशों के अनुपालन की रिपोर्ट तलब करते हुए अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये हैं।

बुधवार को एलडीए उपाध्यक्ष डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी ने अधिकारियों के साथ लंबित अवैध निर्माण के मुकदमों की समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में यह पाया गया कि वर्ष 2018 से अब तक कुल 4624 वाद योजित किये गए, जिनमें से 3061 वाद प्रचलित हैं। इनमें भी लगभग 1500 वाद ऐसे हैं, जो एक वर्ष से भी अधिक पुराने हैं। उपाध्यक्ष द्वारा मुकदमों के निस्तारण में इतनी देरी होने पर नाराजगी जताई गई। इस पर अधिकारियों द्वारा उन्हें यह अवगत कराया गया कि मुकदमों की सुनवाई के लिए प्राधिकरण के लालबाग स्थित कार्यालय में दो ही कोर्ट हैं, जहां विहित प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित दिनों पर ही सुनवाई की जाती है। इस पर उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने वहां दो अतिरिक्त कोर्ट बनाने के आदेश जारी किये। उपाध्यक्ष ने अधिशासी अभियंता ओपी मिश्रा को निर्देशित किया कि लालबाग स्थित कार्यालय के ऊपर के हॉल में एक सप्ताह के अंदर दोनों कोर्ट तैयार कर ली जाएं, ताकि मुकदमों की सुनवाई शीघ्र गति से हो सके। उपाध्यक्ष ने जोन.1 में लंबित मुकदमों की संख्या सबसे ज्यादा होने पर इस जोन की कोर्ट प्रत्येक दिन लगाये जाने के निर्देश दिये। इसके अलावा अन्य सभी जोन की कोर्ट सप्ताह में तीन दिन लगाई जाएगी। उपाध्यक्ष ने विहित प्राधिकारियों को एक वर्ष से अधिक पुराने लगभग 1500 मुकदमों को विशेष अभियान चलाकर दो महीने के अंदर निस्तारित करने का लक्ष्य दिया है। समीक्षा बैठक में अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वर्ष 2018 से अब तक सीलिंग के 750 आदेश जारी किये गए हैं। इस पर उपाध्यक्ष ने पूछा कि इनमें से कितने मामलों में आदेशों का अनुपालन हुआ है और उसमें भी कितने प्रकरण एक महीने से अधिक पुराने हैं। उन्होंने अधिकारियों को इसकी सूची बनाकर मय स्थल की फोटो और वीडियो के साथ अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में यह भी संज्ञान में आया कि ध्वस्तीकरण के लगभग 1300 आदेश हुए हैं। इस पर उपाध्यक्ष ने अपील में गये प्रकरणों को छोड़कर अन्य सभी मामलों की स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। अधिकारियों को यह बताना होगा कि ध्वस्तीकरण के कितने आदेशों पर क्रियान्वयन हुआ है।

## गोमती नगर में अवैध निर्माण सील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शहर** में एलडीए द्वारा बिना स्वीकृत निर्माण को सील कर दिया गया। गोमतीनगर में 11 हजार वर्ग फिट पर बने अवैध निर्माण पर विहित प्राधिकारी द्वारा नोटिस दी गयी, लेकिन उदासीनता बरतने पर कड़ी कार्रवाई की गयी।

बुधवार को गोमती नगर के विकास खण्ड में किये जा रहे एक अवैध निर्माण को सील किया गया। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश पर कार्रवाई की गयी। एलडीए जोनल अधिकारी एवं विहित प्राधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि प्रदीप अग्रवाल व शुभांगी अग्रवाल व अन्य द्वारा बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये गोमती नगर के विकासखण्ड में भूखण्ड संख्या.ए.1/47 और भूखण्ड संख्या.ए.1/46 पर दोनों भूखण्डों को मिलाकर लगभग 11,000 वर्ग फुट क्षेत्रफल में सेटबैक कवर करते हुए भूतल पर निर्माण किया जा रहा था। इसके विरुद्ध विहित न्यायालय में वाद संख्या.223/2022 और वाद संख्या 225/2022 योजित किये गए। इसके बाद भी विपक्षियों द्वारा स्थल पर चोरी.छुपे निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इस पर स्थल को सील किये जाने के आदेश दिये गए । इस आदेशों पर सहायक अभियंता एसके जैन के नेतृत्व में अवर अभियंता सुभाष शर्मा द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से स्थल को सील कर दिया गया।

# 123 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई बीएड प्रवेश परीक्षा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** भर के बीएड कालेजों में दाखिले के लिए बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के क्षेत्रांतर्गत आने वाले जिलों लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली एवं लखीमपुर में उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2022 शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गयी। प्रवेश परीक्षा के दौरान कहीं भी कोई शिकायत नहीं मिली। उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2022 के लखनऊ विश्वविद्यालय के नोडल समन्वयक प्रोफेसर राकेश द्विवेदी ने बताया कि प्रवेश परीक्षा कुल पाँच जिलों में सम्पन्न हुई। परीक्षा हेतु पाँचों जिलों में 123 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन पाँचों जिलों में परीक्षा देने हेतु कुल पंजीकृत छात्रों की संख्या 55763 थी। जिसमें प्रथम पाली में 50858 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 4905 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की दूसरी पाली में पंजीकृत 55763 विद्यार्थियों में से 50856 उपस्थित रहे तथा 4907 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने परीक्षाओं का जायजा भी लिया।

# छेड़खानी मामले में दारोगा सहित सिपाही निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**काकोरी** कोतवाली क्षेत्र में बीते दिनों दो बहनों से बाइक सवार शोहदों द्वारा की गयी छेड़खानी मामले में पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के निर्देश पर हुई जांच में लापरवाही मिलने पर काकोरी के इंस्पेक्टर जितेंद्र बहादुर सिंह व चौकी प्रभारी अभिमन्यु को निलंबित कर दिया गया है। जबकि अभी जांच जारी है।

काकोरी कोतवाली क्षेत्र के एक निजी स्कूल में दो बहने दसवीं और बारहवीं कक्षा की छात्राएं हैं। छात्राओं ने बताया कि 25 जून की रात करीब नौ बजे दोनों दादी को खाना देने के लिए गांव से बाहर दूसरे मकान जा रही थीं। तभी रास्ते में बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उन्हें पीछा कर रोक लिया और अश्लील हरकतें करते हुए हाथ पकडक़र खींचने का प्रयास किया। दोनों छात्राएं बदमाशों से भिड़ गईं और सडक़ पर गिरने से दोनों छात्राएं मामूली रूप से घायल हो गई थीं। लेकिन हिम्मत दिखाते हुए एक बदमाश का मोबाइल छीन लिया। छात्राओं की चीख सुनकर स्थानीय लोग दौड़े तो बदमाशों ने शिकायत करने पर अगवाकर जान से मारने धमकी दी और भाग गए। छात्राओं ने घर पहुंचकर परिवारीजनों को आपबीती सुनाई।परिवारीजन छात्राओं को लेकर रात में ही काकोरी थाने पहुंचे और लिखित शिकायत दी लेकिन पुलिस ने केस नहीं दर्ज किया। इसके बाद उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई तो फटकार के बाद काकोरी पुलिस ने दी गई तहरीर के आधार पर केस पंजीकृत कर बदमाशों के पास से मिले मोबाइल के आधार पर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### महापौर से मिले मुख्य अभियंता सहित वित्त एवं मुख्य लेखाधिकारी

**लखनऊ।** नगर निगम में नवागत मुख्य अभियंता (विद्युत/यांत्रिक)और वित्त एवं मुख्य लेखाधिकारी द्वारा महापौर से भेंट की गयी। महापौर से मिलकर आशीर्वाद और मार्गदर्शन लेकर कार्यभार संभाला। बुधवार को महापौर संयुक्ता भाटिया से उनके आवास पर नगर निगम लखनऊ में नवनियुक्त मुख्य अभियंता (विद्युतध्यांत्रिक) संजय कटियार और वित्त एवं मुख्य लेखाधिकारी रागिनी सिंह ने भेंट की। भेंट कर महापौर से मार्गदर्शन प्राप्त किया। गौरतलब है कि लखनऊ नगर निगम के मुख्य अभियंता राम नगीना त्रिपाठी विगत 30 जून को सेवानिवृत्त हो गए थे। इसके बाद आगरा नगर निगम में मुख्य अभियंता रहे संजय कटियार ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद महापौर संयुक्ता भाटिया से उनके आवास पहुँच कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### मेट्रो स्टेशन से कूदने वाले युवक की मौत

**लखनऊ।** लेखराज मेट्रो स्टेशन से कूदने वाले युवक की मृत्यु हो गयी। युवक को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसकी हालत गंभीर थी। गाजीपुर थाना प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर कुमार ने बताया कि युवक को गंभीर चोट लगने से युवक की मौत हो गयी है। वहीं, युवक के छलांग लगाने के कारणों का पता नहीं चल पाया। गारतलब है कि बीती 1 जुलाई को सुबह करीब 11 बजे एक युवक डाउन लाइन (सीसीएस एयरपोर्ट.मुंशीपुलिया) से लेखराज मेट्रो स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर ट्रेन से उतर गया। युवक थोड़ी देर तक प्लेटफॉर्म पर रहा जिसके बाद छलांग लगाने के मकसद से रेलिंग फांद कर दूसरी तरफचला गया। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से जैसे ही मेट्रो कर्मचारियों ने युवक को देखा वो उसे बचाने के लिए कॉनकोर्स से प्लेटफॉर्म की तरफभागे। सुरक्षा कर्मी एवं अन्य मेट्रो कर्मचारी जब तक वहां पहुंचते युवक ने प्लेटफॉर्म से सड़क पर छलांग लगा दी। लेखराज मेट्रो स्टेशन स्थिति पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने तुरंत युवक को ई.रिक्शा से लोहिया अस्पताल पहुंचा दिया।

### अलग-अलग दुर्घटना में दो की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के विभूतिखंड में बेटे के साथ आधार कार्ड बनवाने जा रहे एक बुजूर्ग को पीछे से आ रही बुलेट ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बुजर्ग की मौत हो गयी। उधर सरोजनीनगर इलाके में दो ई रिक्शा की आमने-सामने भिड़ंत होने से एक युवक की मौत हो गयी। इंस्पेक्टर विभूतिखंड आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि जनपद कन्नौज निवासी मयंक प्रताप सिंह ने सूचना दिया कि वह अपने पिता सुधीर सिंह के साथ आधार कार्ड बनवाने के लिए आया था तभी विभूतिखंड स्थित पिकप भवन के पास अज्ञात बुलेट सवार चालक ने राति करीब डेढ़ बजे उसके पिता सुधीर सिंह को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गये। पुलिस द्वारा उन्हें राममनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बुलेट चालक कीतलाश शुरू कर दीहै। उधर सरोजनीनगर पुलिस ने बताया कि बीती रात बंथरा निवासी कप्तान ने सरोजनीनगर पुलिस को सूचना दिया कि उसका भाई छोटू रिव शा ट्राली में बैठकर जा रहा था जैसे ही स्कूटर इंडिया के पास पहुंचा तभी से एक ई रिक्शा ने उसकी ट्राली में टक्कर मार दी जिससे छोटू की मौत हो गयी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दो शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से बैट्री सहित दो बाइक बरामद

**लखनऊ।** राजधानी की तालकटोरा पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की सात बैट्रियां बरामद की हैं। वहीं पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को दबोचकर उसके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद कर अभियुक्त को जेल रवाना कर दिया है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त का एक साथी रिजवान मौके से फरार हो गया है जिसकी तलाश की जा रही है। एसीपी बाजारखाला सुनील शर्मा ने बताया कि इलाके में बढ़ रही चोरी की घटनाओं को देखते देखते हुए पुलिस की एक टीम को गिरोह की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया था। पुलिस टीम इसी सम्बंध में विचार विमर्श कर रही थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक शातिर चोर चोरी की बैट्री बेचने के लिए ग्राहक के इंतजार में खड़ा है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंचकर अभियुक्त को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम विभूतिखंड निवासी मुकेश कुमार बताया। जिसके पास से चोरी की हुई करीब सात बैट्रियां बरामद की गयी हैं। वहीं तालकटोरा पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

### सिंगल यूज प्लाटिक पर जोनवार शिकायत दर्ज कर होगी कार्रवाई

**लखनऊ।** शहर को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए नगर निगम द्वारा विशेष कार्य योजना तैयार की गयी है। नगर निगम द्वारा प्लास्टि सिंगल यूज पॉलिथीन पर रोक लगाने के लिए कार्रवाई के साथ जन जागरूकता चलाया जा रहा है। इसके साथ प्लास्टिक यूज करने वाले के आमजन की शिकायतें दर्ज करने के लिए कंट्रोल नंबर जारी किया गया है। वहीं जोन वार नोडल अधिकारी भी नामित किए गए हैं। बुधवार को शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर नगर निगम द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा रही है। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के आदेश पर नगर निगम द्वारा विशेष कार्य योजना बनाई गयी है। इसके तहत प्लास्टिक प्रयोग करने वाले पर कार्रवाई और जागरुकता दोनो पर कार्य किया जा रहा है।

# मादक पदार्थों की तस्करी में दो गिरफ्तार, 20 कुंतल गांजा बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उड़ीसा** राज्य से मादक पदार्थों की तस्करी कर यूपी के कई जिलों में उनकी सप्लाई करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया। तस्करों के पास से मिली बोलेरो गाड़ी में केबिटी बनाकर छिपाया गया बीस कुंतल गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार तस्करों में एक ने बताया कि उसके देशी शराब की तीन सरकारी ठेके हैं तथा वह अवैध मादक पदार्थ की सप्लाई भी करता है। इसके पूर्व इसके नाम से सरकारी भांग का ठेका था। जिसकी आड़ में यह गांजा की सप्लाई करता था। इस काम में वह पहले भी जेल जा चुका है।

एसटीएफ की लखनऊ टीम द्वारा प्रयागराज जिले में मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के खिलाफ छानबीन की जा रही थी। इस दौरान ज्ञात हुआ कि अवैध मादक पदार्थों की व्यापक तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य उड़ीसा राज्य से अवैध मादक पदार्थों की खेप लेकर बोलेरो गाड़ी नंबर- यूपी 70 बीक्यू 2581 से झारखंड के रास्ते प्रयागराज आने वाला हैं, जो वहां पर किसी को यह माल देंगे। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा प्रयागराज के थाना क्षेत्र फूलपुर में कुसेहटा मोड़ के पास अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी एवं तस्करों की गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी की गई। कुछ ही देर बाद बोलेरो गाड़ी यूपी 70 बीक्यू 2581 आती हुई दिखाई दी, जिसे रोककर तलाशी ली गयी तो बोलेरो की छत में बनी कैविटी में गांजा छिपाकर रखा हुआ पाया गया। जिस पर एसटीएफ टीम द्वारा दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों अभियुक्तों ने अपना नाम-पता अशोक कुमार जायसवाल निवासी मुबारकरपुर, थाना बहरिया, प्रयागराज और कपिल यादव निवासी चकअफराद, नन्दौत, थाना फूलपुर, प्रयागराज बताया। पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त कपिल यादव ने बताया कि रिन्कू यादव उर्फ अजय कुमार यादव ने मुझे उड़ीसा राज्य में गांजा लोड कराकर यह बोलेरो गाड़ी दिया था और बोला था कि प्रयागराज पंहुचने पर बताऊंगा कि यह माल किसे देना है।

### तीन तस्कर गिरफ्तार, गांजा व स्मैक बरामद

**लखनऊ।** राजधानी की चिनहट पुलिस ने एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से स्मैक बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि पकड़े गये तस्कर पर बाराबंकी समेत शहर के विभिन्न थानों करीब 13 मुकदमें दर्ज हैं। वहीं आलमबाग पुलिस ने दो शातिर तस्करों को दबोचकर उनके कब्जे से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। इंस्पेक्टर चिनहट घनश्याम मणि त्रिपाठी ने बताया कि बीती रात पुलिस टीम मटियारी इलाके में गश्त कर रही थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक शातिर तस्कर स्मैक बेचने के लिए किसी ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे दबोच लिया। पुलिस की जामा तलाशी में उसके पास से 110 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस पूछताछ में उसने अपना बाराबंकी निवासी रमन गुप्ता बताया। पुलिस का कहना है कि पकड़ा गया अभियुक्त शातिर किस्म का तस्कर है जो काफी समय से तस्करी के काम में लिप्त था। अभियुक्त पर करीब 13 मुकदमें दर्ज हैं। उधर आलमबाग पुलिस ने गश्त के दौरान दो शातिर तस्कर आलमबाग निवासी हीरा लाल उर्फ गुडडन उर्फ बाबा व राजू यादव को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चार किलो गांजा बरामद हुआ है, जो बुलेट से लेकर शहर में बेचते थे।

### आज से स्कूल के मेन गेट पर लगेगी सेंटीनियल इंटर कॉलेज की क्लासेस

**लखनऊ।** सेंटीनियल इंटर कॉलेज पर शिक्षा माफिया के कब्जे के बाद स्कूल में प्रवेश देने से रोके गए स्टूडेंट्स की कक्षाएं गुरुवार से स्कूल के गेट पर संचालित की जाएंगी। इस बावत बुधवार को सेंटीनियल इंटर कॉलेज के टीचर्स और माध्यमिक शिक्षक संघ ने बुधवार को एक प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी है। सेंटीनियल इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल का कहना है कि मौजूदा प्रबंधन समिति ने जबरदस्ती छह जुलाई तक स्कूल बंद कर दिया था। अगर सात जुलाई से स्कूल नहीं खुलता है और सभी टीचर्स और स्टूडेंट्स को कैंपस में प्रवेश नहीं दिया जाता है, तो गुरुवार सुबह नौ बजे से 11 बजे तक दो घंटे की क्लास स्कूल के मेन गेट के बाहर होगी ताकि स्टूडेंट्स की पढ़ाई का नुकसान न हो। ज्ञात हो कि सेंटीनियल इंटर कॉलेज में मौजूदा समय में क्लास 1 से 12 तक 460 स्टूडेंट्स का एडमिशन है।

# शिया वक्फ बोर्ड के फैसले पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

विधि संवाददाता। लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने शिया वक्फ बोर्ड के एक आदेश पर स्थगन आदेश पारित कर दिया है। पीठ के समक्ष बोर्ड के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमे सिविल कोर्ट से मुकदमा हारने के बाद बोर्ड ने खुद के पक्ष में फैसला सुना दिया था। शिया वक्फ बोर्ड ने अपने फैसले में चार प्रश्नगत सम्पत्तियों को वक्फ सम्पत्ति मानते हुए वक्फ में मिलाने का आदेश दिया था। पीठ ने इसके साथ ही शिया वक्फ बोर्ड को इस मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। जस्टिस डीके उपाध्याय एवम जस्टिस रजनीश कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश राजेंद्र अग्रवाल व एक अन्य की याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि 31 जुलाई 2019 को अयोध्या में बोर्ड ने चौक स्थित चार दुकानों को एक आदेश पारित करते हुए अपनी सम्पत्तियों में मिला लिया। जबकि वर्ष 1983 में ही प्रश्नगत सम्पत्तियों के सम्बंध में वक्फ बोर्ड व सम्बंधित वक्फ के मुतवल्ली की ओर से सम्पत्तियों को वक्फ मस्जिद हसन रजा खान की सम्पत्ति बताते हुए घोषणात्मक वाद दाखिल किया गया था। 30 नवंबर 2000 को सिविल कोर्ट ने इस वाद को खारिज भी कर दिया था। सिविल कोर्ट के आदेश के विरुद्ध प्रथम अपील दाखिल की गई। 31 मार्च 2009 को अपील भी खारिज हो गई। कहा गया कि इन मुकदमों में खुद पक्षकार होने के बावजूद बोर्ड ने 31 जुलाई 2019 को अपने ही पक्ष में आदेश पारित कर दिया।

# बमबाजी की घटना में वांछित दो ईनामी अपराधी एसटीएफ के हत्थे चढ़े

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने प्रयागराज जिले में सरेआम मारपीट और बमबाजी करने की घटना में वांछित चल रहे 25-25 हजार रुपए के दो ईनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ के अनुसार बीती 20 जून की रात में हरीश ढाबा निकट एजी आफिस के पास हुई बमबाजी की घटना के संबंध में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के साथ ही 7 सीएलए एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मुकदमे में प्रयागराज पुलिस को अभिषेक शुक्ला व सोनू कुमार की तलाश थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब दोनों हाथ नहीं लगे तो पुलिस ने दोनों के ऊपर 25-25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया था। इनकी गिरफ्तारी में एसटीएफ को भी लगाया गया था। छानबीन के दौरान एसटीएफ को सूचना मिली कि दोनों किसी से मिलने के लिए सिविल लाइन बस स्टैंड पर आने वाले हैं। इस जानकारी के बाद कार्रवाई करते हुए एसटीएफ ने दोनों को यहीं से गिरफ्तार किया। पूछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्त अभिषेक शुक्ला उपरोक्त ने बताया कि 20 जून 2022 को रात्रि करीब 9ङ30 बजे मैं सोनू एवं मेरे साथी चार पहिया गाड़ी व बाइक से हरीश ढाबा (एजी आफिस प्रयागराज के पास) गए थे। हम लोग ढाबा में बैठकर बीयर पी रहे थे तो ढाबा मालिक द्वारा हम लोगो को बीयर पीने से मना किया गया, जिस बात पर हम लोगों व ढाबे के मालिक से कहासुनी, मारपीट व बमबाजी की घटना हुई। घटना को अंजाम देने के बाद मैं अपने साथियों सहित फरार होकर पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए छिपकर रह रहा था। आज मुकदमें के सिलसिले में वकील से मिलने के लिए बस स्टैण्ड सिविल लाइन्स जनपद प्रयागराज आया था।

### गैंगेस्टर में फरार पच्चीस हजार का इनामिया गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की सरोजनीनगर पुलिस ने गैंगेस्टर के मामले में फरार चल रहे पच्चीस हजार के इनामिया को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर सरोजनीनगर ने बताया कि गैंगेस्टर के मामले में फरार चल रहे शातिर की तलाश में एक टीम लगाई गयी थी जिसे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। जिसका नाम बंथरा निवासी सौरभ सिंह है। अभियुक्त शातिर किस्म का बदमाश है,जिसकी गिरफ्तारी के लिए पच्चीस हजार का इनाम भी घोषित था।

# समान संवेदना और सेवा भाव से पीजीआई में देखा जाता है प्रत्येक रोगी: पाठक

## ● उप मुख्यमंत्री ने पीजीआई में किया ऑक्सीजन प्लांट व लैब का लोकार्पण



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने बुधवार को पीजीआई में पीएसए ऑक्सीजन प्लांट व न्यूरो फिजियोलॉजी लैब का लोकार्पण किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि इस अवसर पर बोलते हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पीजीआई की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां प्रत्येक रोगी को समान संवेदना और सेवा भाव से देखा जाता है।

अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सा संस्थानों को मंदिरों के समकक्ष रखा और चिकित्सक को ईश्वर की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि कभी कभी भर्ती के लिये बिस्तर की अनुपलब्धता एक समस्या हो सकती है, पर यदि रोगी को ध्यान पूर्वक सुन लिया जाए तो उसकी पीड़ा कुछ हद तक कम हो जाती है और यहाँ जनसंपर्क की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बिस्तरों की संख्या को भी चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया जाएगा। उन्होंने स्टाफ की समस्याओं को भी समय सीमा के अंदर निराकरण का आश्वासन दिया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक डॉ आर के धीमन द्वारा मुख्यमंत्री को सम्मान स्वरूप एक स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। तत्पश्चात मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर गौरव अग्रवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### पीजीआई में मिर्गी का पता लगाना हुआ आसान

**क्लीनिकल** न्यूरोफिजियोलॉजिकल लैब में मस्तिस्क, मेरुदण्ड, नसों तथा मासपेशियों की बीमारियो से ग्रसित मरीजों की जाँच करने हेतु कई प्रकार की मशीनों का प्रयोग किया जाता है। इसमें मिर्गी की बीमारी से ग्रसित मरीजों का मूल्यांकन तथा इलाज के लिए ईईजी द्वारा दिमाग से उत्पन्न बिजली की तरंगों का विशलेषण कर के मिर्गी के प्रकार का पता किया जाता है। 15 से 20 प्रतिशत मिर्गी के मरीज जो कि दवा से ठीक नही हो पाते उनके लिए शल्य चिकित्सा के लिए भी ईईजी की अहम भूमिका रहती है। इसके अलावा नसों से संबंधित मरीजों के लिए मशीन द्वारा रोगी के नसों में विघुत प्रवाह के माध्यम से बीमारी का पता लगाया जा सकता है। इसी प्रकार मांसपेसियों से उत्पन्न होने वाले सूक्ष्म विद्युत तरंगों की जांच के लिए भी विभिन्न प्रकार की तकनीकों का प्रयोग किया जाता है। जिससे मांसपेसियों की बीमारियां जैसे मांसपेशीय दुर्विकास और विभिन्न प्रकार की जटिलताओं का विश्लेषण किया जाता है। मैगनेटिक स्टीमुलेशन के द्वारा सर दर्द के मरीजों को बिना दवा के ठीक किया जाता है। मस्तिस्क की धमनियों में खून के प्रवाह में रूकावट के लिये भी ट्रांसक्रानियल डाप्लर का उपयोग भी क्लीनिकल न्यूरोफिजियोलॉजिकल लैब में किया जाता है। वहीं संस्थान मे 1000 लीटर क्षमता का आक्सीजन पीएसए प्लान्ट डॉक्टर्स फार यू संस्था के सौजन्य से स्थापित किया गया है। इस प्लान्ट की सप्लाई एवं स्थापना पर होने वाला सारा व्यय उपरोक्त संस्था द्वारा ही वहन किया गया है। यह प्लांट हवा से आक्सीजन को अलग कर 93 से 94 प्रतिशत की शुद्धता के साथ स्टोर करता है। जिसको सेंट्रल पाईप लाईन सिस्टम द्वारा अस्पताल मे मरीजो तक पहुंचाया जाता है।


सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India

ज्वेल्स नीलामी सूचना

क्षेत्रीय कार्यालय : 73, हजरतगंज, लखनऊ

1911 से आपके लिए ''केंद्रित'' "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

बैंक ने निम्नलिखित गहनों की खुली नीलामी करने का निर्णय लिया है।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया
बनी शाखा, फोन नं0 : 8303713761 एवं 9415417775
E-Mail: bmluck5117@centralbank.co.in

रत्नों का निरीक्षण और समय: दिनांक 13.07.2022, 10.00 hrs to 12.00hrs (शाखा के कार्य दिवसों के दौरान)

नीलामी की तिथि और समय: दिनांक 15.07.2022, 14.00hrs to 16.00 hrs

| क्रम संख्या | आभूषणों का विवरण | ग्राम में सकल वजन | ग्राम में शुद्ध वजन | आरक्षित मूल्य रुपये में | ई0एम0डी0 धनराशि रूपये में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हार 1 पीस सोने का | 10.00 | 7.50 | 37466.25 | 4000.00 |
| 2. | मंगलसूत्र 1 पीस कांच के मोती के साथ सोने का | 23.240 | 13.680 | 68338.44 | 6500.00 |
| 3. | कंगन 1 पीस सोने का | 19.640 | 14.730 | 73583.72 | 7400.00 |
| 4. | चेन 1 पीस सोने का | 12.020 | 9.010 | 45009.46 | 4600.00 |
| 5. | अंगूठी 6 पीस और नाक पिन 1 पीस सोने की | 14.170 | 10.630 | 53102.17 | 5400.00 |
| 6. | झुमकी 2 पीस सोने की | 7.100 | 5.330 | 26626.02 | 2700.00 |
| 7. | चूड़ी 4 पीस सोने की | 27.380 | 20.540 | 102607.60 | 10300.00 |
| 8. | हार 1 पीस सोने का | 41.590 | 31.190 | 155809.60 | 15600.00 |
| 9. | टीका 1 पीस सोने का | 4.600 | 3.450 | 17234.48 | 1800.00 |
| 10. | बाली 2 पीस सोने की | 4.860 | 3.650 | 18233.58 | 1800.00 |
| 11. | हार 1 पीस सोने का | 9.050 | 6.790 | 33919.45 | 3400.00 |
| 12. | चेन 1 पीस सोने की | 12.300 | 9.230 | 46108.47 | 4700.00 |
| 13. | बाली 2 पीस सोने की | 1.890 | 1.420 | 7093.61 | 750.00 |
| 14. | पायल 2 पीस चाँदी की | 217.00 | 141.00 | 8206.20 | 900.00 |
| 15. | ह्थफूल 2 पीस चाँदी का | 98.00 | 64.00 | 3724.80 | 400.00 |
| 16. | पायल 2 पीस चाँदी की | 107.00 | 70.00 | 4074.00 | 450.00 |
| 17. | पेटी 1 पीस चाँदी की | 237.00 | 154.00 | 8962.80 | 900.00 |
| 18. | बिछिया चाँदी की | 46.00 | 30.00 | 1746.00 | 200.00 |

महत्वपूर्ण नियम और शर्तें
1. बैंक नीलामी की तारीख तक केवल 13.30hrs ईएमडी स्वीकार करेगा,
2. नीलामी की तारीख के सोने की दर के अनुसार आरक्षित मूल्य में उतार-चढ़ाव हो सकता है। आभूषण का आरक्षित मूल्य नीलामी के दिन सोने की दर से 3% कम होगा।
3. सफल बोलीदाता को नीलामी की तारीख के सायं 4.00 बजे से पहले पूरी बिक्री/उद्धृत/बोली मूल्य जमा करना होगा और अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर गहनों की डिलीवरी लेनी होगी,
4. गहनों की गुणवत्ता और मात्रा का सत्यापन केवल बोलीदाताओं द्वारा ही किया जाना चाहिए और उसके बाद बैंक इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
5. बैंक बिना कोई कारण बताए नीलामी को आंशिक या पूर्ण रूप से रोकने/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है,
6. नीलामी शुरू होने से पहले ही प्रस्तावित बोलीदाताओं द्वारा फोटो और पते का प्रमाण बैंक को जमा करना और बोली प्रपत्र अनिवार्य हैं।
7. अन्य नियमों और शर्तों के लिए कृपया नीचे दिए गए पते पर बैंक से संपर्क करें।
8. जीएसटी केवल क्रेता द्वारा वहन किया जाना चाहिए।

दिनांक : 07.07.2022 स्थान : लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी -: सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया

# कांवड़ यात्रा मार्ग पर खुले में न बिके मांस

## बकरीद पर तय स्थान के अतिरिक्त कहीं और न हो कुर्बानी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आगामी त्योहारों को लेकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 14 जुलाई से पवित्र श्रावण मास का प्रारंभ हो रहा है। 26 जुलाई को श्रावण शिवरात्रि का विशेष अवसर है। श्रावण मास में परंपरागत कांवड़ यात्रा निकलेगी। इसमें सोमवार पूजन का भी विशेष महत्व है। 31 जुलाई से श्रावण पूर्णिमा तक अयोध्या का सावन मेला भी शुरू होगा। नागपंचमी और रक्षाबंधन का भी पर्व है। इससे पूर्व बकरीद का पर्व है। इसी बीच मुहर्रम का महीना भी शुरू होगा। स्पष्ट है कि कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत यह समय संवेदनशील है। अतः हमें सतत सतर्क, सावधान रहना होगा।

उन्होंने कहा कि हर पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों इसके लिए स्थानीय जरूरतों को देखते हुए सभी जरूरी प्रयास किए जाएं। शरारतपूर्ण बयान जारी करने वालों के साथ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कड़ाई से पेश आएं। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता की जाए। ऐसे लोगों के लिए सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनरुद्धार के उपरांत श्रद्धालुओं की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। श्रवण मास में पूरे देश से श्रद्धालु जनों के आगमन की संभावना है। ऐसे में स्थानीय पुलिस कमिश्नरेट, जिला प्रशासन, मंदिर प्रशासन म साथ समन्वय बनाते हुए व्यवस्थित कार्ययोजना बनाएं। प्रबंधन ऐसा हो कि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। विशेष दिवस पर वीआईपी मूवमेंट से परहेज किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्व त्योहार में शासन द्वारा सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। धार्मिक परंपरा, आस्था को सम्मान दें। किंतु नई परंपरा न शुरू हो। आयोजकों को अनुमति देने से पूर्व उनसे शांति और सौहार्द सुनिश्चित करने के सम्बंध में स्पष्ट शपथ पत्र लिया जाए। सीएम ने कहा कि विगत दिनों रमजान माह में अलविदा की नमाज़ और ईद के अवसर पर धार्मिक कार्यों से यातायात प्रभावित नहीं हुआ। इस बार बकरीद के मौके पर हमें यही व्यवस्था लागू रखनी होगी। बकरीद पर कुर्बानी के लिए स्थान का चिन्हांकन पहले से ही होना चाहिए। विवादित जगहों पर कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। तय स्थान के अतिरिक्त कहीं और कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न हो। कुर्बानी के उपरांत अपशिष्ट के व्यवस्थित निस्तारण की कार्ययोजना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कावंड़ यात्रा आस्था के उत्साह का आयोजन है। परंपरागत रूप से नृत्य, गीत, संगीत इसका हिस्सा रहे हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं का उत्पीड़न न किया जाए।

# राष्ट्रीय स्तर के उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिला लेने वाले एससी टॉपर्स का खर्च उठायेगी सरकार

● मुख्यमंत्री मेधावी छात्र योजना के तहत 30 फीसद एससी छात्राओं को मिलेगा लाभ

सतीश सिंह। लखनऊ

**नीट**, जेई मेंस, जेई एडवांस, क्लैट, कैट जैसे राष्ट्रीय स्तर के उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिला पाने वाले प्रदेश के एससी वर्ग के टॉपर्स का खर्च योगी सरकार उठायेगी। इसके लिए राज्य सरकार मुख्यमंत्री मेधावी छात्र योजना लागू करेगी। योजना के तहत इसका लाभ एससी वर्ग की छात्राओं को भी मिलेगा। साथ ही हर साल 500 छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थानों की मेरिट के आधार पर होगा। योजना का लाभ आईआईएम को छोड़कर बाकी संस्थानों में अंडर ग्रेजुएट के टॉपर्स को मिलेगा। जबकि आईआईएम में एमबीए में प्रवेश पा चुके छात्रों को इसका फायदा मिलेगा। योजना को लागू करने के लिए इसका प्रस्ताव समाजकल्याण विभाग की तरफ से शासन को भेज दिया गया है। भेजे गये प्रस्ताव में परिवार की वार्षिक आय आठ लाख या इससे कम के आय वालों को योजना का लाभ देने की बात कही गयी है। प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद प्रदेश के एससी वर्ग के टॉपर्स स्टूडेंट को इसका लाभ मिलने लगेगा। ऐसी संभावना है कि सरकार इसे अगले शैक्षणिक सत्र 2023-24 से लागू कर देगी। हालांकि यह योजना प्रदेश सरकार के संकल्प पत्र का हिस्सा भी रही है, पर एक दिन पूर्व 100 दिन का रिपोर्ट कार्ड जारी करने वाली योगी सरकार ने अभी इसे इसलिए लागू नहीं किया है कि सरकार प्रस्ताव के हर बिंदू का परीक्षण करा रही है। जिससे योजना का सीधा लाभ एससी वर्ग के टॉपर्स को मिल सके। मुख्यमंत्री मेधावी छात्र योजना के तहत राष्ट्रीय स्तर के उच्च शिक्षण संस्थानों की टॉप मेरिट से 3 या 4 स्टूडेंट्स का चयन किया जायेगा। इसमें 30 फीसद एससी वर्ग की छात्राओं के लिए सीट रिजर्व रहेगी। इन शिक्षण संस्थानों को जिम्मेदारी होगी कि उनके यहां प्रवेश पा चुके एससी वर्ग के टॉपर्स स्टूडेंट की जानकारी टॉप मेरिट के आधार पर सरकार को दें। योजना के तहत हर साल 500 छात्रों का चयन किया जायेगा। जिनके सभी नॉन रिफंडेबल फी का वहन सरकार उठायेगी। इसमें पढ़ाई से लेकर खाना, हॉस्टल तक शामिल हैं। इसके साथ ही सरकार की तरफ से पहले वर्ष के टॉपर्स स्टूडेंट्स को एक लाख का शैक्षणिक भत्ता दिया जायेगा। इसके बाद प्रतिवर्ष 30 हजार रुपए दिये जायेंगे। अधिकारियों के अनुसार योजना के पहले वर्ष में तकरीबन 50 करोड़ रुपए खर्च का अनुमान है।

**प्रदेश के इन संस्थानों में प्रवेश लेने वाले टॉपर्स को भी मिलेगा लाभ**

मुख्यमंत्री मेधावी छात्र योजना के तहत प्रदेश में स्थापित डॉ राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, बीआरडी गोरखपुर, एसजीपीजीआई, डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, जीएसवीएम, डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी शामिल है।

## आओ मिलकर वृक्ष लगायें, दुनिया को तंदुरूस्त बनायें: संजय भूसरेड्डी

**लखनऊ।** पर्यावरण संरक्षण को समर्पित 'वृक्षारोपण जन आंदोलन-2022' कार्यक्रम को सक्रिय सहभागिता के माध्यम से सफल व सार्थक बनाने हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में आज लाल बहादुर शास्त्री, गन्ना किसान संस्थान के मनोरम परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रदेश के अपर मुख्य सचिव, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास संजय आर. भूसरेड्डी ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण जन आन्दोलन-2022 को सफल बनाने एवं वनाच्छादन के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण एवं रोपित किये गये वृक्षों की देखभाल करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण मानव जीवन की सर्वोच्च आवश्यकता है तथा जल, जंगल और जमीन इसके प्रमुख आधार हैं। हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा भी वृक्षों की महत्ता को पहचानकर उनकी देवरूप में पूजा अर्चना की गयी। पुराणों में भी उल्लेख है कि एक वृक्ष मनुष्य के दस पुत्रों के समान है। इसलिए मानव जीवन में पेड़-पौधों की बड़ी महत्ता है।

# आजादी के अमृत महोत्सव में रेलवे ने चलाया जागरूकता अभियान



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पूर्वोत्तर** रेलवे लखनऊ मण्डल की मण्डल रेल प्रबन्धक डा मोनिका अग्निहोत्री के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त अमित प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में बुधवार को मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर आजादी का अमृत महोत्सव के अर्न्तगत बुढवल, बस्ती बादशाहनगर स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा जल सेवा अभियान चलाया गया, जिसमे काफी संख्या में यात्रियों को उनके कोचों में एवं प्लेटफार्म पर पीने का पानी उपलब्ध कराया गया।

इसी परिप्रेक्ष्य में लखनऊ जंक्शन, ऐशबाग जंक्शन, बादशाह नगर, गोमती नगर स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया तथा रेल परिसर की साफ सफाई की गई। सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मैलानी, सीतापुर एवं गोरखपुर कैण्ट स्टेशनों के रेल परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा बाइक रैली आनन्दनगर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान कर कैम्पियरगंज, पीपीगंज, होते हुए नकहा जंगल स्टेशन पहुँची। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बहराइच, नानपारा, नकहा जंगल एवं नौतनवां द्वारा रन फॉर यूनिटी के माध्यम से लोगों में आजादी का अमृत महोत्सव के संबंध में जागरूकता फैलायी गयी।

## अनिल दुबे का किया गया स्वागत



**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे का बुधवार को राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित स्वागत समारोह में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने दुबे को फूलमालाओं से लादते हुएउन्हें अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। स्वागत समारोह का संयोजन युवा रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहित अग्रवाल व संचालन राष्ट्रीय लोकदल उप्र के सदस्यता अभियान प्रभारी सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी ने किया। राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि दुबे का स्वागत करते हुये कहा कि वे पाटी के कार्यकर्ताओं के साथ साथ आम जनता के सुख दुख में हमेशा खड़े रहते हैं और लम्बे समय से पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार कर रहें हैं। उनके राष्ट्रीय प्रवक्ता बनने से पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये राम उजागिर पांडेय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डिप्लोमा** फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक महामंत्री फार्मेसी रत्न स्व राम उजागिर पांडेय की 19 वी पुण्यतिथि पर बुधवार को प्रदेश के फार्मेसिस्टों ने उनके बताए सिद्धांतो पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में संघ के पूर्व महामंत्री डॉ के के सचान, फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव सहित 10 अन्य फार्मेसिस्टो ने रक्तदान किया। प्रभारी अधिकारी फार्मेसी एच एन चौधरी ने स्व पांडेय के चित्र पर माल्यार्पण कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष वी पी मिश्र ने उनके साथ बिताए क्षणों को याद करते हुए उन्हें राज्य कर्मचारियों का मसीहा बताया।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की एमडी का लखनऊ दौरा



**लखनऊ।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ एएम मेखलै ने बुधवार को लखनऊ अंचल का दौरा किया। इस दौरान उन्होने बैंक के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए आदिज्योति सेवा समिति द्वारा संचालित स्कूल के बच्चों के लिए स्कूल किट एवं दिव्याग लोगों के लिए ट्राइ साइकिल का वितरण किया। आदि ज्योति सेवा समिति एक गैर सरकारी संगठन है जो विभिन कार्यकर्मो एवम जागरुता अभियानों द्वारा महिला सशक्तिकरण ए समाज कल्याण तथा गरीब व असहाय बच्चों को शिक्षा प्रदान करने जैसे कार्य करता है। माननीया सुश्री मेखलै ने संस्था के इन नेक कार्यों की सराहना की और बताया कि समाज में सामाजिक संतुलन बनाये रखने हेतु ऐसी संस्थाओं की मौजूदगी अनिवार्य है

## प्रदेश में शीघ्र सुलझेंगी एमएसएमई की समस्याएं : राकेश सचान

**लखनऊ।** इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के पूरे प्रदेश में नवनियुक्त लगभग 150 पदाधिकारियों का संवाद परिचय एवं दायित्व कार्यक्रम बुधवार को आईआईए भवन विभूतिखण्ड गोमतीनगर में सम्पन्न हुआ। जिसमें राकेश सचान, मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम उत्तर प्रदेश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में प्रदेश के सभी जिलो से आये पदाधिकारियो का आईआईए की गतिविधियों, कार्यप्रणाली एवं नियम और कानूनों के बारे में जागरूकता करायी गयी। इसमें प्रतिभागियों को राष्ट्रीय अध्यक्ष आईआईए अशोक अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नीरज सिंघल, महासचिव दिनेश गोयलए राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आलोक अग्रवाल एवं राष्ट्रीय सचिव प्रभारी आईआईए मुख्यालय अवधेश अग्रवाल ने सम्बोधित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मंत्री के समक्ष प्रदेश में उद्योग लगाने हेतु भूमि की अनुपलब्धता की समस्या को विस्तार से रखा। इसके साथ.साथ सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के लम्बित भुगतानों के निपटारे के लिये गठित मण्डल स्तरीय एमएसई फैसिलिटेशन कांउसिल को भी सक्रिय करने की आवश्यकता का आग्रह किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के उद्बोधन के उपरान्त प्रदेश के विभिन्न जिलों से कार्यक्रम में आये चैप्टर चेयरमैनो द्वारा भी जिला स्तर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों की समस्याओं के बारे में ज्ञापन मंत्री को दिये गये। मंत्री ने उत्तर प्रदेश ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को उद्योग लगाने के लिये भूमि न मिलने की समस्या को गम्भीरता से लेते हुए हल किया जायेगा और इस समस्या को मुख्यमंत्री के संज्ञान में भी लाकर शीघ्र समाधान करने का प्रयास करेगें।

## संभव पोर्टल के अंतर्गत हुई जन सुनवाई

**लखनऊ।** मंगलवार को को प्रबन्ध निदेशक, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, द्वारा मध्यांचल (मुख्यालय) में सम्भव पोर्टल के अन्तर्गत जन-सुनवाई शिविर में आये विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुनकर उनका तत्काल मौके पर ही समाधान किया गया। जन-सुनवाई में प्रमुख रूप से आज 3 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 2 शिकायतों का निस्तारण तत्काल करवाकर शेष शिकायत को सम्बन्धित अधिकारी को भेज कर उसका आगामी 2 कार्य दिवस में निस्तारण करवाने हेतु प्रबन्ध निदेशक, मध्यांचल द्वारा निर्देशित किया गया है।

## सेंटा टीचिंग ओलम्पियाड में सीएमएस शिक्षिका नेशनल टॉपर

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) के इण्टरनेशनल कैम्ब्रिज सेक्शन की शिक्षिका शिल्पी अग्रवाल ने सेंटा टीचिंग प्रोफेशनल्स ओलम्पियाड में नेशनल टॉपर का खिताब अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। शिल्पी ने इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का प्रदर्शन करते हुए कम्प्यूटर साइंस विषय में पूरे देश में प्रथम रैंक अर्जित की है तथापि सभी विषयों की ओवरऑल नेशनल रैंक में 9वाँ स्थान हासिल किया है। सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने शिल्पी अग्रवाल की शिक्षण प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। शर्मा ने बताया कि कम्प्यूटर साइंस में प्रथम नेशनल रैंक अर्जित करने के उपलक्ष्य में सुश्री शिल्पी को 25,000 रूपये के नगद पुरस्कार जबकि ओवरऑल 9वीं रैंक अर्जित करने हेतु 20,000 रूपये के नगद पुरस्कार से नवाजा गया है।

## डायबिटीज केयर प्रोग्राम लांच

**लखनऊ।** जीवनशैली में परिवर्तन के चलते तेजी से बढ़ रहे डायबिटीज के मरीजों को लेकर बीमारी को नियंत्रित करनेए एवं उसमें दवाओं की मात्रा को कम करने के प्रयास को लेकर बीटो ने आज चिकित्सकीय रूप से प्रमाणित डायबिटीज केयर प्रोग्राम के लांच करने की घोषणा की है। भारत को आज विश्व की डायबिटीज कैपिटल कहा जाता है, इतना ही नहीं आज भारत में 200 मिलियन से ज्यादा लोग डायबिटीज के जोखिम पर हैं। जिन्हें हम प्रीडायबिटीज भी कह सकते हैं। बीटो का डायबिटीज केयर प्रोग्राम मुख्यतः प्रीडायबिटीज एवं टाइप टू डायबिटीज के मरीजों के लिए तैयार किया गया है। सीनियर वाइस प्रेसिडेंट केयर प्रोग्राम बीटो डॉ नवनीत अग्रवाल ने बताया कि डॉक्टरों द्वारा डिजाइन किए गए इस संरचित डायबिटीज नियंत्रण प्रोग्राम के माध्यम से व्यक्ति अपने ब्लड शुगर को कंट्रोल कर सकता है।

## स्वरोजगार के लिए सुगमता से मिलेगा बैंक ऋण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक लोगों को बैंक से ऋण लेने में अब बाधा नहीं आयेगी। राज्य सरकार क्रेडिट गारंटी फण्ड स्कीम के तहत ऋण राशि को 100 प्रतिशत कवर देने के प्रस्ताव पर रही है। इस सुविधा के लागू हो जाने से छोटे-छोटे कारोबार स्थापित करने वाले व्यक्तियों को आसानी से ऋण उपलब्ध हो सकेगा। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डा0 नवनीत सहगल ने सिडबी के अधिकारियों के साथ बैठक की और इस योजना को लागू करने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रत्येक परिवार को स्वरोजगार से जोड़ने के एजेण्डे पर तेजी से कार्य कर रही है।


**शुभम्**

**शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड**
कार्पो. कार्यालय : 425, उद्योग विहार फेज-4, गुड़गांव-122015 (हरियाणा)
फोन : 0124-4212530/31/32, ई-मेल : customercare@shubham.co
वेबसाइट : www.shubham.co

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (इसमें आगे 'अधिनियम' कहा गया है) की धारा 13(2) के तहत सूचना

आपको सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय, डी-305, ग्राउण्ड फ्लोर, सर्वोदय एन्क्लेव, नई दिल्ली-110017 (इसमें आगे एसएचडीएफसीएल कही गई है) द्वारा आपका ऋण खाता एनपीए घोषित किया गया है तथा आप अपने ऋण की पूरी बकाया राशि का भुगतान एसएचडीएफसीएल को करने हेतु जिम्मेदार हैं। आप उपरोक्त राशि पर संविदा दर पर भावी ब्याज तथा अनुषंगी व्यय, लागत, प्रभार इत्यादि का भी भुगतान करने हेतु जिम्मेदार हैं। अतएव, हम एतद्द्वारा आपसे अपनी पूरी देयताओं का भुगतान इस सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर एसएचडीएफसीएल को करने की मांग करते हैं, जिसमें असफल रहने पर, एसएचडीएफसीएल को अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करने का अधिकार होगा। कर्जदारों तथा प्रत्याभूत आस्तियों का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या कर्जदार(रों) का नाम | आवेदक का पता | मांग सूचना राशि एवं तिथि | प्रत्याभूत आस्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 0ALB1904000005019304 0ALB1705000005005875 राजेश कुमार केशरवानी, सोनम केसरवानी | 297 ए. मीरापुर लालता देवी मंदिर, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश - 211003 | रू.4,59,860/- एवं रू.9,29,851/- एवं 28-06-2022 | अराजी नंबर 163, मौजा -मेहवापट्टी, पश्चिम उपरहार, परगना अरैल, तहसील करछना, जिला इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश - 212301 |
| 2. | 0ALB1906000005020701, राकेश कुमार, अलका गुप्ता, कृष्णा देवी | 70/164, पंडारी इलेक्ट्रॉनिक मार्किट, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश - 211003 | रू. 7,33,911/- एवं 28-06-2022 | मकान नंबर 70/164, मोहल्ला पंडारीबा, परगना एवं तहसील सदर, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश - 211003 |
| 3. | 0ALB191100005024880, सना उल्ला, मोहम्मद सानू, राजू | 135, मुइर रोड, रीगल गेस्ट हाउस, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश - 211002 | रू. 6,52,325/- एवं 28-06-2022 | फ्लैट नंबर 9, ईडब्ल्यूएस (भू तल), डबल स्टोरी, कटरा मछली बाजार हाउसिंग स्कीम, फकीरी गंज, परगना एवं तहसील सदर, जिला इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश - 211002 |
| 4. | 0KAN2001000005026425, संदीप साहू, ओम प्रकाश, मुन्नी देवी साहू | प्लॉट नंबर 19, अराजी 2039, चचेंडी सचेंडी, कानपुर निकट एसवीएन पब्लिक स्कूल, कानुपर नगर, उत्तर प्रदेश - 209304 | रू. 4,21,883/- एवं 28-06-2022 | प्राइवेट प्लॉट नंबर 19, अराजी नंबर 2039, चचेंडी सचेंडी 01, कानपुर देहात, उत्तर प्रदेश - 208001 |
| 5. | KAN_1502_034275 मोहम्मद शमशाद, रूकैया खातून | 62, ईडब्ल्यूएस केडीए कालोनी, जाजमऊ, उत्तर प्रदेश - 209871 | रू. 11,93,015/- एवं 20-05-2022 | मकान नंबर 44/ईडब्ल्यूएस योजना 39 केडीए कालोनी, जाजमऊ, एनए कानपुर, उत्तर प्रदेश - 209871 |
| 6. | 0KAN2002000005026834, चंदन सिंह, सुरभि सिंह | 305, 1850, केडीए कालोनी अर्रा बिंगवान नौबस्ता शिया राम वाटिका, कानुपर नगर, उत्तर प्रदेश - 208021 | रू. 6,11,511/- एवं 28-06-2022 | अराजी नंबर 206 एमआई के भाग पर स्थित प्लॉट, मौजा बिंगावान, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश - 208021 |
| 7. | 0LKW1803000005011944, पूनम देवी, दशरथ | बनवाहा सिरकाहिनपुर पोस्ट हरपुर, जगदीशपुर, सुल्तानपुर, बनवाहा, उत्तर प्रदेश - 228171 | रू. 3,10,868/- एवं 28-06-2022 | प्लॉट नंबर 72, 73, खसरा नंबर 201 का भाग, ककौली वार्ड फैजुल्लागंज, परगना तहसील जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226001 |
| 8. | 0LKW1606000005000280, अख्तर अली, रेशमा बानो | 24/94, अजीज नगर, मोहिबुल्लापुर सीतापुर रोड, अजीज नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226001 | रू. 3,62,667/- एवं 28-06-2022 | प्लॉट नंबर 24 पर मकान, खसरा नंबर 94, एम रहीम नगर ददौली, वार्ड फैजुल्लागंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226001 |
| 9. | 0LKW1712000005009845, दीपक कुमार पाल, विद्यावती पाल, पवन पाल | 544/1751, एकता नगर, बरौरा एच बी निकट अम्बेडकर मूर्ति, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226003 | रू. 5,10,568/- एवं 28-06-2022 | खसरा नंबर 448, 544/1751 पर मकान, एकता नगर, बरौरा निकट अम्बेडकर मूर्ति, लखनऊ- 226003 |
| 10. | 0LKW2001000005026164, श्री कर्ण मलिक, तिलोत्तमा मलिक | सखी बुटीक, पराग रोड, आशियाना, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226012 | रू. 7,22,428/- एवं 28-06-2022 | मकान नंबर 584/066/1, अंदरून आबादी ग्राम/मोहल्ला-किला मोहम्मदी नगर, वार्ड-राजा बिजली पासी, परगना तहसील एवं जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226001 |
| 11. | 0LKW1906000005021042, 0LKW1907000005021288 मोहम्मद शमीम,शाइस्ता शमीम | एम 21, दुकान नंबर 2, बेसमेंट गोल मार्किट, महानगर चौराहा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226006 | रू. 7,48,230/- एवं रू. 13,85,526/- एवं 28-06-2022 | दुकान नंबर 2, एम 21, बेसमेंट गोल मार्किट, महानगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226001 |
| 12. | 0LKW2006000005028118, शाकिर, जाकिया बेगम, जाकिर | 92, 95, हीरामन का पुरवा नगर कानपुर, उत्तर प्रदेश - 208807 | रू. 9,14,826/- एवं 28-06-2022 | एच. नंबर 127/1, मोहल्ला रथखाना वार्ड मौलवीगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226001 |
| 13. | 0LKW1707000005007097, सोनू कुमार, नीलम चौरसिया, शिव कुमार | गूंगेमऊ हरिमऊ अमेठी जगदीशपुर बरेली प्राइमरी स्कूल सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश - 227809 | रू. 12,14,810/- एवं 28-06-2022 | खसरा नंबर 19 का भाग, बाघामऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226001 |
| 14. | 0LKW1705000005006048, लक्ष्मी शरण अवस्थी, हर्ष नारायण अवस्थी | एच नंबर 19/890, इन्द्रा नगर सेक्टर-19, रिंग रोड पानी की टंकी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226016 | रू. 15,31,822/- एवं 28-06-2022 | दुकान नंबर 03, मय भूमि इस्माइलगंज सेक्टर-15, इंदिरा नगर योजना, केएच नंबर 30,, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226012 |
| 15. | LKW_1508_044281, अजय प्रकाश उपाध्याय, ललिता देवी | एच नंबर 1139, राजाजी पुरम, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226008 | रू. 14,33,929/- एवं 28-06-2022 | प्लॉट नंबर 42 एवं 43 पर एच नंबर ए 5, केएच नंबर 173 का भाग, भैसोरा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226007 |
| 16. | VRN_1411_029141, राजेश कुमार, दीनदयाल प्रसाद, उषा देवी | एसए 016/9, एके एसटीआर/ मोहल्ला चकबीही अंश उत्तर प्रदेश - 281002 | रू. 1,96,009/- एवं 28-06-2022 | प्लॉट नंबर 45, आर/ओ मौजा चकबीही परगना शिवपुर वार्ड सारनाथ, तहसील एवं जिला वाराणसी, उत्तर प्रदेश - 221007 |
| 17. | 0VRN1911000005024699, 0VRN1802000005011312 संजय कुमार अग्रवाल, तनु श्री अग्रवाल | आईएनआईएफडी कैम्पस 13 गुलाब बाग सिगरा बिग बाजार सिगरा वाराणसी, उत्तर प्रदेश - 221002 एवं लेन नंबर 11, गुलमोहर अपार्टमेंट फ्लैट नंबर 45, निराला नगर महमूर गंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश-221010 | रू. 14,56,169/- एवं रू. 25,17,506/- एवं 28-06-2022 | फ्लैट नंबर 45, चतुर्थ तल, एसएम प्लॉट नंबर 93 पर निर्मित रूद्र गुलमोहर, लेन नंबर 11, निराला नगर कालोनी, मौजा शिवपुरा, परगना देहात अमानत, वार्ड दशाश्वमेध, वाराणसी, उत्तर प्रदेश - 221010 |

स्थान : गुरूग्राम
तिथि : 06-07-2022

प्राधिकृत अधिकारी,
शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड


# बच्चों के लिए निजी खर्च पर हेड मास्टर ने बनवा दिए टायलेट

संवाददाता। मोहनलालगंज



**बच्चों** की परेशानी दूर करने के लिए मोहनलालगंज में अपर प्राइमरी स्कूल के हेड मास्टर ने अपने खर्चे पर टायलेट बनवा डाला। निर्माण पूरा के बाद अब बच्चों को बाहर टायलेट जाने की परेशानी से छुटकारा मिल गया है। हेड मास्टर के प्रयास की सराहना कर बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी इसे दूसरों के लिए नजीर करार दे रहे हैं।

मोहनलालगंज के अपर प्राइमरी स्कूल रामपुर में कुल 151 छात्र.छात्राएं पंजीकृत हैं। जिनमें से 78 छात्राएं हैं। स्कूल में टायलेट नहीं होने से बच्चों खासतौर पर छात्राओं को बेहद परेशानी हो रही थी। बच्चों की परेशानी दूर करने के लिए स्कूल के हेड मास्टर शिव सिंह ने खुद से एक लाख पैंतीस हजार रुपए खर्च कर छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग टायलेट का निर्माण करा दिया। टायलेट बनने के बाद अब बच्चों को काफी सहूलियत हो गई है। हेड मास्टर के इस कार्य की अभिभावक भी मुक्त कण्ठ से सराहना कर रहे हैं। जबकि बच्चों के लिए वह रोल मॉडल बन चुके हैं। ग्राम प्रधान डॉ सत्य प्रकाश ने बताया बच्चों की सहूलियत के लिए स्कूल के हेड मास्टर ने सात टायलेट रुम बनवाए हैं। जो कि सराहनीय है। स्कूल में बाउण्ड्रीवाल की समस्या थी। जिसके निदान के लिए पंचायत की ओर से बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा है।

**क्या कहते हैं बीडीओ...**

खण्ड विकास अधिकारी निशान्त राय ने बताया हेड मास्टर द्वारा बच्चों के लिए खुद के खर्चे पर टायलेट का निर्माण कराया जाना वाकई दूसरों के लिए नजीर है। बच्चों की सुविधा के लिए मनरेगा से तकरीबन 300 मीटर बाउण्ड्रीवाल बनवाई जा रही है। स्कूल को मॉडल तौर पर विकसित करने में हरसंभव मदद दी जाएगी।

# पेज एक का शेष

## रसोई गैस...

चुके हैं। इसमें से 153.50 रुपए की बढ़ोतरी मार्च, 2022 से की गई है। हालांकि, पेट्रोल और डीजल के दाम में पिछले तीन महीने से बदलाव नहीं हुआ है। इससे पहले, 22 मार्च से शुरू करते हुए 16 दिन के भीतर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कुल दस रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। इस बढ़ोतरी के बाद मुंबई में एलपीजी का 14.2 किलोग्राम वाला सिलेंडर 1,052.50 रुपए का हो गया है। वहीं चेन्नई में इसकी कीमत।,079 रुपए और कोलकाता में 1,068.50 रुपए प्रति सिलेंडर हो गई है। पेट्रोलियम कंपनियों ने होटल एवं रेस्तरांओं द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम घटाए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यि गैस सिलेंडर का दाम 2,021 रुपए से घटाकर 2,012.50 रुपए कर दिया गया है।

## दस रुपए...

इससे पहले वैश्विक बाजार से संकेत लेते हुए एमआरपी में भी कमी की थी। वैश्विक कीमतों में और गिरावट को ध्यान में रखते हुए खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय ने सभी खाद्य तेल संघों और प्रमुख निर्माताओं की एक बैठक बुलाई, जिसमें मौजूदा स्थिति पर चर्चा की गई और एमआरपी को कम करके उपभोक्ताओं को गिरती वैश्विक कीमतों का लाभ देने की बात कही गई। पांडेय ने बैठक के बाद पीटीआई-भाषा से कहा, हमने एक विस्तृत प्रस्तुति दी और उन्हें बताया कि पिछले एक सप्ताह में वैश्विक कीमतों में 10 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसका लाभ उपभोक्ताओं को दिया जाना चाहिए। हमने उन्हें एमआरपी कम करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि प्रमुख खाद्य तेल निर्माताओं ने अगले सप्ताह तक सभी आयातित खाद्य तेलों जैसे पाम तेल, सोयाबीन और सूरजमुखी के तेल पर एमआरपी को 10 रुपए प्रति लीटर तक कम करने का वादा किया है।

## शिवसेना पर...

भी कार्य किया। शेवाले ने पत्र के माध्यम से उद्धव को याद दिलाया कि दिवंगत शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे ने गठबंधन में शामिल होने के बावजूद एनडीए उम्मीदवार का समर्थन नहीं किया था और संप्रग उम्मीदवार प्रतिभा पाटिल का समर्थन किया था, क्योंकि वह महाराष्ट्र से थीं। इसी तरह, शिवसेना प्रमुख ने प्रणब मुखर्जी का समर्थन किया था। पत्र में उन्होंने कहा कि मैं विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूं कि आप उनकी पृष्ठभूमि और जनता के लिए योगदान को ध्यान में रखते हुए मुर्मू का समर्थन करें एवं शिवसेना के सभी सांसदों को भी ऐसा करने का निर्देश दें। वर्तमान में, शिवसेना के पास 18 लोकसभा सदस्य हैं। इनमें से चार सांसद वर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पुत्र श्रीकनत शिंदे, भावना गवाली, राजन विचारे पहले ही अपनी मूल शिवसेना से एकनाथ शिंदे खेमे में चले गए हैं। कम से कम आधा दर्जन और सांसद मूल शिवसेना छोड़ या तो शिंदे खेमे में जाने को राजी हो गए हैं या एकनाथ शिंदे के संपर्क में हैं। वे एनडीए उम्मीदवार मुर्मू को वोट देने के लिए पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने की स्थिति में दलबदल विरोधी कानून के दंडात्मक प्रावधानों से बचने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं।

## नकवी-आरसीपी...

भाजपा ने पिछले दिनों हुए राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव में कहीं से उम्मीदवार नहीं बनाया था। आरसीपी सिंह जनता दल यूनाईटेड के कोटे से केंद्र सरकार में मंत्री थे। उन्हें भी जदयू ने अगला कार्यकाल नहीं दिया है। सिंह के पास इस्पात मंत्रालय का प्रभार था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कभी बेहद करीबी रहे सिंह का आज जन्मदिन भी था। प्रधानमंत्री मोदी ने सुबह ट्वीट कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी। एक साल पहले ही वह जदयू कोटे से केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य बने थे। सिंह के इस्तीफे के बाद अब केंद्रीय मंत्रिपरिषद में भाजपा के सहयोगी दलों के दो ही सदस्य बचे हैं। इनमें अपना दल की अनुप्रिया पटेल और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के रामदास अठावले शामिल हैं। वहीं, नकवी केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री थे। वह राज्यसभा में भाजपा के उपनेता हैं। नकवी के इस्तीफे के बाद केंद्रीय मंत्रिपरिषद में मुस्लिम समुदाय का एक भी सदस्य नहीं होगा। साथ ही संसद के दोनों सदनों में भाजपा के करीब 400 सांसदों में एक भी सदस्य मुस्लिम समुदाय का नहीं होगा। भाजपा ने जब नकवी को राज्यसभा के लिए फिर से उम्मीदवार नहीं बनाया तभी से यह कयास लगाए जाने लगे थे कि पार्टी उन्हें उपराष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का उम्मीदवार बना सकती है या किसी अन्य प्रमुख पद की जिम्मदारी सौंप सकती है। छह अगस्त को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। अब चूंकि केंद्रीय मंत्रिमंडल में दो पद खाली हैं और उसके सबसे बड़े व पुराने सहयोगी जदयू का भी कोई प्रतिनिधित्व नहीं है, लिहाजा मंत्रिपरिषद विस्तार या फेरबदल की संभावनाएं भी बढ़ गई हैं।

## केंद्रीय मंत्री...

गया। जबकि प्रतिवादियों का नामांकन अविधिक तरीके से स्वीकार कर लिया गया। सुनवाई के दौरान प्रतिवादियों की ओर से कहा गया कि चुंकि याचिकाकर्ता का नामांकन निरस्त हो गया था, ऐसे में वह निर्वाचन याचिका दाखिल ही नहीं कर सकता था। लिहाजा उसकी याचिका पोषणीय नहीं है। एकल पीठ ने दोनों पक्षों की बहस के पश्चात 75 पृष्ट विस्तृत निर्णय पारित किया।

# आज वाराणसी आएंगे प्रधानमंत्री, देंगे गिफ्ट

## एसपीजी ने डमी फ्लीट का किया रिहर्सल, इस दौरान बाबतपुर एयरपोर्ट से सिगरा स्टेडियम स्थित जनसभा स्थल और जनसभा स्थल से हेलीपैड तक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी को करोड़ों की सौगात देने आ रहे हैं। पीएम मोदी करीब सवा चार घंटे शहर में रहेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वाराणसी आएंगे। करीब चार महीने बाद अपने संसदीय क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे पीएम मोदी 18 सौ करोड़ रुपये की तीन दर्जन से ज्यादा परियोजनाओं की सौगात काशीवासियों को देंगे। पीएम मोदी के आगमन के मद्देनजर गुरुवार को वाराणसी शहर सुबह नौ बजे से रूट डायवर्जन लागू रहेगा। ऐसे में स्कूलों में सुबह 11 बजे ही छुट्टी की घंटी बज जाएगी।








जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने शहर के सभी स्कूल प्रबंधकों से अपील की है कि वो अपने स्कूलों को 11 बजे बंद कर दें। ताकि कोई भी बच्चा प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर किए गए रूट डायवर्जन में फंसकर परेशान न हो। डीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए किसी भी स्कूल में छुट्टी नहीं की गई, बल्कि सभी प्रबंधकों से अपील की गई है कि वो अपने स्कूलों में 11 बजे तक छुट्टी कर दें। वहीं, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं की छह से आठ जुलाई तक होने वाली प्रायोगिक एवं मौखिकी परीक्षा स्थगित कर दिया गया है।

इधर, एसपीजी ने गुरुवार को डमी फ्लीट रिहर्सल किया। इस दौरान बाबतपुर एयरपोर्ट से सिगरा स्टेडियम स्थित जनसभा स्थल और जनसभा स्थल से हेलीपैड तक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। वहीं पुलिस आयुक्त ए. सतीश गणेश ने फोर्स ब्रीफिंग में अभेद्य सुरक्षा के बाबत पुलिस अधिकारियों और जवानों को टिप्स दिए।

### पुलिस कमिश्नर ने किया ब्रीफिंग

**प्रधानमंत्री** की सुरक्षा में एनएसजी और एटीएस के कमांडो के साथ ही केंद्रीय खुफिया इकाइयों के अधिकारी भी तैनात रहेंगे। एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुये टर्मिनल भवन में आगंतुक पास पर भी पाबंदी लगा दी गई है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि बैरिकेडिंग से बाहर कोई न आने पाए, इस पर पूरा ध्यान रहे। आमजन की गतिविधियों पर मुस्तैदी से नजर रखें। पांच स्तरीय सुरक्षा घेरे में रहने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के दौरान सभा स्थल में बगैर अनुमति के मंच के पास किसी को जाने की अनुमति नहीं होगी। जनसभा स्थल में सादे वेश में पुलिसकर्मी चक्रमण करते रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काशी आगमन को लेकर एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया गया है। एयरपोर्ट परिसर से लगायत आसपास के क्षेत्रों और टावरों पर जवानों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया। सीआईएसएफ का डॉग स्क्वायड व आईएनटी दस्ता टर्मिनल भवन में चक्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी में है। एसपीजी अधिकारियों ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों को अपने कब्जे में ले लिया है।

### ड्रोन कैमरा प्रतिबंधित

**प्रधानमंत्री** आगमन को देखते हुए कमिश्नरेट में धारा 144 लागू की गई है। अपर पुलिस आयुक्त अपराध व मुख्यालय संतोष कुमार सिंह के अनुसार धारा छह जुलाई की सुबह छह बजे से लेकर सात जुलाई की रात तक प्रभावी होगा। इस दौरान ड्रोन कैमरा प्रतिबंधित होगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफविधिक कार्रवाई की जाएगी। बम निरोधक दस्ता और डाग स्क्वायड कार्यक्रम स्थलों की जांच पड़ताल कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के रूट पर जगह-जगह की गई बैरिकेडिंग से बाहर कोई न आए और ऊपर से पुष्प वर्षा नहीं करने को लेकर विशेष रूप से पुलिस कर्मियों को दिशा निर्देशित किया गया है।

### बनारस वालों को रिटर्न गिफ्ट देंगे पीएम मोदी

**विधानसभा** चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत के बाद मोदी का यह पहला दौरा है। इसे लेकर भाजपा की तरफ से भी जोरदार तैयारियां की गई हैं। हर चौराहे को सजाया जा रहा है। प्रशासन भी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद पहली बार काशी आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशीवासियों को रिटर्न गिफ्ट देंगे।सात जुलाई को पीएम के 1812 करोड़ रुपये की 45 योजनाओं की सौगात मिलेगी। इसमें 1220 करोड़ रुपये की 13 योजनाओं का शिलान्यास और 591 करोड़ रुपये की 32 योजनाओं का लोकार्पण शामिल है। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने कहा कि सात जुलाई को विधानसभा चुनाव के बाद पीएम नरेंद्र मोदी का यह पहला वाराणसी दौरा है।कहा कि जब भी पीएम काशी आते हैं तो वे काशीवासियों को हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देकर जाते हैं। इस बार भी पीएम काशीवासियों को 1812 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देंगे। पीएम का काशी मॉडल पूरे विश्व में और चमकेगा।

## 1812 करोड़ की सौगात के लिए गंगा आरती कर मोदी का आभार जताया

**वाराणसी।** बनारस को करोड़ों की सौगात देने आ रहे देश के प्रधानमंत्री व काशी के सांसद नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत बुधवार को दशाश्वमेध घाट पर नमामि गंगे ने धार्मिक तरीके से किया। पीएम मोदी के नाम से विशेष गंगा आरती की गई तो वहीं आरती में उनकी तस्वीर को शामिल करके फूलों से स्वागत लिखा गया। मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर काशी के सर्वांगीण विकास हेतु पीएम मोदी के लिए आशीर्वाद मांगा। अलौकिक छटा बिखेर रहे दशाश्वमेध घाट पर माता की तरह हितकारिणी नदियों के संरक्षण का संदेश दिया गया। पीएम मोदी द्वारा किए गए आवाह्न जिसमें प्रमुख रूप से स्वच्छता, नदियों के संरक्षण से जुड़ने, आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम बढ़ाने और सिंगल यूज पॉलीथिन का उपयोग न करने के लिए लोगों से अपील की गई। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को करोड़ों की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। काशी के गले में 18 सौ करोड़ की मोतियों का हार विकास के रूप में सजेगा। यह दृढ़ संकल्प के मोती निरंतर सजें इसके लिए हमने मां गंगा से प्रार्थना की है। कहा कि काशी में पीएम मोदी हमेशा से खास हैं और रहेंगे। काशी की स्वागत परंपरा संस्कृति और अध्यात्म से सरावोर रही है। मां गंगा की आरती कर हमने राष्ट्र के लिए सुख और समृद्धि की कामना की है। स्वच्छता ही आरोग्य जीवन का आधार है यह संदेश प्रसारित किया है। आयोजन में प्रमुख रूप से काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला, महानगर सह संयोजक सारिका गुप्ता महानगर सह संयोजक बीना गुप्ता, प्रीति जायसवाल, पंकज अग्रहरि, संगीता मिश्रा, सुनीता देवी, निधि अग्रवाल एवं सैकड़ों की संख्या में नागरिक शामिल रहे।



## लहरतारा-चौकाघाट फ्लाई ओवर के नीचे नाइट बाजार का पीएम करेंगे लोकार्पण

**वाराणसी।** सुबह-ए-बनारस के लिए मशहूर शिव की नगरी काशी में रात भी अब और रौशन होगी। सात जुलाई को वाराणसी दौरे पर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कासीवासियों को एक खास सौगात देंगे। कैंट स्टेशन के ठीक सामने लहरतारा-चौकाघाट फ्लाई ओवर के नीचे 1.9 किलोमीटर में सजने वाले नाइट बाजार का लोकार्पण करेंगे। यहां काशी की कला व संस्कृति दिखेगी, साथ ही बनारसी खान पान का स्वाद मिलेगा।व्यवस्थित यातायात के साथ जनता के जरूरतों का ध्यान रखकर तैयार अर्बन प्लेस मेकिंग में पर्यटकों को पूरी रात सुविधाएं मुहैया होंगी। इंदौर की तर्ज पर विकसित होने इस नाइट बाजार में बनारस की धर्म, कला और संस्कृति को समाहित करने के साथ ही इस दौर में बनारस की पहचान बनने वाली परियोजनाओं के मॉडल को भी जगह दी गई है। आई लव वाराणसी स्लोगन लिखा हुआ सेल्फी प्वाइंट, फाउंटेन, पाथ वे, पेड़-पौधे समेत अन्य हॉर्टिकल्चर का प्रावधान है। सुविधा की दृष्टि से दोनों छोर पर प्रसाधन ,पेयजल की सुविधा, पर्यटकों के लिए इन्फॉर्मेशन कियोस्क व अन्य सुविधाएं होंगी। वाराणसी कैंट स्टेशन से बाहर निकलते ही आपको काशी शहर का अहसास होने लगेगा। दीवारों पर काशी की कला और संस्कृति की पेंटिंग ,इंस्टॉलेशन और लैंडस्केपिंग के माध्यम से झलक दिखने लगी है। सड़क की सुरक्षा के लिए दोनों ओर रेलिंग, पेडेस्ट्रियन क्रॉसिंग व अन्य संसाधन विकसित हुए है। नाइट मार्केट से इंग्लिशिया लाइन के पास से लहरतारा की तरफजाने वाले मार्ग पर दुकानें ,फूड कोर्ट, ओपन कैफे आदि होंगे जहां यात्रियों व दर्शनार्थियों के जरूरतों के सामान के साथ ही बनारसी व्यंजन खाने को मिलेगा।वाराणसी स्मार्ट सिटी के मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि यहां पर कैंट रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस स्टेशन होने से यातायात का दबाव अधिक रहता है। ट्रैफिक के सुगम संचालन व प्रबंधन के लिए निर्धारित ट्रैफिक सर्कुलेशन की स्कीम बनाई गई है। जिसके आधार पर जेब्रा क्रॉसिंग, ट्रैफिक साइनेज ,मीडियन यू-टर्न , पिक-अप और ड्रॉपिंग के लिए निर्धारित स्थान, ई रिक्शा चार्जिंग पॉइंट आदि की भी सुविधा होगी।दुनिया भर से आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बन रहे नाइट बाजार में भी रोपवे लोगों को रिझाएगी। खान पान सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के साथ ही इस नाइट बाजार में बदलते बनारस की भी तस्वीर दिखाई देने लगी है।

# मेरा प्लास्टिक-मेरी जिम्मेदारी एक नवीन अभियानः संतोष

**संवाददाता।** सोनभद्र

**जनपद** में जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के नेतृत्व में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफचल रहे जन आंदोलन मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी के अंतर्गत जनपद के सभी को घरों पर बोरी टांगने का लक्ष्य रखा गया था। जिसके जन आंदोलन बनाने के लिए जनपद के सभी जनप्रतिनिधियों के आह्वान पर जनपद के लगभग 3 लाख घरों पर बोरिया लगाई गई। अभियान के दौरान कुल 4900 किलो प्लास्टिक इकट्ठा हुआ किया गया। इकट्ठा हुये प्लास्टिक को निस्तारण के लिए अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री को भेज दिया गया। कलेक्ट्रेट गेट के पास अतिरिक्त सचिव भारत सरकार नोडल अधिकारी नीति आयोग संतोष कुमार यादव जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार के हरी झंडी दिखा कर प्लास्टिक को अल्ट्राकेट के लिए रवाना किया। नोडल अधिकारी संतोष यादव ने कहा की यह अभियान



अपने आप में एक नवीन अभियान है। इससे पर्यावरण को नुकसान होने से बचा लेंगे। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बताया कि इस अभियान का सबसे मुख्य बिंदु यह है कि घरों पर लोगों को प्लास्टिक उसी घर में संकलित किए जाने के लिए समझाया गया और लोगों ने प्लास्टिक को बाहर फेंकने की जगह अपने घर पर टंगी बोरी में ही रखी। ग्राम पंचायत के द्वारा प्लास्टिक इकट्ठा कर उसको निस्तारण के लिए अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री को उपलब्ध कराया गया। विकास खंड बभनी से 235 किलो विकास खंड चतरा से 417 किलो विकास खंड चोपन से 235 किलो विकास खंड दुद्धी 325 किलो विकास खंड घोरावल 840 किलो विकास खंड करमा 830 किलो विकास खंड कोन से 222 किलो विकास खंड म्योरपुर से 866 किलो विकास खंड नगवा से 408 किलो एवं विकास खंड राबर्ट्सगंज से 522 किलो प्लास्टिक सफाई कर्मियों एवं गांव के लोगों के द्वारा इकट्ठा किया गया है। सरकार द्वारा 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक को बैन किया गया है जनपद का यह कार्यक्रम एक नवीन प्रयास है और इस कार्यक्रम के तरीकों को भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा भी सराहा गया है। भारत सरकार के पेयजल और स्वच्छता विभाग के द्वारा उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के इस कार्यक्रम को अपने पेज पर स्थान दिया गया है जनपद में जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के द्वारा यह एक नवीन प्रयोग किया गया जो काफी सफल रहा। मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी कार्यक्रम तीन चरणों में संपन्न हुआ प्रथम चरण घरों पर बोरी टांग आ जाना द्वितीय चरण में लोगों से अपील किया जाना कि अपनी प्लास्टिक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए उसे उसी बोरी में डालें तृतीय चरण में 20 से 25 तारीख तक घर घर जाकर प्लास्टिक को कलेक्ट कर एक जगह इकट्ठा करना एवं विकास खंड पर इकट्ठा किया जाना। इसके अंतिम चरण में आज प्लास्टिक इकट्ठा कर अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री को निस्तारण के लिए जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने स्वयं 4900 किलो प्लास्टिक अल्ट्राटेक के प्रबंधन को हस्तांतरित किया।

## पुलिस ने जंगलों में कांबिंग कर ग्रामीणों को किया भयमुक्त

**बीजपुर/सोनभद्र।** जनपद के पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशबीर सिंह के निर्देशों के अनुपालन में बुधवार को स्थानीय थाना की पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक बीजपुर भैया शिव प्रसाद सिंह के अगुआई में थानाक्षेत्र के ग्राम सभा लीलाडेवा व अंजानी से सटे जंगलों में सघन काम्बिंग करतें हुए ग्रामीणों को भयमुक्त किया गया। प्रभारी निरीक्षक श्री सिंह ने एक तरफ जहां जंगलों में मिले ग्रामीण चरवाहों को भयमुक्त होकर अपना अपना कार्य करने हेतु आगाह किया वहीं उन्होंने ग्रामीणों को सचेत किया कि यदि कोई भी अपरिचित अथवा अनजान व्यक्ति या उसके साथ और भी व्यक्तियों का समूह कभी भी जंगलों या गांव के इर्द गिर्द दिखाई देता है तो इस बात की जानकारी वे सभी पुलिस व गोपनीय तरीके से अवश्य देवे। पुलिस उनकी सूचना को गोपनीय रखकर अग्रीम कार्रवाई करेगी। इससे समय रहते ग्रामीण किसी भी अप्रिय घटना से बच जाएंगे।

# समाजसेवी के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**संवाददाता।** मऊ

**वरिष्ठ** समाजसेवी एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉण् चंद्रप्रकाश आर्या के पिता स्वण् डीपी आर्या की पांचवीं पुण्यतिथि नगर क्षेत्र के ब्रम्हस्थान पर मनाया गया। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दिया गया। साथ ही साथ उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। वहीं जरुरतमंदों को वस्त्र एवं भोजन के पैकेट का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रुप से चिकित्सा अधीक्षक डॉण् सीपी आर्याए डॉण् उषा आर्याए डॉण् सीडी आर्याए ओमप्रकाश शर्माए पिंटूए केडी आर्याए प्रमोदए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिनेश यादव आदि उपस्थित रहे।

## प्रधानपति ने अपने ऊपर लगाया फायरिंग का आरोप

**मुग़लसराय चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के ख्यालगढ़ निवासी प्रधान पति पर एक मनबढ़ युवक द्वारा फायरिंग करने का आरोप है। प्रधान पति के अनुसार मनबढ़ युवक उनके घर पहुँच और जान से मारने के लिए उनके उपर फायरिंग करने लगा। पीड़ित ने किसी प्रकार घर मे भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित के तहरीर के आधार पर पुलिस जांच में जुटी है।दरअसलए अलीनगर थाना क्षेत्र के लौदा ग्राम प्रधान निवासी ख्यालगढ़ के पति बच्चू लाल यादव ऊपर गांव के ही एक युवक शशिभूषण सिंह नामक युवक द्वारा चुनावी रंजिश को लेकर फायरिंग करने का आरोप है। आरोप है कि बच्चू लाल यादव अपने घर पर थें। तभी शशिभूषण सिंह पहले से हवाई फायरिंग करते उनके घर पहुँच गयाए और भद्दी.भद्दी गालियां देते हुए बच्चू लाल यादव पर दोनों हाथों से फायरिंग करने लगा। इस दौरान किसी प्रकार उन्होंने घर मे भागकर अपनी जान बचाई। अचानक हुई इस फायरिंग से जहां एक तरफ परिवार के लोग सख्ते में हैं।

# 700 करोड़ की लागत से बनेगा फोर लेन ब्रिज और बाइपास

- केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के प्रयास लाए रंग
- योजना को नितिन गडकरी ने दी हरी झंडी

**संवाददाता।** मिर्जापुर

**अपना** दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल के विशेष प्रयास से मिर्जापुर की प्रगति में एक और पंख लगने वाला है। मिर्जापुर शहर को अन्य जनपदों से जोड़ने वाले प्रमुख ब्रिज शास्त्री ब्रिज के समानांतर चार लेन का एक और ब्रिज निर्मित किया जाएगा एवं शहर में आवागमन को दुरुस्त करने के लिए बाईपास का निर्माण किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर 700 करोड़ रुपए की लागत आएगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी ने इस महत्वकांक्षी परियोजना की स्वीकृति दे दी है। केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने इस विशेष कार्य की स्वीकृति मिलने पर केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी के प्रति आभार जताया है।

केंद्रीय मंत्री एवं जनपद की स्थानीय सांसद श्रीमती अनुप्रिया पटेल का कहना है कि शास्त्री ब्रिज के समानांतर फोर लेन पुल के निर्माण से शहर में आवागमन तेज हो जाएगा। जनपदवासियों को जाम से राहत मिलेगी। जनपद के राजस्व में वृद्धि होगी। इसके अलावा बाईपास के निर्माण से शहर में अतिरिक्त वाहनों का दबाव कम होगा। उन्होंने बताया कि लगभग 700 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना को केंद्रीय मंत्री आदरणीय नितिन गडकरी जी ने स्वीकृति दे दी है। जल्द ही इस परियोजना के कार्य से संबंधित आवश्यक प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

## टीबी अभियान में देश में 19वें रैंक पर पहुंचा मिर्जापुर

**मिर्जापुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पूरे जनपद में लगातार टीबी रोगियों के खोजने का अभियान लगातार चलाया जाता रहा है। इसी का नतीजा है कि अपना जनपद देश में 19 वें रैंक मिला है। इस आशय की जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर यू0एन सिंह ने बुधवार को स्वामी विवेकानन्द सभागार में एक बैठक के दौरान बताया।अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले को देश में 19 रैंक मिला है इसके लिए टीबी विभाग के सभी कर्मचारी बधाई के पात्र है। इसके लिए विभाग ने 956 टीम का गठन किया गया है। जो अपने.अपने क्षेत्रों में घर.घर जाकर टीबी रोग के प्रति जागरूकता लगातार फैला रही है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि शासन स्तर पर दिये गये निर्देशों के अनुसार ही टीबी रोगियों को खोजने का कार्य लगातार किया जा रहा है। जिले के आबादी का 47 प्रतिशत लोगों का घर.घर जाकर स्क्रीनिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यदि कोई मरीज मिलता है तो विभाग की ओर से नि:शुल्क उपचार किया जाता रहा है।

## ठेकेदार के घर चोरी के मामले का चौबीस घंटे में हुआ पर्दाफाश

**संवाददाता।** मऊ

**शहर** कोतवाली अंतर्गत भीटी निजामुद्दीनपुरा में नगर पालिका के ठेकेदार संतोष राय के घर हुई भीषण चोरी की घटना का चौबीस घंटे के अंदर पुलिस टीम ने पर्दाफाश कर दिया। शहर कोतवाली अंतर्गत खालसा कानूनगोयान चक के पास बुधवार की सुबह शहर कोतवालीए एसओजी एवं स्वॉट टीम के सदस्यों ने पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय ने कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान मामले का पर्दाफाश करते हुए बताया कि गिरफ्तार शातिर चोरों के पास से चोरी की रिवाल्वरए चोरी के 1 लाख 99 हजार नगदीए पांच लाख रुपए के आभूषणए दो लैपटाप बरामद किया। शहर कोतवाली अंतर्गत भीटी निजामुद्दीनपुरा निवासी नगर पालिका के ठेकेदार संतोष राय बेटे के बरछा कार्यक्रम को लेकर मंगलवार की दोपहर घर में ताला बंद करके पूरे परिजनों के साथ पैतृक आवास चोरपा खुर्द चले गए थे। इस दौरान दोपहर के समय ही शातिर चोर चहारदीवारी फांदकर घर के अंदर घुस गए थे। चोर घर के सभी कमरों का ताला तोड़कर कमरे में रखे एक लाइसेंसी रिवाल्वरए आभूषणए नगदी समेत लाखों रुपए का सामान चुरा ले गए थे। इस बीच मंगलवार की शाम को जब ठेकेदार संतोष राय घर पहुंचे तो घर का ताला टूटा देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गया था। घटना के बाबत पीड़ित ठेकेदार द्वारा शहर कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद उन्होंने घटना के पर्दाफाश के लिए तीन टीमों का गठन किया। इसमें शहर कोतवाल संजय कुमार त्रिपाठीए एसओजी प्रभारी आनंद सिंहए स्वॉट टीम प्रभारी अमिता मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीमों ने सीसी कैमरे के फुटेजए सर्विलांस के माध्यम से शातिर चोरों के बारे में पूरी जानकारी हासिल कर लिया।

## लक्ष्य के सापेक्ष बच्चों का कराये नामांकनः बीएसए

**सकलडीहा चंदौली।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र सिंह मंगलवार को सकलडीहा के तीन विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में बच्चों की उपस्थिती और मिल डे मिल के बारे में विस्तार से जानकारी लिया। शिक्षकों को विद्यालयों में लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत उपस्थिती दर्ज कराने का निर्देश दिया।शासन की ओर से परिषदीय विद्यालयों में पठन पाठन शुरू होगया है। परिषदीय विद्यालय में इंगिलश मीडियम से लेकर विभिन्न प्रकार की शिक्षा सहित कम्प्यूटर आदि की परीक्षा शुरू है। बीएसए सतेन्द्र सिंह ने प्राथमिक विद्यालय तृतीयए उच्च प्राथमिक विद्यालय सकलडीहा एवं सकलडीहा प्रथम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीबीटी लक्ष्य के सापेक्ष नामांकन कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा कोरोना कॉल के दौरान एमडीएम के अर्न्तगत 94 दिन या खाद्य व कनर्वजन कास्ट का प्रेक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी लिया।

# संस्कृत की रक्षा के लिये सदैव तत्परः उच्च शिक्षामंत्री

- कुलपति ने उच्च शिक्षा मंत्री को पुष्प गुच्छ भेंट किया

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**सम्पूर्णानन्द** संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के विकास के सम्बंध में कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेन्द्र उपाध्याय से आज वाराणसी के सर्किट हाउस में भेंट किया। कुलपति प्रो त्रिपाठी ने बताया कि उच्च शिक्षा मंत्री श्री उपाध्याय जी से विश्वविद्यालय के आर्थिक स्थिति एवं जीर्ण-शीर्ण पाण्डुलिपियों के संरक्षण सम्बंध में वार्ता पर उच्च शिक्षा मंत्री ने देववाणी भाषा संस्कृत के उत्कर्ष में सभी तरह का सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेन्द्र उपाध्याय ने संस्कृत विश्वविद्यालय को माँ सरस्वती का मन्दिर एवं देववाणी भाषा संस्कृत का प्रांगण बताया और कहा कि संस्कृत से ही पूरी दुनियाँ मे भारत की पहचान है।इसलिये सदैव संस्कृत की रक्षा हेतु तत्पर हूँ।कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने बताया कि मंत्री जी ने इस विश्वविद्यालय के हर कठिनाई को दूर करने के लिये हर क्षण सहयोग देने का आश्वासन दिये हैं। कुलपति प्रो त्रिपाठी ने बताया कि उच्च शिक्षा मंत्री श्री उपाध्याय जी से विश्वविद्यालय के आर्थिक स्थिति एवं जीर्ण-शीर्ण पाण्डुलिपियों के संरक्षण सम्बंध में वार्ता पर उच्च शिक्षा मंत्री ने देववाणी भाषा संस्कृत के उत्कर्ष में सभी तरह का सहयोग देने का भरोसा दिलाया।इस मुलाकात के प्रारम्भ मे कुलपति प्रो त्रिपाठी ने मा मंत्री उच्च शिक्षा श्री उपाध्याय जी का पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत और अभिनंदन किये।उक्त अवसर पर कुलपति के साथ उपकुलसचिव संबद्धता केशलाल उपस्थित थे।

# भारत की स्थिति

## चौथी क्रांति का नेतृत्व

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने जोर दिया है कि भारत चौथी औद्योगिक क्रान्ति या उद्योग-4 का नेतृत्व कर रहा है। आलोचकों को यह अतिवाद लग सकता है। लेकिन यह बात ठीक है कि देश ने तकनीकों के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है तथा वे चौथी क्रान्ति की पारिभाषिक तत्व हैं। विश्व आर्थिक मंच ने इस अवधारणा का विवरण इस प्रकार दिया है, 'पहली औद्योगिक क्रांति में पानी और भाप की शक्ति का प्रयोग कर उत्पादन का मशीनीकरण किया गया था। दूसरी में बड़े स्तर पर उत्पादन के लिए बिजली की शक्ति का प्रयोग हुआ। तीसरी में उत्पादन के स्वचालीकरण के लिए एलेक्ट्रानिक्स व सूचना तकनीक का प्रयोग हुआ। अब चौथी औद्योगिक क्रांति का विकास तीसरी क्रांति के आधार पर हो रहा है जिसका विकास पिछली शताब्दी के मध्य से शुरू हुआ था। इसे तकनीकों का विलय कहा जा सकता है जो भौतिक, डिजिटल व जीववैज्ञानिक दायरों के बीच विभाजक रेखाओं को समाप्त कर रहा है।' लेकिन सवाल है कि क्या हम उद्योग-4 के निकट हैं? निश्चित रूप से इस बारे में अभी तथ्य पूरी तरह स्पष्ट नहीं हैं। उभरती अर्थव्यवस्था के बारे में चाहे जितनी बातें होती हों, या हम उसके बारे में चाहे जितना जोश दिखाते हों और स्वयं को उभरती आर्थिक शक्ति के रूप में पेश करते हों, पर हमारी प्रति व्यक्ति आय 2,300 डालर से कम है और इस प्रकार हम बांग्लादेश से नीचे हैं। भारत एक गरीब देश है और उसे प्रति व्यक्ति आय के दृष्टिकोण से 142वीं सीढ़ी पर रखा गया है। इसके साथ ही विनिर्माण क्षेत्र का प्रदर्शन 2011-12 से ठीक स्थिति में नहीं है। देश के सकल मूल्य संवर्धन-जीवीए में इसका हिस्सा 2011-12 में 17.4 प्रतिशत था जो 2020-21 में घट कर 14.5 प्रतिशत हो गया है।



लेकिन इसके बावजूद यह कहना पूरी तरह सही नहीं होगा कि अब कोई उम्मीद नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है, 'आज शुरू किए जा रहे सभी कार्यक्रम बिजनेस सुगमता सूचकांक व जीवन सुगमता सूचकांक को मजबूत करने के उद्देश्य से हैं। इनसे भारत के परिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा मिलेगा। भारत गर्व से कह सकता है कि वह न केवल चौथी औद्योगिक क्रांति और उद्योग-4 का हिस्सा है, बल्कि वास्तव में वह उसका नेतृत्व कर रहा है।' उन्होंने यह बात सोमवार को डिजिटल इंडिया सप्ताह 2022 के अंतर्गत अनेक डिजिटल पोर्टल लांच करते हुए कही। भारत में न केवल सभी उद्योग-4 तकनीकों का प्रयोग हो रहा है, बल्कि उनको सरकार से प्रोत्साहन भी मिल रहा है। उदाहरण के लिए, इस साल सरकार ने फरवरी में 3डी प्रिंटिंग के नाम से लोकप्रिय एडिटिव विनिर्माण के लिए राष्ट्रीय रणनीति जारी की जिसका उद्देश्य अकादमिक दुनिया, सरकार और उद्योग के बीच संवाद स्थापित करना है। इसका उद्देश्य भारत को इस क्षेत्र में डिजाइन, विकास व क्रियान्वयन का वैश्विक केन्द्र बनाना है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग अंतर-अनुशासनिक साइबर-भौतिक व्यवस्थाओं पर राष्ट्रीय मिशन-एनएम-आईसीपीएस का क्रियान्वयन कर रहा है। इसका उद्देश्य शोध को प्रोत्साहित करना, कर्मियों को प्रशिक्षण देना, प्रासांगिक तकनीकों का विकास, उद्यमिता को जन्म देना तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। देश भर के सम्मानित संस्थानों में उत्कृष्ट तकनीकों के क्षेत्र में 25 तकनीकी खोज केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इन क्षेत्रों में मशीन लर्निंग तथा कृत्रिम बुद्धि-एआई शामिल हैं। यहां सरकार द्वारा उद्योग-4 का नेतृत्व करने की इच्छा दिखती है और उसने इस दिशा में कुछ कदम भी उठाए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अतीत में औद्योगीकरण के दौरों में आने वाली बाधायें-यथास्थितिवादी नीतियां सामने न आएं। इनमें संस्थाबद्ध रूप से व्याप्त बिजनेस-विरोधी दृष्टिकोण, अत्यधिक नियमन व लाल फीताशाही, आदि भी शामिल हैं। उद्योग-4 पर बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। यदि ऐसा होता है तो स्थिति दयनीय होगी।

# ईशनिंदा की व्यवस्था में फंसने का खतरा

**यदि इस स्वतंत्र देश में दूर-दूर से भी ईशनिन्दा व्यवस्था प्रोत्साहित करने का प्रयास होता है तो यह अत्यधिक हानिकारक होगा। भारतीय न्यायपालिका को इस संबंध में सतर्क रहना होगा।**



**प्रियदर्शी दत्ता**
(लेखक, स्वतंत्र शोधकर्ता हैं)



पिछले शुक्रवार को उदयपुर की एक स्थानीय अदालत ने पेशे से दर्जी कन्हैया लाल तेली का सिर काटने का मामला जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी-एनआईए को सौंप दिया। इस मामले की गंभीरता इस तथ्य से समझी जा सकती है कि यहां तक कि राजस्थान सरकार भी इस मामले को विदेशी संपर्क वाली आतंकी गतिविधि के रूप में जांच के लिए आगे बढ़ा रही है, जबकि पहले उस पर कुछ विपक्षी राजनेताओं द्वारा मुस्लिम कट्टरपंथ के प्रति नरम दृष्टिकोण अपनाने का आरोप लग रहा था। लेकिन विडंबना है कि उसी दिन सर्वोच्च न्यायालय की अवकाश पीठ के एक न्यायाधीश ने भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा को उदयपुर हत्या के लिए नैतिक रूप से जिम्मेदार ठहरा दिया।

हालांकि, नूपुर शर्मा ने बाद में अपने बयान के लिए माफी मांग ली थी तथा उनकी भाजपा से सदस्यता स्थगित कर दी गई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि वे उदयुपर की 'दुर्भाग्यपूर्ण घटना' समेत देश में जो कुछ हो रहा है, उसके प्रति 'एकमात्र' जिम्मेदार हैं। निश्चित रूप से उम्मीद की जाती है कि उदयपुर हत्या के गिरफ्तार आरोपी रियाज़ अख्तारी और गौस मुहम्मद अपनी सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय की इस टिप्पणी का लाभ उठाने का प्रयास करेंगे।

अतीत पर गौर करें तो देश की स्वतंत्रता से पहले का एक मामला सामने आता है। सितंबर, 1934 में अब्दुल कय्यूम ने सिंध के जूडीशियल कमिश्नर की अदालत में नाथूरामल शर्मा की चाकू मार कर हत्या कर दी थी। शर्मा की सुनवाई भारतीय दंड संहिता की धारा 195 के अंतर्गत इस्लाम के इतिहास पर एक पैंफलेट छापने के कारण हो रही थी। अब्दुल कय्यूम के मामले पर उनकी ओर से लाहौर के बैरिस्टर बरकत अली ने अदालत में बचाव पक्ष की बहस की थी। डा.बी.आर. अंबेडकर द्वारा दिए संदर्भ के अनुसार, 'उन्होंने विस्तार से बताया था कि कय्यूम नाथूरामल की हत्या का दोषी नहीं है क्योंकि उसका कृत्य कुरान में वर्णित कानून के अनुसार सही है।' कोई आश्चर्य नहीं कि रियाज़ और गौस यही तर्क दें कि इस्लाम के अनुसार उन्होंने कन्हैया लाल तेली दर्जी का कत्ल कर कुछ गलत नहीं किया है।

नूपुर शर्मा को भारत तथा विदेशों से हत्या की अनेक धमकियां मिली हैं। इनमें से अधिकांश के बारे में उनको शायद कोई जानकारी नहीं मिल सकती है क्योंकि उनका ईमेल एकाउंट लगभग बंद हो गया है। हत्या की ये धमकियां किसी व्यक्ति या कुछ लोगों की मनमानी या इच्छाओं पर आधारित नहीं हैं क्योंकि इस्लामी कानून के अनुसार उनका निश्चित आधार है। इससे पता चलता है कि आखिरकार बड़ी संख्या में मुसलमान इसी प्रकार क्यों सोचते हैं। हालांकि, तथ्य यह है कि देश के वर्तमान कानून के अनुसार भी ऐसे अपमान के मामलों में दंड दिया जा सकता है।

इस सवाल का जवाब दारुल उलूम के दारुल उलूम के फतवे में तलाशा जा सकता है जो आनलाइन उपलब्ध है। प्रश्न संख्या आईडी-2019 द्वारा एक व्यक्ति ने सवाल पूछा था कि भारत में देश के कानून तथा इस्लामी कानून के आधार पर पैगंबर हजरत मुहम्मद के खिलाफ ईशनिन्दा की क्या सजा है। इसके जवाब में फतवा 1836-1226बी जारी किया गया। इसमें बताया गया है कि किसी अपराध के दोषी व्यक्ति को सजा देना सरकार की जिम्मेदारी है, व्यक्तियों की नहीं।

> **कोई ईसाई या यहूदी वर्तमान समय में अपने उन पैगंबरों को सम्मान देने की बात नहीं करता है जिन्होंने तलवारों या बंदूको की सहायता से धर्म का प्रचार किया था। इससे इन धर्मों के आलोचनात्मक परीक्षण की अनुमति मिलती है। लेकिन इस्लाम के संबंध में ऐसे प्रयास का नतीजा मौत का संकट हो सकता है।**

हालांकि, कोई व्यक्ति भारतीय संविधान के आधार पर ऐसे दोषी को दंड दिलाने के सर्वोत्तम प्रयास कर सकता है। लेकिन फतवे में यह भी बताया गया था कि किसी इस्लामी देश में ईशनिन्दा के ऐसे अपराध की सजा मृत्यु दंड है। इस प्रकार स्पष्ट है कि इस मामले में जोश दिखाने वालों के पास एक सीमा तक इस्लाम का आधार है। हत्या की धमकियां देने वाले तथा हत्यायें करने वाले ऐसा कर स्वयं को इस्लामी कानून के विचार से ठीक मानते हैं। यदि यह स्वीकार कर लिया जाए कि नूपुर ने गलती की, तो भी सवाल है कि कोई मौलाना या मुफ्ती उनको तथ्यों के बारे में सही जानकारियां देने के लिए सामने क्यों नहीं आया। क्या यह इस मुद्दे से निपटने का सर्वाधिक सभ्य रास्ता नहीं हो सकता है?

केवल पाकिस्तान के सलाफी विचार के धर्मगुरु इंजीनियर मुहम्मद अली मिर्जा ने स्पष्ट रूप से कहा कि नूपुर ने जो कहा, वह संभवत: मुस्लिम पक्ष की ओर से टीवी चर्चा में बहस कर रहे एक व्यक्ति के उकसावे पर था। नूपुर शर्मा का दृष्टिकोण यह बताना था कि यदि मुसलमानों की धर्मशास्त्रीय आधार पर हिंदुओं का मजाक उड़ाने की इच्छा होती है तो उनको अपनी समस्याओं को भी अनदेखा नहीं करना चाहिए।

अनुमान लगाइये कि यदि नूपुर ने ईसा मसीह द्वारा स्वर्ग से बरसने वाली मछलियों व रोटियों के बारे में कोई गंभीर संदेह व्यक्त किया होता तो क्या भारत में रहने वाले ईसाई चाकू लेकर सड़कों पर उतर आते। इसी प्रकार यदि नूपुर ने मोजेज़ या ओल्ड टेस्टामेंट में पैगंबर इसाइया के कृत्यों के खिलाफ कोई टिप्पणी की होती तो क्या इस्राइल में येरूशलेम के 9, यिटझाक राबिन बूलवार्ड स्थित किरयात हालोम, यानी इस्राइल के विदेश मंत्रालय में इस्राइल में भारत के राजदूत संजीव सिंगला को फौरन तलब किया जाता? वर्तमान समय में यहूदीवाद व ईसाइयत ईशनिन्दा के मामलों पर जोर नहीं देते हैं। इससे पता चलता है कि आखिरकार कोई ईसाई या यहूदी वर्तमान समय में अपने उन पैगंबरों को सम्मान देने की बात क्यों नहीं करता है जिन्होंने तलवारों या बंदूको की सहायता से अपने धर्म का प्रचार किया था। इससे बिना किसी घातक बदले के किसी को भी उन धर्मों के ऐतिहासिक व आलोचनात्मक परीक्षण की अनुमति मिलती है। लेकिन इस्लाम के संबंध में ऐसे किसी प्रयास का नतीजा मौत का संकट पैदा कर सकता है, लेकिन विडंबना है कि इस दृष्टिकोण के बावजूद इस्लाम को 'शांति का धर्म' बताया जाता है। इस विरोधाभास का निश्चित रूप से जवाब मिलना चाहिए।

8 जून, 1992 को मिस्र के प्रख्यात प्रोफेसर, लेखक व मानवाधिकार कार्यकर्ता फ़राक़ फोदा की हत्या काहिरा में अल-जामा अल-इस्लामिया के सदस्यों ने कर दी। फोगा ने अक्सर मिस्र में लागू शरीया कानून के पैरोकारों को यह बताने के लिए कहा था कि वे काहिरा में आवासों की कमी जैसी आधुनिक समस्या से निपटने के लिए क्या करेंगे। फोदा को अल-अज़हर विश्वविद्यालय द्वारा ईशनिन्दा का दोषी माना गया, हालांकि उसने किसी इस्लामी संगठन को उनकी हत्या के लिए अधिकृत नहीं किया था। फोदा के हत्यारे अबू इल इला अबद्राबू को 2012 में जेल से रिहा कर दिया गया। बाद में एक टेलीविजन साक्षात्कार में उसने कहा था कि इस्लाम छोड़ने वाले व्यक्ति की सजा मौत है, भले ही उसने इस पर दु:ख प्रकट किया हो। भारत में हमेशा मुसलमानों को सहन करने पर जोर दिया गया है। लेकिन इस्लाम के मूलाधारों को देखते हुए ऐसा लगता है कि उनके लिए धर्म ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। यहां तक कि तार्किकता का प्रकाशस्तंभ समझी जाने वाली न्यायपालिका भी एक सीमा तक इस विचार से व्यथित है। जुलाई, 2009 में जस्टिस आर.वी. रवीन्द्रन व मार्कण्डेय काटजू ने इस्लामवादी दबाव के सामने झुकते हुए 30 मार्च, 2009 को दिया सर्वोच्च न्यायालय का आदेश वापस ले लिया था जिसमें मुसलमानों द्वारा दाढ़ी रखने पर जोर देने की तुलना 'भारत के तालिबानीकरण' से की गई थी। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि भारत में शांति बनी रहे।

# अन्नाद्रमुक में कुर्सी की लड़ाई

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



अन्नाद्रविण मुन्नेत्र कझगम-अन्नाद्रमुक के लिए यह एक चुनौती है कि वह अपनी सहयोगी भाजपा से कैसे जुड़े, जो इसे द्रमुक के खिलाफ एक प्रतिपक्ष के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश कर रही है। जहां शिवसेना महाराष्ट्र में विभाजित हो गई है, वहीं तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक दो पूर्व मुख्यमंत्रियों, ई. पलानीस्वामी (ईपीएस) और ओ. पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) के साथ सत्ता संघर्ष में लगी हुई है। ये दोनों कद्दावर नेता आपस में लड़ रहे हैं जिससे पार्टी के कार्यकर्ता भी विभाजित हैं तथा इसके भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। तेजी से विकसित हो रहे राजनीतिक नाटक में, ईपीएस खेमा ओपीएस को पार्टी के कोषाध्यक्ष और विधानसभा में उप नेता के वर्तमान पद से मुक्त करने के प्रयास कर रहा है। पिछले साल विधानसभा चुनाव और लगातार स्थानीय निकाय चुनाव हारने के बाद, ईपीएस खेमे को लगता है कि दो नेताओं के नेतृत्व ने पार्टी के काम में बाधा ही डाली है और वह उससे मुक्त होने का प्रयास कर रहा है।

विडंबना है कि अपनी पार्टी के स्वर्ण जयंती समारोह के बीच अन्नाद्रमुक कार्यकर्ता असमंजस में हैं। पांच साल पहले, जब अन्नाद्रमुक के पूर्व महासचिव वी.के. शशिकला, ईपीएस और ओपीएस ने 2017 में दोहरे नेतृत्व को स्थापित करने के लिए एक समझौता किया तब उम्मीद जगी थी कि पार्टी का भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने मिलकर कोरोनावायरस वैश्विक महामारी का काफी सफलता से मुकाबला करते हुए, चार साल तक पार्टी और सरकार को सफलतापूर्वक चलाया। लेकिन आज पांच दशक बाद अन्नाद्रमुक का भविष्य अंधकारमय है। दो पूर्व मुख्यमंत्रियों-संस्थापक एम.जी. रामचंद्रन और उनकी सहयोगी जे. जयललिता- द्वारा सावधानीपूर्वक बना यह संगठन एक खराब दौर से गुजर रहा है।

नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच कटुता बनी हुई है। पार्टी की कुछ चुनौतियों में शामिल है, लंबे समय से चली आ रही जबर्दस्त गुटबाजी और सहयोगी भारतीय जनता पार्टी के प्रति दृष्टिकोण, जो द्रविड़ पार्टी को द्रमुक के प्रतिपक्ष के रूप में बदलने की कोशिश कर रही है। शक्तिशाली नेता स्व. जे. जयललिता के बाद के युग में अन्नाद्रमुक के कामकाज में एक क्रमिक क्षरण स्पष्ट रूप से नजर आने लगा है। शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में अन्नाद्रमुक का वोट शेयर 25.47 फीसदी है। उसे विधानसभा में 33.29 फीसदी वोट मिले थे। करिश्माई मैटिनी आइडल एमजीआर ने 12 अक्टूबर 1972 को अन्नाद्रमुक की स्थापना की, उसके दो दिन बाद मूल पार्टी द्रमुक ने उन्हें निष्कासित कर दिया। उन्होंने 1977 से 1987 में अपनी मृत्यु तक मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने हमेशा ही केंद्र में सत्तासीन सरकार के साथ अच्छे सबंध बनाए रखने का रास्ता चुना और इस उद्देश्य से इंदिरा गांधी सहित प्रधानमंत्रियों के साथ समझौता किया। द्रमुक के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री सी.एन. अन्नादुरई अन्नाद्रमुक के संस्थापक सिद्धांतकारी नेता बने। एमजीआर की उत्तराधिकारी जयललिता ने अलग-अलग समय में भाजपा और कांग्रेस के साथ गठबंधन किया और छह बार रुकावट के साथ मुख्यमंत्री बनीं। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब अन्नाद्रमुक विभाजन का सामना कर रही है।

1987 में एमजीआर की मृत्यु के बाद, एमजीआर की पत्नी जानकी रामचंद्रन के नेतृत्व वाले एक गुट और जयललिता के दूसरे गुट के बीच सत्ता संघर्ष हुआ। हालांकि जानकी रामचंद्रन एमजीआर के बाद थोड़े समय के लिए मुख्यमंत्री बनीं, मगर दोनों धड़े 1989 के चुनावों में द्रमुक से बुरी तरह हार गए। फिर जानकी राजनीति से हट गईं और जयललिता अन्नाद्रमुक की अकेली नेता बन गईं। ओपीएस और ईपीएस अपनी लड़ाई को सामान्य परिषद में ले गए हैं, जिसके पास स्थायी नहीं, बल्कि अंतरिम महासचिव चुनने का अधिकार है। जयललिता की मृत्यु के बाद शशिकला ने इस तरह पद संभाला था।

लेकिन ईपीएस और ओपीएस ने शशिकला को उस पद से हटा दिया और समन्वयक और सह-समन्वयक जैसे नए पद सृजित किए, वे भी अस्थायी हैं। मौजूदा परिस्थिति में, ओपीएस ने सामान्य परिषद की बैठक में चर्चा बिंदुओं को प्रतिबंधित करने के लिए तमिलनाडु उच्च न्यायालय में आधी रात को सुनवाई कराई। इस प्रकार उन्होंने पार्टी को 23 जून की आम परिषद की बैठक में ईपीएस को एकमात्र नेता के रूप में सामने लाने से रोक दिया। हालांकि, चर्चा उस समय बिगड़ गयी, जब दोनों खेमों के बीच झड़प हो गई। पिछले कुछ दिनों में पचहत्तर जिला सचिव, मुख्यालय के पदाधिकारी और सामान्य परिषद के सदस्य ईपीएस खेमे में चले गए हैं।

ओपीएस को सिर्फ नौ जिला सचिवों और मनोज पांडियन व आर. वैथिलिंगम जैसे नेताओं का समर्थन प्राप्त है। ओपीएस ने निहित स्वार्थों को दोषी ठहराया और कहा कि आम परिषद और सोमवार को एआईएडीएमके के शीर्ष पदाधिकारियों की बैठक अवैध थी। इसी तरह, 11 जुलाई को प्रस्तावित सामान्य परिषद भी कानूनी नहीं है। इसमें संशय है कि ऐसा होगा या ओपीएस इसे रोकने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाएगा।

जया के बाद भारतीय जनता पार्टी-भाजपा का एआईएडीएमके पर केंद्र से एक प्रकार का रिमोट कंट्रोल स्थापित है। एनईईटी, नई शिक्षा नीति, त्रिभाषा नीति (पहले मंजूरी देना और फिर विरोध के बाद इसे वापस लेना), सीएए, किसान कानून, महामारी से निपटने आदि मुद्दों पर बदलाव साफ तौर पर स्पष्ट था। भाजपा अपनी विचारधारा के कारण इस प्रदेश में बहुत गहराई तक प्रवेश करने में सक्षम नहीं है। तमिलनाडु में द्रविड़-तमिल भावना प्रबल है। तो कांग्रेस की तरह ही, बीजेपी भी अन्नाद्रमुक पर सवार हो रही है। अतीत में भी द्रविड़ दलों ने दो राष्ट्रीय दलों के साथ अलग-अलग समय पर अपनी सुविधा के अनुसार गंठजोड़ किया है। ओपीएस ने भाजपा को अपने साथ जोड़ने की कोशिश की, जिसने पहले उनका समर्थन किया था, लेकिन प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले हफ्ते उनसे मिलने से इंकार कर दिया। निराश ओपीएस दिल्ली से वापस आ गये और अपने अस्तित्व के लिए अन्य उपायों को आजमा रहे हैं।

किसी भी राजनीतिक दल में, कार्यकर्ता तय करते हैं कि अंतत: पार्टी का नेतृत्व किसको करना है, और इस मामले में, पनीरसेल्वम निश्चित रूप से उनकी पहली पसंद नहीं रहे है। ऐसे में अब यह लगने लगा है कि यह समय आ गया है जिसमें उन्होंने इस तथ्य को स्वीकार किया और बड़ी संख्या में अन्नाद्रमुक कार्यकर्ताओं को अपने नेता के रूप में स्वीकार करने की दिशा में काम किया, क्योंकि अदालतें उन्हें पुन: उनके कार्यकर्ताओं के पास वापस नहीं ला सकतीं।

## आप की बात

### ओडिशा की सफलता

**राष्ट्रीय** खाद्य सुरक्षा कानून के क्रियान्वयन को लेकर जारी राज्यों की रैंकिंग में ओडिशा का शीर्ष स्थान पर आना उन राज्यों के लिए सबक बनना चाहिए, जो अपेक्षाकृत समर्थ और संपन्न माने जाते हैं। ओडिशा ने पहला स्थान हासिल कर यह प्रदर्शित किया है कि वह निर्धन वर्गों के कल्याण के लिए कहीं अधिक प्रतिबद्ध है। इस रैंकिंग में दूसरा स्थान अर्जित कर उत्तर प्रदेश ने पुन: सिद्ध किया है कि सबसे अधिक आबादी वाला राज्य होने के बाद भी वह जन-कल्याणकारी योजनाओं को सही तरह से लागू करने में कहीं अधिक सक्षम है। उत्तर प्रदेश के बाद तीसरा स्थान आंध्र प्रदेश ने हासिल किया है, लेकिन उसका पड़ोसी और उससे ही अलग होकर बना तेलंगाना 12वें स्थान पर है। पंजाब का 16वें स्थान पर आना भी चकित करता है। इस पर भी हैरानी होती है कि पंजाब से भी पीछे हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ और गोवा दिख रहे हैं। आखिर हरियाणा, दिल्ली, गोवा जैसे छोटे व संपन्न राज्य बेहतर क्यों नहीं कर सके? खाद्य सुरक्षा कानून के क्रियान्वयन में जैसी प्रतिबद्धता ओडिशा, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश ने दिखाई वैसी अन्य राज्य क्यों नहीं दिखा सके ?

-**सदन जी**, पटना

### कश्मीर का माहौल

**कश्मीर** घाटी में सेना का आल आऊट प्रोग्राम काफी समय से चल रहा है इसके अंतर्गत कई सौ आतंकवादियों का अब तक सफाया किया जा चुका है। आम जनता भी यहां काफी खुश है। सेना के मानवतावादी, इंसाफपसंद चेहरे की भी काफी तारीफकी जा रही है। सेना जब भी आतंकवादियों के एनकाउंटर के लिए जाती है तब वह कोशिश यही करती है कि आतंकवादी जिंदा पकड़े जा सके। अभी हाल ही में कुलगाम क्षेत्र में कुछ आतंकियों के घिर जाने पर सेना ने उन आतंकियों के मां-बाप को बुलाकर फिर उनसे आतंकियों के सरेंडर करने की अपील करवाई। माता-पिता की अपील का काफी असर हुआ एवं उन आतंकियों ने अपने माता-पिता की मार्मिक अपील के कारण सेना के सामने आकर सरेंडर कर दिया। जब से धारा 370 हटी है कश्मीर घाटी की स्थिति काफी कुछ बदलाव आया है। आज जनता खुद भी इन आतंकवादियों से मुक्ति पाना चाहती हैं। अब आज घाटी के नवयुवक पत्थरबाजी को छोड़ पढ़ाई लिखाई की ओर अधिक ध्यान दे रहे हैं। विश्वास है कि विधानसभा चुनाव के बाद वहां आने वाली नई सरकार भी इस आतंकवाद को खत्म करने के प्रयास अवश्य करेगी।

-**एम एम राजावत**, शाजापुर

### भाजपा का प्रयास

**भाजपा** मोदी के आठ साल पूरे होने का जश्न् मनाने के साथ मिशन तेलंगाना पर भी काम कर रही है। उसकी नज़रें विशेष रूप से तेलंगाना पर हैं क्योंकि वहाँ विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। कभी टीआरएस भाजपा के साथ थी मगर अब उनके मनसूबे कुछ और है। भाजपा ने तेलंगाना में पूरी ताकत झोंकी हुई है। भाजपा दक्षिण भारतीय राज्यों में अपना परचम लहराने की कोशिश कर रही है। अगले वर्ष कर्नाटक में भी चुनाव हैं उसके बाद 2026 में तमिलनाडु व केरल में। भाजपा के नेता जानते हैं कि जो नीति उत्तर में उनके लिए लाभदायक सिद्ध होती है, वह नीति तमिलनाडु व केरल मे बिलकुल काम नहीं आती है। दोनों राज्यों मे विचारधारा की चुनौतियां हैं। भाजपा आक्रामक हैं और उसने विपक्षी आलोचना की जू भी अपने कान पर रेंगने नहीं दी, वह अपनी पार्टी को मजबूत करने की ओर अग्रसर है। उसने कार्यकर्ताओं में विश्वास भी पैदा किया है। देखना होगा कि आने वाले समय में दक्षिण भारत में भाजपा कितनी सफल होती है।

-**विभुति बुपक्या**, खाचरोद


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**पिछले** सौ साल में साम्यवाद व पूंजीवाद को विभिन्न देशों ने माडल माना है। लेकिन सफल होने का रास्ता सहकारिता माडल है।

– **अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री



**मेरा** विश्वास है कि कोविड मास्क वसंत व जाड़े में बड़ी भूमिका अदा करेंगे।

– **ओलाफ़ शुल्ज़**
जर्मन चांसलर



**गुजरात** को चौबीसों घंटे व सातों दिन सस्ती बिजली मिल सकती है।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

# संचारी रोग अभियान को लेकर हों एकजुट प्रयासः मण्डलायुक्त

● जन-जागरूकता के लिए 16 से 31 जुलाई के मध्य दस्तक में जुटें

संवाददाता। अयोध्या

**मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा** ने मण्डल के समस्त जिलाधिकारियों से वृहद स्तर पर चलाये जा रहे संचारी रोग अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने की अपेक्षा की है। उन्होंने मण्डल एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों से दिमागी बुखार, कोविड.19 एवं अन्य संक्रामक रोगों के सम्बंध में व्यापक जन.जागरूकता हेतु 16 जुलाई से 31 जुलाई 2022 के मध्य दस्तक अभियान को बेहतर ढंग से चलाने की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर–घर



जाकर इन बीमारियों के बचाव तथा उपचार के सम्बंध में विभिन्न जानकारी देंगे। समस्त जनपदों में संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम की समस्त अर्न्तविभागीय गतिविधियां यथावत जारी रहें, जिनके साथ साथ आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा गृह भ्रमण कर विशेष सावधानियां बरतते हुये कोविड.19, दिमागी बुखार से बचाव तथा इसके उपचार के विषय में स्वास्थ्य शिक्षा तथा आवश्यक जानकारी देते हुये जन.जागरूकता का कार्य भी किया जाय। दस्तक अभियान के तहत टीवी के लक्षण वाले मरीजों को खोजकर उनकी जांच करायी जाय। उन्होंने बताया कि इस अभियान को कारगर सरकारी प्रयास बनाने के साथ.साथ जन सहभागिता के बलबूते आगे बढ़ाया जाय। उन्होंने बताया कि डेंगू मलेरियाए चिकनगुनिया और अन्य वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नियमित स्वच्छता एवं फागिंग अभियान को सुनिश्चित किया जाय। बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुये मलिन बस्तियों में साफ–सफाई, नियमित फागिंग, सॉलिड वेस्ट प्रबंधन, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने और क्लोरीन की गोलियां वितरित करायी जाय।

## विशेष अभियानों को लेकर किया गया मंथन

**प्रयागराज।** अभियान वर्तमान में ऑनलाइन और ऑफ्लाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। होजरी ब्रांडों में से एक डॉलर इंडस्ट्रीज ने अभिनेत्री यामी गौतम को लेगवियर तथा बेसिक इनर वियर की पेशकश करने वाले प्रीमियम और फैशनेबल फीमेल वियर ब्रांड डॉलर मिस्सी के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में हस्ताक्षरित किया है। विनोद कुमार गुप्ता प्रबंध निदेशक डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कहा वर्ष दो हजार चौदह में डॉलर मिस्सी को पेश किया। हम एक ऐसे चेहरे की तलाश में थे जो ब्रांड की छवि की सही भावना को पेश कर सके। बॉलीवुड दिवा यामी गौतम से मिलने के बाद हमें पता था कि वह ब्रांड के लिए सबसे उपयुक्त होंगी। महिलाओं के परिधानों की एक गहरी रेंज के साथ लैस होकर हमने महसूस किया कि यह सही वक्त है। नये विज्ञापन को बढ़ावा देने के लिए डॉलर का प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक आउटडोर और ऑनलाइन मीडिया में होगा।

# कमिश्नर ने चाका के उच्च प्राथमिक विद्यालय बगबना को लिया गोद

● विद्यालय परिसर में आयोजित पौधारोपण और सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लिया हिस्सा ● विद्यालय में किसी भी तरह की मूलभूत सुविधाओं में कमियां ना होने पाएं इसे सुनिश्चित करने के दिए गए निर्देश



बच्चों को सम्मानित करते कमिश्नर संजय गोयल।

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में मंडलायुक्त संजय कुमार गोयल ने प्रयागराज विकास खंड चाका स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय बगबना को गोद लिया है। इसी क्रम में आज विद्यालय परिसर में आयोजित पौधारोपण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कमिश्नर ने पौधारोपण किया। पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने हेतु सभी छात्रों एवं उपस्थित व्यक्तियों से अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करने एवं इन पौधों को संरक्षित करने की अपील की।

पौधारोपण कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय के छात्रों द्वारा कुछ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी की गई। मंडलायुक्त ने विद्यालय के कुछ पुरा छात्रों एवं पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करते हुए समाज के सर्वांगीण विकास में शिक्षा एवं प्राथमिक विद्यालयों के महत्व के बारे में भी बताया। साथ ही उनके द्वारा गोद लिए गए इस विद्यालय में किसी भी तरह की मूलभूत सुविधाओं में कमियां ना होने पाएं यह सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान को दिए।

मंडलायुक्त ने बगबना गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाते हुए एक मॉडल गांव के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के पश्चात बच्चों द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का भी अवलोकन उनके द्वारा किया गया।

मंडलायुक्त ने ग्राम बगबना के पंचायत भवन का भी औचक निरीक्षण कर ग्राम संबंधित समस्याओं के बारे में जानकारी ली। यह अवगत कराए जाने पर की ग्राम में पानी की समस्या है उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को संबंधित जेई को तलब करते हुए समस्या का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। पंचायत भवन की पूरी टीम में महिलाओं की संख्या अधिक पाए जाने पर उन्होंने सभी को प्रोत्साहित किया तथा गांव के लिए कुछ नया करते हुए नारी शक्ति को प्रतिबिंबित करने को कहा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरी एडिशनल डायरेक्टर बेसिक शिक्षा तनुजा त्रिपाठी तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर पंपिंग कैपेसिटी बढ़ाने के निर्देश

● जलभराव की समस्या के दृष्टिगत कमिश्नर ने संबंधित विभागों के साथ की संयुक्त बैठक

● निरंजन पुल के नीचे एवं बैरहना के आसपास वाले इलाकों पर एडिशनल पंप्स की व्यवस्था पहले से कराने के निर्देश




बैठक करते कमिश्नर संजय कुमार गोयल।

**प्रयागराज।** बारिश का मौसम आने के साथ ही अब जलभराव जैसी समस्या उत्पन्न होना शुरू होगी। इससे निबटने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी भी शुरू कर दी है। वर्षा से होने वाले जलभराव की समस्या के दृष्टिगत कमिश्नर संजय गोयल ने कार्यालय स्थित गांधी सभागार में बुधवार को संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक की। जिसमें इस वर्ष जनपद में जलभराव से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के निदान हेतु क्या उपाय किए गए हैं। कमिश्नर ने उनकी बिंदुवार समीक्षा की।

नगर निगम के अधिकारियों द्वारा बताए जाने पर कि संभावित जलभराव के दृष्टिगत सभी नालों की सफाई कराई जा चुकी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अधिक जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर वहां वर्षा ऋतु के दौरान औसतन कितना पानी इकट्ठा होता है एवं उसके अनुपात में उसे पंप आउट करने की नगर निगम की क्या क्षमता इसका आंकलन करने के निर्देश दिए हैं ताकि आवश्यकता पड़ने पर पंपिंग की कैपेसिटी बढ़ाकर उन स्थानों पर जलभराव को होने से रोका जा सके।मंडलायुक्त ने जिन चौराहों के आसपास रोटरी जलभराव की समस्या है। वहां पर जिस विभाग द्वारा भी रोड बनाई गई है। उसे एक सप्ताह के भीतर स्पाउट्स साफ कराने के निर्देश दिए हैं। कई चौराहों पर टेबल टॉप की वजह से भी पानी की निकासी में समस्या आने की बात पाई गई है। जिसके दृष्टिगत उन्होंने टेबल टॉप्स के बगल से पानी की निकासी का मार्ग बनाने के भी निर्देश दिए हैं। निरंजन पुल के नीचे एवं बहराना के आसपास वाले इलाकों में जहां पर जलभराव की समस्या हर वर्ष सबसे ज्यादा रहती है। वहां पर एडिशनल पंप्स की व्यवस्था पहले से ही कराने के निर्देश दिए हैं। जिससे बारिश के बाद वहां पर जलभराव की समस्या ना होने पाए। मंडलायुक्त ने विद्युत विभाग एवं गंगा प्रदूषण को भी वर्षा के दृष्टिगत जो भी कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हो पाए हैं उनको शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उपाध्यक्ष प्रयागराज विकास प्राधिकरण अरविंद चौहान नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग समेत सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने लिया परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा



**अम्बेडकरनगर।** बीएड प्रवेश परीक्षा को शकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा सेंटरों पर जाकर व्यवस्था का जायजा लिया। जहा सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई। संयुक्त प्रवेश परीक्षा को सकुशल संपादित किए जाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत निर्देश पुस्तिका में दिए गए निर्देश का अनुपालन कराया गया। जिला अधिकारी ने केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे एवं कंट्रोल रूम का भी जायजा लिया। सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं चुस्त–दुरुस्त पाई गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा केंद्रों के कक्षों तथा टी एन पी जी कॉलेज के कलेक्शन कक्ष का भी जायजा लिया गया। जंहा पर सभी व्यवस्थाएं ठीक पाई गयी।

## प्रथम में 792, द्वितीय पाली में 800 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थिति

**अम्बेडकरनगर।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड के प्रथम पाली में 16408 छात्र उपस्थित पाए गए तथा 792 छात्र अनुपस्थित पाए गए। द्वितीय पाली में 16400 छात्र उपस्थित पाए गए तथा 800 छात्र अनुपस्थित पाए गए।

## क्विक न्यूज

### विश्वविद्यालयों में जीएमसीईटी के तहत होगी प्रवेश परीक्षा

**प्रयागराज।** मीडिया के छात्रों के लिए पहला कॉमन एंट्रेंस टेस्ट सभी कॉलेजों का फॉर्म भरने से राहत मिलेगी। आगामी जीएमसीईटी परीक्षा जो कि मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के उम्मीदवारों के लिए दक्षिण एशिया का पहला क्षेत्रीय स्तर कॉमन एंट्रेंस टेस्ट है। इस टेस्ट में बैठने वाले उम्मीदवारों के लिए तीस प्लस विश्व स्तरीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के रास्ते खुल जाते हैं। इसी के साथ उम्मीदवार अपना परिणाम दिखाकर ग्रैजुएशन लेवल के उच्चतम जनसंचार और मीडिया से संबंधित कोर्सों में प्रवेश ले सकते हैं। जीएमसीईटी अंडरग्रेजुएट मीडिया उम्मीदवारों के लिए आवेदन जारी है। जो कि दस जुलाई दो हजार बाइस को होगा। जीएमसीईटी छात्रों को अधिकतम अवसर देने के लिए चरणों में आयोजित किया जाएगा। जिसमें अगली परीक्षा 24 जुलाई 7 अगस्त 21 अगस्त 4 सितंबर 18 सितंबर आदि की तारीखों के लिए निर्धारित की गई है। पाठ्यक्रमों में बीए जेएमसी और बीजेएमसी बीएमएस बैचलर ऑफ मीडिया स्टडीज बीएमसी बैचलर ऑफ मास कम्युनिकेशन बीएमएम बैचलर ऑफ मास मीडिया बीए मीडिया एंड कम्युनिकेशन बीएससी एनिमेशन एंड ग्राफिक्स और बीएससी मीडिया टेक्नोलॉजी डिग्री प्रोग्राम शामिल हैं। प्रो उज्वल के चौधरी सचिव जीएमईसी और जीएमसीईटी ने कहा हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि जीएमसीईटी पूरे भारत में तीस से अधिक विश्वविद्यालयों के लिए एकल प्रवेश परीक्षा है।

### कृषि विज्ञान केन्द में वृहद वृक्षारोपण किया

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र पाती अंबेडकर नगर द्वारा वन महोत्सव एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम बृहद रूप से केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉक्टर रामवीर के तत्वाधान में किया गया डॉ राम जीतने कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता को बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है इसके लिए कार्यक्रम में



भाग लिए हुए किसानों को फलदार छायादार यूं सजावटी पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही साथ पौधा वितरण किया गया इस मौके पर केंद्र के अन्य वैज्ञानिक डॉ विवरण सचान डॉक्टर विद्यासागर डॉ प्रदीप कुमार डॉक्टर रामगोपाल डॉ प्रवीण कुमार मौर्य एवं जनपद की प्रगतिशील किसान कृष कुमार सिंह राजेंद्र शर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### आधा दर्जन लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली टाण्डा पुलिस ने पति समझ आधा दर्जन से अधिक लोगो के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा कायम किया है। कोतवाली टाण्डा क्षेत्र के बलया जगदीशपुर गाव की लहने वाली वादनी सितारा खातून ने आरोप लगाते हुये बताया है कि उसकी शादी मुस्लिम रीति रिवाज से 2 नवम्बर सन 2020 को तबरेज अहमद पुत्र अली उर्फनन्हे निवासी सबरहद थाना शाहगंज जिला जौनपुर के साथ हुई थी। शादी मे उपहार मे 85 हजार रूपये नगद सीकड, अगूठी और घरेलू सामान दिया गया था। शादी के बाद से ही ससुराल वाले कम दहेज लाने का ताना देने लगे और दो लाख रूपये की और माग करने लगे जिसे लेकर गाली गलौज, मारपीट, धमकी देने लगे। महिला थाना और जनपद न्यायालय मे सुलह समझोता केन्द्र पर सुलह के बाद भी नही ले गये। इसी बीच पति तबरेज कटर चले गये, और 23 मई 2022 को लौटे पुनः 24 मई 2022, को पंचायत हुई और बादनी अपने ससुराल पहुची जहा पर विपक्षीगणो ने उसका जेवर, कपड़ा आदि सामान छीन कर मारपीट कर घर से निकाल दिया। वादनी ने अपने पति तबरेज, ससुर अली उर्फनन्हे, सास हदीसुल निशा, ननद मरियम व शमा, जेठ मुन्ना, बुआ मुन्नी बानो, फूफा अबुसाद के विरूद्ध धारा 498ए, 323, 504, 506, 406आईपीसी व 3/4दहेज प्रतिनिषेध अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कराया है।

### भाजपा नेता ने वृक्षारोपण कर जनमानस को प्रेरित किया

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** भाजपा नेतृत्व द्वारा चलाये जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत भाजपा के वरिष्ठ नेता डा. गयादीन सिंह ने अभियान चला कर क्षेत्र के क ई गावो मे वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न कराया। वृक्षारोपण कार्यक्रम क्षेत्र के ग्राम गौरागूजर, आसोपुर, धौरहरा और ओदरा मे आम केवृक्ष लगाकर पार्टी के उद्देश्यो की पूर्ति किया। भाजपा नेता डा. गयादीन सिंह भारती ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। ऐक वृक्ष दस पुत्र के समान सार्थक है। उन्होने जन मानस को वृक्षारोपण हेतु प्रेरित कर उन्हे संकल्प दिलाया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी बूथों पर लगाए पौधे



**अम्बेडकरनगर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक शिखर पुरुष डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से लेकर जन्म दिन तक चलने वाला बृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम पूरे जनपद में प्रत्येक बूथ पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया। वृक्षारोपण अभियान के क्षेत्रीय सह संयोजक श्याम किशोर अवस्थी ने अकबरपुर नगर के अमरौला शक्ति केंद्र की बूथ संख्या 234 में अभियान के जिला संयोजक बाबा राम शब्द यादव और भाजपा नेता मनोज गुप्ता गुड्डू के साथ वृक्षारोपण कर अभियान का समापन किया।

6 जुलाई को डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में विधान परिषद सदस्य डाक्टर हरि ओम पाण्डेय के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने डाक्टर मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण के बाद कार्यक्रताओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा का अभ्युदय डाक्टर साहब के नेतृत्व में बनी भारतीय जन संघ से हुआ था। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में डाक्टर साहब विश्व विद्यालय के कुलपति सबसे कम आयु में बनाए गए थे।उनके बलिदान दिवस से लेकर जन्म दिवस तक भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर तक बृहद वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जन संघ की स्थापना डाक्टर साहब की देश के प्रति अगाध प्रेम और समर्पण के कारण ही सम्भव हो सका था। डाक्टर साहब के नेतृत्व में गठित भारतीय जन संघ की स्थापना के बाद बनी भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन चुकी है। डाक्टर साहब की देश के प्रति समर्पण और निष्ठा एवं गरीब जनता के उत्थान के लिए किए जाने वाले कार्यों को आगे बढ़ाने और उनके बताए मार्ग पर चलते हुए गांव गरीब और जरूरतमंद की सेवा करना ही डाक्टर साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

विधान परिषद सदस्य डाक्टर हरि ओम पाण्डेय ने डाक्टर मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन के बाद कहा कि आजाद भारत की एकता अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए जीवन के अंतिम छड़ों तक डाक्टर साहब प्रयासरत रहे। उन्होंने कहा कि उनके रीतियों और नीतियों को आगे बढ़ाना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भाजपा जिला महामत्री/वृक्षारोपण कार्यक्रम के जिला संयोजक बाबा राम शब्द यादव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि भारतीय जन संघ के संस्थापक डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस 23 जून से लेकर उनके जन्म दिवस 6 जुलाई तक बूथ स्तर पर चले बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में जनपद के सभी 23 मंडलों में कुल 20958 पेड़ लगाए गए। भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जन्म दिन पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करने वालों में प्रमुख रूप से आजम गढ़ भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष जय नाथ सिंह, जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, भाजपा जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव, चेयर मैन प्रतिनिधि मनोज गुप्ता गुड्डू,आदित्य शुक्ल, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला मंत्री शिव पूजन राजभर, विनय पाण्डेय, सहकारी भूमि विकास बैंक अध्यक्ष राम बक्श सिंह, भाजपा नेता अरविंद पांडेय, जिला आईटी संयोजक मनीष मिश्र, भाजपा नेता अमित तिवारी, हरीश शुक्ल, राम किशोर वर्मा, नन्द कुमार तिवारी राना, हितेंद्र सिंह, रमेश यादव, अरविंद सिंह डिंपू, राम केवल वर्मा, प्रकाश त्रिपाठी, अभिमन्यु अग्रहरि, रमेश कुमार मौर्य, अभिषेक सिंह यादव आदि शामिल रहे।

# आपदा प्रभावित क्षेत्र में बचाव-राहत कार्यों का मॉकड्रिल कलः डीएम

**अयोध्या।** डीएम नितीश कुमार ने बताया कि आपदा प्रभावित क्षेत्र में बचाव.राहत कार्यो का मॉकड्रिल/प्रदर्शन 7 जुलाई 2022 को प्रात: 9 बजे पूरे मंहगू मजरे सण्डरी रूदौली में आयोजित किया गया है। सम्बंधित थाना व तहसील टीम तहसील रूदौली व सम्बंधित प्रभारी निरीक्षक पर्याप्त राजस्व व पुलिस कर्मियों सहित नाव, लाउड स्पीकर, लाइफ जैकेट, लाइफ व्याय, रिम, स्ट्रैचर, सेफ्टी हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर युक्त तथा गोताखोर व नावित सहित पूरी टीम अभ्यास स्थल पर उपस्थित रहेंगे। मॉकड्रिल/प्रदर्शन के दौरान स्वास्थ्य विभाग अभ्यास स्थल पर एम्बुलेंस उपलब्ध कराते हुये आकस्मिक उपचार के लिए सचल चिकित्सा टीम की व्यवस्था कर अस्थायी राहत शिविर में तत्काल उपचार शुरू करनेए जिलापूर्ति अधिकारी अभ्यास स्थल पर खान पान की व्यवस्था हेतु एक पूर्ति निरीक्षक, आपूर्ति स्टाफसहित इन्सिडेण्ट कमाण्डर



के निर्देशन में कार्य करनेए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अभ्यास स्थल पर पशु चिकित्साधिकारी व स्टॉफके साथ पशुओं के उपचार, टीकाकरण वैक्सीनेशन आदि कार्य के लिए घटना स्थल पर उपस्थित रहने व इन्सिडेण्ट कमाण्डर के निर्देशन में कार्य करने के निर्देश दिये गये है। जिला पंचायत राज अधिकारी साफ सफाई व्यवस्था हेतु घटना स्थल पर 12–12 सफाई कर्मी व 1–1 सफाई नायक पूरी यूनिफार्म में उपस्थित रहने व प्रभावित स्थलों पर फागिंग व ब्लीचिंग का छिड़काव करने, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद रूदौली अभ्यास स्थल पर बचाव एवं राहत हेतु अस्थायी स्थल पर 2 टैंकर पानी उपलब्ध कराने, पुलिस विभाग के प्रत्येक घटना स्थल पर स्टैगिंग एरिया स्थल पर 5.5 पुलिस आरक्षियों के साथ सम्बंधित प्रभारी निरीक्षक उपस्थित रहेंगे। कण्ट्रोल रूम मिनट टू मिनट घटना स्थल के रिस्पाण्ड टाइम गतिविधि व कुशलता नोट करते हुये इन्सिडेण्ट कमाण्डर को अवगत कराने का कार्य डीसीआर पुलिस कण्ट्रोल रूम पुलिस लाइन द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। सभी टीम कमाण्डर व तैनात अधिकारीगण, डिप्टी कमाण्डर/अपर जिलाधिकारी से सूचना आदान प्रदान करते हुये आदेश प्राप्त करते रहेंगे। यदि उक्त मॉक ड्रिल में कोई अधिकारी/ कर्मचारी अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके विरूद्ध बाढ़ मैनुअल 2008 के सुसंगत प्राविधानों के अधीन कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी, जिसके लिए सम्बंधित अधिकारी/ कर्मचारी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

## नई डीलरशिप खुली

**लखनऊ।** टाटा स्टील के पोर्टफोलियो में शामिल हुए नए दिग्गज ब्रांड. टाटा प्रवेश ने आज यहां नारायण ट्रेडर्ज़, बप्पा कॉम्प्लेक्स अहमामऊअर्जुन गंज बेस्ट प्राइस के सामने अपनी नयी डीलरशिप लॉन्च की, जहां स्टील के दरवाजों से लेकर खिड़कियों तक की शानदार और मजबूत रेंज मिलेगी। इस मौके पर सर्वेश मिश्रा डीलर,टाटा प्रवेश ने कहा-टाटा प्रवेश के प्रत्येक उत्पाद में स्टील की ताकत और लकड़ी की सुंदरता है। इसके अत्याधुनिक उत्पाद टिकाऊ होते हैं और घर में पक्की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। स्टील की ताकत और लकड़ी की सुंदरता के मेल वालेए टाटा प्रवेश दरवाजे और खिड़कियां कीमतए गुणवत्ताए टिकाऊपन और सुरक्षा के मामले में उपयोगकर्ताओं को पूर्ण मानसिक शांति प्रदान करते हैं। लकड़ी के दरवाजों के मामले में सबसे बड़ा खतरा दीमक का होता है। इसी तरह के अन्य खतरों के लिए भी सर्वोच्च प्रतिरोध सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक से हाई ग्रेड स्टील वाले दरवाजे बनाए जाते हैं। पूर्णता के हिसाब से तैयारए टाटा का हर उत्पाद गुणवत्ता और फिनिश में एक समान है। इसकी बनावट असली लकड़ी जैसी दिखती है। दरवाजों और खिड़कियों के लिए यहां एक ही स्थान पर सारे समाधान मिल जाते हैं।

## गोवंश आश्रय स्थलों पर उदासीनता बर्दाश्त नहींः डीएम

**प्रयागराज।** डीएम संजय कुमार खत्री ने बुधवार को विकास खण्ड कौड़िहार के ग्राम पंचायत उड़गी एवं ग्राम पंचायत घाटमपुर के गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। उड़गी गोवंश आश्रय पहुंचकर वहां पर गोवंशों की जिओ टैगिंग बीमार पशुओं तथा वर्मी कम्पोस्टर की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि जो भी गोवंश आश्रय स्थल में है या आ रहे हैं उनका नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाये। उनकी जिओ टैगिंग किया जाये। गो पालक गोवंश आश्रय स्थल पर अवश्य रहे। उन्होंने वहां पर बाउंड्रीवाल बनाये जाने के लिए कहा। भूसा के लिए स्टोर रूम बनाने का कार्य बन्द होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सचिव एवं प्रधान को कार्य को तत्काल पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने वहां पर चारे की गुणवत्ता को भी परखा तथा वहां पर अशोक के पौधे का रोपण भी किया। जिलाधिकारी ग्राम पंचायत घाटमपुर के गो आश्रय केन्द्र पहुंचे। वहां पर भी गोवंशों को चिन्हित कर अलग अलग रखने तथा पर्याप्त मात्रा में भूसा चोकर तथा हरा चारा देने के निर्देश दिए।

# अवध विवि के 149 केन्द्रों पर बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा सकुशल सम्पन्न

● बीएड प्रवेश परीक्षा में 63 हजार 146 के सापेक्ष 3384 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे ● बीएड प्रवेश परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए फेस रिकॉग्निशन तकनीक का किया गया इस्तेमाल

● अयोध्या के 36 केन्द्रों पर पर्यवेक्षक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के सात जिलों के 149 परीक्षा केन्द्रों पर बुधवार को उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा में 63 हजार 146 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 3384 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं अयोध्या जनपद के 36 केन्द्रों पर 16 हजार 787 परीक्षार्थियों में से प्रथम पाली में 942 व द्वितीय पाली में 940 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बीएड प्रवेश परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन एवं अवध अवध विवि प्रशासन ने सुबह से ही परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। इसके लिए विवि के कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह के निर्देश पर मुख्य नियंता व विवि सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह ने प्रथम पाली एवं द्वितीय की परीक्षा का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने विवि परिसर के प्रचेता, दीक्षा, परीक्षा भवन के साथ आईईटी एवं प्रबंधन भवन के साथ अन्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण करते हुए परीक्षा व्यवस्था संबंधित आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किया। बीएड परीक्षा की दूसरी पाली में विवि के कुलसचिव व नोडल अधिकारी उमानाथ, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विवि, बरेली के प्रतिनिधि डॉ. पवन कुमार सिंहए विवि नोडल समन्वयक प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल व जिला समन्वयक प्रो. गंगा राम मिश्र ने शहर के कई केन्दों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें विवि परीक्षा भवन, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, मेथाडिस्ट गर्ल्स इण्टर कालेज व एमएलएमएल इण्टर कालेज शामिल रहे। निरीक्षण के समय कुलसचिव व आयोजक प्रतिनिधि ने केन्द्राध्यक्षों से परीक्षा व्यवस्था की जानकारी के साथ सीसीटीवी के संचालन को देखा।

बीएड प्रवेश परीक्षा को शुचिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विवि, बरेली ने प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों का नोडल केन्द्र बनाया है। जिसमें डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के सात जिलों में 149 केन्द्र बनाये गये। इसमें 63 हजार 146 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 3384 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं अयोध्या जनपद के 35 केन्द्रों पर 16 हजार 787 परीक्षार्थियों में से 942 व 940 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

विवि प्रशासन ने परीक्षा को सकुशल संपादित कराने के लिए प्रत्येक केन्द्र पर दो पर्यवेक्षक, एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट, दो केन्द्रों के बीच एक केन्द्र प्रतिनिधि तैनात किए। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक केन्द्र पर पुलिस बल मुस्तैद रहे। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा दोनों पालियों में सकुशल सम्पन्न हुई। परीक्षा की पारदर्शिता को बनाये रखने के लिए प्रत्येक केन्द्र पर पर्यवेक्षक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ केन्द्र प्रतिनिधि नियुक्त तैनात रहे। इसके अतिरिक्त परीक्षा की पारदर्शिता एवं शुचिता बनाये रखने के लिए फेस रिकॉग्निशन तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इसके प्रयोग से परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने वालो पर रोक लगी है।

10 जुलाई को बकरीद व 14 से शुरू होगा सावन

# डीएम-एसपी ने धर्मगुरुओं से की अपील

- बकरीद व सावन को लेकर शान्ति व्यवस्था बनाएं रखने की हुई अपील
- डीएम-एसपी ने जनपद के धर्मगुरूओं के साथ की पीस कमेटी की बैठक





संवाददाता। सीतापुर

**10 जुलाई को** होने वाली बकरीद व 14 जुलाई से शुरू हो रहे सावन माह को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट है, सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर बैठको का दौर शुरू हो गया है। सावन माह में ही कावड़ यात्रा निकलती है, जबकि बकरीद पर्व पर कुर्बानी दिए जाने की परम्परा है। एक साथ पड़ रहे कई त्योहारों के दृष्टिगत शांति व्यवस्था एवं भाईचारा मेल मिलाप को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह, एसपी घुले सुशील चन्द्रभान ने सीतापुर के धर्मगुरूओं के साथ पीस कमेटी की बैठक की। जिसमें आगामी कार्यक्रम को शान्तिपूर्ण निपटाए जाने की अपील की व आपस में कोई समस्या न आए इस पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने धर्मगुरूओं से अपील करते हुए कहा कि किसी भी वर्ग समाज की तरफ से कोई ऐसा कार्य नहीं किया जाना चाहिए जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हो। सभी लोग त्योहारों को आपस में मिलजुल कर मनाए। त्योहार किसी भी समाज के हो भाईचारे का संदेश देते है। पीस कमेटी में धर्मगुरूओ से अपील करते हुए जिलाधिकारी अनुज सिंह और एसपी घुले सुशील चन्द्रभान ने अपील की शान्तिपूर्ण त्यौहार मनाएं। पीस कमेटी की बैठक के बाद पेशइमाम मौलाना शौकत कासमी ने एक वाक्या का जिक्र करते हुए पायनियर को बताया कि अपने मुल्क की यह खासियत है कि सभी के त्योहारों में लोग एक दुसरे से गले मिलते है। मछरेहटा से पीस कमेटी में भाग लेने पहुंचे काजी मो. असलम ने प्रशासन की तरफ से दिए गए सुझाव को अमल में लाने के साथ सराहना की। समाजसेवी फरहत बेग सनी, अध्यक्ष मरकज मस्जिद रेउसा रिजवान अहमद ने त्योहारों को अमनचैन और मोहब्बत का पैगाम देने वाला बताते हुए बताया। रिजवान अहमद, अध्यक्ष मरकज मस्जिद रेउसा ने कहा कि पीस कमेटी की बैठक में प्रशासन द्वारा की गई अपील का जिक्र करते हुए हिन्दू धर्मगुरू आचार्य आशीष शास्त्री ने कहा हर त्यौहार शान्तिपूर्ण निपटे यही अपील है।

## तिरुपति महोत्सव में छोटे कान्हा ने दर्शकों का मोहा मन

**सीतापुर।** ककरहा में चल रहे तिरुपति महोत्सव में वृंदावन के कलाकारों के द्वारा मंच पर कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। जिसमें सर्व प्रथम पंच मुखी हनुमान जी के दर्शन सभी दर्शकों को कराए गए। जिसके बाद राधा कृष्ण की झांकी निकाली गई। वहीं फूलों की होली खेली गई जिसमें राधा कृष्ण की झांकी देख सभी दर्शक झूम उठे। झांकी में छोटे कान्हा सरोही पांडेय ने लोगों का मन मोह लिया। छोटे कान्हा के साथ हर कोई फ़ोटो लेने के लिए उत्साहित दिखा। इस दौरान आयोजक गिरीश मिश्रा,सन्दीप अग्निहोत्री,धर्मेंद्र मिश्रा,अभय सहित भारी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

**विद्यालय प्रबंध समिति की हुई बैठक**

**सीतापुर।** विकास क्षेत्र कसमंडा के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय सरैया अकबरपुर में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सतीश कुमार अध्यक्ष ने की। बैठक में 124 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के सचिव गिरिजेश अवस्थी द्वारा शासन व विभाग द्वारा जारी योजनाओ के विषय में विस्तार से अभिभावकों से चर्चा की गयी और अभिभावकों से अपेक्षा की गयी कि वे सभी लोग अपने बच्चो को नियमित विद्यालय भेजे साथ ही जो बच्चे नामांकन से वंचित रह गए है उनका नामांकन भी तत्काल कराये।

## क्विक न्यूज

### अस्पताल के निरीक्षण में महिला आयोग की सदस्य को मिलीं कमियां, दिए निर्देश!



**सीतापुर।** सीतापुर जनसुनवाई करने पहुंची राज्य महिला आयोग की सदस्या सुनीता बंसल ने जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण किया, निरीक्षण करने पहुंची सुनीता बंसल ने सबसे पहले अल्ट्रा सांउड कक्ष पहुंची जहां पर महिलाओं से बात की और पता करने पर बताया कि यहां पर चिकित्सक की कमी है जिस वजह से अल्ट्रा सांउड नहीं हो पाते है, जिसपर सुनीता बंसल ने डीएम से बात करने की बात कही। उसके बाद वह महिला इमरजेन्सी वार्ड में पहुंची जहां पर एक शिकायत पेटिका लगी हुई थी शिकायत मिलने पर उस हेल्पलाइन के नम्बर को लेकर सीएमएस से पूंछा तो उन्होंने कहा कि यह नम्बर डा. गोपाल का है जो शिकायत करने पर रिसीव करते है, लेकिन वह नम्बर उस समय मिलाने पर मिला नहीं, इस पर सुनीता बंसल ने सीएमएस को सही मोबाइल नम्बर लिखकर टंगवाने की बात कही। उसके बाद गर्भवती महिलाओं से दवाई के बारे में भी जानकारी ली और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं बारे में पूछा तो महिलाओं को इसी जानकारी ही नहीं थी जिसपर सीएमएस से नाराजगी जताते हुए योजनाओं के बारे में जानकारी देने की बात कही। निरीक्षण करने के बाद क्या कुछ मिला उन्होंने पायनियर से बताया कि अस्पताल में कुछ कमियां मिली है जल्द ही निस्तारण कराया जाएगा। निरीक्षण के बाद सदर तहसील में महिलाओ के साथ सदस्या ने जनसुनवाई भी की।

### भाला मारकर बुजुर्ग की हत्या

**बरेली।** जंगल से वापस लौट रहे एक बुजुर्गों पर गांव के ही रहने वाले एक युवक ने भाले से हमला कर दिया बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।सिरौली थाना क्षेत्र के गांव धनोरा गौरी निवासी 55 वर्षीय राम पाल पुत्र थान सिंह की आज सुबह गांव में ही रहने वाले सुनील पुत्र चंद्रपाल ने भाला मारकर हत्या कर दी पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि रामपाल के साथ गांव के युवक मजाक करते थे और रामपाल भी उनके साथ गाली गलौज करते थे आज सुबह में रोजाना की तरह सो कर उठने के बाद रामपाल जंगल में गए थे जहां से लगभग 7 बजे वह घर वापस लौट रहे थे इसी दौरान जब वह सुनील के मकान के दरवाजे के सामने से गुजर रहे थे इसी दौरान दरवाजे पर खड़े सुनील ने उनसे मजाक कर दी गुस्साए राम पाल सुनील को गालियां देने लगे जिससे सुनील गुस्से में आ गया और अपने घर के अंदर चला गया वह तुरंत भाला लेकर रामपाल के पास पहुंचा और उन पर हमला कर दिया भाला लगने से रामपाल गंभीर रूप से घायल हो गया और जमीन पर गिर पड़ा सूचना मिलने पर उसके घर वाले मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक रामपाल की मौत हो चुकी थी घटना के बाद सुनील मौके से फरार हो गया घटना की जानकारी पुलिस को दी गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर सुनील को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी मृतक तीन बेटों का पता था उसकी पत्नी का नाम विमला देवी है

### ट्यूशन जा रही बच्ची को ट्रक ने रौंदा

**बरेली** । साइकिल पर ट्यूशन पढ़ने जा रही एक बच्ची को पीछे से आ रहे ट्रक ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई घटना के बाद ट्रक फरार हो गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर बनियान निवासी श्रीकृष्ण की 17 वर्षीय बेटी शोभा कि आज दोपहर गांव से कुछ ही दूरी पर फतेहगंज पूर्वी मजार के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घरवालों ने बताया कि शोभा कक्षा नौ की छात्रा थी और रोजाना अपने भाई के साथ साइकिल से ट्यूशन पढ़ने जाती थी लेकिन आज खेत पर काम होने के कारण भाई खेत पर चला गया और शोभा अकेली ही साइकिल से ट्यूशन पढ़ने के लिए घर से निकली थी लेकिन जब वह मजार के पास पहुंची तभी तेजी से आ रहे ट्रक ने उसे रौंद दिया उसकी मौके पर ही मौत हो गई दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के घरवालों को सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली।

क्राइम ब्रांच और महोली कोतवाली पुलिस को मिली कायमयाबी

# हत्थे चढ़ा सरगना, नौ और डकैत पकड़े गए

संवाददाता। सीतापुर



**सीतापुर की** महोली कोतवाली पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस टीम ने मुठभेड़ के दौरान मास्टरमाइंड समेत 10 शातिर अंतर्जनपदीय डकैत, लुटेरे व नकबजनों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान हारुन पुत्र बसीर, दुशासन लोनिया पुत्र मनोहर, रईश अहमद पुत्र जलील अहमद, मेराज उर्फ मोनू पुत्र बुद्धा, अवधेश लोनिया पुत्र मनोहर निवासीगण जालिमपुर थाना सकरन जनपद सीतापुर, विरेन्द्र कुमार पुत्र मेवालाल नि0 ऊंचगाव थाना सकरन जनपद सीतापुर, विजय लोनिया पुत्र छेदीलाल, अखिलेश पुत्र गोले लोनिया निवासीगण बैदौरा लोनियनपुरवा थाना रेउसा जनपद सीतापुर, मुकीम पुत्र बसीम निवासी चमनगंज थाना तम्बौर जनपद सीतापुर तथा मोहम्मद नईम पुत्र मोहम्मद वसीम निवासी आजादनगर काण्ठ रोड थाना सिविल लाइन्स जनपद मुरादाबाद के रूप में हुई है। गिरोह के कब्जे से एक लाख 12 हजार रुपये की नगदी, 1.4 किलो चांदी व 20 ग्राम सोने के जेवरात, दो बटुवा पीली धातु, घटना कारित करने में प्रयुक्त एक लोहे की सरिया, एक पेचकस, एक प्लास, 02 चार पहिया वाहन (ब्रेजा व एटीयोस), 10 मोबाइल फोन, 03 तमंचा व 03 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया अभियुक्तो का एक संगठित गिरोह है, जिसके सदस्य सीतापुर तथा लखनऊ, बाराबंकी, फैजाबाद, अमेठी, लखीमपुर खीरी व रायबरेली मे चार पहिया वाहनो से रात मे घूम-घूम कर पहले रैकी फिर घरो मे चोरी करते थे, इसका सरगना हारुन पुत्र बसीर है। अभियुक्तों ने पूछताछ में थाना महोली, कमलापुर, लहरपुर, रेउसा आदि क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों से चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। इस ऑपरेशन को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में स्वाट व सर्विलांस प्रभारी सत्येन्द्र विक्रम सिहं, हेड कांस्टेबल गुरपाल सिंह, कांस्टेबल अनुराग पांडेय, रवि वर्मा, उमेश मिश्रा, आनंद कुमार, सुमित राघव, राहुल कुमार तथा महोली के प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार शुक्ला, अपराध निरीक्षक सुरेश कुमार यादव, उपनिरीक्षक राकेश कुमार सिंह, शीतला प्रसाद सिंह व एजाज अहमद शामिल थे। एएसपी दक्षिणी एनपी सिंह ने इस ऑपरेशन की पूरी जानकारी दी।

# सीतापुर में 719 परीक्षार्थियों ने छोड़ दी बीएड की परीक्षा



संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर प्रदेश** संयुक्त बीएड परीक्षा देने से पहले ही 719 परीक्षार्थियों ने किनारा कर लिया। बुधवार को दो पालियों में संपन्न हुई परीक्षा के दौरान पहली पाली में 358 और दूसरी पाली में 361 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। सीतापुर में द्विवार्षिक बीएड पाठ्यक्रम रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा आयोजित परीक्षा संपन्न कराने के लिए 13 केंद्र बनाए गए थे। राजकीय डिग्री कॉलेज प्राचार्य नोडल अधिकारी डॉ राजीव द्विवेदी ने बताया कुल 5 हजार 376 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें से 719 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया जनपद में नकल विहीन शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराई गई। सचल दल भी लगातार निगरानी करता रहा। उन्होंने बताया कि आरएमपी डिग्री कॉलेज, आरएमपी इंटर कॉलेज, हिन्दू कन्या डिग्री कॉलेज, इंटर कॉलेज, जीआईसी, जीजीआईसी सीतापुर, आरआरडी इंटर कॉलेज, उजागरलाल इंटर कॉलेज, म्युनिस्पल इंटर कॉलेज, राजकीय डिग्री कॉलेज, जेएलएमडी कॉलेज खैराबाद एवं आरबीएसबीएस इंटर कॉलेज कमलापुर में दो परीक्षा केन्द्र ए व बी बनाए गए थे।

# चौकी इंचार्ज की विदाई



**ढखेरवा-खीरी।** ढखेरवा पुलिस चौकी में पिछले दस माह से कार्यरत रहे इंचार्ज हर्षित कुमार सिंह का गैर जनपद तबादला होने के बाद बुधवार की सुबह उनकी पूरे सम्मान पूर्वक विदाई हुई। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण किया। विदाई कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य राकेश वर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष रामनिवास वर्मा, उपाध्यक्ष अटल मनार, कोषाध्यक्ष कुलदीप बरनवाल के अलावा एडवोकेट पुष्पेंद्र सिंह राठौर, शिवा सिंह गोलू, कमर अहमद, धीरेंद्र शुक्ला व शंकर चक्रवर्ती समेत चौकी स्टाफ सहित बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे।

# 784 अभ्यर्थियों ने छोड़ी बीएड प्रवेश परीक्षा

- डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**बुधवार को** खीरी में दो पालियों में बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2022 सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। डीएम-एसपी, डीआईओएस-सेक्टर अधिकारियों ने भ्रमणशील रहकर परीक्षा को संपन्न कराया।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन ने शांतिपूर्ण ढंग व नकल विहीन बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2022 संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से जीआईसीए स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों में पहुंचकर कक्षवार निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने केंद्राध्यक्ष से परीक्षा में शामिल, अनुपस्थित बच्चों की संख्या जानी। निरीक्षण के समय सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सुव्यवस्थित ढंग से संचालित होती मिली और कहींए किसी भी प्रकार की अनियमितता देखने को नहीं मिली। डीएम ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम से भी परीक्षा कक्ष का निरीक्षण किया। उपस्थित प्रधानाध्यापक व केंद्र अध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराई जाएए इसमें किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाए। डीएम.एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क व मुस्तैद रहकर शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया। डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने भी दोनों पालियों में राजकीय इंटर कालेज लखीमपुर, गांधी इंटर कॉलेज, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, अब्दुल कलाम बालिका इंटर कॉलेज व धर्म इंटर कॉलेज लखीमपुर परीक्षा केंद्रों पर जाकर चल रही परीक्षा का जायजा लिया। डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने बताया कि पहली पाली में 7181 के सापेक्ष 6784 परीक्षार्थियों में शामिल हुए। वही 397 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। दूसरी पाली में 7181 के सापेक्ष 6794 परीक्षार्थी शामिल हुए 387 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी।

## आयोजित हुई संगोष्ठी

**लखीमपुर खीरी।** इंडियन बैंक द्वारा एमएसएमई योजना के तहत ऋण वितरण की प्रक्रिया में तीव्रता लाने के लिए संगोष्ठी हुई जिसमें बड़ी संख्या में ग्राहकए उद्यमी बैंकर्स मौजूद रहे। ग्राहकोंए उद्यमियों के साथ आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए इंडियन बैंक के क्षेत्रीय महाप्रबंधक लखनऊ पंकज त्रिपाठी ने बैंक की ऋण योजनाओं से सबंधित नवीनतम जानकारी दी। साथ.साथ ऋण को और गति प्रदान करने के लिए बारे में भी अवगत कराया। उक्त संगोष्ठी में मंडल प्रमुख मिथिलेश कुमार ने भी अपनी शाखाओं एमएपीसी आरएपीसी द्वारा ऋण प्रस्तावों के त्वरित निस्तारण हेतु आश्वस्त किया। महाप्रबंधक ने जनपद के विभिन्न औद्योगिक इकाइयों एवं प्लाईवुड क्लस्टर का भ्रमण भी किया। संगोष्ठी में बैंक को उद्यमियों से 15 करोड़ से अधिक के नए ऋण के प्रस्ताव भी प्राप्त हुए। संगोष्ठी में क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने यह भी कहा कि जनपद का अग्रणी बैंक होने के नाते इंडियन बैंक जनपद के समग्र विकास हेतु अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए कटिबद्ध है।

# विभिन्न कार्यक्रमों की गोला विधायक ने की अध्यक्षता




**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** न्याय पंचायत अलीगंज में ग्राम चौपाल, वृक्षारोपण व पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि अरविंद गिरि की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। साथ ही ग्रामवासियों को संचारी रोग के प्रति जागरूक करते हुए विधायक ने संचारी रोगों से बचाव हेतु आवश्यक जानकारी उपस्थित ग्रामवासियों को प्रदान की। अलीगंज प्रधान आरिफ शेख, सुनील राज, गोपालपुर प्रधान सुशील पांडे, विकास सोनी, संजय सिंह, अवतार सिंह, सुनील वाजपेयी, आस मोहम्मद, वीरेंद्र भूषण ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बिजुआ, विनीत पांडे, जवाहर वर्मा विधायक प्रतिनिधि, प्रमोद वर्मा, प्रमोद सिंह, मंजीत राज, विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, बाबा अनुभवदास, राकेश कुमार, ग्राम विकास अधिकारी अनूप वर्मा, लेखपाल मोहित मौर्य व सहायक विकास अधिकारी (कृषि) अनिल कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

# आखिरकार कैदखाने में पहुंच गई आदमखोर बाघिन

- बेगुनाह बाघ किया गया रिहा
- दुधवा जंगल में छोड़ा गया-मंझरा में कैद किया गया बाघ

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी



**उत्तर निघासन** रेंज के मंझरा पूरब बीट क्षेत्र में पिछले एक वर्ष के अंदर डेढ़ दर्जन से अधिक इंसानी खून पीने वाली आदमखोर बाघिन को आखिरकार वन महकमे ने कड़ी सजा सुनाते हुए जहां लखनऊ के चिड़ियाघर भेज दिया है। तो वहीं निर्दोष बाघ को रिहा कर दुधवा नेशनल पार्क के जंगल में बरी कर दिया गया है।

मंझरा जंगल के तराई एरिया में इंसानों पर ताबड़तोड़ हमला कर उन्हें अपना निवाला बनाने वाली बाघिन 29 जून की रात्रि खैरटिया मझरा रेलवे स्टेशन के मध्य पीपल पेड़ के पास वन विभाग के द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हुई थी। जबकि बाघ दो दिन पूर्व 27 जून की रात्रि खैरटिया के पास श्री राम जानकी मंदिर के समीप लगे पिंजरे में कैद हुआ था। पिंजरे में कैद हुए बाघ बाघिन को वन अधिकारियों ने कर्तनिया रेंज ले गए थे जहां पर दुधवा नेशनल पार्क के अलावा कानपुर और लखनऊ के वन्यजीव विशेषज्ञों की टीम ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही यह सिद्ध किया गया कि इंसानों पर हमला कर उन्हें अपना निवाला बनाने वाला बाघ नहीं बल्कि बाघिन ही है। वन अधिकारियों के मुताबिक जब 27 जून की रात्रि बाघ पिंजड़े में कैद हो गया उसके बाद 29 जून की दोपहर एक महिला पर बाघ ने हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया और उसी रात पिंजरे में बाघिन कैद हो गई तभी से बाघों के द्वारा इंसानों पर हमला नहीं हुए हैं इसलिए तराई क्षेत्र में इंसानी खून की घटनाओं के पीछे बाघिन ही दोषी और बाघ निर्दोष है। वन अधिकारियों का यह भी कहना है कि बाघिन के बाएं तरफ के दो दांत टूटे हुए हैं इसलिए वह आसान शिकार की तलाश में जंगल के बाहर निकलती है। फिलहाल मंझरा जंगल के तराई इलाके में इंसानों का खून पीकर हिंसक हुई बाघिन अब आखरी सांसो तक लखनऊ के चिड़ियाघर में अपना जीवन व्यतीत करेगी। जबकि उसके साथ विचरण करने वाला बाघ दुधवा नेशनल पार्क में विचरण करेगा।

### बाघिन को लगा साधु का श्राप

**लखीमपुर-खीरी।** मंझरा जंगल के तराई क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से ग्रामीणों में दहशत का पर्याय बनी हिंसक बाघिन को शायद साधु मोहनदास का श्राप लग गया था। क्योंकि हिंसक बाघिन पिछले कई वर्षों से इंसानों का खून पी रही थी और वन विभाग अनजान बना हुआ था। लेकिन खैरटिया के पास श्री राम जानकी मंदिर से सटे हुए बाबाजी की कुटी में निवास करने वाले साधु मोहनदास को उक्त बाघिन ने 23 जून की शाम हमला कर उसे अपना निवाला बना लिया था दूसरे दिन साधु के कंकाल जंगल से बरामद हुए थे। साधु की मौत के बाद ग्रामीणों में काफी आक्रोश फैल गया और वन अधिकारियों से नोकझोंक हुई उसके बाद हरकत में आए वन अधिकारियों ने बाघों को कैद करने के लिए जंगल एरिया में आधा दर्जन पिंजड़ों के साथ ही मूवमेंट के लिए करीब डेढ़ दर्जन कैमरे लगा दिए इसके साथ ही दुधवा और कर्तनिया से आई मादा हथिनी चंपाकली, जयमाला और गंगा काली ने जंगल एरिया में बाघों को खदेड़ने के लिए दहाड़ लगाना शुरू कर दिया था। हुआ यूं कि साधु की मौत के बाद बाघिन एक सप्ताह के अंदर पिंजरे में कैद हो गई। और उस पर डेढ़ दर्जन से अधिक इंसानों के खून का आरोप तय हुआ और वह चिड़ियाघर भेज दी गई।

# आखिर जिन्दगी की जंग हार गया मोहन

- छह घंटों तक किया जिन्दगी-मौत से संघर्ष

संवाददाता मैलानी-खीरी



**हादसो का** कहर अब रूकने का नाम नही ले रहा है ताजा मामला मैलानी मैलानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मैलानी से खुटार रोड पर कल रात लगभग सात मोहन उम्र 45 वर्ष पुत्र पराग निवासी टोडर पुर थाना खुटार जिला शाहजहांपुर का रहने वाला था जोकि शाम के समय मैलानी से अपने घर वापस जा रहा था। तभी अचानक खुटार रोड की तरफ से आ रही डिजायर कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे वाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना की सूचना पाकर उसके परिवार वाले तथा काफी मात्रा में ग्रामीण व मैलानी पुलिस कर्मी घटना स्थल पर पहुंच गये। घायल को मैलानी एक निजी चिकित्सक यहा भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक द्वारा उसके परिजनों के कहने पर बरेली रेफर कर दिया परंतु घायल मोहन ने बरेली में अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। मौत की खबर सुनकर घर कोहराम मच गया मोहन एक सज्जन स्वभाव का व्यक्ति था। पूरे गांव में गमगीन माहौल था। उप निरिक्षक कौशल किशोर व हमराह पुलिस कर्मियों द्वारा शव का पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के छोटे छोटे दो बेटियां तथा दो बेटे है। मोहन के परिवार पर मानों मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा हो। मोहन दो भाईयों मे पहले नम्बर था। पिता पराग के तथा ग्रामीणों के आखों से आंसू थमने का नाम नही ले रहे थे। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजने के बाद अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। घटना में दोनों गाड़ियां काफी में क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। घटना के बाद कार सवार कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस फरार कार चालक व अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

# कृषि क्षेत्र में उत्पादन बाद की चुनौतियों को हल करने के लिए कदम उठा रही है सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली



**कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर** ने कहा है कि उत्पादन के बाद खाद्यान्नों का रखरखाव निश्चित रूप से कृषि क्षेत्र के लिए एक चुनौती है और सरकार ने ई-नाम और अन्य सुविधाओं की स्थापना के जरिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण के माध्यम से इस मसले के हल को कई कदम उठाए हैं। तोमर ने कहा कि उत्पादन के बाद की चुनौतियों से निपटने के लिए, सरकार ने अबतक लगभग 1,000 विनियमित थोक मंडियों को इलेक्ट्रॉनिक राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) से जोड़ा है, कृषि-बुनियादी ढांचा कोष के तहत 13,000 परियोजनाओं के लिए 9,500 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं तथा ड्रोन जैसी तकनीकों को बढ़ावा देने के अलावा किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की स्थापना को प्रोत्साहित किया है। तोमर ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और इक्रियर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कृषि बाजार को दुरुस्त करना विषय पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, उत्पादन नहीं, लेकिन उत्पादन बाद खाद्यान्नों का रखरखाव निश्चित रूप से आज एक समस्या है।

तोमर ने यह भी उल्लेख किया कि पूर्व में समय-समय पर उत्पादन बाद खाद्यान्नों के रखरखाव के मुद्दों को हल करने के प्रयास किए गए थे लेकिन वांछित परिणाम प्राप्त नहीं किए जा सके। उन्होंने कहा कि हालांकि, पिछले आठ वर्षों में, उत्पादन के बाद खाद्यान्नों के रखरखाव के मुद्दों को ठीक करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं ताकि किसानों को बेहतर मूल्य मिले और उनकी आय में सुधार हो।

उन्होंने यह भी कहा कि जैविक उत्पादों का भी अच्छा बाजार है क्योंकि उनके निर्यात में वृद्धि हुई है। लेकिन किसानों को बेहतर दाम पाने के लिए गुणवत्ता और उत्पादकता में सुधार के क्षेत्र में काम करने की जरूरत है। इस अवसर पर इक्रियर के चेयरमैन प्रमोद भसीन, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के प्रबंध निदेशक और सीईओ विक्रम लिमए और इक्रियर में इन्फोसिस की कृषि पीठ के प्रोफेसर अशोक गुलाटी भी उपस्थित थे।

# भारत में कोविड के 16,159 नए मामले उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के 16,159 नए मामले आने से कोरोना वायरस संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4,35,47,809 हो गई है जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 1,15,212 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार को सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, महामारी के कारण 28 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,25,270 हो गई है। उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.26 प्रतिशत है जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.53 प्रतिशत दर्ज की गई है।

कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में पिछले 24 घंटे में 737 की वृद्धि दर्ज की गई है। संक्रमण की दैनिक दर 3.56 प्रतिशत दर्ज की गई जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 3.84 फीसदी रही। इस बीमारी से स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,29,07,327 हो गई है जबकि मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है। देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक 198.20 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं। देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में जिन 28 और मरीजों ने जान गंवाई है, उनमें से छह-छह मरीजों की मौत केरल और महाराष्ट्र में हुई।



जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर संसद के सेन्ट्रल हाल में लगे उनके चित्र को नमन करते प्रधानमंत्री

## पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान आज करेंगे विवाह

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान बृहस्पतिवार को दूसरी बार शादी के बंधन में बंधेंगे। मान (48) का उनकी पत्नी के साथ 2015 में तलाक हो गया था। मुख्यमंत्री के दो बच्चे हैं। आप की पंजाब इकाई के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने बताया, मुख्यमंत्री कल एक निजी समारोह में विवाह बंधन में बंधने जा रहे हैं। हरियाणा के कुरूक्षेत्र जिले की रहने वाली डॉ गुरप्रीत कौर के साथ उनका विवाह होगा। मान की मां, बहन, संबंधी और कुछ अन्य अतिथि इस विवाह समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के भी इसमें शामिल होने की संभावना है। राज्य के मंत्रियों हरजोत बैंस तथा अमन अरोड़ा और राघव चड्ढा समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने ट्वीट कर मान को बधाई दी है। बैंस ने कहा, अपने मख्यमंत्री भगवंत मान जी को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देता हूं। मैं जीवनभर उनके आपसी प्यार, सम्मान और सहयोग की कामना करता हूं। कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने भी मान को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# अन्नाद्रमुक में नेतृत्व को लेकर विवाद संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें उसने पार्टी के एकल नेतृत्व के मुद्दे पर अन्नाद्रमुक की एक हालिया बैठक में किसी अघोषित प्रस्ताव को पारित करने पर रोक लगा दी थी। एडप्पाडी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) खेमा न्यायालय के इस निर्णय से उत्साहित है जो सक्रिय रूप से एकल नेतृत्व की कमान उनके हाथ में होने पर जोर दे रहा है। शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि 11 जुलाई, 2022 को होने वाली अन्नाद्रमुक की आम परिषद की बैठक कानून के अनुसार आगे बढ़ सकती है। ईपीएस खेमा शीर्ष अदालत के आदेश से इसलिए खुश है क्योंकि 23 जून को हुई आम परिषद की बैठक नेतृत्व के विषय के बारे में थी। उस दिन लिए जाने वाले सभी 23 प्रस्तावों को खारिज कर दिया गया था। गत 23 जून को हुई आम परिषद की बैठक में 11 जुलाई को फिर से बैठक करने का फैसला किया था।

न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की अवकाशकालीन पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ई. के. पलानीस्वामी (ईपीएस) की याचिका पर अन्नाद्रमुक की आम परिषद के सदस्य एम शणमुगम और पार्टी समन्वयक ओ. पनीरसेल्वम को नोटिस भी जारी किए। पीठ ने कहा, प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए जाएं...जिन पर दो सप्ताह के भीतर जवाब दिया जाए। मामले के तथ्यों तथा परिस्थितियों, मुकदमे के विषय और उच्च न्यायालय के आदेशों को देखते हुए, यह उचित समझा जाता है कि 23 जून 2022 को पारित आदेश के अमल पर रोक लगा दी जाए।

शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि 11 जुलाई, 2022 को होने वाली अन्नाद्रमुक की आम परिषद की बैठक कानून के अनुसार आगे बढ़ सकती है। पीठ ने कहा, वर्तमान में, हम अंतरिम प्रकृति के किसी अन्य आदेश को पारित करना आवश्यक नहीं समझते। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय की पीठ ने आम परिषद की बैठक के संदर्भ में स्थगन आदेश पारित करके अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया है। पलानीस्वामी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सी एस वैद्यनाथन ने कहा कि पार्टी की बैठक को लेकर अवमानना याचिकाएं दायर की गई हैं जिसके बाद शीर्ष अदालत मामले की पड़ताल करने के लिए सहमत हुई। शणमुगम की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहा कि एकल पीठ, जिसने आम परिषद की बैठक पर स्थगन से इनकार कर दिया था, ने आदेश में कोई कारण दर्ज नहीं किया। पनीरसेल्वम ने 11 जुलाई को यहां पलानीस्वामी गुट द्वारा की जा रही पार्टी की आम परिषद की बैठक को रोकने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय का रुख किया था। उच्च न्यायालय की खंडपीठ मध्यरात्रि में असाधारण रूप से बैठी थी और 23 जून को सुबह चार बजे आदेश पारित किया था।

इसने आदेश दिया था कि अन्नाद्रमुक की आम और कार्यकारी परिषद बैठक में किसी भी अघोषित प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जा सकता है, जिससे संभावित एकल नेतृत्व के मुद्दे पर संयुक्त समन्वयक पलानीस्वामी के नेतृत्व वाले खेमे के इस तरह का कोई भी कदम उठाने पर रोक लग गई थी। तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी पार्टी की आम परिषद और कार्यकारिणी की बैठक 23 जून को हुई थी। गत 23 जून को सुबह तक चली सुनवाई में, विशेष खंडपीठ ने पनीरसेल्वम को एकल न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ अपील पर राहत दी थी। इसने कहा था कि बैठक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हो सकती है और पहले से तय 23 प्रस्तावों को लिया जा सकता है तथा अपनाया जा सकता है। उच्च न्यायालय ने कहा था कि समन्वयक और संयुक्त समन्वयक पदों को खत्म करने और महासचिव पद को बहाल करने के लिए पार्टी उप-नियमों में संशोधन करने से संबंधित कोई अन्य नया प्रस्ताव नहीं लिया जाएगा। इससे पहले 22 जून को रात करीब नौ बजे, उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने अपने संक्षिप्त आदेश में बैठक की अनुमति दी थी, लेकिन पलानीस्वामी समूह को कोई अन्य नया प्रस्ताव लेने से रोकने से परहेज किया था।

# भाजपा नेता ने तमिलनाडु में जल्द सत्ता-परिवर्तन का दावा किया, द्रमुक ने किया खारिज

**चेन्नई।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने तमिलनाडु में जल्द ही महाराष्ट्र की तरह सत्ता परिवर्तन होने का दावा किया है। सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक ने उनके दावे को खारिज किया है। द्रमुक के वरिष्ठ नेता आर. एस. भारती ने अन्नामलाई की टिप्पणियों को बेकार करार देते हुए कहा कि पार्टी उन्हें गंभीरता से नहीं ले रही है। अन्नामलाई ने महाराष्ट्र और तमिलनाडु की राजनीतिक परिस्थितियों की तुलना करते हुए कहा कि दिवंगत शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे के सबसे बड़े बेटे बिंदुमाधव और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि के बेटे एम. के. मुत्थु की फिल्मी पारी एक जैसी रही है, दोनों फिल्मों में काम करना चाहते थे, लेकिन उनकी फिल्मों ने कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया। इसी तरह ठाकरे के दूसरे बेटे जयदेव और करुणानिधि के दूसरे बेटे एम. के. अलागिरि दोनों ही परिवार से दूर हैं।

अन्नामलाई ने मंगलवार को शहर में भाजपा की एक प्रदर्शन रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बाल ठाकरे के तीसरे बेटे उद्धव ठाकरे को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला और इसी तरह एम. के. स्टालिन तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने। उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य की राजनीति में दिलचस्पी है और स्टालिन के बेटे उदयनिधि की भी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, दोनों अपनी-अपनी पार्टी की युवा शाखा के नेता हैं। तमिलनाडु में मंत्रिमंडल में फेरबदल होने वाला है। यहां भी एक एकनाथ शिंदे सामने आएगा। गौरतलब है कि एकनाथ शिंदे के पिछले महीने बागी रुख अख्तियार करने के बाद महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे नीत महा विकास आघाड़ी सरकार गिर गई थी। इसके बाद शिंदे ने 30 जून को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की थी।

अन्नामलाई ने कहा कि ढाई साल पहले तीन दलों ने महाराष्ट्र में गठबंधन बनाने के लिए हाथ मिलाया था, जैसे द्रमुक ने यहां कांग्रेस और वाम दलों के साथ गठबंधन किया था। महाराष्ट्र में शिवसेना, राकांपा तथा कांग्रेस साथ आए और भाजपा जिसके 105 विधायक थे उसे दरकिनार कर दिया गया। 57 विधायकों वाली शिवसेना ने सरकार बनाई। अन्नामलाई ने कहा, महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने कई भाजपा समर्थकों को प्रताड़ित किया। फिर एकनाथ शिंदे आए। वह सूरत गए। यही राजधर्म है। जब ऐसा होना होगा, तब होगा। यह महाराष्ट्र में हुआ और आप इसे तमिलनाडु में भी होते देखेंगे। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने भाजपा नेता के बयान को खारिज करते हुए कहा कि पार्टी में विद्रोह की कोई आशंका नहीं है। द्रमुक नेता भारती ने बुधवार को कहा, वह (अन्नामलाई) काफी दिनों से बेमतलब की बातें कर रहे हैं। जहां तक मेरी बात है, मैं उन्हें बिलकुल गंभीरता से नहीं ले रहा हूं।



पुरी में भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा की रथयात्रा में शामिल श्रद्धालु

## तटरक्षक बल ने डूबते जहाज से चालक दल के 22 सदस्यों को बचाया

**अहमदाबाद( भाषा )।** भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) बल ने बुधवार को गुजरात के पोरबंदर अपतटीय क्षेत्र में डूबते एक व्यापारिक जहाज से चालक दल के 22 सदस्यों को बचा लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आईसीजी के एक अधिकारी ने बताया कि खोज और बचाव अभियान में एक डोर्नियर विमान, दो स्वदेश निर्मित दोहरे इंजन वाले उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर और दो पोत शामिल थे। उन्होंने कहा कि चालक दल के सदस्यों को हेलीकॉप्टर और पोतों ने बचाया। बल ने एक बयान में कहा, सुबह लगभग आठ बजकर 20 मिनट पर तटरक्षक बल को डूबते व्यापारिक जहाज ग्लोबल किंग- । के बारे में एक आपदा चेतावनी मिली। जहाज पोरबंदर तट से लगभग 185 किलोमीटर दूर था। तटरक्षक बल ने तुरंत जवाब दिया इसने कहा कि बल की त्वरित कार्वाई ने एक पाकिस्तानी और एक श्रीलंकाई सहित चालक दल के 22 सदस्यों की जान बचाई।

# एनजीओ ने स्वप्ना सुरेश को नौकरी से किया बर्खास्त

**पलक्कड़ ( केरल )।** सोना तस्करी मामले में मुख्य आरोपी स्वप्ना सुरेश को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ कथित संबंध वाले एक एनजीओ में नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। गैर सरकारी संस्था (एनजीओ) ने आरोप लगाया कि केरल सरकार आरोपी स्वप्ना सुरेश के लिए संगठन को सूली पर चढ़ा रही थी। पलक्कड़ स्थित एचआरडीएस ने मीडिया को जारी एक बयान में कहा कि भले ही सुरेश को महिला अधिकारिता और सीएसआर निदेशक के रूप में उनके वर्तमान पद से हटा दिया गया है, लेकिन वह महिला अधिकारिता सलाहकार समिति के अध्यक्ष के पद पर बनी रहेंगी, जो अवैतनिक पद है।

हाई रेंज रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी (एचआरडीएस) ने कहा कि उसने राज्य विधानसभा में मुख्यमंत्री के इस आरोप पर विचार करने के बाद सुरेश की नियुक्ति रद्द करने का फैसला किया है कि एनजीओ सोने की तस्करी के मामले के आरोपियों का बचाव कर रहा है। 28 जून को, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने विधानसभा में एक स्थगन प्रस्ताव के जवाब में कहा था कि सुरेश को आरएसएस से जुड़े एक संगठन का समर्थन प्राप्त है।

एनजीओ ने बताया कि मामले में सह-आरोपी और मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव एम शिवशंकर को सेवा में शामिल होने की अनुमति दे दी गई थी। एनजीओ ने एक विज्ञप्ति में कहा, हमें उम्मीद है कि सोने की तस्करी के मामले में एक आरोपी को नियुक्त करने के लिए एचआरडीएस को सूली पर चढ़ाने वाली सरकार शिवशंकर को सेवा से बर्खास्त करेगी, जो इस मामले में सह-आरोपी हैं। सुरेश को 18 फरवरी को एचआरडीएस में निदेशक, महिला अधिकारिता और सीएसआर नियुक्त किया गया था। एनजीओ ने आरोप लगाया कि पुलिस, सतर्कता, अपराध शाखा और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियां उसके कार्यालयों में बार-बार आ रही हैं।

## अग्निवीर की वन रक्षक के तौर पर नियुक्ति के प्रावधान के लिए करेंगे अनुरोध : बिहार के मंत्री

**पटना।** सशस्त्र बलों की भर्ती के लिए अग्निपथ योजना को लेकर जदयू के विरोध को नजरअंदाज करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता और बिहार के वन एवं पर्यावरण मंत्री नीरज कुमार सिंह चाहते हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सेवानिवृत्त अग्निवीर को वन रक्षक और वनपाल के रूप में नियुक्त करें। सिंह ने बुधवार को पीटीआई-भाषा को बताया, हां, मैं जल्द ही मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर राज्य में वन रक्षकों और वनपालों की भर्ती में अग्निवीरों के लिए आरक्षण की मांग करूंगा। मैंने पर्यावरण विभाग के अधिकारियों से इस पर विस्तृत नोट तैयार करने को कहा है। कई राज्य सरकारें पहले ही घोषणा कर चुकी हैं कि सशस्त्र बलों में सीमित अवधि की सेवा करने के बाद पुलिस बलों और अन्य विभागों में रिक्त पदों को भरने में अग्निवीरों को वरीयता दी जाएगी। बिहार सरकार को भी राज्य सेवाओं में अग्निवीरों के लिए प्राथमिकताओं की घोषणा करनी चाहिए। अग्निपथ योजना पर नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार की चुप्पी के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा, इस योजना को लेकर कोई भ्रम नही होना चाहिए। हमारे केंद्रीय नेतृत्व ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि यह योजना देश के युवाओं के लिए अच्छी है। असम, उप्र, मप्र, हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड और कर्नाटक जैसे कई राज्यों ने सशस्त्र बलों में चार साल की सेवा के बाद अग्निवीरों के लिए सहायक उपायों की घोषणा की है। राज्य में वन रक्षकों और वनपालों की भर्ती में अग्निवीरों को आरक्षण दिया जाना चाहिए। मंत्री ने कहा, हाल ही में भर्ती किए गए 693 वन रक्षक और वनकर्मी जल्द ही पर्यावरण विभाग द्वारा राज्य में वनों विशेष रूप से सार्वजनिक वनों की देखभाल और संरक्षण की निगरानी के लिए लगाए जाएंगे। हम जल्द ही राज्य में 1000 और वन रक्षकों और वनकर्मियों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू करेंगे। राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री के इस कदम से बिहार में सत्तारूढ़ राजग के घटक दलों के बीच चल रही जुबानी जंग और बढ़ सकती है। केंद्र सरकार द्वारा 14 जून को अग्निपथ योजना की घोषणा किए जाने के एक दिन बाद ही बिहार में इसके खिलाफ आंदोलन शुरू हो गया था। सेना में नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों ने रेलवे स्टेशनों पर धावा बोलने, ट्रेन के डिब्बों को आग के हवाले करने के साथ बसों में आग लगा दी थी। बिहार अग्निपथ योजना के विरोध में हुए हिंसक प्रदर्शन के दौरान बिहार की उपमुख्यमंत्री रेणु देवी के आवास और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल के घरों पर प्रदर्शनकारियों ने हमला किया था तथा पार्टी के कई कार्यालयों में तोड़फोड़ की थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भले ही पूरे मामले पर चुप्पी साध रखी हो पर उनकी पार्टी जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने केंद्र से अग्निपथ योजना पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया था। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल, जिनके घर मे प्रदर्शनकारियो ने तोड़फोड़ की थी, ने इसे एक साजिश करार देते हुए राज्य सरकार की आलोचना की थी और आरोप लगाया था कि उसने प्रदेश में हिंसक विरोध को रोकने के लिए अपर्याप्त प्रयास किए।

## कन्हैयालाल के पुत्रों को सरकारी नौकरी देने के लिए नियमों में छूट का निर्णय

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में उदयपुर घटना में मृत कन्हैयालाल के पुत्रों को सरकारी नौकरी दिलाने में नियमों में शिथिलता प्रदान करने, राजकीय कार्मिकों की वेतन विसंगतियों को दूर करने, न्यूज वेबसाइट्स को सरकारी विज्ञापन जारी करने, नवीन राजकीय महाविद्यालयों के बेहतर प्रबंधन के लिए राजस्थान कॉलेज एजुकेशन सोसायटी का गठन करने सहित कई अहम निर्णय लिए गए हैं। मंत्रिमंडलीय बैठक के निर्णयों की जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने संवाददाताओं को बताया कि बैठक में उदयपुर की आतंकी घटना में मृतक कन्हैयालाल तेली के पुत्र यश तेली और तरूण तेली को राजकीय सेवा में नियुक्ति देने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि नियुक्ति के लिए नियमों में छूट देने का निर्णय किया गया है।

# छत्तीसगढ़ पुलिस ने जी न्यूज के अधिकारियों को जांच के लिए रायपुर तलब किया

**भाषा।** नोएडा

**छत्तीसगढ़** पुलिस ने निजी समाचार चैनल जी न्यूज के समाचार प्रस्तोता रोहित रंजन और उनके कुछ सहयोगियों को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक छेड़छाड़ किया गया वीडियो प्रसारित करने के आरोपों की जांच के लिए तलब किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। छत्तीसगढ़ पुलिस की एक टीम बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दूसरे दिन भी रुकी रही और उसने टेलीविजन समाचार प्रस्तोता रोहित रंजन के गिरफ्तारी वारंट के साथ अपनी तलाश जारी रखी। अधिकारियों ने कहा कि आने वाले पुलिसकर्मी सुबह गाजियाबाद में टीवी प्रस्तोता के घर गए और बाद में नोएडा फिल्म सिटी स्थित उनके कार्यालय गए। छत्तीसगढ़ के एक पुलिस अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर पीटीआई-भाषा को बताया, जी न्यूज के फरार टीवी समाचार प्रस्तोता रोहित रंजन के घर के बाहर एक नोटिस चिपकाया गया है, जबकि कार्यालय में उनके सहयोगियों को समन जारी किया गया है। उन्हें हमारी जांच के संबंध में अपना बयान दर्ज कराने के लिए 12 जुलाई को रायपुर आने के लिए कहा गया है। अधिकारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस की टीम ने सुबह गाजियाबाद के स्थानीय इंदिरापुरम पुलिस थाने को भी सूचित किया और बाद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्यालय में अपनी जांच से संबंधित शिकायत दी।

नोएडा में, आगंतुक पुलिसकर्मी एक बार फिर सेक्टर 20 पुलिस थाने में प्राथमिकी की कॉपी और रंजन के ठिकाने जैसी जानकारी लेने गए, लेकिन दावा किया कि उन्हें कोई मदद नहीं मिली। इस बीच, नोएडा पुलिस भी बुधवार दोपहर छत्तीसगढ़ पुलिस के वहां पहुंचने के तुरंत बाद जी न्यूज कार्यालय गई। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (नोएडा) रणविजय सिंह ने जी न्यूज के कार्यालय के बाहर संवाददाताओं से कहा, हम यहां कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए आए थे क्योंकि स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाने की सूचना थी। हालांकि, वहां कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ।

### ● कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वीडियो का मामला

छत्तीसगढ़ पुलिस के असहयोग के आरोपों पर, सिंह ने सभी आरोपों का जोरदार खंडन किया। उन्होंने कहा, वे गाजियाबाद से किसी को गिरफ्तार करने आए थे, उन्हें स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय करना चाहिए था। नोएडा पुलिस उन्हें कोई जानकारी देने के लिए बाध्य नहीं है। सिंह ने कहा, अगर वे हमें पत्र लिखते हैं या प्रक्रिया के अनुसार किसी भी मामले के लिए हमसे संपर्क करते हैं, तो हम उनसे बात करेंगे। हालांकि, छत्तीसगढ़ पुलिस की टीम ने दावा किया कि वे सहयोग के लिए नोएडा में एक जगह से दूसरी जगह का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। रायपुर से डीएसपी उदयन बेहार के नेतृत्व में 11 सदस्ईय पुलिस टीम मंगलवार सुबह टीवी प्रस्तोता के गाजियाबाद स्थित घर पहुंची थी, लेकिन नोएडा पुलिस ने टीवी प्रस्तोता को हिरासत में ले लिया। इस घटनाक्रम में स्थानीय गाजियाबाद पुलिसकर्मी भी शामिल थे। नोएडा पुलिस ने मंगलवार रात कहा कि उसने जी न्यूज़ के टीवी प्रस्तोता रोहित रंजन से पूछताछ के बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया है। उसने कहा कि रंजन को आईपीसी की धारा 505 (2) के तहत दर्ज एक मामले में सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, छत्तीसगढ़ पुलिस के आने वाले अधिकारियों ने दावा किया कि नोएडा और गाजियाबाद में उनके समकक्ष गिरफ्तारी वारंट और अदालत के आदेश के बावजूद रंजन के ठिकाने के बारे में उनके साथ कोई जानकारी साझा नहीं कर रहे हैं। रायपुर में प्राथमिकी भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए, 295ए, 467, 469 और 504 के तहत दर्ज की गई थी। इससे पहले, रंजन ने अपने टीवी कार्यक्रम में गांधी के बयान को गलत संदर्भ में उदयपुर हत्याकांड से गलती से जोड़कर दिखाने के लिए दो जुलाई को माफी मांगी थी। इससे एक दिन पहले कार्यक्रम प्रसारित किया गया था। छत्तीसगढ़ पुलिस के अनुसार कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की शिकायत पर रविवार को रंजन और जी न्यूज के अन्य कर्मियों के खिलाफ विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने और लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। यादव ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि जिस वीडियो में राहुल ने उनके वायनाड कार्यालय में तोड़-फोड़ करने वालों को बच्चे बताया था और कहा था कि उनके मन में उनके लिए कोई दुर्भावना नहीं है, उसे टीवी चैनल ने एक जुलाई को शरारतपूर्ण ढंग से इस्तेमाल किया और इस तरह से दिखाया कि राहुल उदयपुर में दर्जी कन्हैया लाल के हत्यारों को माफ करने की बात कर रहे हैं।

## हिमाचल में खाई में गिरने से संबंधित दुर्घटनाओं में पांच साल में लगभग 2,600 लोगों की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पिछले पांच साल में सड़क किनारे खाई में गिरने (रोल डाउन) से संबंधित तीन हजार से अधिक दुर्घटनाओं में 2,600 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस का यह बयान कुल्लू की सैंज घाटी में एक बस के खाई में गिरने के एक दिन बाद आया है, जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि इस तरह की दुर्घटनाओं का मुख्य कारण सड़क किनारे अवरोधकों (क्रैश बैरियर) की कमी है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) संजय कुंडू द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, राज्य में सड़क किनारे खाई में गिरने (रोल डाउन) से संबंधित 3,020 दुर्घटनाएं हुई है, जिसमें 2,633 लोगों की मौत हो गई और 6,792 लोग घायल हुए हैं। बयान के मुताबिक, राज्य में कुल सड़क की लंबाई 38,035 किलोमीटर है, जबकि केवल 520 किलोमीटर पर अवरोधक लगाए गए हैं। बयान के अनुसार, इस तरह की सबसे ज्यादा 973 (32 प्रतिशत) दुर्घटनाएं शिमला में हुईं। इसके बाद मंडी में 425 (14 प्रतिशत) और चंबा और सिरमौर में 306 (10 प्रतिशत) दुर्घटनाएं हुईं। बयान में कहा गया कि सबसे ज्यादा 869 (33 प्रतिशत) मौत शिमला जिले में हुईं, इसके बाद मंडी में 331 (13 प्रतिशत) और चंबा में 284 (11 प्रतिशत) मौत हुईं। बयान के अनुसार राज्य के ग्रामीण इलाकों में 2,881 (95 प्रतिशत) सड़क किनारे खाई में गिरने (रोल डाउन) से संबंधित दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 587 (20 प्रतिशत) शाम छह बजे से नौ बजे के बीच हुईं। आंकड़ों के अनुसार, लिंक सड़कों पर 1,679 (56 प्रतिशत) दुर्घटनाएं हुईं। इसके बाद राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर 1,185 (39 प्रतिशत) दुर्घटनाएं हुईं। इसमें कहा गया है कि 1,264 (42 प्रतिशत) मामलों में तेज़ गति से वाहन चलाना, 641 (21 प्रतिशत) मामलों में खतरनाक तरीके से वाहन चलाना और 609 (20 प्रतिशत) में बिना देखे सड़क पर मुड़ना दुर्घटना के प्रमुख कारण है। डीजीपी ने अधिकारियों को यातायात उल्लंघन के मामलों को रोकने के लिए जांच बढ़ाने का भी निर्देश दिया है।

# रूसी हमले से यूक्रेन में 12 की मौत, 25 घायल

एपी। कीव



**रूस** द्वारा की गई बमबारी के कारण पिछले 24 घंटे के दौरान यूक्रेन में 12 लोगों की मौत हो गई जबकि 25 अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। रूस ने हाल में इस क्षेत्र में हमले तेज कर दिए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि रूसी बलों ने दक्षिण-पूर्वी यूक्रेन में शहरों और गांवों को निशाना बनाया है, जिससे सबसे अधिक जानमाल की हानि पूर्वी दोनेत्स्क प्रांत में हुई है। दोनेत्स्क के गवर्नर पाव्लो किरिलेंको ने बुधवार सुबह सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी कि रूसी हमले में अलग-अलग इलाकों में कुल पांच लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा, हर अपराध के लिए सजा दी जाएगी।

किरिलेंको ने मंगलवार को प्रांत के 3,50,000 से अधिक निवासियों की जान बचाने के लिए दोनेत्स्क छोड़ देने का आग्रह किया था। उल्लेखनीय है कि दोनेत्स्क, डोनबास का हिस्सा है और इस औद्योगिक क्षेत्र में अधिकतर लोग रूसी भाषा बोलने वाले हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को यूक्रेन के एक और प्रांत लुहांस्क पर पूर्ण नियंत्रण का दावा किया था। वहीं, लुहांस्क के गवर्नर सेरही हैदाई ने बुधवार को इस दावे का खंडन किया कि रूसी बलों ने प्रांत पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया है। उन्होंने कहा, रूस को भारी कीमत चुकानी पड़ी है। हालांकि, रूसी बल लुहांस्क प्रांत पर पूर्ण नियंत्रण हासिल नहीं कर सके हैं।

खारकीव के गवर्नर ने बुधवार को सोशल मीडिया पर कहा कि रूसी बलों ने मंगलवार रात को खारकीव पर मिसाइल दागीं। उन्होंने कहा कि शहर के तीन जिलों को निशाना बनाया गया और इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक बच्चे समेत तीन लोग घायल हुए। इस बीच, दोनेत्स्क में अलगाववादी समर्थक अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि पिछले 24 घंटे के दौरान यूक्रेन द्वारा की गई बमबारी के चलते चार लोगों की मौत हो गई जबकि 14 अन्य घायल हो गए।

## यूरोपीय संघ को बंद हो सकती है रूस से होने वाले गैस आपूर्ति

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन ने बुधवार को कहा कि 27 देशों वाले यूरोपीय संघ को यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध के चलते रूस से प्राप्त होने वाली गैस की आपूर्ति पूरी तरह बंद होने के लिए तैयार रहना चाहिए। ईयू ने पहले से ही रूस पर, ऊर्जा आपूर्ति समेत कई प्रतिबंध लगाए हैं और वह क्रेमलिन नियंत्रित वस्तुओं की आपूर्ति से खुद को दूर कर रहा है लेकिन वॉन डेर लेयन ने कहा कि संगठन के सदस्य देशों को मास्को से झटके के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में ईयू विधायिका में कहा, हमें गैस की आपूर्ति रुकने की तैयारी अभी करनी चाहिए। रूस से प्राप्त होने वाली गैस की आपूर्ति पूरी तरह बंद हो सकती है।

## जिहादियों ने जेल पर किया हमला, करीब 600 कैदी भागे

**अबुजा।** नाइजीरिया की राजधानी अबुजा में जेल पर जिहादियों ने हमला कर दिया, जिसके बाद करीब 600 कैदी भाग गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने इस घटना के लिए इस्लामी चरमपंथी विद्रोहियों को जिम्मेदार ठहराया है। अधिकारियों ने बताया कि जेल से भागे करीब 300 कैदियों को पकड़ लिया गया है। नाइजीरिया के गृह मंत्रालय के स्थाई सचिव शुऐब बेलगोर के मुताबिक विद्रोहियों ने मंगलवार रात को अबुजा में कुजे जेल पर हमला कर ड्यूटी पर मौजूद एक सुरक्षा प्रहरी की हत्या कर दी। अबुजा के कुजे इलाके में रात करीब 10 बजे गोली चलने की आवाज सुनी गई। हमलावरों ने विस्फोट कर जेल में घुसने के लिए रास्ता बनाया। जेल पर हमला करने वाले इस्लामी चरमपंथी देश के उत्तर-पूर्व हिस्से में एक दशक से अधिक समय से चरमपंथी गतिविधियों में संलिप्त हैं। बेलगोर ने कहा, हमारा मानना है कि वे बोको हराम हैं।

## बलूचिस्तान प्रांत में बारिश के बाद आयी बाढ़ से 25 लोगों की मौत

भाषा। कराची

**पाकिस्तान** के बलूचिस्तान प्रांत में बुधवार को मूसलाधार बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ के कारण एक ही परिवार की छह महिलाओं सहित कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जिसके बाद अधिकारियों को क्वेटा जिले में आपात स्थिति की घोषणा करनी पड़ी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के महानिदेशक नसीर अहमद नासर ने कहा कि सभी मौतें बलूचिस्तान के विभिन्न हिस्सों में बारिश से संबंधित घटनाओं के कारण हुईं। उन्होंने कहा, मूसलाधार बारिश में कई लोगों के घायल होने की घटनाएं भी हुई हैं। पीडीएमए के अनुसार, इस बात की आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि बलूचिस्तान प्रांत के दूरदराज के इलाकों में अचानक आई बाढ़ के कारण कई लोग अभी भी लापता हैं।

नासर ने कहा कि क्वेटा जिले में 300 से अधिक कच्चे मकानों को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने कहा कि जान गंवाने वालों में क्वेटा में एक ही परिवार की छह महिलाएं शामिल हैं। बारिश और तेज हवाओं के कारण उनके अस्थाई घर की दीवार गिरने से उनकी मौत हो गई। डॉन अखबार ने अपनी खबर में परिवार के हवाले से कहा कि दो घायल महिलाओं की मौत इसलिए हुई क्योंकि उन्हें अस्पताल ले जाने की कोई व्यवस्था नहीं थी। क्वेटा के बाहरी इलाके में मकान ढहने से तीन महिलाओं और चार बच्चों की भी मौत हो गई। बलूचिस्तान सरकार ने क्वेटा जिले में आपातकाल घोषित कर दिया है। बलूचिस्तान प्रांत के कई जिलों में पिछले 24 घंटों में तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हुई है। अधिकारियों ने कहा कि क्वेटा में गहरे तालाब में डूबने के कारण जान गंवाने वालीं दो लड़कियों के शव मंगलवार रात भोसा मंडी इलाके से बरामद किए गए।

## माली में संयुक्त राष्ट्र के दो शांतिरक्षकों की मौत

**संयुक्त राष्ट्र।** मध्य माली में मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के एक बख्तरबंद वाहन के एक बारूदी सुरंग की चपेट में आने से मिस्र के दो शांतिरक्षकों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पश्चिम अफ्रीकी राष्ट्र में संयुक्त राष्ट्र मिशन को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बताया कि 2022 के पहले छह महीने में माली में संयुक्त राष्ट्र के 10 शांतिरक्षक मारे गए हैं। उन्होंने कहा बताया कि मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र का एक बख्तरबंद वाहन सहारा के उत्तर-मध्य नखलिस्तान शहर टेसालिट से मध्य शहर गाओ जा रहा था, तभी रास्ते में वह बारूदी सुरंग की चपेट में आ गया। दुजारिक ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने तुरंत अतिरिक्त बल को मदद के लिए मौके पर भेजा और घायलों को वहां से निकाला गया। संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन ने हमले की कड़ी निंदा की, जिसे अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत युद्ध अपराध भी माना जा सकता है।

## आगा खां संग्रहालय ने हटाई वृत्तचित्र काली की प्रस्तुति, हिंदुओं के आहत होने पर खेद जताया

भाषा। टोरंटो

**आगा खान** संग्रहालय ने कहा है कि वह हिंदू समुदाय की भावनाओं के आहत होने पर गहरा खेदै व्यक्त करता है और उसने विवादित फिल्म की सभी आपत्तिजनक सामग्री हटाने के भारतीय मिशन के आग्रह के बाद वृत्तचित्र काली की प्रस्तुति को हटा दिया है। टोरंटो निवासी फिल्म निर्माता लीना मणिमेकलई ने शनिवार को ट्विटर पर अपने वृत्तचित्र काली का पोस्टर साझा किया था, जिसमें देवी काली को धूम्रपान करते और हाथ में एलजीबीटीक्यू का झंडा पकड़े दर्शाया गया था। इस पोस्टर के बाद हैशटैग अरेस्ट लीना मणिमेकलई के साथ सोशल मीडिया पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई। आरोप लगाया गया कि फिल्म निर्माता ने धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। गौ महासभा नाम के एक समूह के एक सदस्य ने कहा कि उन्होंने दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

ट्विटर पर मचे हंगामे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, संग्रहालय ने एक बयान में कहा कि उसे गहरा खेद है कि अनजाने में हिंदू और अन्य धार्मिक समुदायों के सदस्यों की भावनाओं को ठेस पहुंची। मंगलवार को बयान में कहा गया, टोरंटो मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी विविध जातीय और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के छात्रों के कार्यों को एक साथ लेकर आई, प्रत्एक छात्र अंडर द टेंट परियोजना के लिए कनाडाई बहुसंस्कृतिवाद के हिस्से के रूप में अपनी व्यक्तिगत भावना तलाश कर रहा है। संग्रहालय ने कहा, टोरंटो मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी की परियोजना प्रस्तुति आगा खान संग्रहालय में दो जुलाई, 2022 को संग्रहालय के मिशन के संदर्भ में कला के माध्यम से अंतर-सांस्कृतिक समझ और संवाद को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई थी। विविध धार्मिक अभिव्यक्तियों और आस्था समुदायों का सम्मान उस मिशन का एक अभिन्न अंग है तथा प्रस्तुति अब संग्रहालय में नहीं दिखाई जा रही है। इसमें कहा गया है, संग्रहालय को गहरा खेद है कि अंडर द टेंट के 18 लघु वीडियो में से एक और इसके साथ सोशल मीडिया पोस्ट ने अनजाने में हिंदू और अन्य धार्मिक समुदायों के सदस्यों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। संग्रहालय की प्रतिक्रिया ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग द्वारा सोमवार को यह कहे जाने के बाद आई कि उसे कनाडा में हिंदू समुदाय के नेताओं से शिकायत मिली है कि टोरंटो में आगा खान संग्रहालय में अंडर द टेंट परियोजना के तहत फिल्म के पोस्टर में हिंदू देवी-देवताओं का अपमानजनक चित्रणै किया गया है।

## ब्रिटेन के पीएम ने नए वित्त मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री की नियुक्ति की

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने शिक्षा मंत्री दिम जहावी को नया वित्त मंत्री नियुक्त किया और साथ ही घोषणा की कि स्टीव बार्कले देश के नए स्वास्थ्य मंत्री होंगे। जॉनसन सरकार को बड़ा एक बड़ा झटका देते हुए वित्त मंत्री ऋषि सुनक और स्वास्थ्य मंत्री साजिद जावेद ने मंगलवार को अपने-अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा था कि उन्हें अब प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर भरोसा नहीं है और वे घोटालों में घिरी सरकार के लिए काम नहीं कर सकते। पाकिस्तानी मूल के ब्रिटेन के नागरिक साजिद जाविद और भारतवंशी ब्रिटिश मंत्री सुनक ने मंगलवार को कुछ ही मिनट के अंतराल पर ट्विटर पर अपना इस्तीफा साझा किया। दोनों मंत्रियों ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है, जब हाल ही में एक पूर्व नौकरशाह ने निलंबित सांसद क्रिस पिंचर के खिलाफ आरोपों से निपटने के डाउनिंग स्ट्रीट के तरीके को लेकर टिप्पणी की थी, जिससे विवाद खड़ा हो गया था।

## लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमण्यम को यूएनएमआईएसएस का नया फोर्स कमांडर नियुक्त किया गुतारेस ने

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल मोहन सुब्रमण्यम को दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन (यूएनएमआईएसएस) का अपना नया फोर्स कमांडर नियुक्त किया है। वह भारतीय सेना से ही नाता रखने वाले लेफ्टिनेंट जनरल शैलेश तिनाइकर की जगह लेंगे। एजेंसी से मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया, यूएनएमआईएसएस फोर्स कमांडर के रूप में उनके (तिनाइकर के) अथक समर्पण, अमूल्य सेवा और प्रभावी नेतृत्व के लिए महासचिव उनके आभारी हैं। लेफ्टिनेंट जनरल शैलेश तिनाइकर को गुतारेस ने मई 2019 में यूएनएमआईएसएस का फोर्स कमांडर नियुक्त किया था। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमण्यम ने 36 वर्ष तक भारतीय सेना में सेवाएं दीं। हाल ही में, उन्होंने मध्य भारत में मिलिट्री रीज़न (ऑपरेशनल एंड लॉजिस्टिक रेडीनेस ज़ोन) के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में अपनी सेवाएं दीं। इससे पहले, उन्होंने 2019 से 2021 तक रक्षा मंत्रालय (सेना) के एकीकृत मुख्यालय में खरीद एवं उपकरण प्रबंधन के लिए अतिरिक्त महानिदेशक और 2018 से 2019 तक स्ट्राइक इन्फेंट्री डिवीज़न में डिप्टी जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में कार्य किया। 2015 से 2016 तक इन्फेंट्री डिवीज़न के डिप्टी जनरल ऑफिसर कमांडिंग और 2013 से 2014 तक माउंटेन ब्रिगेड के कमांडर के रूप में भी उन्होंने अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने 2008 से 2012 के बीच वियतनाम, लाओस और कंबोडिया में भारत के रक्षा प्रभारी के रूप में और 2000 में सिएरा लियोन में संयुक्त राष्ट्र मिशन के साथ एक स्टाफ ऑफिसर के रूप में कार्य किया था। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमण्यम के पास रक्षा एवं प्रबंधन अध्ययन और सामाजिक विज्ञान में मास्टर ऑफ फिलॉसफी की डिग्री है। गौरतलब है कि भारत, संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में सबसे अधिक योगदान देने वाले देशों में से एक है। दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन में नवंबर 2021 तक 17,982 कर्मी तैनात थे।

## ओपेक के महासचिव मोहम्मद बरकिंडों का निधन

**अबुजा।** पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) के महासचिव मोहम्मद बरकिंडो का निधन हो गया है। नाइजीरियाई अधिकारियों ने बुधवार को इसकी घोषणा की। नाइजीरिया के पेट्रोलियम मंत्रालय के प्रवक्ता ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि ओपेक के महासचिव बरकिंडो का मंगलवार देर रात निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे। वियना स्थित ओपेक ने उनके निधन पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। नाइजीरिया की नेशनल पेट्रोलियम कंपनी लि. के प्रबंध निदेशक मेले क्यारी ने बरकिंडो की मौत की खबर को ट्वीट किया। उन्होंने कहा, बरकिंडो की मृत्यु उनके परिवार, सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनएनपीसी, हमारे देश नाइजीरिया, ओपेक और वैश्विक ऊर्जा समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है।

## जीएसटी नियमों में प्रक्रियागत बदलाव अधिसूचित गलत तरीके से आईटीसी लेने पर लगेगा ब्याज

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के नियमों में कुछ प्रक्रियागत बदलाव किए हैं। इसमें इनपुट टैक्स क्रेडिट का गलत तरीके से उपयोग पर ब्याज लगाना और वित्त वर्ष 2021-22 के लिए सालाना रिटर्न भरने को लेकर कारोबार की सीमा बढ़ाना शामिल हैं। जीएसटी परिषद ने पिछले सप्ताह बैठक में इन बदलावों पर विचार-विमर्श किया था। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमाशुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने जो संशोधन अधिसूचित किए हैं, उनके अनुसार कंपनियों को आईएमपीएस (तत्काल भुगतान सेवा) और यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) जैसी भुगतान प्रणाली के जरिए जीएसटीएन पोर्टल पर कर भुगतान करने की अनुमति दी गई है।

नए नियमों के मुताबिक, 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष में जिन इकाइयों का सालाना कारोबार दो करोड़ रुपए तक है उन्हें 2021-22 के लिए वार्षिक रिटर्न भरने से छूट दी गई है। संशोधन में यह भी स्पष्ट किया गया है कि गलत तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लेने पर ब्याज तभी लगेगा जब प्राप्त राशि का उपयोग किया गया है। वित्त विधेयक में गलत तरीके से आईटीसी लेने और उसके उपयोग पर ब्याज वसूलने का प्रावधान किया गया था। प्रावधान पांच जुलाई से अमल में आएगा और पूर्व तिथि एक जुलाई, 2017 यानी जीएसटी लागू होने के दिन यह क्रियान्वित होगा। डेलॉयट इंडिया के भागीदार महेश जय सिंह (अप्रत्यक्ष कर मामलों के प्रमुख) ने कहा कि अधिसूचना के तहत धारा 50 (3) में पिछली तिथि से संशोधन किया गया। इसके जरिए स्पष्ट किया गया है कि गलत तरीके से आईटीसी लेने पर ब्याज तभी लगेगा, जब प्राप्त राशि का उपयोग हुआ हो।

केपीएमजी इंडिया के भागीदार (अप्रत्यक्ष कर प्रमुख) अभिषेक जैन ने कहा कि इन बदलावों से छोटे कारोबारियों को अनुपालन में मदद मिलेगी। इसके अलावा दो करोड़ रुपए से कम के कारोबार वाले करदाताओं का बोझ भी कम होगा।

एएमआरजी एंड एसोसिएट्स में वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा कि जो अन्य महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं उनमें वित्त वर्ष 2017-18 के ऑर्डर जारी करने के लिए जीएसटी अधिनियम की धारा 73 (कर का निर्धारण) के तहत दी गई समयसीमा में विस्तार भी शामिल है। अब यह समयसीमा 30 सितंबर, 2023 है। हालांकि किसी अन्य वित्त वर्ष के लिए समयसीमा नहीं बढ़ाई गई है। इन बदलावों को जीएसटी परिषद ने 28-29 जून को हुई बैठक में मंजूरी दी थी।

## सेंसेक्स 617 अंक चढ़ा निफ्टी 16,000 अंक के पास

भाषा। मुंबई

**स्थानीय** शेयर बाजार में बुधवार को तेजी रही और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी एक प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, वित्तीय और वाहन शेयरों में लिवाली के साथ लंबे समय बाद विदेशी संस्थागत निवेशक शुद्ध खरीदार रहे जिससे बाजार की तेजी को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 616.62 अंक यानी 1.16 प्रतिशत उछलकर 53,750.97 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 684.96 अंक यानी 1.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 53,819.31 अंक तक पहुंचा था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 178.95 अंक यानी 1.13 प्रतिशत के लाभ के साथ 15,989.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, टाइटन, मारुति सुजुकी इंडिया, कोटक महिंद्रा बैंक और नेस्ले प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावरग्रिड, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो तथा टाटा स्टील शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि कच्चे तेल के दाम में नरमी, एफआईआई की लिवाली तथा बैंकों के मजबूत कारोबारी आंकड़ों से घरेलू शेयर बाजार में तेजी आई। नायर ने कहा कि कच्चे तेल का दाम मंगलवार को करीब 10 प्रतिशत नीचे आ गया। इससे खपत, रसायन, लॉजिस्टिक और तेल विपणन कंपनियों के शेयरों में लिवाली बढ़ी, क्योंकि इससे इन क्षेत्रों पर लागत बोझ कम होगा। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप क्रमश: 1.76 प्रतिशत और 0.94 प्रतिशत मजबूत हुए। हेम सिक्योरिटीज के प्रमुख (पीएमएस) मोहित निगम ने कहा, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर उपलब्ध शुरुआती आंकड़ों के अनुसार एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) पांच जुलाई को शुद्ध खरीदार रहे। उन्होंने ।,295.84 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहे। हालांकि, यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख रहा।

## वित्त मंत्रालय ने कच्चे कपास के आयात पर सीमा शुल्क छूट की समय सीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने कच्चे कपास के आयात पर सीमा शुल्क की छूट को 31 अक्टूबर तक एक महीने के लिए बढ़ा दिया है। मंत्रालय ने 14 अप्रैल को घरेलू बाजार में कपास की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए इसके आयात पर 30 सितंबर, 2022 तक आयात शुल्क और कृषि अवसंरचना विकास उपकर (एआईडीसी) की छूट दी थी। मंत्रालय ने चार जुलाई की अधिसूचना में इसे 31 अक्टूबर, 2022 तक बढ़ा दिया है। कपास और सूती धागे की कीमतों में तेजी के बीच कपड़ा मंत्रालय शुल्क माफी को सितंबर से आगे बढ़ाने पर जोर दे रहा था। उद्योग जगत भी कपास के शुल्क मुक्त आयात की समयसीमा के विस्तार की मांग कर रहा था। 14 अप्रैल से पहले कच्चे कपास के आयात पर पांच प्रतिशत मूल सीमा शुल्क और पांच प्रतिशत एआईडीसी शुल्क लगता था। शुल्क में छूट से वस्त्र श्रृंखला- धागे, कपड़े, परिधान और तैयार वस्त्र- को फायदा होगा और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। कपास की कीमतें फरवरी, 2021 के 44,500 रुपए प्रति कैंडी से बढ़कर मार्च, 2022 में 90,000 रुपए प्रति कैंडी हो गई हैं।

## बाजार के प्रतिस्पर्धी बनने तक न्यूनतम समर्थन मूल्य जरूरी: नीति आयोग सदस्य

भाषा। नई दिल्ली

**नीति** आयोग के सदस्य रमेश चंद ने बुधवार को कहा कि कृषि फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) व्यवस्था तब तक जारी रहना चाहिए जब तक कि बाजार प्रतिस्पर्धी और कुशल न हो जाए, लेकिन इसे खरीद के अलावा अन्य किसी माध्यम से दिया जाना चाहिए। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और इक्रियर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कृषि बाजारों को दुरुस्त करना विषय पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए - चंद ने कहा, किसानों को एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) देने का एक उपाय मूल्य अंतर का भुगतान पेमेंट (डीपीपी) है। लेकिन उन्होंने आगाह किया कि एक बार क्रियान्वयन में आने के बाद डीपीपी को बंद नहीं किया जा सकता। डीपीपी में चुनिंदा फसलों पर किसानों को एमएसपी और संबंधित फसल के बाजार मूल्य के अंतर का भुगतान किया जाता है।

उन्होंने कहा कि डीपीपी को मध्य प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में लागू किया गया है। एमएसपी न्यूनतम मूल्य है जिसपर सरकार खरीद करती है। एमएसपी का निर्धारण 22-23 फसलों के लिए किया जाता है। चावल और गेहूं बड़े पैमाने पर सरकार द्वारा खरीदी जाने वाली फसलें हैं। उन्होंने कहा, कुछ मामलों में कीमतों में उतार-चढ़ाव और बाजार में इसकी बहुतायत होने की स्थिति में एमएसपी उचित होता है। मुझे लगता है कि महत्वपूर्ण यह है कि हम किसानों को एमएसपी कैसे देते हैं। ... एमएसपी तबतक होना चाहिए जबतक बाजार प्रतिस्पर्धी और कुशल नहीं हैं। लेकिन एमएसपी खरीद के अलावा अन्य माध्यमों से दिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि एमएसपी को डीपीपी पद्धति के माध्यम से दिया जा सकता है लेकिन इसे लागू करने के बाद इसे रोका नहीं जा सकता है। चंद ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसपर विस्तृत प्रस्तुति दी है। उन्होंने यह भी अनुमान लगाया है कि खुले बाजार मूल्य और एमएसपी के बीच का अंतर लगभग 12-15 प्रतिशत का होता है। उन्होंने कहा कि एमएसपी को डीपीपी पद्धति के माध्यम से दिया जा सकता है लेकिन इसे लागू करने के बाद इसे रोका नहीं जा सकता है। चंद ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसपर विस्तृत प्रस्तुति दी है।नीति आयोग के सदस्य ने यह भी कहा कि कृषि के संबद्ध क्षेत्र मत्स्य, डेयरी और पशुपालन में सरकारी हस्तक्षेप न्यूनतम है। ए क्षेत्र तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में मत्स्य पालन में 10 प्रतिशत की वृद्धि दर देखी गई है। इसी तरह डेयरी और पशुधन क्षेत्र ने बेहतर प्रदर्शन किया है। कृषि फसलों में गैर-एमएसपी फसलें और बागवानी फसलें दूसरों की तुलना में बहुत तेजी से बढ़ी हैं।

उन्होंने कहा, इसे देखते हुए भविष्य में जो संभावना बनती दिख रही है, वह सरकारी फसलें (एमएसपी-निर्धारित फसलें) बनाम बाजारी (वाणिज्यिक) फसलों की होगी। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट बाजारी फसलों में नवाचार व खोजों में रुचि दिखा रहे हैं। एमएसपी देने की डीपीपी पद्धति पर चंद के विचार का विरोध करते हुए पूर्व कृषि सचिव आशीष बहुगुणा ने कहा, मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि खुले बाजार मूल्य और एमएसपी के बीच 15-20 प्रतिशत का अंतर है। आपने खेत पर कीमतों को ध्यान में नहीं रखा है। एमएसपी समाधान नहीं हो सकता।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने की सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री से मुलाकात

भाषा। सिंगापुर

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को यहां सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री लॉरेंस वोंग सहित दो प्रमुख नेताओं से मुलाकात की तथा वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक स्थिति पर विचार-विमर्श किया। इसके साथ ही उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने तथा इसे अगले स्तर तक ले जाने के तरीकों की भी चर्चा की।जयशंकर जी20 विदेश मंत्रियों की सात और आठ जुलाई को बाली में आयोजित बैठक में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया जाने के दौरान सिंगापुर में रुके थे। जयशंकर ने ट्वीट कर कहा, सिंगापुर में उप प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री लॉरेंस वोंग से मिलकर प्रसन्नता हुई। हमारी द्विपक्षीय साझेदारी को अगले स्तर तक ले जाने को लेकर अच्छी चर्चा हुई। वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक स्थिति पर भी विचार-विमर्श हुआ। वहीं जयशंकर के साथ मुलाकात करने के बाद वोंग ने ट्वीट कर कहा, भारत और सिंगापुर लंबे समय से घनिष्ठ मित्र हैं, दोनों देशों के कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण संबंध हैं। इसलिए आज सुबह भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर के साथ द्विपक्षीय सहयोग और व्यापक भू-राजनीतिक घटनाक्रम के संबंध में चर्चा करना अच्छा लगा। जयशंकर ने सिंगापुर के रक्षा मंत्री एनजी इंग हेन से भी भेंट की। उन्होंने ट्वीट किया, सिंगापुर के रक्षा मंत्री एनजी इंग हेन को आज दोपहर मेरी मेजबानी करने के लिए धन्यवाद। उनकी अंतर्दृष्टि और दृष्टिकोण से हमेशा फायदा होता है। वहीं हेन ने ट्वीट कर कहा, भारत के विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर के साथ दोपहर का भोजन कर प्रसन्नता हुई। दोनों देशों और क्षेत्र के लिए स्थिरता प्राप्त करने की खातिर हमारी बातचीत से हमेशा की तरह, मुझे ज्ञान के मोती मिलते हैं। दोनों देशों के आर्थिक और तकनीकी संबंध व्यापक हैं और इनमें लगातार वृद्धि हो रही है। भारत के कुल व्यापार में 3.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ 2020-21 में सिंगापुर भारत का छठा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है। दोनों देशों का 2021-22 (अप्रैल-सितंबर 2021) में द्विपक्षीय व्यापार 14.2 अरब अमेरिकी डॉलर था। जी20 एक प्रमुख समूह है जिससे दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं जुड़ी हुई हैं। वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा इस समूह के सदस्यों का है तो वहीं वैश्विक व्यापार में 75 प्रतिशत हिस्सेदारी इनकी है और विश्व की कुल आबादी का 60 प्रतिशत हिस्सा इन देशों में हैं।

## आरबीआई ने विदेशी मुद्रा प्रवाह से जुड़े मानकों को उदार बनाया

भाषा। मुंबई

**अमेरिकी** डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत में आ रही गिरावट के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विदेशी मुद्रा की आवक बढ़ाने के लिए बुधवार को संबंधित मानकों को उदार बनाने के साथ ही ईसीबी (विदेशों से वाणिज्यिक उधारी) मार्ग के तहत उधारी सीमा दोगुनी कर दी। आरबीआई ने अपने एक बयान में कहा कि वह विदेशी मुद्रा बाजार में तरलता की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। मौजूदा समय में डॉलर की तंगी को दूर करने के लिए अपने सभी खंडों में जरूरत पड़ने पर उसने दखल दिया है। यह कदम बाजार के व्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। रिजर्व बैंक ने यह कदम चालू वित्त वर्ष में अब तक डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत में आ चुकी 4.1 प्रतिशत की गिरावट को देखते हुए उठाया है। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से बढ़े भू-राजनीतिक तनाव ने डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति कमजोर कर दी है। आरबीआई ने कहा, विदेशी मुद्रा बाजार में व्याप्त अस्थिरता कम करने और वैश्विक आघात को झेलने के लिए विदेशी मुद्रा वित्त पोषण के स्रोतों के विस्तार और विविधिकृत करने के लिए पांच कदम उठाने का फैसला लिया गया है। इन कदमों में ऋण बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के निवेश मानकों को सरल करना और स्वचालित मार्ग से ईसीबी) सीमा को 75 करोड़ डॉलर से बढ़ाकर 1.5 अरब डॉलर करना शामिल है।

### पंजीकरण एजेंसियों को साइबर हमले की सूचना छह घंटे में देनी होगी : सेबी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने केवाईसी पंजीकरण एजेंसियो (केआरए) को सभी प्रकार केसाइबर हमलो, खतरों और उल्लंघनों की सूचना इनका पता लगने के छह घंटे के अंदर देने को कहा है। सेबी के मंगलवार को जारी परिपत्र के अनुसार, इस तरह के मामलो की जानकारी भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) को भी सीईआरटी-इन द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशो के तहत देनी होगी। इसके अलावा केआरए को इस तरह के मामलो के बारे मे राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना संरक्षण केंद्र (एनसीआईआईपीसी) को भी सूचित करना होगा। नियामक ने कहा, सभी साइबर हमलों, खतरों और उल्लंघनों के बारे में केआरए को छह घंटे में सूचित करना होगा। शेयर ब्रोकरों तथा डिपॉजिटरी भागीदारो को तिमाही रिपोर्ट मे साइबर हमलो, जोखिमो और उल्लंघनो की जानकारी देनी होगी और यह बताना होगा कि इससे निपटने के क्या उपाय किए गए। यह रिपोर्ट सेबी को प्रत्एक तिमाही के समाप्त होने के 15 दिन के अंदर देनी होगी। सेबी के पास यह सूचना एक ई-मेल आईडी के जरिए दी जाएगी। नियामक ने पिछले महीने शेयर ब्रोकरो और डिपॉजिटरी भागीदारो के लिए भी इसी तरह के निर्देश जारी किए थे।

# ये है सचिवों के तबादले की सच्चाई!

**बस्ती।** कोई साल ऐसा नहीं जाता जब सेक्रेटरियों के तबादले के मामले में विवाद न हुआ हो। ऐसा लगता है, कि अधिकारी तबादले को विवादरहित बनाना नहीं चाहते। भले ही सरकार तबादले वाली नीति को पारदर्शी बनाना चाहती है, मगर स्थानीय स्तर पर सरकार की नीति सफल नहीं हो पा रही है। इसके पीछे पारदर्शी व्यवस्था का न होना और जनप्रतिनिधियों की दखंदाजी का होना सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है। पिछले साल भी मानक से अधिक मनमाने तरीके से तबादले किए गए थे, और इस साल भी ऐसा हुआ, पिछले साल तो डीएम ने तबादले को स्थगित कर दिया था, इस बार देखना है, कि क्या होता है। मानक से अधिक तबादला करने की बात को समझ में नहीं आ रहा हैं, जबकि स्पष्ट आदेश है, और अधिकारी भी यही कहते हैं, कि 10 फीसद से अधिक लोगों का तबादला नहीं होगा, और दस फीसद में उन्हीं को पहले लिया जाएगा, जो तीन साल से अधिक तैनात रहें। तो फिर क्यों और किस कारण से मानक से अधिक तबादले किए जाते हैं, और क्यों ऐसे सेक्रेटरियों का तबादला नहीं किया जो एक ही ब्लॉक में गणेश परिक्रमाकर 20 से 22 साल तक जमे हुए हैं? और क्यों ऐसे का तबादला कर दिया जाता है, जिसको दूसरे मंडल से आए अभी पांच माह भी नहीं बीता। इसे लेकर काफी प्रतिकियाएं हो रही है, और तरह-तरह के आरोप लगाए जा रहे है। भाजपा



**●मुख्यमंत्री तक से की गई मनमानी की शिकायत, अधिकतर सचिवों ने जताया रोष●सेक्रेट्रियों के तबादले में जमकर हुई मनमानी, 20 साल से जमे हैं, हटे नहीं और पांच माह वाले का हो गया ट्रांसफर●दस फीसद मानक से अधिक तबादला करने का लगा आरोप●तबादले में बीडीओ ब्लॉक प्रमुखों और प्रधानों के हितों का रखा गया खास ख्याल**

नेता चंद्रेष प्रताप सिंह ने आरोप लगाते हुए सीएम को पत्र लिखा हैं, कि सेक्रेटरियों के तबादले में मनमानी की गई, जिसे चाहा उसका कर दिया, और जिसे नहीं उसे छूआ तक नहीं, भले ही चाहें वह 20-22 साल एक ही ब्लॉक पर रहा हो।सबसे अधिक चर्चा का विषय अयोध्या मंडल से तबादला होकर आए और कुदरहा ब्लॉक में कार्यरत् प्रभारी एडीओ एवं सेक्रेटरी राजेष कुमार पांडेय और इसी ब्लॉक के सत्येंद्र चौधरी, सल्टौआ के चर्चित महेंद्र यादव, विक्रमजोत में तैनात शैलेंद्र त्रिपाठी, रणविजय सिंह, रामनगर में तैनात मंजू सिंह, रुधौली में तैनाम राजबहादुर चौधरी, पंकज सिंह, राम दरष और अवधेष कुमार राव का नाम शामिल है। इनमें सबसे अधिक कुदरहा ब्लॉक के प्रभारी एडीओ एवं सेक्रेटरी राजेश कुमार पांडेय का रहा है। इन्हें आए हुए मा् पांच माह भी नहीं बीता होगा कि इनका तबादला कर दिया गया, यह अभी ब्लॉक और अपने गांव को पूरी तरह समझ भी नहीं पाए थे, कि इनके हाथ में 'लवलेटर' थमा दिया गया। वहीं पर कई दागी जो गणेष परिक्रमा करके सालों से जमे हुएं हैं, उन्हें छुआ तक नहीं गया। इस तबादले के बाद एक रोचक मामला सामने आया। रुधौली ब्लॉक में तैनात आरबी चौधरी के बारे में है। बता दे कि प्रदेष के षायद यह पहले सेक्रेटरी होगें, तो इसी ब्लॉक में दो साल तक बीडीओ के पद पर रहे। इनका डिमोषन हुआ। बताया जाता है, कि 2010 या फिर 2011 में यह बीडीओ रहे। तभी से यह कभी बीडीओ तो कभी सेक्रेट्री बनकर नौकरी कर रहे हैं। दूसरा चर्चित नाम सल्टौआ ब्लॉक के महेंद्र यादव का है। यह वही सेंक्रेटरी हैं, जिनपर लगभग षौचालय का लगभग 75 लाख के दुरुपयोग करने का आरोप हैं, और इन्होंने पिछले छह माह से स्पष्टीकरण का जबाव ही नहीं दिया। रामनगर ब्लॉक की मंजू सिंह का नाम भी सामने आ रहा है। यह पिछले आठ-नौ साल से जमी हुई है। अब जरा खेल देखिए। जगब भी किसी चर्चित सेक्रेटरी का मजबूरी में तबादला करना होता है, तो दिखाने के लिए उसका कर दिया जाता है, फिर किसी न किसी बहाने उसकी वापसी दो से तीन माह में हो जाती है। इस तरह के सेक्रेटरी सबको पंसद आते है। इनकी कार्यशैली ऐसी होती है, कि कोई भी प्रमुख इन्हें अपने ब्लॉक से जाने देना नहीं चाहते। अब जरा तबादले के मानक पर नजर डाल दीजिए। देखा जाए तो ग्राम पंचायत अधिकारियों का मुस्किल से 10 फीसद के मानक के अनुसार नौ सेक्रेटरियों का तबादला होना चाहिए था, मगर हुआ 19 का। पिछले साल तो 10 फीसद के स्थान पर 33 फीसद तबादला कर दिया गया था, और जाते-जाते डीपीआरओ अपनी जेबें भर कर गए। हांलाकि वर्तमान डीपीआरओ यह मौका ही नहीं मिला और जिस दिन तबादले की सूची बननी थी, और डीएम के पास अनुमादन को जाना था, उसी दिन उनका उस समय रास्ते में गैरजनपद तबादला हो गया, जब वह सूचना आयुक्त के व्यक्तिगत पेषी गए थे, और बस्ती लौट रहे थे।

# हाईकोर्ट ने गोकशी में आपराधिक मामला रद करने से इनकार किया

भाषा। प्रयागराज



**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने गोकशी के चार आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया है। इन आरोपियों में एक सरकारी अध्यापक, एक मदरसा अध्यापक और दो अन्य लोग शामिल हैं जिनके कब्जे से गाय का मांस और 16 पशु बरामद किए गए। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि प्राथमिकी पर गौर करने से प्रथम दृष्टया याचिकाकर्ताओं के खिलाफ संज्ञेय अपराध बनता है, और इस तरह से उनके खिलाफ इस मामले को रद्द करने का कोई मामला नहीं बनता। इन आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153-ए, 420, 429, 188, 269, 270, 273, गो वध निषेध कानून की धारा 31518 और पशु क्रूरता रोधी कानून की धारा 11 और पर्यावरण संरक्षण कानून की धारा 718 के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसमें 29 मई, 2020 को आरोप पत्र दाखिल किया गया और इसका मुकदमा मऊ के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में लंबित है।

इन चार आरोपियों में से एक आरोपी सरकारी अध्यापक है, जबकि दूसरा आरोपी भी मदरसा दारूल उलूम गौसिया कस्बा सलेमपुर में सहायक अध्यापक है। वहीं तीसरा आरोपी दवा की दुकान चलाता है और चौथा आरोपी हाफिज कुरान है। याचिकाकर्ता के वकील ने सोमवार को अदालत में दलील दी कि फोरेंसिक जांच रिपोर्ट में यह खुलासा नहीं किया गया है कि जो नमूना विश्लेषण के लिए भेजा गया था, वह गाय का था। इसलिए गोकशी निरोधक कानून के तहत कोई मामला नहीं बनता। वहीं राज्य सरकार के वकील ने कहा कि वह एफआईआर एक विस्तृत रिपोर्ट है जिसमें यह उल्लेख है कि 16 जीवित पशुओं के अलावा दो क्विंटल गाय का मांस कथित तौर पर 10 लोगों के पास से बरामद किया गया जिनमें ए याचिकाकर्ता भी शामिल थे। अदालत ने परवेज अहमद और तीन अन्य लोगों द्वारा दायर याचिका खारिज करते हुए कहा, मौजूदा मामले में याचिकाकर्ताओं ने एफएसएल की रिपोर्ट को आधार बनाकर अपना बचाव करने की कोशिश की, लेकिन प्राथमिकी में ना केवल गाय के मांस की बरामदगी का उल्लेख है, बल्कि 16 जीवित पशुओं की बरामदगी का भी उल्लेख है। इसलिए याचिकाकर्ताओं द्वारा बचाव के लिए पेश दलील पर निचली अदालत विचार करेगी।

## हेमा ने कहा- मथुरा को आदर्श शहर बनाने के लिए बुनियादी ढांचा सुधारें



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा से सांसद हेमा मालिनी ने बुधवार को अधिकारियों को मथुरा को एक आदर्श शहर बनाने के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार करने का निर्देश दिया। स्थानीय सांसद हेमा मालिनी ने यहां आयोजित एक बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, "यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों के मन में एक अच्छी छाप बनाने के लिए मथुरा को इंदौर की तरह स्वच्छ बनाएं" कुछ क्षेत्रों का नाम लेते हुए उन्होंने कहा, जलभराव की समस्या और पानी की कमी की समस्या से गंभीरता से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए "हर घर के नल में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें" यातायात की भीड़ को दूर करने के लिए, मथुरा की सांसद ने नगर निगम के अधिकारियों को मथुरा और वृंदावन के प्रसिद्ध मंदिरों के पास विक्रेताओं के लिए वेंडिंग जोन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया और सिटी मजिस्ट्रेट को शहर के क्षेत्रों, विशेष रूप से प्रसिद्ध मंदिरों को अतिक्रमण मुक्त रखने के निर्देश दिए।

## अग्निपथ योजना युवाओं के साथ धोखा: जयंत चौधरी

**बुलंदशहर।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रमुख चौधरी जयंत सिंह ने अग्निपथ योजना को युवाओं के साथ धोखा करार देते हुए कहा कि केंद्र सरकार किसानों से मिली हार का बदला अब उनके बच्चों से ले रही है। बुधवार को शाहनगर गांव में अग्निपथ योजना और बेरोजगारी के विरोध में आयोजित युवा पंचायत को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं को चार साल के लिए भर्ती दी जा रही है और चार साल बाद वे फिर से बेरोजगार हो जाएंगे। उन्होंने कहा, यह सोचकर कोई सेना में भर्ती नहीं होता कि उसे क्या मिलेगा,यह सोचकर भर्ती होता है कि मैं देश के लिए क्या कर सकता हूं,देश को क्या दे सकता हूं। देशप्रेम के लिए लोग फौज में जाते हैं। सेना,सेना होती है,इसे नए नए नाम क्यों दे रहे हो,यह कोई सिनेमा नहीं है।

# फर्जी दस्तावेजों के जरिए नौकरी कर रहीं नौ शिक्षिकाएं बर्खास्त

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले में फर्जी दस्तावेजों के सहारे नौकरी पाने वाली नौ शिक्षिकाओं को बर्खास्त कर दिया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बुधवार को बताया कि 16 अक्टूबर 2020 को मीरा देवी, सीमा देवी, कंचन और निधि सिंह समेत नौ शिक्षिकाओं की नियुक्ति टीईटी के दस्तावेजों के आधार पर हुई थी। ऑनलाइन सत्यापन में दस्तावेज संदिग्ध पाए जाने पर उनके वेतन भुगतान पर रोक लगा दी गई थी। उन्होंने बताया कि सत्यापन में दस्तावेज फर्जी पाए जाने पर सभी नौ शिक्षिकाओं को बर्खास्त कर ब्लाक के संबंधित थाने में मामला दर्ज कराया जा रहा है।

**घर में सो रही किशोरी की गोली मारकर हत्या:**सम्भल। बुधवार को घर में सो रही 14 साल की एक लड़की की कथित तौर पर गोली मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि रजपुरा थाना क्षेत्र के रानीगंज गांव में तड़के करीब तीन बजे लोकेश कुमार की बेटी (14) की घर में सोते समय गोली मार कर हत्या कर दी गई।

## विद्यालय में शराब पीने वाला अध्यापक निलंबित

**गोंडा।** सोशल मीडिया के माध्यम से मिली जानकारी को संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश बीएसए को दिये हैं। वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी के आदेशानुसार तत्काल प्रभाव से संबंधित अध्यापक को निलंबित कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त वीडियों में स्पष्ट रूप से देखा गया कि नगेन्द्र प्रताप सिंह प्रण्अण् प्राथमिक विद्यालय सोहास करमोहनी विकास खण्ड मुजेहना द्वारा एक अन्य व्यक्ति के साथ विद्यालय में खुलेआम बैठकर शराब पी रहा है। इसके दृष्टिगत प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर निम्न आरोपों में एतदद्वारा तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। यह भी बताया कि निलम्बन अवधि में उनको प्राथमिक विद्यालय सोहास करमोहनी विकास खण्ड मुजेहना से सम्बद्ध किया गया है। साथ ही निलम्बन अवधि में उनको वित्तीय संग्रह भाग .2 से 4 के मूल नियम .53 के प्रावधानों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि अर्द्ध वेतन पर देय अवकाश वेतन की राशि के बराबर देय होगी तथा उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि पर मंहगाई भत्ता यदि ऐसे अवकाश वेतन पर देय है भी अनुमन्य होगाए किन्तु ऐसे अध्यापक के जीवन निर्वाह के साथ कोई मंहगाई भत्ता देय नहीं होगाए जिन्हें निलम्बन से पूर्व प्राप्त वेतन के आधार पर अन्य प्रतिकर भत्ते निलम्बन की अवधि में उस भत्ते पर देय होगे ।जब इस का समाधान हो जाये कि उनके द्वारा उस मद में व्यय वास्तव में किया जा रहा हैए जिनके लिए उक्त प्रतिकर भत्ते अनुमन्य है। उन्होंने बताया है कि प्रकरण की जांच कोमल यादव खण्ड शिक्षा अधिकारीए झंझरी गोण्डा एवं उपेन्द्र त्रिपाठीए खण्ड शिक्षा अधिकारी इटियाथोक की दो सदस्सीय जांच कमेटी बनाई गई है तथा एक सप्ताह के अन्दर सम्बन्धित को आरोप पत्र निर्गत कर जांचोपरान्त संयुक्त जांच आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

# बेटी ने ही माता-पिता की हत्या की रची थी साजिश

**कानपु।** कानपुर जिले के बर्रा क्षेत्र में एक बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बुधवार को कहा कि उनकी गोद ली हुई बेटी ने प्रेमी की मदद से हत्या की साजिश रची थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बुजुर्ग दंपत्ति, मुन्ना लाल उत्तम (62) और उनकी पत्नी राज देवी (55) की बर्रा-2 में उनके घर पर उनकी ही बेटी और उसके प्रेमी ने गला काटकर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि दंपत्ति ने दो दशक पहले उस लड़की को गोद लिया था। अधिकारी ने कहा कि हत्या सरसौल में कई करोड़ रुपए की संपत्ति के पीछे की गई है, बुजुर्ग दंपत्ति अपनी बहू को जमीन का हिस्सा देना चाहते थे। पुलिस ने कहा कि लड़की आकांशा उर्फ कोमल पर उन्हें संदेह तब हुआ जब पुलिसकर्मियों ने देखा कि उसकी छोटी उंगली में चोट लगी है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस तुरंत उसे चिकित्सा सहायता के लिए ले गई और फिर उसे पुलिस थाने लाया गया जहां उससे पूछताछ की गई।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि शुरू में उसने जांच को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन बाद में गहन पूछताछ के दौरान वह टूट गई और कबूल किया कि उसके प्रेमी रोहित उत्तम ने उसके सौतेले माता-पिता की हत्या की थी। रोहित उत्तम को अब तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। गौरतलब है कि मंगलवार को दंपत्ति के शव उनके घर में पाए गए थे। दोनों का गला धारदार हथियार से काटा गया था। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में एक व्यक्ति को देखा गया था।

## हत्या के मामले में तीन भाइयों को हुई उम्रकैद

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर की एक विशेष अदालत ने बुधवार को एक दलित व्यक्ति की हत्या के मामले में तीन भाइयों को दोषी ठहराया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई।सरकारी वकील यशपाल सिंह के अनुसार, विशेष न्यायाधीश जमशेद अली ने अंब्रेश और उसके भाइयों धनपाल तथा रमेश उर्फ प्रधान को करमचंद की हत्या का दोषी ठहराया। न्यायाधीश ने दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और प्रत्एक पर 13,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। गौरतलब है कि चार अप्रैल 2011 को जिले के भोपा थाना क्षेत्र के निर्गजनी गांव में भूमि विवाद को लेकर दो गुटों के बीच हुई झड़प में करमचंद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाद में आरोपियों ने शव को नहर में फेंक दिया था।

## पंजाब जा रहे दो ट्रकों से 27 गाएं और गोवंश बरामद, पांच गिरफ्तार

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले की फरीदपुर पुलिस ने बुधवार को पंजाब जा रहे दो ट्रको में से 27 गाएं एवं गोवंश बरामद कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पांचों आरोपी पंजाब के रहने वाले हैं बरेली के देहात पुलिस अधीक्षक राज कुमार अग्रवाल ने बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। अग्रवाल ने बताया कि कैंटर से नौ गाय और तीन गोवंश जबकि ट्रक से 13 जिंदा गाय व दो मृत गाय मिली। उन्होंने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए फरीदपुर थाने में विधिक कार्यवाही की गई है। अग्रवाल ने बताया कि पंजाब के पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## पैंडुलम की तरह घूम रहे कुदरहा के बीडीओ, एक सप्ताह में तीसरा तबादला

**बस्ती।** कुदरहा के बीडीओ सुरेन्द्र प्रताप सिंह का एक सप्ताह में तीसरी बार तबादला हुआए30जून को इन्हें कुदरहा से रूधौली भेजा गया। फिर इन्हें 3 जुलाई को रूधौली से पुनः कुदरहा भेजा गया। फिर 6 जुलाई को इन्हे कुदरहा से दुबौलिया भेजा गया। इस तरह इन्हे सदर के लेखपाल जुगुल किशोर वर्मा की तरह तीन बार तबादला हुआ। अब कुदरहा की बीडीओ वर्षा वांग को बनाया गया।

## युवती क़ा अपहरण, थाना पुलिस ने नहीं क़ी सुनवाई

**फ़तेहपुर।** जहानाबाद क़स्बे क़े मोहल्ला काजीटोला निवासी मुख़्तार क़ुरैशी पुत्र अब्दुल गनी ने आज़ उप पुलिस अधीक्षक बिंदकी से सपरिवार मिलकर बकेवर थाना क्षेत्र क़े ग्राम मथुरापुर निवासी अमित रैदास पुत्र राम सजीवन रैदास, धर्मेन्द्र रैदास पुत्र कंधई व उसका भाई बिंदकी कोतवाली क्षेत्र क़े ग्राम नरैचा निवासी प्रेम पुत्रगण राज़ाराम पर आरोप लगाया कि मंगलवार 05 जून क़ो जब वह अपने परिवार क़े साथ दिन क़े 11 बज़े क़े क़रीब मज़ार सरवर सुल्तान शाह रह. अलैह में चादर चढ़ाने पत्नी, तीन पुत्रियों व एक़ पुत्र क़े साथ गए थे और जैसे ही बड़ी बेटी जोया दरगाह से उतरकर हैण्डपम्प पर हाथ धो रही थी, तभी बलात् उसका अपहरण कर लिया गया।

# मानवता के सच्चे उपासक थे डॉ. श्यामा प्रसाद-अजीत चौबे

**सोनभद्र।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती जनपद सोनभद्र के सभी बूथों पर मनाई गयी। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने जनपद मुख्यालाय स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात जिला कार्यालय पर 5 पौधा लगा कर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई तथा उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे का नारा देने वाले कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती पर हम सभी कार्यकर्ता उन्हें शत् शत् नमन करते है नमन करते हुये जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्श मूल्य व सिद्धांत हम सभी के लिए मार्गदर्शक व प्रेरणादायी है। मानवता के सच्चे उपासक तथा सिद्धांत वादी व्यक्तित्व के धनी स्व0 मुखर्जी मानव मात्र की सेवा को ही ईश्वर कि सेवा मानते थे। उन्होने आजीवन राष्ट्रहितों कि रक्षा के लिए संघर्ष किया तथा अपने अलौकिक विचारों से देशवासिंयों को एकजुट रहने कि सीख दी। कार्यक्रम में मुख्यरुप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा, धर्मवीर तिवारी, जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्य, ओमप्रकाश दूबे, ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत, जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद, कृष्णमुरारी गुप्ता, बलराम सोनी, रविन्द्र केशरी, रविप्रकाश चौबे, प्रदीप अग्रवाल, दिलिप चौबे, कैलास तिवारी, आदि उपस्थित रहे।

# छात्राओं ने ली शपथ, पॉलिथीन से अब तौबा

पायनियर समाचार सेवा।वाराणसी

**सिंगल** यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ बुधवार को भैरवनाथ स्थित श्री वल्लभ विद्यापीठ बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज के परिसर में छात्राओं के बीच पॉलिथीन का इस्तेमाल ना करने की शपथ दिलाते हुए एक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। सामाजिक संस्था सुबह-ए- बनारस क्लब एवं लक्ष्मी हॉस्पिटल के संयुक्त अभियान में लोगो को इसके खतरे के प्रति आगाह किया गया। साथ ही साथ छात्राओं के बीच जूट के बने झोला का वितरण भी किया गया। उपरोक्त अवसर पर बोलते हुए 'संस्था के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, डॉ. अशोक कुमार राय एवं कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. मुक्ता पांडे' ने कहा कि पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बने पॉलिथीन पर हाईकोर्ट के रोक के बाद अब 1 जुलाई से भारत सरकार द्वारा भी इस पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। पर्यावरण व सेहत दोनों के लिए पॉलिथीन हानिकारक है। इसके इस्तेमाल के कई खतरे हैं, यह जितना हल्का है, नुकसान उतना ही गहरा है। पॉलिथीन में रखें गए सामान से नुकसान अक्सर तत्काल नहीं दिखता बल्कि लंबी बीमारी के तौर पर यह उभरता है। इसकी गंभीरता को देखते हुए पॉलिथीन का त्याग करें और जब भी घर से बाहर निकले हाथों में जुट का या कपड़े का थैला लेकर निकले। 'उपाध्यक्ष अनिल केसरी' ने कहा कि पॉलिथीन का केमिकल खाद पदार्थों में मिलना बहुत हानिकारक होता हैप् इसे रोकने के लिए और बचने के लिए हमें खुद पहल करनी होगी। पहले के मुकाबले वर्तमान में जिस प्रकार से कैंसर के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है, उसका एक मुख्य कारण पॉलिथीन भी है।

## सनबीम वीमेन्स कालेज की छात्राओं ने किया वृक्षारोपण

**वाराणसी।** बुधवार 2022 को सनबीम वोमेन्स कॉलेज वरुणा ने सरकार की भावी योजना वृक्षारोपण जन आंदोलन को वास्तव में साकार रूप दिया। वृक्ष हमें सिर्फ हवा, छाया या फल फूल ही नहीं देते बल्कि वास्तव में उन्हीं के द्वारा हमारा जीवन संचालित होता है परंतु विडंबना यही है कि आज 21वीं सदी में जिस तरीके से पेड़ों को काटा जा रहा है, उससे उनके अस्तित्व से ज्यादा हमारा अस्तित्व खतरे में है। अत: पेड़ हमारे जीवनदाता होने के साथ-साथ हमारे मित्र भी है और उनकी रक्षा, सुरक्षा का हमें ही ख्याल रखना है। सरकार ने इस भावी योजना के अंतर्गत वर्षा काल के प्रारंभ में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया है ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड़ों को लगाया जाए क्योंकि पेड़ इस समय बड़ी आसानी से लग जाते है। ये पेड़ हमारी पर्यावरण असंतुलन को बड़ी सहजता से दूर कर सकते है। महाविद्यालय में एनएसएस, एनसीसी, सोशल क्लब, सभी ने अपना योगदान देते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाया। एनएसएस की छात्राओं ने सिकरौल स्थित प्राथमिक पाठशाला में पचास पौधे लगाएं गए, एनसीसी की छात्राओं ने महाविद्यालय प्रांगण में आम, अमरूद, सेजन, जामुन, मीठी नीम आदि के सौ पौधे लगाए। इस तरह महाविद्यालय के द्वारा ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पौधे लगाकर पर्यावरण में हरित क्रांति लाने का प्रयास किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 राजीव सिंह ने एनसीसी, एनएसएस एवं सोशल क्लब सभी को धन्यवाद दिया, जिस तरीके से उन्होंने वृक्षारोपण जन आंदोलन को सफल बनाने का प्रयास किया वह सराहनीय और

# हमीरपुर और जालौन में बिजली गिरने से पांच लोगों की मौत

भाषा। हमीरपुर/जालौन

**उत्तर प्रदेश** के हमीरपुर और जालौन जिलों में बुधवार को बिजली गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने बताया कि राठ तहसील में अलग-अलग जगहों पर तीन और जालौन में दो लोगों की मौत हो गई। राठ के उप निरीक्षक रथ प्रदीप कुमार ने बताया कि हमीरपुर में इकौना गांव निवासी मुन्ना अहिरवार की मौत हो गई, जबकि बिजली गिरने से मुन्ना का बहनोई गंभीर रूप से झुलस गया।एक अन्य घटना में सरसेला गांव की श्वेता राजपूत (20) एक पेड़ के नीचे खड़ी थी, तभी बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जालौन में कालिया थाना क्षेत्र के लाडू पुरा गांव में एक किशोरी और एक महिला की बिजली गिरने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि रति (45) और उसका बेटा यश (14) अपनी बकरियां खेत में चरा रहे थे, तभी अचानक बूंदाबांदी शुरू हो गई और उन्होंने एक पेड़ के नीचे शरण ली, इस दौरान बिजली गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**बेकाबू कार गड्ढे में पलटी तीन लोगों की मौत:** सिद्धार्थनगर। जिले के बासी क्षेत्र में तेज रफ्तार से जा रही एक कार के बेकाबू होकर गड्ढे में पलट जाने से उस पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को देर रात बांसी-नौगढ़ राजमार्ग पर सोनखर गांव के पास तेज रफ्तार से जा रही एक कार बेकाबू होकर गड्ढे में पलट गई। इस हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बताई जाती है। रावत ने बताया कि मृतकों की तत्काल शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं।

**इटावा में ट्रेन के आगे कूदकर प्रेमी-प्रेमिका ने आत्महत्या की:**इटावा। इटावा रेलवे स्टेशन के निकट राम नगर रेलवे क्रॉसिंग के पास मंगलवार को 25 वर्षीय एक युवक और उसकी प्रेमिका ने चलती ट्रेन के आगे कथित रूप से कूदकर आत्महत्या कर ली। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के थाना प्रभारी नौशाद अहमद ने बताया कि बी फार्मा के छात्र विमल कुमार और मानसी (22) ने तेज रफ्तार हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि घटना दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर इटावा रेलवे स्टेशन के पश्चिमी हिस्से के पास हुई। अहमद ने बताया कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था और अभी दो माह पूर्व विमल के परिवार वालों ने उसकी शादी कहीं अन्यत्र तय कर दी थी। उनके अनुसार चार एवं पांच जुलाई की दरम्यानी रात को प्रेमी युगल अपने अपने घर से निकले थे और सुबह उनके परिवार के सदस्य दोनों के लापता होने पर खोजबीन में लगे थे।

**पत्नी से विवाद के बाद पति ने ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी की:** बलिया। जिले के उभांव क्षेत्र में एक व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूदकर कथित रूप से खुदकुशी कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि उभांव थाना क्षेत्र के वाराणसीगोरखपुर रेल प्रखंड पर उभांव रेलवे पुल के पास मंगलवार को देर रात 28 वर्षीय सुगमल यादव ने गोरखपुर से कानपुर जा रही चौरीचौरा एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखला में भारत के कप्तान होंगे धवन

● रविंद्र जडेजा को श्रृंखला के लिए उप कप्तान बनाया गया, रोहित और कोहली को विश्राम

**भाषा।** नई दिल्ली

**नियमित** कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में शिखर धवन को त्रिनिदाद के पोर्ट ऑफ स्पेन में 22 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए बुधवार को भारतीय टीम का कप्तान चुना गया जबकि विराट कोहली और ऋषभ पंत उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें विश्राम दिया गया है। दो अन्य सीनियर खिलाड़ियों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी को भी आराम दिया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग में सफलता हासिल कर हाल में भारतीय टीम में जगह बनाने वाले हार्दिक पंड्या भी टीम का हिस्सा नहीं हैं।

दीपक हुड्डा, संजू सैमसन, रूतुराज गायकवाड़ और आवेश खान 12 जुलाई से इंग्लैंड में शुरू हो रही श्रृंखला के लिए वनडे टीम का हिस्सा नहीं हैं लेकिन उन्हें वेस्टइंडीज दौरे के लिए 16 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया है। दिसंबर 2020 में अंतिम वनडे खेलने वाले शुभमन गिल को भी चयनकर्ताओं ने चुना है। रविंद्र जडेजा को श्रृंखला के लिए उप कप्तान बनाया गया है।



सिर्फ वनडे में खेलने वाले धवन ने पिछले साल श्रीलंका के दौरे पर पहली बार टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली थी जब टेस्ट विशेषज्ञ इंग्लैंड में थे। पिछले एक साल में भारतीय टीम के लिए काफी सारे कप्तान नियुक्त किए जाने के संबंध में पिछले कुछ समय काफी आलोचना भी हुई थी जिसमें कार्यक्रम और चोट संबंधित मुद्दों के अलावा कार्यभार प्रबंधन के कारण बुमराह, पंत, राहुल, हार्दिक और धवन ने टीम की अगुआई की थी। सभी तीनों वनडे पोर्ट ऑफ स्पेन में खेले जाएंगे। आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप से पहले वेस्टइंडीज में ए मैच भारतीय टीम के अंतिम वनडे होंगे इसलिए सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया जाना हैरानी भरा फैसला नहीं है। वनडे के बाद भारत कैरेबियाई सरजमीं पर वेस्टइंडीज के खिलाफ और अमेरिका के खिलाफ पांच टी20 अंतराष्ट्रीय मैच खेलेगा जिसके लिए टीम की घोषणा की जाएगी। आस्ट्रेलिया में विश्व कप से पहले प्रत्एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच काफी अहम होगा तो सीनियर खिलाड़ियों के 29 जुलाई से सात अगस्त तक खेली जाने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के लिए वापसी की संभावना है। ए टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिनिदाद के सेंट किट्स और फ्लोरिडा के लॉडरहिल में खेले जाएंगे।

**टीम**

**शिखर धवन** (कप्तान), रविंद्र जडेजा (उप कप्तान), रूतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, इशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह।

# सर्वश्रेष्ठ एकादश की पहचान के लिए लक्ष्य के साथ उतरेगा भारत

**टी20 विश्व कप**

**भाषा।** साउथम्पटन

**भारत** प्रयोग की राह को छोड़कर गुरुवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही तीन टी20 मैचों की श्रृंखला के दौरान विश्व कप के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश को अंतिम रूप देने के इरादे से उतरेगा।

कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के कारण बर्मिंघम में पांचवें टेस्ट से बाहर रहने वाले कप्तान रोहित शर्मा बुधवार को यहां पहुंचेंगे और उनके श्रृंखला के पहले मैच में खेलने की उम्मीद है। विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा, श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत सहित इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट टीम में शामिल रहे खिलाड़ी दूसरे टी20 मैच से टीम के साथ जुड़ेंगे। इनकी गैरमौजूदगी में रुतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों को खुद को साबित करने का एक और मौका मिलेगा और वे आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के संभावित खिलाड़ियों के रूप में अपना दावा मजबूत करना चाहेंगे। हल्की चोट के कारण गायकवाड़ आयरलैंड के खिलाफ दो मुकाबलों में इशान किशन के साथ पारी का आगाज नहीं कर पाए थे और अगर रोहित की वापसी होती है तो उन्हें फिर बाहर बैठना पड़ सकता है। किशन को जो मौके मिले हैं उसमें उन्होंने प्रभावित किया है और वह इंग्लैंड की मजबूत टीम के खिलाफ अच्छी पारियां खेलकर टीम के रिजर्व सलामी बल्लेबाज के रूप में अपना दावा मजबूत करने का प्रयास करेंगे। दूसरे मैच से कोहली के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने की उम्मीद है और ऐसे में दीपक हुड्डा एक और मैच विजई पारी खेलकर अपनी अहमियत साबित करने की कोशिश करेंगे। आयरलैंड के खिलाफ नाबाद 47 रन और एक शतक के साथ हुड्डा ने निश्चित तौर पर टीम प्रबंधन को प्रभावित किया है। पदार्पण का इंतजार कर रहे राहुल त्रिपाठी और अर्शदीप सिंह को दूसरे और तीसरे टी20 के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है और उन्हें पहले मैच में खेलने का मौका मिलने की उम्मीद भी बेहद कम है। चोट के बाद आयरलैंड के खिलाफ वापसी करने वाले सूर्यकुमार यादव मालाहाइड में लय हासिल नहीं कर सके और वह उम्मीद कर रहे होंगे कि इंग्लैंड के खिलाफ उम्दा पारियां खेलने में सफल रहेंगे। पिछले हफ्ते डर्बीशर के खिलाफ अभ्यास मैच में उन्होंने और हुड्डा ने उम्दा पारियां खेली थी। आयरलैंड के खिलाफ बड़े स्कोर वाले दूसरे टी20 में अंतिम ओवर में 17 रन का बचाव करने के बाद तेज गेंदबाज उमरान मलिक आत्मविश्वास से भरे होंगे। उन्हें हालांकि अपनी गेंदबाजी को और सटीक बनाने की जरूरत है। अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और हर्षल पटेल के खिलाफ आयरलैंड के बल्लेबाजों ने काफी रन बटोरे थे और इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम को रोकने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। अंतिम एकादश में युजवेंद्र चहल के रवि बिश्नोई की जगह लेने की उम्मीद है। भारत को आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले लगभग 15 टी20 मैच खेलने हैं। टीम मौजूदा श्रृंखला में तीन मैच के अलावा वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 जुलाई से सात अगस्त तक पांच और अगस्त-सितंबर में एशिया कप में लगभग पांच मैच खेलेगी। सितंबर में भारत को आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी तीन टी20 खेलने हैं।





**टीम**

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), इशान किशन, रुतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पांड्या, वेंकटेश अय्यर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, आवेश खान, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक।

**इंग्लैंड:** जोस बटलर (कप्तान), मोईन अली, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, रिचर्ड ग्लीसन, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, टाइमल मिल्स, मैथ्यू पार्किंसन, जेसन रॉय, फिल साल्ट, रीस टॉपली और डेविड विली।

**समय: मैच भारतीय समयानुसार रात 10.30 पर शुरू होगा।**

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय टीम का हिस्सा होंगे तेजस्विन शंकर

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि वह ऊंची कूद के खिलाड़ी तेजस्विन शंकर का नाम उन खिलाड़ियों की सूची में शामिल करेगा जो आगामी बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत की ओर से जाने वाले है। इस खेल आयोजन के लिए चयनित खिलाड़ियों की सूची से नाम हटने के विरुद्ध शंकर द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने एएफआई को निर्देश दिया कि आगे की कार्वाई के लिए शंकर का नाम भारतीय ओलंपिक संघ को भेज दिया जाए। एएफआई के वकील ने अदालत को बताया कि रिले स्पर्धा के लिए भारतीय दल में शामिल एक एथलीट को अयोग्य ठहरा दिया गया है इसलिए एक स्थान रिक्त है। वकील ने कहा कि अयोग्य ठहराए खिलाड़ी के स्थान पर अब याचिकाकर्ता का नाम भेज दिया जाएगा।

### ओडिशा एफसी ने डिफेंडर दीनचंद्र मेइतेई को उधार पर अपने साथ जोड़ा

**भुवनेश्वर।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम ओडिशा एफसी ने बुधवार को इस फुटबॉल लीग के आगामी सत्र से पहले केरल ब्लास्टर्स से उधार पर लेफ्ट बैक दीनचंद्र मेइतेई से एक साल का अनुबंध करने की घोषणा की। मणिपुर के 28 साल के डिफेंडर मेइतेई आईलीग और आईएसएल में कई क्लब की ओर से खेले है। वह बांग्लादेश में अंडर-23 स्तर के टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व भी कर चुके है। पुणे एफसी अकादमी का हिस्सा रहते हुए वह दो बार अंडर-19 आईलीग विजेता टीम का हिस्सा रहे।

### चेन्नईयिन एफसी ने बुंदेसलीगा स्ट्राइकर पीटर स्लिसकोविच से करार किया

**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नईयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र से पहले अपनी अग्रिम पंक्ति को मजबूत करते हुए क्रोएशिया के स्ट्राइकर पीटर स्लिसकोविच के साथ अनुबंध किया है। एफएसवी फ्रेंकफर्ट युवा अकादमी में फुटबॉल के गुर सीखने वाले स्लिसकोविच ने 19 साल की उम्र में बुंदेसलीगा में एफएसवी मेंज की ओर से पदार्पण किया और 2015 तक पांच सत्र में क्लब का हिस्सा रहे। चेन्नईयिन एफसी ने इसे पहले घाना के फारवर्ड क्वेन करिकारी को अनुबंधित करने की घोषणा की थी।

### एस्ट्रेला डैम लेडीज ओपन में भारतीय दल की अगुआई करेंगी दीक्षा डागर

**सिटगेस (स्पेन)।** बधिर ओलंपिक की स्वर्ण पदकधारी गोल्फर दीक्षा डागर यहां होने वाले एस्ट्रेला डैम लेडीज ओपन में छह सदस्ईय भारतीय दल की अगुआई करेंगी। दीक्षा एक महीने से ज्यादा समय से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है जिसमें अमुडी जर्मन मास्टर्स भी शामिल है। उनकी निगाहें अब शीर्ष 10 में जगह के साथ अपने करियर में दूसरी बार लेडीज यूरोपीय टूर खिताब जीतने पर होगी। वर्ष 2019 में दीक्षा भारतीय महिला गोल्फर अदिति अशोक के बाद लेडीज यूरोपीय टूर खिताब जीतने वाली दूसरी महिला गोल्फर बनी थी। इक्कीस साल की दीक्षा ने इस साल ब्राजील में बधिर ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था।

# भारतीय निशानेबाजों की निगाहें विश्व कप में शानदार प्रदर्शन पर



**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत के 49 सदस्ईय मजबूत दल की निगाहें नौ से 21 जुलाई तक कोरिया के चांगवान में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने पर लगी होंगी। विश्व चैम्पियनशिप का आयोजन भी इसी साल किया जाएगा जिसे देखते हुए यह विश्व कप काफी अहम होगा। भारतीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने हाल में पांच नए विदेशी कोच - मुनखबायार दोर्जुसुरेन (पिस्टल), रसेल मार्क (शॉटगन), लॉरिन मार्क (हाई परफोरमेंस मैनेजर), जुआन गिहा (स्कीट) और थॉमस फार्निक (राइफल) - नियुक्त किए थे, जिनके लिए विश्व कप पहला बड़ा टूर्नामेंट होगा।

# मलेशिया मास्टर्स: सिंधू, प्रणय दूसरे दौर में, साइना बाहर

**भाषा।** कुआलालंपुर

**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बुधवार को यहां मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर के कड़े मुकाबले में चीन की ही बिंग जियाओ को हराकर महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन साइना नेहवाल लगातार दूसरे टूर्नामेंट में पहले दौर में हारकर बाहर हो गईं। सातवीं वरीय सिंधू ने लगभग एक घंटा चले मुकाबले में बिंग जियाओ को 21-13 17-21 21-15 से हराया और दूसरे दौर में जगह बनाई। इस जीत के साथ दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पहले दौर में बिंग जियाओ के खिलाफ पहले दौर में सीधे गेम में मिली हार का बदला चुकता कर दिया। चीन की खिलाड़ी का हालांकि अब भी सिंधू के खिलाफ जीत-हार का रिकॉर्ड 10-9 है।





दूसरी तरफ लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना को पहला गेम जीतने के बावजूद दक्षिण कोरिया की किम गा युन के खिलाफ 21-16 17-21 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। दुनिया की 24वें नंबर की खिलाड़ी साइना पिछले हफ्ते मलेशिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के भी पहले दौर में हारकर बाहर हो गई थी। पुरुष एकल में एच एस प्रणय भी दूसरे दौर में पहुंच गए जबकि बी साई प्रणीत और पारूपल्ली कश्यप भी विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करने दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। प्रणय ने फ्रांस के ब्राइस लीवरडेज को 21-19, 21-14 से हराया। वहीं प्रणीत ने एकतरफा मुकाबले में आधे घंटे से कम समय में गुआटेमाला के केविन कोर्डन को 21-8 21-9 से हराया जबकि कश्यप ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्थानीय दावेदार टॉमी सुगियार्तो को 16-21 21-16 21-16 से शिकस्त दी। प्रणीत का सामना अब लि शि फेंग से होगा। समीर वर्मा को हालांकि कड़े मुकाबले में चीनी ताइपे के चौथे वरीय चाउ टिएन चेन के खिलाफ 21-10 12-21 14-21 से हार झेलनी पड़ी। महिला युगल में एन सिक्की रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा को इंडोनेशिया की फेबरियाना कुसुमा और अमालिया प्रातिवि ने 21-19, 18-21, 21-16 से हराया।

### आस्ट्रेलिया में अगले महीने अदालत में पेश होंगे किर्गियोस

**विंबलडन (एपी)।** विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले आस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस को स्वदेश में अगले महीने अदालत में पेश होना होगा। किर्गियोस का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने कहा है कि ए आरोप निश्चित नहीं हैं और ना ही अभियोजन पक्ष या इस 27 वर्षीय पेशेवर टेनिस खिलाड़ी ने इनकी पुष्टि की है। किर्गियोस ने मंगलवार को आल इंग्लैंड क्लब में अभ्यास किया जहां उन्हें बुधवार को चिली के क्रिस्टियन गारिन के खिलाफ खेलना है। मीडिया को ईमेल से भेजे गए बयान में किर्गियोस के वकील पीयरे योहानसन ने कहा, किर्गियोस आरोप स्पष्ट होने पर किसी भी तरह के आरोपों का जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वह इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं और किर्गियोस को जिस प्रक्रिया का पालन करना है उसे वह कमतर नहीं आंक रहे। योहानसन ने लिखा कि अदालत ने आरोपों को तथ्य नहीं माना है और अदालत में पहली पेशी तक किर्गियोस को अपराध के लिए आरोपी नहीं माना जाएगा।

# ओन्स जेब्युर ने विंबलडन में भी रचा इतिहास

**एपी।** विंबलडन

**अपने** नाम के आगे पहली बार कई कारनामे करने की उपलब्धि दर्ज कराने वाली ट्यूनीशिया की ओन्स जेब्युर विंबलडन के अंतिम चार में जगह बनाकर किसी ग्रैंडस्लैम टेनिस टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अरब देशों की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। पिछले साल विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली ट्यूनीशिया की तीसरी वरीय खिलाड़ी ने मंगलवार को एक कदम आगे बढ़ते हुए सेंटर कोर्ट पर मैरी बोजकोवा को 3-6, 6-।, 6-। हराया।

दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी जेब्युर ने कहा, यह काफी मायने रखता है। मैं लंबे समय से उम्मीद कर रही थी कि मैं यहां पहुंच पाऊंगी। मैं (मोरक्को के पूर्व खिलाड़ी) हिचाम अराजी से बात करती थी और वह मुझे कहते थे कि अरब देशों के खिलाड़ी हमेशा क्वार्टर फाइनल में हार जाते हैं और हम इससे आजिज आ चुके हैं। कृप्या करके इस क्रम को तोड़ो। मैंने कहा कि मित्र मैं ऐसा करने का प्रयास करूंगी। जेब्युर ने प्रयास किया और वह ऐसा करने में सफल रही। सेमीफाइनल में जेब्युर का सामना उनकी तरह ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहली बार जगह बनाने वाली जर्मनी की तात्याना मारिया से होगा। जर्मनी की 34 साल की खिलाड़ी ने अपने बच्चों के जन्म के कारण दो बार टेनिस से ब्रेक लिया और ओपन युग में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनी। मारिया ने 35वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हुए 22 साल की ज्यूल नीमियर को 4-6, 6-2, 7-5 से हराया।



### पूर्व चैम्पियन सिमोना हालेप विम्बलडन सेमीफाइनल में

**विम्बलडन (एपी)।** तीन साल पहले खिताब जीतने के बाद विम्बलडन में वापसी करने वाली 16वीं वरीयता प्राप्त रोमानिया की सिमोना हालेप ने अमांडा अनिसिमोवा को 6- 2, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। हालेप पिछले साल चोट के कारण यहां नहीं खेल सकी थी जबकि 2020 में कोरोना महामारी के कारण विम्बलडन नहीं खेला गया था। अब हालेप का सामना कजाखस्तान की एलेना राइबाकिना से होगा जिन्होंने एला टोमजानोविच को 4-6, 6-2, 6-3 से हराया।

महिला एकदिवसीय मैच अंतरराष्ट्रीय मुकाबले

# भारत की नजरें श्रीलंका का सूपड़ा साफ करने पर

**भाषा।** पालेकल

**आत्मविश्वास** से भरी भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में श्रीलंका को हराकर तीन मैच की श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के इरादे से उतरेगी।

करिश्माई कप्तान मिताली राज के संन्यास के बाद पहली बार एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेल रहे भारत ने पहले दो मैच में जीत के साथ तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजई बढ़त बना ली है। भारत ने इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला भी 2-। से जीती थी। एक जैसे लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम दूसरे वनडे में आत्मविश्वास से अधिक भरी दिखी और टीम ने सोमवार को 10 विकेट से एकतरफा जीत दर्ज की। भारत ने खेल के सभी विभागों में दबदबा बनाया। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम से श्रीलंका के पूरे दौरे के दौरान इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद थी। दौरे पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में नाकाम रहीं स्टार सलामी बल्लेबाजों स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने दूसरे वनडे में नाबाद अर्धशतक जड़े और अटूट शतकीय साझेदारी की। यह जोड़ी टी20 श्रृंखला और पहले वनडे में टीम को मजबूत शुरुआत दिलाने में नाकाम रही थी लेकिन दूसरे वनडे में लय हासिल करने के बाद एक बार फिर उसी अंदाज में खेलना चाहेंगी। नई पूर्णकालिक कप्तान हरमनप्रीत मौजूदा श्रृंखला में भारत के लिए सबसे अधिक निरंतर प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी रही हैं। इस आलराउंडर ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया और उनकी पारी कई मौकों पर दोनों टीम के बीच का अंतर साबित हुई।

टी20 में धीमी पिचों पर भारतीय स्पिनरों ने दबदबा बनाया लेकिन एकदिवसीय श्रृंखला में तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने छाप छोड़ी जो दूसरे वनडे में करियर के सर्वश्रेष्ठ 28 रन पर चार विकेट सहित सात विकेट चटका चुकी हैं। अनुभवी झूलन गोस्वामी की गैरमौजूदगी में रेणुका के प्रदर्शन ने दर्शाया है कि भारत के युवा और अनुभवहीन गेंदबाजों में क्षमता है। श्रीलंका के खिलाफ 3-0 की जीत से बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों से पहले मेहमान टीम का मनोबल बढ़ेगा।



**टीम**

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यस्तिका भाटिया, एस मेघना, दीप्ति शर्मा, पूनम यादव, राजेश्वरी गायकवाड़, सिमरन बहादुर, ऋचा घोष, पूजा वस्त्रकार, मेघना सिंह, रेणुका सिंह, तानिया भाटिया और हरलीन देओल।

**श्रीलंका:** चामरी अटापट्टू (कप्तान), निलाक्षी डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, विशमी गुणरत्ने, अमा कंचना, हंसिमा करुणारत्ने, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, हर्षिता समरविक्रम, हसिनी परेरा, उदेशिका प्रबोधनी, ओशादी रणसिंघे, इनोका रणवीरा, सत्य संदीपनी, अनुष्का संजीवनी, मालशा शेहानी, थारिका सेवंडी।

**समय: मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे शुरू होगा।**

# क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश के लिए भारत की दृष्टि न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत पर

**महिला हॉकी विश्व कप**

**भाषा।** एम्सटेलवीन

**अब** तक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में नाकाम रही भारतीय महिला हॉकी टीम को अगर एफआईएच विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश करना है तो गुरुवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अंतिम पूल बी मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए एतिहासिक चौथा स्थान हासिल करने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपने पहले दो मैचों में टोक्यो खेलों के कांस्य पदक विजेता इंग्लैंड और चीन से।-। से ड्रा खेला। सविता की अगुआई वाली भारतीय टीम अभी दो अंक के साथ पूल बी में तीसरे स्थान पर है। चीन और न्यूजीलैंड उससे ऊपर हैं। न्यूजीलैंड ने मंगलवार को इंग्लैंड को 3-। से हराया।



मुख्य कोच यानेक शॉपमैन ने कहा, न्यूजीलैंड की टीम के खिलाफ खेलना आसान नहीं है। उनके पलटवार काफी खतरनाक होते हैं और हमें इसके लिए तैयार रहना होगा, हमें अपने मजबूत पक्षों के अनुसार खेलना होगा। टूर्नामेंट के प्रारूप के अनुसार 16 टीम को चार-चार टीम के चार पूल में बांटा गया है। प्रत्एक पूल की शीर्ष टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम के बीच क्रॉसओवर होगा। क्रॉसओवर में पूल ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम पूल डी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी जबकि पूल ए में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम की भिड़ंत पूल डी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगी। इसी तरह पूल बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम का सामना पूल सी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा जबकि पूल बी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम पूल सी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगी। इन चारों मुकाबले के विजेता क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगे। पूल बी में शीर्ष पर रहने के लिए भारत को न्यूजीलैंड को हराना होगा और साथ ही उम्मीद करनी होगी कि इंग्लैंड के खिलाफ चीन की टीम जीत दर्ज नहीं कर पाए। पहले दो मैच में अगर भारत के प्रदर्शन को आधार माना जाए जो टीम के लिए न्यूजीलैंड को हराना आसान नहीं होगा। भारतीय डिफेंस ने दोनों मैच में प्रभावित किया। पहले मैच में तो इंग्लैंड की टीम एक भी पेनल्टी कॉर्नर हासिल नहीं कर पाई लेकिन दोनों ही मुकाबलों में अग्रिम पंक्ति और मिडफील्ड ने निराश किया। भारत के लिए दोनों गोल करने वाली वंदना कटारिया के अलावा कोई अन्य स्ट्राइकर अब तक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई है। लालरेमसियामी, शर्मिला देवी और नवनीत कौर ने निराश किया है। भारत ने मौके तो बनाए हैं लेकिन उन्हें गोल में बदलने में टीम नाकाम रही है। मिडफील्ड को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। मुख्य कोच यानेक शॉपमैन के लिए पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में नाकामी भी बड़ी समस्या है। दो मैच में भारतीय टीम 12 पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल ही कर सकी है और दोनों गोल वंदना ने रिबाउंड और डिफलेक्शन से किए।

शॉपमैन ने कहा, मुझे लगता है कि चीन के मजबूत डिफेंस के खिलाफ हमने अच्छी शुरुआत की। हम दुर्भाग्यशाली रहे कि जल्दी गोल नहीं कर पाए और एक बार रक्षापंक्ति के पूरी एकाग्रता नहीं दिखाने के कारण हमारे खिलाफ गोल हो गया।

उन्होंने कहा, इसके बाद हमें कुछ देर जूझना पड़ा लेकिन लय हासिल करने के बाद हम अच्छे संयोजन के साथ खेल पाए। शॉपमैन ने कहा, पेनल्टी कॉर्नर पर गोल शानदार रहा लेकिन इसके बाद हमने दबाव नहीं बनाया और चीन अंतिम चरण में अधिक आक्रामक होकर खेला।

# अब कैच द रेन को बनाएं महा अभियान

**● इस महत्वपूर्ण अभियान से ज्यादा से ज्यादा जन सामान्य को जोड़ा जाये, जल के बचत की गणना की जाये**

संवाददाता। कानपुर देहात



जल शक्ति अभियान की नोडल अधिकारी परमा सेन कैच द रेन अभियान की समीक्षा करती हुयी

**जल शक्ति** अभियान कैच द रेन 2022 के तहत जनपद में चल रहे अभियान की हकीकत जानने हेतु भारत सरकार के वित्त एवं लेखा विभाग की संयुक्त सचिव श्रीमती परमा सेन और उनके साथ टेक्निकल विशेषज्ञ श्री आलोक कुमार वर्मा अधिशाषी अधिकारी मिडिल गंगा ने जल शक्ति अभियान से जुड़े विभिन्न अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ने पीपीटी के माध्यम से जनपद में चल रहे इस महत्वपूर्ण अभियान के सम्बन्ध में जानकारी नोडल महोदया को उपलब्ध करायी। सरकार की इस महत्वपूर्ण मुहिम को और भी कारगर तरीके जनपद में संचालित किया जाये इसके लिए नोडल महोदया ने कई अपने महत्वपूर्ण भी सुझाव भी दिये जिसमें उन्होंने कहा कि जल चैपाल और वाटर बजट के माध्यम से जन सामान्य को ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जाये साथ ही जनपद में जो भी उद्योग हैं उनको इस बात के लिए प्रेरित किया जाये कि वो इस महत्वपूर्ण अभियान से जुड़ें। जल की महत्ता के प्रति हम सभी का कर्तव्य है कि हम आम आदमी को इसकी महत्ता से अवगत करायें साथ ही उन्होंने कहा कि जनपद में इस अभियान से जल की कितनी बचत हो रही है इसका एक डाटा अवश्य रखा जाये। हमें सम्पोषणीय विकास को ध्यान में रखते हुए इस महत्वपूर्ण अभियान को कारगर तरीके से संचालित करना है जिससे पृथ्वी पर आ रहे इस संकट से निजात पाया जा सके। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने नोडल अधिकारी महोदया को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित ष्देहाती ब्राण्डष् ;चनाए बुकनू और बेसनद्ध भेंट किया साथ ही उन्होंने जनपद की विशेषताओं को रेखांकित करती हुए एक कॉफी टेबल बुक भी भेंट की। इस मौके मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेयए प्रभागीय वनाधिकारी एके द्विवेदीए जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्टए जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र मोहन आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**स्पोर्ट्स स्टेडियम माती में हरिशंकरी का पौधरोपणः** जल शक्ति अभियान की नोडल वित्त एवं लेखा विभाग की संयुक्त सचिव श्रीमती परमा सेन ने वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत स्पोर्ट्स स्टेडियम माती में हरिशंकरी का पौधरोपण कियाए इस मौके पर उन्होंने कहा कि वन महोत्सव कार्यक्रम को एक जन अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा लोग इसमें जुड़े और पौधों के महत्व के बारे में जानेए इसके पश्चात इनके साथ आए टेक्निकल विशेषज्ञ अधिशाषी अधिकारी मिडिल गंगा ने भी जामुन के वृक्ष का पौधरोपण कियाए इसके पश्चात अकबरपुर ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कुक्छी में वृक्षारोपण किया तथा कैच दे रैन अभियान के तहत बनाए गए रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निरीक्षण कियाए इसके पश्चात उन्होंने वही अमृत सरोवर तालाब के निर्माण कार्य का जायजा लिया तथा समय से पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए तथा वहीं पर अमृत वाटिका का भी निर्माण कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीएफओ अनिल कुमार द्विवेदीए डीसी मनरेगा हरिश्चंद्रए खंड विकास अधिकारी अकबरपुर धन प्राप्तए जल निगम अधिकारीए ग्राम प्रधान आदि ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## गैंगस्टर के मुकदमे में बसपा नेता की पेशी तैनात रहा पुलिस बल

**फर्रुखाबाद।** मैनपुरी जिला जेल में बंद बसपा नेता को पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच बुधवार को गैंगस्टर न्यायालय में पेश किया। न्यायाधीश ने अगली सुनवाई के लिए 16 जुलाई की तिथि नियत की है। इंस्पेक्टर रामनिवास यादव व ठेकेदार शमीम खान की हत्या के आरोप में बसपा नेता अनुपम दुबे मैनपुरी जिला जेल में बंद है। फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस ने उनके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी की थी। बुधवार को पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें गैंगस्टर न्यायालय में पेश किया। बसपा नेता के अधिवक्ता जितेंद्र सिंह चौहान ने गैंगस्टर का आरोप खारिज कराने को बहस करने के लिए समय मांगा। इस पर न्यायाधीश ने 16 जुलाई की तिथि नियत कर दी। एक गांव निवासी किशोरी घर के निकट बने शौचालय में बुधवार भोर शौच करने गई। तभी एक युवक ने किशोरी को पकड़ लिया और कमरे में ले जाकर बंद कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। किशोरी की चीखपुकार सुन स्वजन मौके पर पहुंच गए और कमरे का दरवाजा तोड़कर किशोरी को बाहर निकाल लिया।

## नाले में पड़ा मिला युवक का शव शिनाख्त का प्रयास

**फर्रुखाबाद।** सपा नेता के घर के बाहर नाले में बुधवार सुबह युवक का शव पड़ा देखकर लोगों की भीड़ लग गई। उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने मौके पर जांच की। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश सचिव सरदार तौफिक प्रीत सिंह के टेरगंज स्थित आवास के सामने नाले में सुबह करीब 40 वर्षीय युवक का शव देखकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। पुलिस ने मौके पर जांच कर शव नाले से निकलवाया। वह काला पेंट व सफेद शर्ट पहने था। पास में ही शराब का ठेका भी है। लोगों ने शक जताया कि नशे की हालत में नाले में गिरने से युवक की मौत हुई। पुलिस ने शव मोर्चरी में भेज दिया। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल ने बताया कि शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच बीएड की परीक्षाएं शांतिपूर्ण माहौल में हो गईं संपन्न



आरएसजीयू इंटर कॉलेज पुखरायां के बाहर प्रवेश करने को खड़े परीक्षार्थी

**पुखरायां कानपुर देहात।** बुधवार को भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के चार शिक्षण संस्थाओं में बीएड की परीक्षाएं आयोजित की गईं। जिसमें 1432 परीक्षार्थी पंजी..त थे। इनमें से प्रथम पाली में 127 और द्वितीय पाली में 124 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गईं। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पुखरायां में पंजी..त 300 में से 271 रामस्वरूप ग्राम उद्योग महाविद्यालय में 232 में से 194 रामस्वरूप ग्राम उद्योग इंटर कॉलेज में 400 में से 374 और श्री ..ष्ण औद्योगिक इंटर कॉलेज मोहम्मदपुर में 500 में से 466 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी वहीं द्वितीय पाली में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पुखरायां में पंजी..त 300 में से 271 रामस्वरूप ग्राम उद्योग महाविद्यालय पुखरायां में 232 में से 195 रामस्वरूप ग्राम उद्योग इंटर कॉलेज पुखरायां 400 में से 375 और श्री ..ष्ण औद्योगिक इंटर कॉलेज मोहम्मदपुर 500 में से 467 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। रामस्वरूप ग्राम उद्योग इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बीके अग्रवाल एवं डिग्री कॉलेज के प्राचार्य मुकेश चन्द्र द्विवेदी ने बताया कि सख्त माहौल में परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई हैं।

# शिक्षण संस्थाओं और कार्यालयों मे दूसरे दिन भी जारी रहा वृहद वृक्षारोपण अभियान

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहत

**शासन के** निर्देश पर दूसरे दिन बुधवार को भी क्षेत्र में बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम जारी रहा। अभियान के तहत नगर एवं देहात क्षेत्र के कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं के प्रभारियों ने दिये गए लक्ष्य के अनुरूप पौधे रोपित किए। इस दौरान शिक्षण संस्थाओं में पौधों के महत्व पर प्रकाश भी डाला गया। अमरौधा नगर पंचायत क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, श्री बृजबिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नगर पंचायत कार्यालय की ओर से परिसर के खाली मैदान में फलदार, छायादार पौध रोपित कराये गए। सभी कार्यालयों में दूसरे दिन करीब 500 पौध रोपित कराये गए। वहीं बृजबिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के मैदान में पीपल सहित एक दर्जन छायादार पौध रोपित किये गए। जीव विज्ञान के शिक्षक शारिक अली ने बताया कि पौधे ही जीवों के सच्चे मित्र हैं। जिनसे प्राण वायु (ऑक्सीजन) उपलब्ध होती है। वहीं हमारे द्वारा छोड़ी गई हानिकारक गैस कार्बन डाई आक्साइड ग्रहण करके पौधे वातावरण का संतुलन बनाये रखते हैं। प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा की अगुवाई में कार्यक्रम संपन्न हुआ। शिक्षक विनीत कुमार



पौध रोपित करते प्रधानाचार्य आरएन वर्मा एवं समस्त स्टाफ

वाजपेयी, नंदलाल, गंभीर सिंह, अखिलेश कुमार विश्वकर्मा, अवनीश शुक्ला, रामबाबू भी मौजूद रहे। इसीतरह प्राथमिक विद्यालय गौरीरज्जन, बनियानी, पिपरी, जलपुरा, पुरैनी, चौरा, भोगनीपुर, विरोहा, हलधरपुर में भी पौधे रोपे गए।

## जिला पूर्ति अधिकारी ने संभाला कार्यभार

**● घटतौली करने वाले कोटेदारो पर होगी तत्काल कार्रवाई, सिंगल स्टेप डिलीवरी के तहत कोटेदारो की समस्या का तत्काल निराकरण होगी प्राथमिकता**



**फर्रुखाबाद।** जनपद गोंडा से तबादले पर आये तेज तर्रार जिला पूर्ति अधिकारी सुरेन्द्र यादव ने फर्रुखाबाद पहुंच कर जिला पूर्ति अधिकारी के पद पर कार्य भार गृहण कर लिया है।कार्य भार गृहण के दौरान क्षेत्रीय खाध अधिकारी एपूर्ति निरीक्षको व कर्मचारियो ने नवागंतुक डी एस ओ का फूल मालाओ से स्वागत किया। मंगलवार को तेज तर्रार सख्त कार्यशैली के जिला पूर्ति अधिकारी सुरेन्द्र यादव ने कार्य भार गृहण करने के बाद बताया कि शासन की प्राथमिकता के तहत सिंगल स्टेप डिलीवरी के तहत कोटेदारो के खाद्यान्न को दुकानो तक पहुंचने मे हो रही समस्या का निराकरण प्राथमिकता से कराया जायेगा। डी एस ओ सुरेन्द्र यादव ने कहा कि कोटेदार राशन वितरण के दौरान घटतौली कदापि ना करे । घटतौली की शिकायत मिलने पर कोटेदार के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि कोटेदारो की दुकानो का सघन निरीक्षण अभियान चलाया जायेगा। कोटेदार अपनी अपनी दुकानो के अभिलेख व कमियो का सुधार कर ले। शासन की प्राथमिकता मे गरीबो के राशन वितरण मे घटतौली किसी कीमत पर बर्दाश्त नही होगी'। कार्य भार के दौरान क्षेत्रीय खाध अधिकारी अखिलेश नरायन शर्मा, शरद चन्द दुबे पूर्ति निरीक्षक बढपुर इन्द्र जीत यादव, पूर्ति निरीक्षक कमालगंज मोहम्मदाबाद राजेश चौधरी, पूर्ति निरीक्षक अमृतपुर नेहा गुप्ता पूर्ति लिपिक राजीव बाबू मौजूद रहे।

# बिजली के खंभे से टकराई स्कूल वैन

संवाददाता। नवाबगंज फर्रुखाबाद



**बच्चों** को लेकर आ रही वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकरा गई। जिससे खंभा टूटकर सड़क पर गिर गया और बिजली आपूर्ति हो रही बंच केबल वैन के ऊपर गिर गई। इससे बच्चों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने पहुंचकर बिजली आपूर्ति बंद कराई और बच्चों को वैन से बाहर निकाला। पुलिस ने जांच पड़ताल की।

कस्बे के अचरा रोड पर स्थित एक स्कूल की वैन बुधवार सुबह लगभग आठ बजे गांव ज्योना व कुतबुद्दीनपुर आदि से बच्चों को लेकर गांव समैचीपुर के बच्चों को भी बैठाने आ रही थी। गांव समैचीपुर में घुसते ही वैन चला रहे गांव ढुडियापुर निवासी चालक के मोबाइल फोन पर किसी का फोन आया। चालक मोबाइल फोन से बात करने लगा। उसी दौरान अनियंत्रित वैन सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि खंभा टूटकर सड़क पर गिर गया। खंभा टूटने से उसमे बंधी बंच केबल टूटकर बच्चों से भरी वैन के ऊपर गिर गई। वैन के टकराने से उसमें बैठे लगभग 16 बच्चे चीखपुकार करने लगे। बच्चों की चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। वैन के ऊपर बिजली की आपूर्ति होती बंच केबल पड़ी देख लोगों के होश उड़ गए। आनन.फानन लोगों ने बिजली घर फोन कर आपूर्ति बंद कराई और वैन में बैठे बच्चों को किसी तरह बाहर निकाला। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। गांव के लोगों ने बिजली का खंभा लगवाने की बात कहकर वैन को वहीं खड़ा करा लिया और मामले की सूचना थाना पुलिसए यूपी 112 व बिजली कर्मियों को दी। यूपी 112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। लोगों ने बताया कि चालक तीव्र गति से वैन को चलाकर मोबाइल से बातचीत करते हुए आ रहा था। उसी दौरान वैन बिजली के खंभे से टकरा गई। उसमें बैठे बच्चे बाल.बाल बच गए। मौके पर पहुंचे संविदा कर्मी लाइनमैन श्यामजी व वैन के चालक में बिजली का खंभा लगवाने की सहमति पर समझौता हो गया। उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिली थीए लेकिन बिजली विभाग के कर्मियों व वैन चालक में खंभा लगवाने की सहमति पर आपसी समझौता होने पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## बीएड परीक्षा सकुशल सम्पन्न

**फतेहपुर।** बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2022 को सकुशल, शांतिपूर्ण, सुचितापूर्ण एवं नकलविहीन पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से एएस इण्टर कालेज, एमजी कालेज, जीजीआईसी, एसएस इण्टर कालेज का जायजा लिया। उन्होंने प्रधानाचार्य कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरों को देखा। चल रही परीक्षा का निरीक्षण कर छात्रों का प्रवेश पत्र से फोटो का मिलान किया ठीक पाए गए। जनपद में बुधवार को 13 केन्द्रों के माध्यम से दो पालियों में प्रथम पाली प्रात: 09 बजे 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपराह्न 02 से 05 बजे तक परीक्षा शांतिपूर्वक, सकुशल सम्पन्न हुई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर डीसी मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी आरएस वर्मा सहित पुलिस बल उपस्थित रहे। वही दूसरी ओर खागा बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2022 को सकुशल, शांतिपूर्ण, सुचितापूर्ण एवं नकलविहीन पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु उपजिलाधिकारी मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से शुकदेव इण्टर कालेज का जायजा लिया।

## घोड़ी पर सवार दूल्हा पुलिस देख बारात छोड़कर भागा

**फतेहपुर।** जिले में शादी से जुड़ा एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। तीसरी शादी रचाने के लिए युवक बरात लेकर पहुंचा था तभी द्वारचार के समय दूसरी पत्नी पुलिस के साथ वहां पहुंच गई। पुलिस देखकर दूल्हा बरात छोड़कर मौके से भाग गया। पुलिस ने शादी रुकवाते हुए मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला जाफरगंज थाना क्षेत्र के कस्बा का है। भौराजपुर गांव की रहने वाली 20 वर्षीय युवती की शादी जहानाबाद के कलाना गांव के रहने वाले आशाकरण के साथ तय हुई थी। लड़की पक्ष को दूल्हे की पहले ही एक शादी होने की जानकारी थी। इससे उसके दो बच्चे हैं। आशाकरण तीसरी शादी रचाने के लिए बारात लेकर पहुंचा था तभी कानपुर जिले के महारगंज थाना क्षेत्र के प्रेमपुर गांव की रहने वाली उसकी दूसरी पत्नी रमापाल देवरी बुजुर्ग चौकी पुलिस के साथ भौराजपुर गांव पहुंच गई। पुलिस के साथ दूसरी पत्नी को देखकर दूल्हा बारात छोड़कर भाग गया। पुलिस ने जब शादी रुकवा दी तो बाराती भी खिसक गए।

# आवंटन से पहले ही कालोनी की उखड़ने लगीं खिड़कियां व शीशे

**फर्रुखाबाद।** इंटीग्रेटेड एंड स्लम डेवलपमेंट प्रोग्राम योजना ;आइएचएसडीपी के तहत फतेहगढ़ के मोहल्ला नवदिया में करीब 1.24 करोड़ की लागत से बनी कालोनी अभी आवंटित नहीं हो सकी और उसकी खिड़कियां और शीशे टूटने लगे हैं। कुछ ब्लाकों में रसोईघर और फर्श आदि का कार्य भी अधूरा है। अधिकारी सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त होने के बाद ही कालोनी आवंटन का भरोसा दे रहे हैं।

फतेहगढ़ के मोहल्ला नवदिया में आइएचएसडीपी योजना के तहत वर्ष 2009.10 में 72 आवासों का निर्माण कार्य जिला नगरीय विकास अभिकरण कार्यालय ;डूडा ने शुरू करवाया था। निर्माण कार्य में करीब 1.24 करोड़ का बजट खर्च हुआ है। 12 वर्षों में अभी तक आवंटन तो नहीं हो सकाए लेकिन ब्लाक एफमें खिड़कियों के शीशे टूटे हैं कहीं.कहीं खिड़कियां गायब हैं। ब्लाक ई में फर्श उखड़ी है। पाइप भी जगह.जगह से टूट रहे हैं। कुछ ब्लाकों में तो अभी कार्य भी अधूरा पड़ा है। रसोईघर में सिंक व पाइपलाइन नहीं पड़ी है। प्लास्टर भी उखड़ रहा है। चार माह पहले 7.31 लाख रुपये से छह सबमर्सिबल व पानी की टंकियां लगाए जाने का बजट मिला थाए लेकिन अभी तक ना तो टंकियां रखवाई गईं और न ही सबमसर्बिल लगे हैं। अगर जल्द ही आवंटन शुरू न हुआ तो नवनिर्मित कालोनी में अव्यवस्थाएं ज्यादा हो जाएंगी। सूत्रों के अनुसार कालोनी आवंटन के लिए 50 लाभार्थियों का चयन कर लिया गयाए जबकि 22 का होना अभी बाकी है।

लाभार्थियों को कालोनी तभी आवंटित की जाएगी जब उसमें सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त करवा ली जाएंगी। कुछ ब्लाकों में ही सिंक आदि का कार्य अधूरा पड़ा है जिसे पूरा करवाने के निर्देश ठेकेदार को दिए जाएंगे। पेयजल व्यवस्था भी जल्द करवाई जाएगी।

**जय विजय सिंह, जिला परियोजना अधिकारी, डूडा।**

# प्रेमनगर कटोंघन मार्ग का सासंद साध्वी निरंजन ज्योति ने किया भव्य उद्घाटन

**● प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का शिलान्यास प्रेमनगर में आज**

संवाददाता। प्रेमनगर (फतेहपुर)



**खागा तहसील** क्षेत्र के ऐरायाँ विकास के प्रेमनगर से कटोंघन मार्ग जों कि 5.50 चौडाई और 12.50 किलोमीटर लम्बाई जिसकी लागत 1286.37 लाख की कीमत से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का आज प्रेमनगर कस्बे में उद्घघाटन फतेहपुर की सांसद साध्वी निरंजन ज्योति ने किया। जिसमें की पिडब्लू डी के कर्मचारी और खागा की चेयरमेन गीता सिंह व बीजेपी महिला मोर्चा की जिला मंत्री सुशीला मौर्या भी मौजूद रही और कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्लीपुर मंडल अध्यक्ष शिवचरण विश्वकर्मा ने किया और साथ ही शिवराज लोधी प्रधान कोरका, संतोष सिंह, दावत मई, कसार व उमर ग्राम प्रधान उमरपुर गौती व भाजपा महिला मोर्चा की किरण अग्निहोत्री व एन.एल. आर.एम की ब्लॉक अध्यक्ष श्रीदेवी व समाज सेविका खुशनुमा बानो सहित क्षेत्र के तमाम भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहें। इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्री साध्वी ज्योति ने सम्बोधित करते हुए कहा जल्दी ही मैनपुरी से गंगा तट तक 5 करोड़ की लागत से व हथगाम से सेमरा की लिए 8 किलोमीटर की प्रधानमंत्री सड़क और हथगाम से पट्टीशाह 12 से किलोमीटर की 13 करोड़ की लागत से हथगाम से ही सलेपुर 9 किलोमीटर और पट्टीशाह से हरि का पुरवा मनकापुर चक दलपुर वाया कोरुवा तक प्रधानमंत्री सड़क योजना से बनने जा रहीं है। कुल मिलाकर पुरे जिले में 240 किलोमीटर की सड़क का पैसा आया है जों की लगभग 240 करोड़ की लागत से जिले को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सौगात मिलने जा रहीं हैं। आजादी की बाद से अब तक कभी इस जिले में इतनी लागत से प्रधानमंत्री योजना से सड़क नहीं बनी, बाकी और पिडब्लूडी से भी बनेगी।

## क्विक न्यूज

### डीएम-एसपी ने बीएड प्रवेश परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, नकलविहीन परीक्षा कराए जाने के दिए निर्देश

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक सुनीति द्वारा संयुक्त रुप से जनपद में चल रही बीएड प्रवेश परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अकबरपुर इंटर कॉलेज राजकीय महाविद्यालय अकबरपुर श्री कृष्ण औद्योगिक इंटर कॉलेज मुहम्मदपुर रामस्वरूप ग्राम उद्योग पीजी कॉलेज पुखरायां में चल रही बीएड प्रवेश परीक्षा कक्षों में जाकर निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश कक्ष निरीक्षकों को दिए। श्री कृष्ण औद्योगिक इंटर कॉलेज मुहम्मदपुर परीक्षा केंद्र में 15 कक्षाओं में बीएड परीक्षा संचालित मिली तथा पंजीकृत 500 परीक्षार्थियों में 34 परीक्षार्थी अनुपस्थित मिले तथा 466 परीक्षार्थी उपस्थित मिले। इसी प्रकार रामस्वरूप ग्राम उद्योग पीजी कॉलेज पुखरायां में 232 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 194 उपस्थित मिले तथा 38 अनुपस्थित पाए गए तथा उपस्थित परीक्षार्थी 4 कक्षाओं में परीक्षा देते पाए गए। इसी प्रकार अकबरपुर इंटर कॉलेज एवं राजकीय महाविद्यालय अकबरपुर में 500.500 परीक्षार्थी पंजीकृत मिले। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी को सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सुव्यवस्थित ढंग से संचालित मिली और कहीं किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों के व्यवस्थापकों निर्देशित करते हुए कहा कि सुनिश्चित करें कि परीक्षा शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी एवं नकल विहीन संपन्न होए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा सीसीटीवी की जांच भी की गयी और समस्त कक्षा में चल रहे परीक्षा को देखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### शक्ति डिग्री कालेज में छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित



**घाटमपुर।** क्षेत्र के गांव शाखाहारी स्थित श्री शक्ति डिग्री कालेज में दो दिवशीय एक कार्यक्रम का आयोजन कर महाविद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं का जिन्होने वार्षिक परीक्षा में न्यूनतम 70 प्रतिशत अंकों के साथ बीसीए, बीएससी एंव बीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा उर्तीण की है को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कालेज के प्रबन्धक बिनय त्रिवेदी ने शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिये गुर बताये और कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के 2022 के अनसार अब एन0सी0सी0 को भी पाठ्यक्रम में शामिल कर लिया गया है। नई शिक्षा नीति में छात्र-छात्राओं को अबबी0ए0, बी0एस0सी0 के परामपरागत बिषयों के साथ बिभिन्न रोजगार परक पाठ्यक्रम भी पढ़ने होंगे। इसके लिये महा विद्यालय बिभिन्न तकनीकी संस्थानों से समझौता भी करेगा। संचालन लेफ्टिनेन्ट विवेक त्रिवेदी ने किया।इस मौके पर डा0 पी0के0मिश्रा, डा0 संध्या सचान, डा0 जय किशोर सचान, शिवशरण बर्मा, श्या मजी शुक्ला, पुनीत द्विवेदी आदि भी मौजूद रहे।

### जिला परियोजना अधिकारी बांदा लुटे

**घाटमपुर।** कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अलियापुर टोल प्लाजा के पास अज्ञात वाइक सवारों बदमाशों ने बांदा के जिला परियोजना अधिकारी को तमंचे के बल पर लूट लिया। बताया जाता है कि परियोजना अधिकारी रणमत सिंह मंगलवार को बांदा से लखनऊ की ओर जा रहे थे कि जैसे ही थाना सजेती के अलियापुर गांव के पास ( टोल प्लाजा ) पंहुचे कि तभी पीछे से आये तीन वाइक सवार बदमाशों ने उनकी गाड़ी को रोकवा और चालक को कब्जे में लेकर लूटपाट की। थाना सजेती जनार्दन सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलास की जा रही है।

### इनफिनिटी लर्न फेस्टिवल का अयोजन

**कानपुर।** गुणवत्ता की शिक्षा सभी की पहुँच में होनी चाहिये, किफायती होनी चाहिये और उसके द्वारा व?यक्ति के दृष्टिकोण, सामाजिक जुड़ाव और समावेशन में सकारात?मक बदलाव होना चाहिये। तेजी से बढ़ रहे एडटेक ब्राण्ड इनफिनिटी लर्न के सबसे बड़े एज्युकेशन समूह से सहयोग ने अपने परिचालन का एक साल पूरा होने पर अच्छी पढ़ाई करने का अवसर ज्यादा विद्यार्थियों को किफायती दामों पर दिया है। इस फेस्टिवल की शुरूआत 4 जुलाई से हो गई है। यह फेस्टिवल पढ़ाई का संपूर्ण अनुभव सुनिश्चित करने के लिये अतिरिक?त कदम बढ़ाकर जीवंतता लाता है। इनफिनिटी लर्न के सीईओ एवं प्रेसिडेंट उज्जवल सिंह ने कहा, इनफिनिटी लर्न अपने सभी विद्यार्थियों के लिये सही समय पर सही पढ़ाई की आपूर्ति करने के सिद्धांत पर काम करती है। हर विद्यार्थी की जरूरत अलग होती है और हम उसे पूरा करने के लिये सबकुछ करते हैं। इनफिनिटी लर्न भारत में तेजी से बढ़ रही एडटेक कंपनियों में से एक है। डिजिटल पढ़ाई के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी बनने का उद्देश्य लेकर चल रहे लोगों के कारण इस कंपनी के प्लेटफॉर्म पर इसके कमर्शियल लॉन?च के बाद केवल 8 महीनों में एक मिलियन से ज्यादा रजिस्टर्ड यूजर्स और 3 लाख से ज्यादा पेड यूजर्स हो चुके हैं।

### 24.99 लाख खर्च कर दिए, आज तक नहीं हट सका नाले से अतिक्रमण

**फर्रुखाबाद।** शहर में कई बड़े नाले ऐसे हैं जिनकी सफाई अतिक्रमण के चलते नहीं हो पा रही है। मोहल्ला नरकसा से छावनी की ओर जाने वाले नाले के ऊपर ही मकान बने हैं। 42 भवन स्वामियों को 10 साल पहले नोटिस भी जारी हुए थे लेकिन राजनीतिक दखलंदाजी के चलते पत्रावली ठंडे बस्ते में चली गई। वर्ष 2019.20 में पालिका ने इस नाले की सफाई के लिए अलीगढ़ की एक फर्म को 24ण99 लाख में सफाई का ठेका दिया था। नरकसा से छावनी की ओर जाने वाला नाला हर साल चोक हो जाता है। जिससे कई मोहल्ले जलभराव से प्रभावित होते हैं। दशकों पुरानी इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए नाले के ऊपर बने मकान तोड़ने को नगर पालिका ने 42 भवन स्वामियों को नोटिस जारी किए थे लेकिन राजनीतिक कारणों से कार्रवाई नहीं हो पाई। अलीगढ़ की फर्म ने 24.99 लाख रुपये में इस नाले की सफाई की थी। माना यह जा रहा था कि अब कुछ वर्ष तक जलभराव की समस्या नहीं होगीए लेकिन अब फिर कुछ स्थानों पर पानी रुकने लगा है। हालांकि मानसून आने पर ही वास्तविक स्थिति पता चल सकेगी। नाला यदि चोक हुआ तो फिर जलभराव होना तय है। छावनी निवासी रामनरेश ने बताया कि नाला चोक हो जाने पर छावनी, नरकसा, गंगा नगर कालोनी में जबरदस्त जलभराव हो जाता है। यह नाला घोड़ानखास होते हुए सलावत खां की ओर जाता है। इसी तरह मोहल्ला गढ़ी अशरफअली में भी नाले के ऊपर ही मकान बने हुए हैं। फतेहगढ़ के मोहल्ला प्रीतम नगला में भी नाले के किनारे मकान बने हैं।

### अल्पसंख्यक आयोग ने लोगों की सुनीं शिकायतें

**फतेहपुर।** रूमाना सिद्दीकी, सदस्या, उ0प्र0 अल्पसंख्यक आयोग ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगो की शिकायतों को सुना, जिसमे 02 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगो से कहा कि जो भी शिकायत है। लिखित रूप से जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी फतेहपुर को उपलब्ध करा दे। उन्होंने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदन पत्रों में आवश्यक कार्यवाही फौरी तौर पर करें। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर, जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष, महामंत्री, उ0प्र0 अल्पसंख्यक मीडिया प्रभारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### रामआ की सदस्य ने की जन सुनवायी, एक मामले का निस्तारण

**फतेहपुर।** सदस्य सचिव, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग के निर्देशानुसार आज पीडब्ल्यूडी निरीक्षण भवन में अनिता सचान, सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा बैठक के साथ-साथ उपस्थित महिलाओं द्वारा प्रस्तुत नवीन प्रार्थना पत्रों की जनसुनवायी की गयी। जनसुनवायी के दौरान कुल 22 महिलाओं द्वारा उत्पीड़न शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये गये, जिनकी सुनवायी के उपरान्त सम्बन्धित विभागों को प्रार्थना पत्र जाँचोपरान्त कार्यवाही किये जाने हेतु सन्दर्भित किया गया तथा दूरभाष द्वारा सम्बन्धित थाने/विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया तथा 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण कराते हुए पति-पत्नी के मध्य समझौता कराया गया। शासन की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति 4.0 के अन्तर्गत जनपद के समस्त विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ निचले स्तर तक पहुँचाना सुनिश्चित करें। उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में रोमा गुप्ता, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अवधेश कुमार निगम, अपर उप जिलाधिकारी, डी0सी0 मिश्र, क्षेत्राधिकारी सदर, नीरज कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी, डॉ0 विवेक शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### अमेजन का प्राइम डे 2022

**कानपुर।** प्राइम मेंबर्स को खुशियां मनाने का बहाना देने के लिएए अमेजन एक बार फिर से अपना वार्षिक प्राइम डे लेकर आ रहा है। 23 जुलाई को रात 12 बजे से शुरू होकर जिसका समापन होगा 24 जुलाई को होगा। इस अवसर पर बोलते हुए अक्षय साही, डायरेक्टर . प्राइम एंड फुलफिलमेंट एक्सपीरियंसए अमेजन इंडिया ने कहा, हमारा छठा प्राइम डे हमारे सभी प्राइम मेंबर्स के लिए बेजोड़ खरीदारी और मनोरंजन अनुभव के साथ बड़ा, बेहतर और भरपूर है। हमें अभी तक अपने मौजूदा प्राइम मेंबर्स से मिली शानदार प्रतिक्रिया और मजबूत समर्थन के लिए हम उनके आभारी हैं और मुझे पूरा भरोसा है कि इस प्राइम डे के दौरान भी रोमांचक डील्स, नए लॉन्च, औरमनोरंजन के साथ अपने लिए खुशियां प्राप्त करेंगे। अपने ग्राहकों के लिए वैल?यू और सुविधा को बढ़ाने के लिए हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं और हम इसे प्राइम परिवार में नए ग्राहकों की सेवा और स्वागत करने के अवसर के रूप में भी देखते हैं।

# डीएम ने की स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की समीक्षा

संवाददाता। अमेठी


समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी

**जिलाधिकारी राकेश** कुमार मिश्र ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति ;शासी निकायद्ध की बैठक कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए साथ ही विशेष प्रयास कर प्रगति में सुधार लाने को कहाए इसके साथ ही जिलाधिकारी ने शासन द्वारा संचालित समस्त स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक जन सामान्य को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में समिति के समक्ष अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए आवश्यक सामग्री उपकरण के क्रय करनेए स्टाफ की उपलब्धताए जन जागरूकता तथा अन्य कार्यक्रम पर हुए व्यय के अनुमोदन हेतु 07 प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डीएम ने संस्थागत प्रसव जननी सुरक्षा कार्यक्रम नवजात शिशु टीकाकरण आशा भुगतान आशा रिपोर्टिंग सहित अन्य योजनाओंध्कार्यक्रमों की समीक्षा किया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओंध्कार्यक्रमों का सही ढंग से क्रियान्वयन करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि जननी सुरक्षा योजना का संचालन पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप करें एवं प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर विश्वसनीयता को बढ़ाया जाये। नवजात शिशु टीकाकरण किसी भी चिकित्साधिकारी के क्षेत्र में कम हुआ तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाये। उन्होने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि आशाए एनम और आंगनबा?ी कार्यकत्रियों की बैठक संयुक्त रूप से आयोजित करें। घर.घर सर्वे के आधार पर बच्चों की सूची तैयार करें इस सूची के आधार पर नवजात शिशुओं का टीकाकरण कराये। उन्होने कहा कि जिन आशाओं के मानदेय का भुगतान समय से नही किया जाता हो उनका भुगतान समय सीमा के अन्तर्गत ही कर दिया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सकों को उनके तैनाती स्थल पर ही निवास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सीएससी पीएससी व जिला अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता मरीजों के बैठने के लिए कुर्सी शौचालय पीने हेतु पानी सफाई बिजली व पंखा आदि सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू व मलेरिया के बचाव हेतु निरंतर छिड़काव व फागिंग कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डा अंकुर लाठरए जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंहए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा राम प्रसादए डा नवीन मिश्रा सहित सभी एमओआईसी मौजूद रहे।

# जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण पहली प्राथमिकता: पुलिस अधीक्षक

संवाददाता। अमेठी

**जिले के नवागत** पुलिस अधीक्षक इला मारन जी ने आज मीडिया से बात करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था को चुस्त.दुरुस्त करनाए महिला उत्पीड़न जैसी घटनाओं पर अंकुश के साथ ही जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण उनकी पहली प्राथमिकता है जिले में 15 वें एसपी के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के बाद आज पहली बार पुलिस अधीक्षक इलामारन जी ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि जिले में विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों पर होने वाले अपराधों पर नकेल कसी जाएगी जिले की प्रत्येक जनता की समस्याओं का उचित निस्तारण किया जाएगा। कोई भी पीडति मुझसे सीयूजी पर संपर्क कर सीधे मुलाकात करते हुए अपनी समस्याओं से अवगत करा सकता हैं। इलामारन जी 2016 बैच के आईपीएस हैं। पुलिस अधीक्षक के रूप में पहली बार कमान संभालने के बाद इलामारन जी ने दो टूक शब्दों में कहा कि कर्तव्य पालन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी शासन की मंशा के मुताबिक काम करना होगा यदि कोई भी लापरवाही का दोषी पाया गया तो उसके खिलाफकठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कप्तान के रूप में पहली बार किसी जिले की कमान संभालने के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए इलामारन जी ने कहा कि बहुत जल्द आप सबको परिवर्तन नजर आएगा अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगेगा अपराधियो को सही जगह पर पहुंचाया जाएगा जिले भर में पुलिस पेट्रोलिंग को और बढ़ाया जाएगा। प्रेस वार्ता में पत्रकारों ने जिले में बढ़ते नशा कारोबार का भी मामला उठाया जिस पर पुलिस अधीक्षक ने शीघ्र गंभीरता से कदम उठाने की बात कही।


पत्रकारों से रूबरू होते हुए नवागत एसपी

## क्विक न्यूज

### सड़क हादसे में युवक घायल-ट्रामा रिफर

**जगदीशपुर अमेठी।** रिश्तेदारी से घर वापस लौट रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े वाहन से टकरा गया जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे ईलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित हुसैनगंज कला गांव के निकट तिलोई तहसील के अंतर्गत केसरिया सलीमपुर निवासी अनिल कुमार जो अपनी रिश्तेदारी मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के अढनपुर गांव से बाइक द्वारा घर वापस जा रहे थे कि अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े वाहन से जा टकराई जिसके चलते वह गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अनिल कुमार को ईलाज हेतु सीएचसी जगदीशपुर में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

### असलहे के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**तिलोई अमेठी।** थाना शिवरतनगंज की इन्हौना पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को अवैध तमंचा एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देश पर इन्हौना पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चौकी प्रभारी देवेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह सिपाहियों द्वारा दौरान गश्त मुखबिर की सूचना पर राम किशोर पुत्र रामफल निवासी ग्राम सिंहपुर थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी को कस्बा इन्हौना के दोस्त?का चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से एक अदद तमंचा एवं एक अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। चौकी प्रभारी देवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक राम किशोर थाना शिवरतनगंज का हिस्ट्रीशीटर है और टाप टेन शातिर अपराधी है। चौकी प्रभारी ने बताया कि पकड़े गये शातिर अपराधी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आपराधिक छवि के लोगों पर पुलिस की पैनी नजर है उनके क्रियाकलापों की लगातार निगरानी की जा रही है।

### मेरा प्रयास-मेरा कदम जनसेवा सर्वप्रथमः सुरेश पासी

**जगदीशपुर अमेठी।** मेरा प्रयास मेरा कदम जनसेवा सर्वप्रथम उक्त बातें पूर्व मंत्री व स्थानीय विधायक सुरेश पासी ने जनता दर्शन के दौरान बीएचईएल जगदीशपुर में कहीं। जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित उतेलवा यूपीएसआईडीसी कालोनी में भाजपा कार्यालय में प्रत्येक बुधवार को स्थानीय विधायक सुरेश पासी के नेतृत्व में जनता दर्शन का आयोजन किया जाता है जहाँ कार्यालय पर क्षेत्र से आए हुए जनता एवं फरियादियों की समस्याओं को सुना और विभागीय अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराया तथा कार्यवाही के लिए निर्देशित किया इस मौके पर भाजपा नेता राम हेत बैश्य अमित सोनी सहित तमाम फरियादी मौजूद रहे।

### एसपी ने किया मुसाफिरखाना कस्बे के भ्रमण

**मुसाफिरखानाअमेठी।** मंगलवार को एसपी विनोद पांडेय ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों व कर्मियों के साथ कस्बे में भ्रमण करते हुए शराब व बियर की दुकानों का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी लापरवाही पर कठोर कार्रवाई होगी। नवागत पुलिस कप्तान इला मारन के निर्देश पर मंगलवार की शाम करीब छह बजे स्थानीय कोतवाली पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार पांडेय ने कानून व्यवस्था के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह व कोतवाली पुलिस के कर्मियों के साथ भ्रमण करते हुए लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपील की इस दौरान एएसपी विनोद पांडेय ने कस्बे में स्थित शराब की दुकानों का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेल्समैनों को हिदायत दी उन्होंने कहा कि शराब की बिक्री उचित दामों पर की जाए ।किसी भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### आग का गोला बना सीमेन्ट लदा ट्रक धू-धू कर जला

**जगदीशपुर अमेठी।** देर रात सीमेंट लादकर जा रहे ट्रक में अचानक आग लग गई और देखते देखते आग ने ट्रक को पूरी तरह अपने आगोश में ले लिया तथा ड्राइवर ने कूद कर किसी तरह अपनी जान बचाई । घटना की सूचना पर पहुंची डायल 112 व फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । कमरौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत कठौरा गांव के निकट देर रात गौरीगंज स्थित एसीसी सीमेन्ट फैक्ट्री से सीमेन्ट लादकर लखीमपुर खीरी जा रहा था कि अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में चलती ट्रक में अचानक आग लग गई आग इतनी भयावह थी कि चंद पलों में ही पूरे ट्रक को अपनी आगोश में ले लिया तथा ड्राइवर मुस्तकीम को अपनी जान के लाले पड़ गए जहां उसने वाहन से कूद कर किसी तरह से अपनी जान बचाई और तत्काल घटना की सूचना डायल 112 व अग्निशमन विभाग को दी। सूचना पर पहुंची डायल 112 व फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों मशक्कत की तब जाकर आग पर काबू पाया गया और तब तक यातायात प्रभावित रहा । फिलहाल दूसरे दिन सुबह ट्रक चालक रायबरेली जनपद के डीह थाना क्षेत्र के पूरे सरदार निवासी मुस्तकीम ने सीमेंट फैक्ट्री को सूचित कर कमरौली थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है।

### अमरनाथ यात्रा पर जा रहे तीर्थ यात्रियों को स्वाद ढाबे पर जलपान करा कर किया गया रवाना



**बछरावां रायबरेली ।** रायबरेली जनपद से बाबा अमरनाथ बर्फानी की तीर्थ यात्रा पर जा रहे तीर्थ यात्रियों को बछरावां नगर के स्वाद ढाबा पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फराम जी व स्वाद ढाबा के संचालक समाजसेवी राजेंद्र सिंह उर्फराजू बाबा के नेतृत्व में स्वागत सम्मान किया गया। तीर्थ यात्रियों को जलपान करा कर ट्रेन पकड़ने के लिए लखनऊ के लिए रवाना किया गया। बाबा अमरनाथ बर्फानी भूखे को अन्न प्यासे को पानी की तीर्थ यात्रा के लिए प्रतिवर्ष बाबा अमरनाथ सेवा मंडल द्वारा हजारों की संख्या में तीर्थयात्री रायबरेली जनपद के तीर्थ यात्रा के लिए जाते हैं। रायबरेली जनपद से यह पहला जत्था 150 तीर्थ यात्रियों का ओम शिव शक्ति मानव सेवा मंडल के जिला अध्यक्ष राजेंद्र अवस्थी के नेतृत्व में रवाना किया गया। वही शिव भक्तों का रायबरेली जनपद से लेकर लखनऊ तक कई जगहों पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्वाद ढाबा पर नीरज चौधरी, सभासद रामकिशोर चौधरी, संतोष कुमार वर्मा सहित दर्जनों लोग शिव भक्तों के स्वागत के लिए मौजूद रहे।

# महाविद्यालयों में मनाया गया डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती



डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाते हुए

संवाददाता। अमेठी

**राष्ट्र की** एकता और अखंडता के अमर बलिदानी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 121 वी जयंती के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विचार गोष्ठी में अमेठी जल बिरादरी के संयोजक डॉ अर्जुन प्रसाद पांडेयए नेहरू युवा केंद्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राजएपॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य एस के सिंह तथा महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ पूनम सिंह ने अपने विचार प्रस्तुत किए। विचार गोष्ठी में सभी प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं तथा छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एन एस एस की कार्यक्रमाधिकारी अधिकारी डॉ0 पूजा सिंह ने किया। वहीं राजर्षि रणंजय सिंह आसल देव पीजी कॉलेज पीपरपुर अमेठी में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के 121 वी जयंती के अवसर पर भारत सरकार नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में निबंध एवं चार्ट प्रतियोगिता का कार्य संपन्न किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संगीता सिंह जी प्रशासनिक अधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रमाधिकारी डॉ पूनम मिश्रा एवं समस्त प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहे। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रूपा साहू द्वितीय स्थान काजल यादव एवं तृतीय स्थान अर्जुन तिवारी ने प्राप्त किया तथा चार्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंदिता विश्वकर्मा द्वितीय स्थान आदित्य बरनवाल एवं तृतीय स्थान कुलदीप साहू ने प्राप्त किया।

# युवाओं ने चलाया पौधरोपण अभियान

**मुसाफिरखाना अमेठी ।** बुधवार को हिंगलाज युवा टीम द्वारा क्षेत्र के दादरा गांव स्थित जूनियर विद्यालय व अन्य स्थलों पर 1100 पेड़ों का वृक्षारोपण कर लोगों मे पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। हिंगलाज टीम ने हर वर्ष पेड़ों को लगाकर लोगो मे जागरूकता का संदेश दिया जाता है।

टीम द्वारा पीपल नीम अमरूद आम आदि के वृक्ष लगाए गए। टीम के सक्रिय सदस्य निशांत श्रीवास्तव ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतुआवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण अभियान को सफल करने का आह्वान किया और साथ ही जोर दिया की वृक्षों को लगाने के साथ.साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी। अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे जिससे यहां की प्राकृतिक वातावरण काफी शुद्ध व स्वच्छ है। वृक्षारोपण में मुख्य रूप से सहयोग अंजनी कुमार श्रीवास्तव रमेश यादव निशांत श्रीवास्तव यज्ञेश श्रीवास्तव का रहा । कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापिका कंचन श्रीवास्तव आशीष अग्रहरि राजन सिंह शिवशंकर शर्मा दीपक श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


पौधारोपण करते हुए

# खजूर गांव में अमृत व पवित्र वन रोपण कार्य का समारोह पूर्वक समापन

संवाददाता। लालगंज रायबरेली



**अमृत महोत्सव** के तत्वावधान में सरेनी विधायक देवेन्द्र प्रताप सिंह (राजा अजय) की अध्यक्षता एवं लालगंज वन क्षेत्र के क्षेत्राधिकारी फिरोज खान के संयोजन में अमृत वन पवित्र वन रोपण कार्य खजूर गांव में समारोह पूर्वक सुसंपन्न हुआ ,जिसमें सर्वप्रथम अत्यंत पवित्र माने जाने वाले पौधों--आम,सीता अशोक, पीपल, पाकर ,बरगद ,शमी ,नीम, आमला, अर्जुन,ढाक, महुवा समेत वि शिष्ट प्रकार के पौधों का पूजनोपरांत विधि विधान के साथ वृहद स्तर पर पौध रोपण किया गया। पंचवटी विकास समिति लालगंज के संरक्षक कवि एवं साहित्यकार राम करन सिंह के द्वारा वंदना तथा पर्यावरण संरक्षण संबंधी प्रेरक गीत प्रस्तुत किए गए। पनीबी ग्राम के वृक्ष मित्र रोशनलाल त्रिपाठी ने सभी नागरिकों को पौधे लगाने तथा उनको बचाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि वृक्षारोपण वर्तमान प्रदूषित वातावरण को शुद्ध करने के लिए सबसे महान यज्ञ है। विधायक ने कहा कि एक्सप्रेस हाई वे निर्माण में विशाल वृक्षों का विनाश होता है, अत:, विनाश की कीमत पर होने वाला विकास भारत जैसे बहु जनसंख्या वाले गरीब देश के लिए प्राथमिकता नहीं होना चाहि फारेस्टर महेन्द्र नाथ मिश्र ने हर नागरिक को बेटी- बेटे के जन्मदिन पर प्रतिवर्ष 1पौधा लगाकर ग्लोबल वॉर्मिंग से बचाव का उपाय सुझाया।रेंजर महोदय ने कहा कि भारत के लोग पर्यावरण को धर्म से जोड़कर वन संपदा नदियों का पूजन कर प्रकृति से स्वयं को जोड़ते हसि,अस्तु, विश्व जलवायु परिवर्तन नियंत्रण की दिशा में भारत भारत की ओर आशा भरी निगाह से देख रहा है।अस्तु, हमें प्राणवायु हेतु इस अभियान को जन अभियान बनाना होगा। इस अवसर पर प्रबुद्ध पर्यावरण मित्रों के साथ ही फॉरेस्टर सर्वश्री राम कुमार,मुन्नीलाल, मनीष कुमार, अवनीन्द्र सिंह, तथा फारेस्ट गार्ड नीरज शर्मा समेत क्षेत्र के लब्ध प्रतिष्ठ जनो ने इस राष्ट्रीय महत्व के वन महोत्सव में प्रतिभाग किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला अधेड़ का शव

**लालगंज ।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब एक संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ का शव तहसील के समीप नवरंग का पुरवा में एक अधेड़ का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई अधेड़ के शव के पास साइकिल व बगल में मोबाइल तथा समीप में ही दो प्रकार की शराब की बोतल भी पाई गई जोकि देसी शराब की वन व विंडीज सहित चार गिलास पाए गए हैं द्य अधेड़ के शव के पास पड़े मोबाइल से उसी के परिवार का डायल नंबर पर लालगंज कोतवाली प्रभारी ने कॉल करके बताया तो शव का सिनाख्त महेंद्र सिंह निवासी तोड़ी का पुरवा मजरे सेमर पहा हुई , जानकारी के बाद पहुंचे महेन्द्र के साले रोहण ने पहुंचकर बताया कि जीजा हमारे दूध का व्यापार करते थे और दीदी गायत्री देवी के साथ-साथ एक पुत्र एक व पुत्री है जोकि दीदी गायत्री देवी सहित बिटिया नोएडा में एक कपड़े के कंपनी में कार्य करती हैं वही लालगंज कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है ।

## उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की हुई बैठक

**रायबरेली।** जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा की अध्यक्षता में हुई, बैठक को संबोधित करते हुए गीता मिश्रा ने कहा कि आशा वर्कर्स का चार माह से कोई मानदेय भुगतान नही किया गया है , कोविड प्रोत्साहन राशि का भुगतान काफी चीखने चिल्लाने के बावजूद हुआ है उसमे भी पूरे जिले में प्रभारी ,बी सी पी एम प्रति आशा से 2000 रू की घूस मांग रहे हैं , न देने पर सेवा से वंचित करने के लिए धमका रहे हैं ,कुछ जगहो पर अग्रिम वसूली कर ली गई है ,और कुछ जगह उगाही बेखौफ होकर की जा रही है गीता मिश्रा ने कहा कि आश्चर्य है कि आशा कर्मियों को मिलने वाली बहुत न्यूनतम अनुतोष व प्रोत्साहन राशि में वार्षिक 500 करोड़ रू से भी अधिक की केंद्र प्रभारियों व बी सी पी एम द्वारा की जाने वाली वसूली के संदर्भ में की 6 माह से भी अधिक समय से प्रदेश के मुख्यमंत्री ,स्वास्थ्य मंत्री ,स्वास्थ्य सचिव , एन एच एम के निदेशक व जिलाधिकारियों से लगातार शिकायत करके इसे रोकने व स्थाई रूप से एक राज्य स्तरीय निगरानी तंत्र विकसित करने की मांग की जा रही है और यह घूसखोरी सबकी जानकारी में हैं ,राय बरेली में भी जिलाधिकारी को जिला स्वास्थ्य समिति की अध्यक्ष है उनसे भी इसे रोकने के लिए कार्यवाही करने का निवेदन किया गया पर पूरे जिले में बेखौफवसूली के लिए डंडा चल रहा है , शिव गढ़ में अग्रिम वसूली ,बछरावां ,जगतपुर , सलोन आदि में वसूली जारी है ।

# ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई का कार्य पूरी तरह है बाधित

**ऊंचाहार।** ब्लाक स्थित सहायक विकास अधिकारी कार्यालय में लंबे समय से कुछ सफाईकर्मी सम्बद्ध होकर कार्य कर रहे हैं और जिन ग्राम पंचायतों में उनकी तैनाती है वहां साफसफाई का कार्य पूर्णतया बाधित है, कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को हटाये जाने के सम्बंध में सफाई कर्मचारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष की अगुवाई में दर्जनों सफाईकर्मियों ने एडीओ को पंचायत ज्ञापन सौंपा है।बुधवार को ब्लाक परिसर में दर्जनों सफाईकर्मियों ने हाथ उठाकर विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद ब्लाक अध्यक्ष जसवंत यादव की अगुवाई में सफाईकर्मियों ने एडीओ पंचायत कार्यालय से सम्बद्ध सफाईकर्मचारियों को तत्काल हटाये हेतु ज्ञापन दिया है। अध्यक्ष जसवंत यादव ने बताया कि कार्यालय में करीबन दस वर्षों से कुछ सफाईकर्मचारी सम्बद्ध है ,जिसके चलते जिन ग्राम पंचायतों में उनकी तैनाती है वहां साफसफाई व्यवस्था बाधित रहती हैं, इसके अलावा भी कार्यालय में तैनात सफाईकर्मी मनमाने रैवये से संघ के अन्य सफाईकर्मियों से सौतेला व्यवहार करते है। इस मौके पर अमृतलाल, मेवालाल, सुमन,फूलचंद, रामलखन, सुरेश कुमार,महेश, दिनेश, सुनील कुमार समेत कई सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।कार्यवाहक एडीओ पंचायत संजीव जायसवाल ने बताया कि ज्ञापन प्राप्त हुआ है, मामले में उचित कार्यवाही की जायेगी।



# पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से मौत

**खीरो ( रायबरेली )।** थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर गांव में एक युवक की करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक के भाई की सूचना पर खीरों पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है जानकारी के अनुसार मिर्जापुर निवासी हरिशंकर (32) पुत्र स्व0 जोधा प्रसाद मंगलवार की रात घर में सो रहे थे। उसके नजदीक ही एक फर्राटा पंखा चल रहा था। रात करीब तीन बजे अचानक फर्राटा पंखा उसके ऊपर गिर गया । जिसमें दौड़ रहे करेंट की चपेट में हरिशंकर आ गया। पंखा गिरने की आवाज सुनकर परिजन दौड़े और जब तक वह पंखा हटाते तब तक हरिशंकर की मौत हो चुकी थी । मृतक के भाई श्रीराम की सूचना पर पहुंची खीरों पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।इस घटना से मृतक के भाई श्रीराम , पुत्तीलाल, मां कृष्णावती आदि सहित सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार अवस्थी ने बताया कि मृतक के भाई की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है । तहरीर मिलने पर जांचकर कार्यवाही की जायेगी।

## विषाक्त पदार्थ खाने युवक गंभीर

**ऊंचाहार ।** किसी बात को लेकर एक युवक ने घर में रखा विषाक्त खा लिया है । उसको गंभीर दशा में जिला अस्पताल भेजा गया है । ऊंचाहार थाना क्षेत्र के नेवादा गांव निवासी एक युवक राजू ने किसी बात को लेकर घर में रखा कीटनाशक खा लिया । जिससे उसकी हालत बिगड़ गई । परिजन उसको लेकर जगतपुर सीएचसी आए । जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर दशा को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है ।सीएचसी अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने बताया है कि प्राथमिक उपचार के बाद युवक को जिला चिकित्सालय भेजा गया है ।

# डॉ शांति सिंह ने वृद्ध आश्रम में फ्रिज व मिक्सी मशीन दान दिया



**रायबरेली।** डॉक्टर एस के सिंह मेमोरियल सोसायटी की अध्यक्ष डॉ शांति सिंह ने आज डॉ एसके सिंह की 22 वी पुण्यतिथि पर एसके सिंह मेमोरियल सोसायटी द्वारा वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों को अच्छी व शुद्ध पेयजल के लिए एक फ्रिज व मिक्सी मशीन का दान दिया है और साथ ही फल वितरण का भी कार्यक्रम था डॉ शांति सिंह द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य किए जाते रहे हैं एवं वृद्धा आश्रम जाकर वृद्धजनों से मिलकर उनकी समस्याओं के विषय में जाना उन उनके बीच में पहुंचकर डॉक्टर शांति सिंह ने फ्रिज मिक्सी मशीन मिलने से वृद्ध जनों में काफी उत्साह था कार्यक्रम में डॉ शांति सिंह ने आश्वासन दिया कि समय-समय पर यथासंभव मदद वृद्ध आश्रम के लिए की जाएगी वृद्ध आश्रम अधीक्षक अनुज दिवाकर सिंह लोग उपस्थित रहे ।

# ये दांव तो निकला और दमदार

फालोअप

- सीआरओ ने कमिश्नर की जांच रिपोर्ट को दरकिनार कर जिला कार्यक्रम अधिकारी को भी दे दी क्लीन चिट
- कमिश्नर, एडी हेल्थ और मिशन के डायरेक्टर ने दोषी माना और उसे एक ही झटके में बरी कर दिया

संवाददाता। बस्ती

**एक दिन** पहले दोष साबित होने के बाद भी सीआरओ नीता यादव के द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव को भ्रष्टाचार के आरोपों से मुक्त करने का मामला सामने आ चुका है। यह मामला मंडल के प्रभारी एवं विभागीय मंत्री बेबीरानी मौर्या के प्रेसवार्ता में भी उठ चुका है। अब सीआरओ पर स्वास्थ्य विभाग के एक ऐसे जिला कार्यक्रम अधिकारी सुधीर कुमार यादव को दोषमुक्त करने का आरोप लग रहा है, जिसे कमिष्नर, एडी हेल्थ और एनएचएम के मिषन डायरेक्टर नियुक्ति के मामले में दोषी करार दे चुके हैं और कार्रवाईके लिए लिख भी चुके हैं। तत्कालीन डीएम भी इनके क्रियाकलापों की रिपोर्ट सीएमओ से एक सप्ताह में देने का निर्देश दे चुकी हैं मगर वह एक सप्ताह आया ही नहीं, जबकि आदेश 23 मार्च 22 को दिया गया। अब यह अलग बात है, कि दो साल बाद भी सीएमओ की ओर से आखिर क्यों एक ही वर्ग के ओरोपिया या फिर दोष सिद्व अधिकारियों को क्लीन चिट दी जा रही है। वह भी एक ही अधिकारी के द्वारा। धीरे-धीरे इस अधिकारी की पहचान दोषियों को दोषमुक्त करने के रुप में होती जा रही है। ऐसा लगता है, कि जिले में एक ऐसी टोली काम कर रही है, जो भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगी हुई, और इसके लिए एक खास अधिकारी को जांच अधिकारी बना दिया जाता है, ताकि आरोपियों को आसानी से क्लीन चिट मिल सके। इस टोली में जिला शासकीय अधिवक्ता का भी नाम सामने आ रहा हैं, जिन्होंने कमिश्नर के आदेश के अगेनस्ट जाकर जिला कार्यक्रम अधिकारी के पक्ष में अपनी राय दी। इनपर भी आरोपियों को बचाने का दबाव बनाया जा रहा है। भ्रष्टाचारमुक्त का दावा करने के सरकार के दावे को अधिकारी झूठा साबित करने में लगे हुएं है। सरकार भले ही भाजपा की हो मगर आज भी कुछ ऐसे अधिकारी हैं, जो सारे मानकों को धता बता रहे हैं। शिकायतकर्त्ता रामललन यादव सीएम को पत्र लिखकर इसकी शिकायत कर चुके हैं। बहरहाल जिले में आजकल राजस्व विभाग के एक अधिकारी की खूब चर्चा हो रही है। इनके बारे में कहा जाता है, अगर इन्हें पता चल जाए कि इनके किसी वर्ग के अधिकारी या फिर प्रधान की शिकायत की गई, और इन्हें जांच अधिकारी बना दिया गया तो समझ लीजिए फैसला इन्हीं वर्ग के लोगों के पक्ष में होगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव और जिला कार्यक्रम अधिकारी सुधीर कुमार यादव के पक्ष में हुए फैसले का मामला तो सामने आ चुका है। पगारखास के जितेद्र यादव का भी मामला सामने आया है, जहां पर इन्हें पूरी तरह तो दोषमुक्त नहीं किया गया, मगर सजा अवश्य कम कर दी गई। शिकायतकर्त्ता चिल्लाता रह गया, मगर उसकी एक नहीं सुनी गई। पहले तो जांच को लंबित किया गया, मगर जब मामला लोकायुक्त के यहां गया तो जांच में तेजी आई, वही हुआ जिसकी आशंका शिकायतकर्त्ता व्यक्त कर चुका था।

**कमिश्नर की रिपोर्ट को ही सीआरओ ने झूठा साबित किया:** नौ अक्टूबर 19 को तत्कालीन कमिश्नर अनिल कुमार सागर ने एक जांच आख्या भेजी। जिसमें कहा गया कि सुधीर कुमार यादव के मूल आवेदन में एमएसडब्लू बुंदेलखंड विष्वविधालय झांसी वर्ष 2011 में सोशल वर्क से 61.60 प्रतिषत प्रथम श्रेणी में दर्षाया गया। मगर तत्कालीन सीएमओ ने दिए गए अभिलेख में यादव को 2014 में डा. राममनोहर लोहिया अवध विष्वविधालय फैजाबाद से एमए समाजशास्त्र की डिग्री में 58.36 द्वितीय श्रेणी में दिखाया गया। वहीं पर सीएमओ की ओर से गठित स्क्रीनिगं कमेटी ने इन्हें समाजषास्त्र में 58.36 प्रतिशत अंक के स्थान पर 61.80 प्रतिशत दिखाया गया। लिखा गया कि सीएमओ के सात दिसंबर 18 को जो कार्यवृत्ति बनाई गई, उसमें इन्हें पोस्ट ग्रेजुएट सोशल साइंस में 61.60 प्रतिशत दर्शाया गया, जबकि इनके वरास्तविक अंकपत्र में 58.36 प्रतिशत है। सबसे अधिक चौकाने वाली बात यह है, कि सीएमओ के यहां से जिला एचएमआईएस, एमसीटीएस आपरेटर में पद पर वर्ष 2015 में डीपीएमयू कार्यालय में कार्यरत हैं, मगर इन्होंने जो अपना अनुभव प्रमाण-पत्र लगाया वह 2013 से दिया है। अब सवाल उठ रहा है, कि जो व्यक्ति 2015 से कार्यरत हैं, उस व्यक्ति का अनुभव प्रमाण-पत्र कैसे 2013 से देगा। नियुक्ति पत्र में स्पष्ट लिखा है, कि शैक्षिक योग्यता सहित अन्य अभिलेखों के सत्यापन के बाद ही इन्हें मानदेय का भुगतान किया जाएगा, मगर सीएमओ ने इसे भी अनदेखी करते हुए बिना सत्यापन कराए ही मानदेय दे दिया। इस तरह सीएमओ ने अपने ही आदेश का उल्लघंन किया। कमिश्नर ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट लिखा है, कि सीएमओ के द्वारा सुधीर कुमार यादव कम्प्यूटर आपरेटर की नियुक्ति के संबंध में भारी अनियमितता की गई। लिखा कि संबधित व्यक्ति के खिलाफबिना कोई कार्रवाई किए मात्र औपचारिकता पूर्ण करते हुए आख्या देदी। जो विधिसम्मत नहीं है, और यह अत्यंत ही आपत्तिजनक है। इस लिए निर्देशित किया जाता है, कि संबधित दोषी अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्व तत्काल विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए दो दिन में कार्यालय को अवगत कराए। दो दिन कौन कहे दो साल बीत गए मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिन दोषियों कों जेल में होना चाहिए वह खुलेआम घूम रहा है। कमिशनर की रिपोर्ट पर एनएचएम के मिशन डायरेक्टर अपर्णा उपाध्याय ने सीएमओ से पांच दिन में कार्रवाई कर सूचित करने का निर्देश दिया, मगर पांच को बीते 15 दिन हो गए, मगर हर बार की इस बार सीएमओ के द्वारा बचाने का काम किया गया। पत्र में स्पष्ट लिखा है, कि सीएमओ के द्वारा सुनियोजित तरीके इस मामले में भ्रष्टाचार करते हुए सुधीर कुमार यादव नामक ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति जिला कार्यक्रम अधिकारी के पद पर कर दी, जिसके पास विज्ञापित पद की षैक्षिक योग्यता ही नहीं। लगता है, कि दोषमुक्त करने से पहले सीआरओ ने कमिष्नर की रिपोर्ट को गंभीरता से अध्ध्यन नहीं किया, और मात्र एक शपथ-पत्र और जिला षासकीय अधिकवक्ता के विधिक राय के बिना पर दोषमुक्त कर दिया, इसे कहते हैं भ्रष्टाचारी एवं वर्ग प्रेम।

## कृषि निवेश मेले का आयोजन आज से

**फतेहपुर।** मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश ने बताया कि खरीफ सीजन में विकास खण्ड स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसका कार्यक्रम निम्नवत निर्धारित किया जाता है। 07 जुलाई को विकास खण्ड तेलियानी का आयोजन विकास भवन, 15 जुलाई को असोथर, 18 जुलाई को भिटौरा, 19 जुलाई को हसवा, 21 जुलाई को बहुआ, 22 जुलाई मलवा, 23 जुलाई खजुहा, 25 जुलाई देवमई, 26 जुलाई अमौली, 27 जुलाई हथगांम, 28 जुलाई ऐराया, 29 जुलाई विजयीपुर और 30 जुलाई को धाता ब्लाक परिसर में गोष्ठियां आयोजित होंगी। उन्होंने कहा कि विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेला में कृषि विभाग के तहसील स्तरीय एवं विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी अनिवार्य रूप से भाग लेगें। विकास खण्ड स्तरीय गोष्ठियों/मेलों के सफल आयोजन के लिये उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी जिम्मेदार होगें। इन मेलों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों यथा विधायक, सांसद, ब्लाक प्रमुख, बी.डी.सी. सदस्य, ग्राम प्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाए तथा मेला का उद्घाटन जनप्रतिनिधि से ही कराया जाए उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी मेला के उदघाटन हेतु सांसद/विधायक को अपने स्तर से आमंत्रण पत्र भेजकर मेला के उद्घाटन की कार्यवाही कराना सुनिश्चित करेगें।

## क्विक न्यूज

### शातिर अपराधी गैंगस्टर एक्ट में हुए निरुद्ध

**श्रावस्ती।** इकौना-थाना इकौना अंतर्गत ग्राम सेमगढा निवासी दो शातिर अपराधीयो के विरुद्ध थाना इकौना पुलिस द्वारा बुधवार को उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम धारा 3 ;1द्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया गया। थाना इकौना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि थाना इकौना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमगढा के मौजा कुशाहवा निवासी गैंग लीडर रिंकू सिंह उर्फसंदीप सिंह पुत्र साधू सिंह उर्फ शिव मंगल सिंह व संगठित गिरोह सदस्य ग्राम सलवरिया मौजा रामू पुरवा निवासी पृथ्वी यादव उर्फपृथ्वी पाल पुत्र रामजस के विरुद्ध दलित व जानलेवा हमला सहित तीन मुकदमे थाना इकौना मे पंजीकृत हैं । इन सभी मुकदमों में आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया है। गैंग के लोगों से आम जनमानस में भय व्याप्त है कोई भी व्यक्ति इनके विरूध सूचना साक्ष्य एवं गवाह देने का साहस नहीं कर पाता है इनकी अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के लिए समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम अंतर्गत धारा 3(1) गैंगस्टर का मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

### नवागत सीएमओ डॉ. अनिरुद्ध ने लिया पद का चार्ज



**संतकबीरनगर।** शासन से स्थानान्तरित होकर आये डॉ. अनिरूद्व सिंह बुधवार देर शाम सीएमओ कार्यालय पहुचकर पद का कार्यभार ग्रहण किये। श्री सिंह इससे पूर्व संत रविदास नगर 100 बेड अस्पताल में सीएमएस पद पर तैनात रहे। उन्होने वाराणसी जनपद में भी वरिष्ठ परामर्शदाता पद पर सेवा दे चुके है। नवागत सीएमओ डॉ. अनिरूद्व सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद कार्यालय के पटल सहायको का परिचय प्राप्त किया। डॉ अनिरूद्व सिंह ने कार्यवाहक सीएमओ/एसीएमओ डॉ मोहन झा से फीडबैक प्राप्त किया। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एस रहमान, डॉ बीपी पाण्डेय सहित चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। उनके आगमन पर विभिन्न सामुदायिक केन्द्रो के अधीक्षको ने बुक्के देकर उनका स्वागत किया। नवागत सीएमओ डॉ अनिरूद्व सिंह डी मेडिसिन व कार्डियोलाजिस्ट भी है।

### डीएम और एसपी ने जाना बीएड परीक्षा का हाल



**बस्ती।** डीएम प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने चल रहे बीएड प्रवेश परीक्षा के द्वितीय पाली में ए.पी.एन. डिग्री कालेज तथा खैर बालिका इण्टर कालेज का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने कंट्रोल रूम में जाकर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से परीक्षा कक्ष की गतिविधियों को देखा। इसके बाद कमरों में जाकर परीक्षा कार्य का निरीक्षण किया। प्रथम पाली की सम्पन्न हुयी परीक्षा की कापियां सील करके रखी पायी गयी। ए.पी.एन. डिग्री कालेज में कापियों का कलेक्शन सेण्टर बनाया गया है, यहॉ अन्य 18 परीक्षा केन्द्रों की कापियां सील करके लाकर जमा की जायेंगी। ए.पी.एन. डिग्री कालेज में प्राचार्य डा. अभय प्रताप सिंह ने बताया कि कक्ष निरीक्षको की ड्यिूटी रजिस्टर में दर्ज सूची के अनुसार लगायी गयी है, जिसका सत्यापन जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा कक्ष में जाकर किया। किसी कक्ष निरीक्षक के पास मोबाइल नही पाया गया, अभ्यर्थियों ने भी बताया कि उनका मोबाइल एंव बैंग कक्षा में आने से पहले ही जमा करा लिया गया है। खैर इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या मुस्लिमा खातून ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कापिया सील करायी गयी है। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रो पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा पुलिस फोर्स मुस्तैदी से तैनात रहें।

### अफसरशाहों की लापरवाही से किसानों की फसल सड़ गई

**विक्रमजोत/बस्ती।** छावनी क्षेत्र के शंकरपुर गाँव मे अफसरशाहों की लापरवाही के चलते क्षेत्र के किसानों का छह बीघा गेहूं व गन्ने की फसल खेतो में ही सड़ गया। यह फसल इस लिए सड़ गई कि न्यायालय के आदेश पर छावनी पुलिस और तहसीलदार हर्रैया को संयुक्त जांच रिपोर्ट भेजना था कि फसल का वाजिब हकदार कौन है, मगर चार महीने बीत गये रिपोर्ट नहीं भेजी गई, जबकि किसान पैरवी के लिए थाने से लेकर तहसील तक चक्कर काटते रहे, लेकिन छावनी पुलिस और लेखपाल ने रिपोर्ट नही भेजी। जिसके चलते न तो किसान अपने खेत मे लगी फसल काट ही नहीं पाए। शंकरपुर गाँव निवासी श्रीनिवास यादव पुत्र गंगाराम के बैनामा सुधा गाटा संख्या 1141 व 952 की कुल 6 बीघे खेत में बीते 25 सालों से खेती किसानी करते आ रहे हैं। चार माह पूर्व गांव के गिरवर यादव गुरु प्रसाद शिवपसाद ने खेत में तैयार गन्ना और गेहूं की फसल को यह कहकर काटने से रोक दिया कि इस खेत में उनका भी हिस्सा है। मामला छावनी थाने पर पहुंचा जहां थानाध्यक्ष ने खेत में खड़ी फसल को आधा-आधा फसल दोनों पक्षों में बांट कर दोनों पक्षों को जबरन सुलह समझौते कल लेने की हिदायत दी। पीड़ित किसान श्रीनिवास यादव ने निर्णय का विरोध किया और माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की प्रति के साथ जिलाधिकारी बस्ती को प्रार्थना पत्र देकर फसल कटवाने की मांग कि तत्कालीन जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने यथास्थिति को जानने के लिए तहसीलदार हरैया व थाना की छावनी की संयुक्त टीम गठित कर खड़ी गन्ने और गेहूं की फसल का निस्तारण आख्या तलब कर लिया। 26 अप्रैल को पीड़ित श्रीनिवास यादव ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया कि छावनी पुलिस और हल्का लेखपाल कि विपक्षियों के मिलीभगत से तीन महीने तक आख्या रिपोर्ट लटकाए रखा गया। वही छावनी पुलिस की एकतरफा कार्रवाई के चलते पूरी की पूरी फसल खेतों में सड़ गई, जिससे उनके खून पसीने से तैयार की गई गन्ने और गेहूं की फसल खेतों में ही सड़ गई आज उनका परिवार दाने-दाने को मोहताज है।

### बाढ़ की तैयारियों को लेकर दो स्थानों पर होगी मॉक ड्रिल

**श्रावस्ती।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्राधिकरण द्वारा बाढ़ से निपटने के लिए एक साथ 40 बाढ़ प्रभावित जनपदों में मॉकड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें प्रदेश के अधिकारियों ने जनपद श्रावस्ती की तैयारियों के सम्बन्ध में बिन्दुवार जानकारी अपर जिलाधिकारी से प्राप्त की। उन्होने बताया कि इस मॉक ड्रिल के लिए मधवापुर घाट व सर्रा गांव का चयन किया गया है उपजिलाधिकारी सौरभ शुक्ला को टीम कमाण्डर बनाया गया है। कमाण्डर पार्ट पुलिस अधिकारी की जिम्मेदारी पुलिस क्षेत्राधिकारी भिनगा को दी गई है। राजस्व व पुलिसिंग के कार्य हेतु सम्बन्धित थाना व तहसील की टीम सभी जरूरी उपकरणों के साथ मॉकड्रिल स्थल पर तैनात रहेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मल्हीपुर के चिकित्सा अधीक्षक को एम्बुलेंस व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ तैनात किया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा प्रभावित लोगों के लिए खान.पान की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। पूरे कार्यक्रम के नोडल अधिकारी स्वयं अपर जिलाधिकारी को बनाया गया है। सफाई कार्य व्यवस्था के लिए जिला पंचायत राज अधिकारीए विद्युत व्यवस्था के लिए क्षेत्रीय अवर अभियंता को जरूरी स्टाफके साथ तैनात रहने के निर्देश दिये गये है।

# आयुक्त ने सीताद्वार मन्दिर स्थित झील के सौन्दर्यीकरण कार्य का लिया गहन जायजा



संवाददाता। श्रावस्ती

**इकौना-देवीपाटन** मण्डल के आयुक्त एमपी अग्रवाल ने मंगलवार को जनपद का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विकास खण्ड इकौना के सीताद्वार मन्दिर में जाकर दर्शन किया। आयुक्त ने सीताद्वार मन्दिर एवं झील पर किये जा रहे साफसफाई एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का भी जायजा लिया उन्होने कहा कि सीताद्वार मन्दिर एवं झील मनोरम स्थल है यहां पर पर्यटन की अपार संभावनाएं है।

इस दौरान जिलाधिकारी ने आयुक्त को बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से जन सहयोग द्वारा झील की साफसफाई एंव विकास के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य प्रारम्भ किये गये है। सीताद्वार मंदिर एवं झील के सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। उन्होने बताया कि झील का कुल क्षेत्रफल 154०5 हेक्टेयर है। झील के 5 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बोट क्लब की स्थापनाए 20 हेक्टेयर क्षेत्रफल में लोटस गार्डेनए 1 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फिश ऐक्वेरियमए 5 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वाटर पार्क के निर्माण के साथ ही झील के मध्य में एक हैंगिंग रेस्टोरेंट की स्थापना की जायेगी। झील के शेष भाग पर मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जायेगा। सीताद्वार मंदिर के सामने के मुख्य घाट पर प्रतिदिन सायं सीता आरती का कार्यक्रम व पौराणिक कथाओं पर आधारित लाईट एण्ड साउण्ड शो का आयोजन किया जायेगा। झील के बीच में द्वीप काटेज के निर्माण के साथ ही झील के दोनो ओर जॉगिंग ट्रैक का निर्माण कराया जायेगा। झील के घाटों पर आवश्यकतानुसार सीढ़ी के निर्माण के साथ.साथ ढलान पर बेहतर ढंग से पत्थरों को लगाकर घाटों को सुसज्जित किया जायेगा तथा सभी घाटों पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था आदि करायी जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, प्रभागीय वनाधिकारी एपी यादव, उपजिलाधिकारी इकौना आरपी चौधरी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मृत्यु लखनऊ में, प्रमाण-पत्र सल्टौआ से हुआ जारी

- सेक्रेट्री के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए डीपीआरओ ने मामले को निक्षेपित कर दिया
- डीएम के आदेश को दरकिनार करसचिव को बचाया

**बस्ती।** ...कहा भी जाता है, कि लेखपाल और सेक्रेटरी चाहे तो वह मरे हुए जिंदा दिखा और जिंदे को मार दे। फर्जी मृत्यु और जन्म प्रमाण-पत्र बनाना उनके बाएं हाथ का खेल माना जाता हैं। इन्हीं दोनों की मनमानी और लालच के कारण अनेक मुकदमा का दंष झेल रहे है। ऐसा ही एक और मामला सल्टौआ ब्लॉक के ग्राम विषुनपुरा का सामने आया। अभिलेखों के अनुसार यहां के बुद्धु की पत्नी विमला देवी का इलाज के दौरान बलरामपुर अस्पताल लखनउ में पांच मार्च 2019 को हुई, इनके मृत्यु का प्रमाण-पत्र भी अस्पताल की ओर से जारी हुआ। मगर इनकी मृत्यु प्रमाण-पत्र विषुनपुरा के तत्कालीन सेक्रेटरी ने अपने यहां से जारी कर दिया। इसकी षिकायत षिवषक्ति सघं के महन्थ गिरजेष दास ने 21 जून 22 को डीएम से किया, जिस पर डीएम ने डीपीआरओ को सात दिन में परीक्षण कर आख्या देने का निर्देष दिया। वैसे आख्या तो समय से दे दी गई, मगर मामले को इस आधार पर निक्षेपित करने का अनुरोध किया गया, कि इसकी आख्या एडीओ पंचायत सल्टौआ से मांगी गई।

अब जरा देखिए अधिकारी किस तरह अपने कर्मचारियों का बचाव करते है। डीपीआरओ और सेक्रेटरी दोनों को अच्छी तरह मालूम हैं, कि गलत हुआ, मगर कार्रवाई करने के बजाए मामले को निक्षेपित करने को लिख दिया गया, अब मामला निक्षेपित हो गया तो कार्रवाई किसके खिलाफहोगी। षिकायत पत्र में ष्याम सुंदर एवं रामदास पुत्र बुद्धु पर आरोप लगाया गया कि अनुचित लाभ की नीयत से इन लोगों ने सेक्रेटरी से मिलकर फर्जी मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवा लिया। पत्र में सेक्रेटरी के खिलाफ चिधिक कार्रवाई करने की बात कही गई है।

## जिला जज ने कट्टे से फायर करने वाले आरोपियों की जमानत कर दी खारिज

**संतकबीरनगर।** जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि धनघटा थाने के औराडाड़ निवासी कृष्ण मोहन सिंह ने थाना धनघटा में प्रार्थना पत्र दिया था कि गत 12 जून 2022 को गांव में ही शादी थी। बारात में आर्केस्ट्रा का नाच हो रहा था तथा सभी नाच देख रहे थे कि रात करीब 11.30 बजे गांव का धीरज यादव व बेलघाट थाना के बहादुरपुर गांव का फाफा उर्फशिवम यादव तथा दो अन्य लोग कट्टे से फायरिंग कर रहे थे तथा नाच के दौरान उनके ऊपर फायरिंग किए तथा तीसरे राउंड में जान से मारने की नियत से उनके ऊपर फायर किए लेकिन वह किसी तरह बच गए व उनके भतीजे राज सिंह के दाहिने पैर के जांघ में गोली लग गई। मामले में थाना धनघटा में मुकदमा पंजीकृत हुआ। अभियुक्तगण द्वारा न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र दी गई जिसका सरकार की तरफ से जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने जोरदार विरोध किया।

# पीपल का पौधा रोपित कर शक्ति वन को किया मजबूत

- डीएम ने महिलाओं को किया प्रेरित अधिक से अधिक करें पौधरोपण

संवाददाता। संतकबीरनगर



पौधरोपण को गति देती जिलाधिकारी

**जिलाधिकारी** दिव्या मित्तल ने वृहद पौधरोपण जन आन्दोलन के दूसरे दिन बेलहर ब्लाक के जंगल-2 सेक्शन में पीपल का पौधा रोपित कर ''शक्ति वन''की स्थापना किया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित महिला शक्तियों को वृक्षारोपण की आवश्यकता एवं उपयोगिता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि प्रत्येक महिला/नारी शक्ति को वृक्षारोपण के पुनीत कार्य में बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। जिससे हमारे आस-पास का वातावरण स्वच्छ एवं संतुलित रहेगा। जिलाधिकारी ने शक्ति वन की स्थापना के अवसर पर उपस्थित महिला शक्तियों को सशक्त एवं जागरूक करने सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओ पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालम्बन अभियान चला कर भी महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी डॉ टी रंगाराजू, उप जिलाधिकारी मेंहदावल योगेश्वर सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं भारी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं अन्य ग्रामीण महिलाएं आदि उपस्थित रही।

# महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं समस्याएं

- वन स्टाप सेन्टर व आश्रम पद्वति का किया निरीक्षण

संवाददाता। संतकबीरनगर



महिलाओं की समस्या सुनती महिला आयोग की सदस्या मनोरमा शुक्ला

**उत्तर प्रदेश** राज्य महिला आयोग की सदस्य मनोरमा शुक्ला ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बन तथा जनपद में महिला अपराध, महिला उत्पीड़न अथवा अन्य किसी भी प्रकार से पीड़ित एवं प्रताड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे महिला आयोग द्वारा सुनवाई के क्रम में जुलाई माह के प्रथम बुद्धवार को स्थानीय गेस्ट हाउस/निरीक्षण गृह में पुलिस अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में सुनवाई किया। सुनवाई के दौरान सदस्या ने कहा कि प्रदेश सरकार की मन्शा के अनुसार महिला आयोग पूरी तरह से महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा एवं अन्य किसी भी प्रकार के उत्पीड़न से न्याय दिलाने हेतु संवेदनशील है तथा विकास के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं/बालिकाओं की भागीदारी मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होने कहा कि आयोग में सुनवाई के दौरान महिलाओं की समस्याओं का गहन विश्लेषण कर अन्य संबंधित अधिकारियों के सहयोग से उचित कार्यवाही कर उसका समाधान करना उनकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। सुनवाई के दौरान सदस्या महिला आयोग के समक्ष महिला उत्पीड़न से सम्बंधित एक प्रकरण आया जिस पर सदस्य द्वारा उपस्थित महिला थानाध्यक्ष को मामले की जांच करवा कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए न्याय दिलाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के क्रम में सदस्य महिला आयोग द्वारा डी0डी0यू0जी0के0वाई प्रशिक्षण केंद्र भुजैनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रबन्धक धीरेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा सदस्य महिला आयोग को प्रशिक्षण व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। सदस्य महिला आयोग ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं एवं बालकों से सदस्य द्वारा संवाद किया गया तथा बालिकाओं एवं बालकों के हॉस्टल का निरीक्षण किया गया, खानपान की व्यवस्था के विषय में जानकारी हासिल की गई। उन्होंने चल रही प्रशिक्षण व्यवस्था पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए मिशन के कार्यों को सराहा। निरीक्षण के क्रम में सदस्य राज्य महिला आयोग द्वारा महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए सीएमएस को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। तत्पश्चात सदस्य द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया। वहां सेंटर मैनेजर एवं अन्य कर्मियों को वहां की व्यवस्था के विषय में विस्तृत जानकारी ली गई साफ सफाई की व्यवस्था के लिए निर्देशित किया गया। उसके बाद सदस्य द्वारा आश्रम पद्धति विद्यालय का निरीक्षण किया गया तथा बालिकाओं से मुलाकात करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी को साफसफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार खलीलाबाद विजय गुप्ता, महिला थानाध्यक्ष सरोज शर्मा, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुनीता, वरिष्ठ सहायक महिला कल्याण विभाग अशोक सिंह, महिला कल्याण अधिकारी मोनिका शुक्ला, जिला महामंत्री महिला मोर्चा उषा पाण्डेय, उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सरिता दूबे, पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा उर्मिला त्रिपाठी, आदि लोग उपस्थित रहे।

# नकलविहीन संपन्न हुई बीएड प्रवेश परीक्षा

- एसपी, एडीएम व एएसपी दोनों पालियों में परीक्षा केंद्रों का करते रहे गहन निरीक्षण



जायजा लेते एडीएम-एएसपी

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2022 को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत परीक्षा केंद्रों का परीक्षा के दौरान भ्रमण किया गया। परीक्षा को सकुशल, सुचितापूर्ण, नकलविहिन व शांतिपूर्णढंग से सम्पन्न कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में परीक्षा हो रही है तथा परीक्षा समाप्ति तक निर्बाधरुप से रिकॉर्डिंग कराई जाएगी। इसी क्रम में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के कुशल निर्देशन एवं मार्ग दर्शन में जनपद में संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2022 दो पालियों में सकुशल, नकलविहिन, शांतिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण रूप से सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केन्द्रो आचार्य राम बिलास इंटर कॉलेज मगहर, पीबी गर्ल्स इंटर कॉलेज खलीलाबाद, हीरालाल इण्टर कॉलेज, मौलाना अब्दुल कलाम इण्टर कॉलेज पर पहुँच कर औचक निरीक्षक किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारीद्वय ने स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये गये। सम्पूर्ण परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त नही हुई। परीक्षा के दौरान स्टैटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्रो पर उपस्थित रहे एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट व प्रथम सचल दल प्रभारी/जिला विद्यालय निरीक्षक मनमोहन शर्मा एवं द्वितीय सचल दल प्रभारी डीसी एनआरएलएम जीशान रिजवी द्वारा भी समस्त परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया।

# आकाशीय बिजली से तीन की जान गई

संवाददाता। राठ (हमीरपुर)



**क्षेत्र में** बुधवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से अलग अलग गांवो में तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से झुलसे दो लोगो को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

क्षेत्र के बहगांव निवासी रामपाल अपने छोटे भाई बबलू की ससुराल महोबा जिले के पचपहरा गांव बाइक से जा रहा था। साथ में रामपाल का साला अकौना गांव निवासी मुन्नालाल (20) भी था। चरखारी रोड पर पथनौड़ी गांव के पास बारिश से बचने के लिए सड़क किनारे बाइक खड़ी कर एक पेड़ की छांव में खड़े हो गए। तभी आकाशीय बिजली गिरने से मुन्नालाल की मौके पर मौत हो गई। जबकि रामपाल झुलस गया। जिसे सीएचसी से मेडिकल कालेज उरई रेफर किया गया। मझगवां थाने के बरुआ गांव में काशीप्रसाद कुशवाहा (65) खेत में बकरी चरा रहे थे। आकाशीय बिजली गिरने से उनकी मौत हो गई। डेढ़ साल पहले मृतक के पुत्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। बहू भी दो माह पहले चली गई। वृद्ध की मौत से उसकी पत्नी रती व नाबालिग नातिनें नेहा (8), साक्षी (3) व काजल (2) अनाथ हो गईं। इसी प्रकार मुस्करा थाने के मसगांव निवासी अभिजीत सिंह ने गहरौली गांव की अपनी मित्र श्वेता (22) को घुमाने मौदहा बांध ले गया था। दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। पानी बरसने पर सरसेड़ा गांव के पास पेड़ के नीचे खड़े हो गए। तभी आकाशीय बिजली गिरने से श्वेता की मौत हो गई। अभिजीत घायल हुआ। श्वेता डीएलएफ की छात्रा थी जबकि अभिजीत परिषदीय विद्यालय में शिक्षक है। तहसीलदार अभिनव चंद्रा ने मृतक के परिजनों से मिलकर जानकारी लेने के साथ ही जल्द मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## आठ माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

● **मृतका के पिता ने दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप**

**राठ (हमीरपुर)।** आठ माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पिता ने दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पिता कोतवाली में ससुरालियों के विरुद्ध तहरीर दी है। जरिया थाने के पहरा गांव निवासी रामचरन प्रजापति ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी 22 वर्षीय पुत्री हरदेवी की मई 2021 में बड़ा गांव निवासी अरविंद प्रजापति के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ शादी की थी। शादी में उसने अपनी हैसियत अनुसार दहेज दिया था। बताया कि पहली विदा से ही ससुरालीजन दहेज में एक लाख रुपए व सोने की जंजीर मांगने लगे। कई बार ससुरालियों से आरजू मिन्नतें की। लेकिन कोई सुधार नहीं आया। पुत्री हरदेवी आठ माह की गर्भवती थी। आरोप लगाया कि बुधवार तड़के तीन बजे पुत्री के पति अर्जुन व ससुर अरविंद ने एक राय होकर उनकी पुत्री के साथ मारपीट कर गला दबाकर हत्या कर दी है। मृतका के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी है। वहीं ससुरालियों ने बताया कि हरदेवी पिछले सात माह से बीमार थी। जिसे मायके वालों के साथ झांसी ग्वालियर में इलाज कराया। बुधवार सुबह हालत खराब होने से सीएचसी लाए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। आरोप लगाया कि बहू के मायके से आईं महिलाओं ने सीएचसी में उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर दी।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में क्राइम इंस्पेक्टर आरके यादव ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही हैं। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बिच्छू के काटने से किसान की हुई मौत

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**जहरीले बिच्छू** के काटने से किसान की दर्दनाक मौत हो गई । कोतवाली क्षेत्र के करहिया गांव निवासी वीर (बहादुर 55) बीते दिन अपने खेत से लकड़ी का गट्ठा बांधकर ला रहा था उसी गट्ठे में जहरीले बिच्छू के होने से बिच्छू ने उसके सर में काट लिया किसान ने गट्ठर फ्रेंक घर पहुंचा परिजनों ने प्राथमिक उपचार के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा में भर्ती कराया हालत में सुधार ना होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया सदर अस्पताल में भी तबीयत में सुधार न होने पर कानपुर के लिए रेफर कर दिया जहां मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मध्य रात्रि में किसान ने दम तोड़ दिया परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर पोस्टमार्टम करवाकर वैधानिक कार्यवाही की।

## क्विक न्यूज

### दस किलोग्राम गांजे के साथ पीआरडी जवान गिरफ्तार, एक फरार



**मौदहा (हमीरपुर)।** पुलिस ने आज शाम दस किलोग्राम गांजे के साथ पीआरडी जवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जब कि उसका साथी भाग जाने में सफल रहा। पुलिस के मुताबिक मौदहा कोतवाली नियुक्त पीआरडी जवान जनमेजय सिंह बडे चौराहे में गांजा विक्री कर रहा था पुलिस मौके पर पहुच कर जवान को दस किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के पहुचते ही उसका साथी मौके से भाग निकला। पीआरडी जवान को बर्खास्त कर दिया गया है। इस मामले की जांच बारीकी से की जा रही है।

### वांछित महिला को जेल भेजा

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा थाना क्षेत्र के मंगलपुर गांव निवासी महिला के खिलाफथाने में दर्ज मुकदमा के चलते कोर्ट ने महिला के खिलाफवारन्ट जारी किया गया था। वही पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।क्षेत्र के मंगलपुर गांव निवासी महिला भूरी पत्नी जगदीश के खिलाफ थाने में जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज है। जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन चल रहा है। लगातार हाजिर न होने के कारण न्यायालय से वारन्ट जारी किया गया है। उसको आज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बीएड प्रवेश परीक्षा का डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल किया निरीक्षण



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड के परीक्षा केन्द्रों चित्रकूट इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, गोस्वामी तुलसीदास महाविद्यालय का औचक निरीक्षण कर कक्ष निरीक्षकों को दिशा-निर्देश दिये हैं। बुधवार को परीक्षा केन्द्रों में बीएड प्रवेश परीक्षा का जिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण कर कहा कि परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा व्यवस्थित ढंग से चल रही है। कहीं कोई अनियमितता देखने को नहीं मिली। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों के व्यवस्थापकों को निर्देश दिये कि परीक्षा शासन की मंशानुसार पारदर्शी ढंग से कराई जाये। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों में उपस्थित बायोमैट्रिक ढंग से हो। सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल रुम केन्द्रों पर बनाये गये कोविड हेल्पडेस्क का भी निरीक्षण किया। कक्षा में चल रही परीक्षायें देखी। कक्ष निरीक्षकों को नकलविहीन परीक्षा कराने व निगरानी के निर्देश दिये।

### त्योहारों में कायम रखें शांति और भाईचारा



**मऊ/चित्रकूट।** सावन महीने के मेले को लेकर एवं बकरीद पर्व के मद्देनजर मऊ कोतवाली में शान्ति सुरक्षा समिति की बैठक में एसडीएम नवदीप शुक्ला व पुलिस क्षेत्राधिकारी सुबोध गौतम ने क्षेत्र के प्रधानों व नगर पंचायत मऊ के ब्रांड एम्बेसडर शारदा अग्रहरि से आपसी भाईचारा बनाये रखने की अपील की। बुधवार को मऊ कोतवाली में हुई बैठक में एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला ने बैठक में मौजूद लोगों से क्षेत्र की समस्याओं की बाबत चर्चा की। उन्होंने कहा कि सावन माह में कांवडियों का मेला निकलता है। इसी महीने में बकरीद का भी पर्व है। ऐसे में शान्ति व्यवस्था बनाये रखना पुलिस व प्रशासन का कर्तव्य है। इसमें सभी लोग सहयोग करें। कहीं कोई अराजकतत्व कोई हरकत करे तो इसकी जानकारी प्रशासन को दें। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुबोध गौतम ने कहा कि आपसी भाईचारा से सभी त्योहार मिल-जुलकर मनायें। त्योहारों में अराजकतत्वों पर पुलिस की पैनी निगाह रहती है। मऊ कोतवाली प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बैठक में आये प्रधान व जनप्रतिनिधिगणों तथा नगर पंचायत के ब्रांड एम्बेसडर के शारदा अग्रहरि के प्रति आभार जताते हुए कहा कि किसी प्रकार का कोई गलत माहौल पैदा न करें। ऐसा करने पर कडी कार्यवाही की जायेगी।

### ओटीपी नंबर पूछा और खाते से 52 हजार रुपये उड़ा दिए

**जालौन।** ऑनलाइन मोबाइल खरीदने के बहाने ओटीपी नंबर पूछा और खाते से 52 हजार रुपये उड़ा दिए। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हरीपुरा निवासी रेखा वर्मा बेवा महेंद्र सिंह वर्मा ने पुलिस को बताया कि उनके उन्हें अपना मोबाइल बेचा था। इसके लिए उन्होंने उसे सोशल मीडिया पर डाला था। बीती 3 जुलाई को उनके मोबाइल पर एक कॉल आई। जिसमें फोन करने वाले व्यक्ति ने बताया कि उन्हें मोबाइल खरीदना है। मोबाइल खरीदने के लिए उसे ऑनलाइन धनराशि ट्रांसफर करना है। इसके लिए मोबाइल पर जो ओटीपी आए उसे बताना होगा। विश्वास में आकर उसने ओटीपी बता दी। इसके कुछ समय बाद उनके इंडियन बैंक के खाते से 52 हजार रुपये निकाल लिए गए। जब फोन पर रुपये निकलने का मैसेज आया तब उन्हें ठगी की जानकारी हुई। पीड़िता ने पुलिस से नंबर की जांच कराकर उसके रुपये वापस दिलाने की गुहार पुलिस से लगाई है।

### लाइफ स्टाइल की गूंज के साथ साझेदारी

**कानपुर।** लाइफस्टाइल ने सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत गूंज के साथ गठबंधन किया है। इस अभियान के तहत, देश में 60 स्टोर्स में डोनेशन बॉक्स स्थापित किए गए हैंए ताकि पुरानी फैशन सामग्री को रिसाईकल कर उनका उपयोग वंचित वर्गों के विकास के लिए किया जा सके। यह कार्यक्रम आज गूंज एवं लाईफस्टाईल के महत्वपूर्ण अधिकारियों द्वारा डोनेशन बॉक्स के अनावरण के साथ बैंगलुरू में लाईफस्टाईल ओसिस मॉल स्टोर में शुरू किया गया। इस अवसर पर लाईफस्टाईल की असिस्टैंट वाईस प्रेसिडेंट, मार्केटिंगए रोहिणी हल्दिया ने कहा, गूंज के साथ अपने गठबंधन की घोषणा करते हुए हमें अपार खुशी महसूस हो रही है। यह भारत में वंचितों की गरिमा बनाए रखने की ओर बड़े प्रयास कर रहा है। मेगासेसे पुरस्कार विजेता एवं गूंज के संस्थापक अंशु गुप्ता ने कहा, लाईफस्टाईल के साथ यह अभियान कई कारणों से महत्वपूर्ण है।

### विधायक ने पार्टी कार्यकर्ताओं संग मोक्षधाम पर किया वृक्षारोपण

**कोंच (जालौन)।** उत्तर प्रदेश सरकार के लक्ष्य 35 करोड़ बृक्षों के सापेक्ष पार्टी कार्यकर्ता भी एक जुट होकर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जुट गए है जिससे मुख्यमंत्री के लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण किया जा सके इसी को लेकर दिन बुधवार को मुहल्ला तिलक नगर स्थित मोक्षधाम पर क्षेत्रीय विधायक मूलचन्द्र निरंजन ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं संग बृक्षा रोपण करते हुए लक्ष्य पूर्ति का आह्वाहन किया बृक्षा रोपण के दौरान क्षेत्रीय विधायक ने भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा इकाई की पीठ थपथपाते हुए लक्ष्य पूर्ति में सहयोग करने में धन्यवाद दिया और कहा कि बृक्ष धारा का सौंदर्य हैं और इन्ही से हमारा जीवन है बृक्षों के बगैर हम एक पल भी जिंदा नहीं रह सकते क्योंकि बृक्षों से ही हमें ऑक्सीजन मिलती है इसलिए हमें आगे आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित जीवन के लिए अधिक से अधिक बृक्ष लगाने होंगें इस दौरान भा ज पा जिलाध्यक्ष रामेन्द्र सिंह वना जी पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजभूषण सिंह मुन्नू जिलामंत्री अंजू अग्रवाल भा ज पा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया पूर्व नगर अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता नामित सभाषद सुनील शर्मा ओपी कुशवाहा बादाम सिंह कुशवाहा सभाषद रविकांत कुशवाहा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष दीपक गर्ग बेटू नगर उपाध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल नगर महामंत्री अजय कुशवाहा नगर मंत्री बिकास पटेल सौरभ पुरबार सहित तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

### वियोन का आउटडोर कैम्पेन

**लखनऊ ।** भारतीय बहुर्राष्ट्रीय समाचार चैनल वियोन ने दिल्ली मुंबई और कोलकाता के घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट लॉन्जे्स में छह महीने का एक कैम्पेन लॉन्च किया है। यह कैम्पेन 15 जून को लॉन्च शुरू किया गया था इस कैम्पेन द्वारा भारत के तीन प्रमुख एयरपोर्ट लॉन्जेस और प्रीमियम कैफेज पर कई लाइव स्क्रीन्स का इस्तेमाल किया गया है जहाँ वियोन चैनल लगातार चलेगा और हवाई यात्रियों तथा यह वियोन के संभावित दर्शकों के लिये होगा हवाई यात्री वियोन के दर्शकों का एक बड़ा हिस्सा हैं इस कैम्पेन का उद्देश्य् है यात्रियों को ऐसा न्यूज कंटेन्ट देना जो प्रासंगिक और तथ्य परक हो अंग्रेजी में समाचार देखने वाले लोगों के बीच ब्राण्ड की जागरूकता बढ़ाना भी इसका उद्देश्य है इससे ब्राण्ड के लिये सैम्पेलिंग में भी मदद मिलेगी। इस कैम्पेन के बारे में ज़ी मीडिया कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मार्केटिंग हेड अनिंद्य खरे ने कहा वियोन ने हमेशा तथ्यों पर यकीन किया है।

### चाचा-भतीजे के बीच जमकर हाथापाई

**जालौन।** चाचा व भतीजे के बीच पारिवारिक कारणों को लेकर विवाद हुआ। जिसमें चाचा भतीजे के बीच जमकर हाथापाई हुई। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को कोतवाली ले आई। जहां उनके खिलाफरिपोर्ट दर्ज की गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी चाचा जयप्रकाश और भतीजे होरीलाल के बीच पारिवारिक कारणों को लेकर विवाद होने लगा। गाली, गलौज से शुरू हुआ विवाद बाद में मारपीट तक पहुंच गया। दोनों के बीच जमकर हाथापाई हुई। ग्रामीणों के समझाने के बाद न मानने पर उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को कोतवाली ले आई। जहां उनके खिलाफरिपोर्ट दर्ज की गई।

## शिवपूजन निषाद चुने गये भाकियू के जिलाध्यक्ष



नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत करते संगठन के पदाधिकारी

**मौदहा (हमीरपुर)।** भारतीय किसान यूनियन की जिला स्तरीय बैठक कस्बे के एक गेस्ट हाऊस में सम्पन्न हुई जिसमें संगठन के जिलाध्यक्ष को निर्विरोध चुना गया है।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन का चुनाव जनपद में पहली बार हुआ जिस पर किसानों से जुड़ी समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। राष्ट्रीय सचिव हर दत्त पांडेय व बलराम तिवारी मंडल अध्यक्ष ने अपनी अध्यक्षता में संगठन के जिलाध्यक्ष का चुनाव भी संपन्न कराया वही सम्पन्न हुए चुनाव में संगठन के कार्यकर्ताओं ने एक राय होकर पढ़ोरी निवासी शिव पूजन निषाद को जिला अध्यक्ष चुन लिया गया। इस बैठक में महासचिव जेपी यादव पूर्व फौजी बांदा ,करीम उल्ला जिला उपाध्यक्ष, किसान कार्यकर्ताओं सहित राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष धनीराम गुप्ता सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## वो मेरे घर नहीं आता,मैं उसके घर नहीं जाता इन एहतियातों से ताल्लुक मर तो नहीं जाता

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**देश मे** हो रही हिंसक वरदातों के मद्देनजर आगामी बकरीद पर्व को लेकर प्रशासन अलर्ट है जिस पर बुधवार को मौदहा पहुँच डीआईजी ने कोतवाली में शांति समिति की बैठक की। शांति समिति की बैठक में नगर के सभी समुदायों व गणमान्य और जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

मौदहा कोतवाली मे सम्पन्न हुई शांति समिति की बैठक डीआईजी डॉ विपिन कुमार मिश्रा व पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल की मौजूदगी मे संपन्न हुई। डीआईजी ने कस्बे के मौजूद गणमान्य लोगों से अपील करते हुए कहा की किसी भी प्रकार की अफवाह और धार्मिक टीका टिप्पणी से बचें और अपने कस्बे का माहौल खराब न होने दें, उन्होंने लोगों से अपील की कि इस देश में हिंदू और मुसलमान हमेशा साथ रहे हैं उन्होंने शायरी भरे अंदाज मे आजादी से पहले और आजादी के बाद के कई उदाहरण लोगों के सामने रखें जो हिंदू-मुस्लिम कौमी एकता की मिसाल रहे हैं। डीआईजी ने शायरी पढ़ते हुए कहा की



बैठक में भाग लेते डीआईजी व पुलिस अधीक्षक

वो मेरे घर नहीं आता मै उसके घर नहीं जाता, मगर इन एहतियातों से ताल्लुक मर नहीं जाता उन्होंने वहां मौजूद लोगों से अपील करते हुए कहा की अपने गुमराह हो रहे बच्चों को समझायें एक बार दो बार चार बार वह आपकी बात सुनेंगे अंत मे उन्होंने कहा की इस बार त्यौहार मे मै आपको हो आपके शहर का कोतवाल बनाता हूं इस दौरान कस्बे के हाजी जावेद अख्तर साहब ने उन्हें विश्वास दिलाया कि कस्बे का अमन चौन बिगड़ने नहीं दिया जायेगा साथ ही जय प्रकाश त्रिपाठी, लाला मास्टर, आशीष सिंह, आदि लोगों ने भी कस्बे मे शांति व्यवस्था बनाये रहने का आश्वासन दिया, तो वहाँ मौजूद पुलिस क्षेत्रधिकारी विवेक यादव ने कहा की अगर कोई व्यक्ति किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी करता या साजिश करता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी प्रकिया अमल मे लाई जाएगी। शांति समिति की बैठक मे आनंद त्रिपाठी, शिब्बू महराज, सना उल्ला, कौशलेन्द्र सिंह, बसंत सोनी, राजनारायण गुप्ता, रफीक उद्दीन पिंटू, बाबू राना, नितिन ओमर, शहर काजी करामत उल्ला, हाजी लाला परछा, आदि लोग मौजूद रहे।

## दोषी को गिरफ्तार किए जाने की उठाई मांग

**कालपी( जालौन )।** अज्ञात व्यक्ति द्वारा फेसबुक आईडी हैक करके सोशल मीडिया में आपत्तिजनक धार्मिक पोस्ट करने को लेकर कई संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। नगर के मोहल्ला रामचबूतरा निवासी अशोक बाजपेई पुत्र स्व. मणिलाल बाजपेई ने कोतवाली कालपी में शिकायती पत्र देकर अवगत कराया था कि मेरी फेसबुक आईडी 3 जुलाई की रात करीब 9रू30 बजे अज्ञात व्यक्ति ने हैक करके चालू कर ली है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा भगवान परशुराम सहित कई हिंदू देवी-देवताओं के आपत्तिजनक पोस्ट तथा फोटो को सोशल मीडिया में पोस्ट किया गया। जिस पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। परंतु 3 दिन का समय गुजर जाने के बाद भी आरोपी गिरफ्तार ना हो पाने से आक्रोशित अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, हिन्दू जागरण मंच, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद आदि संगठनों के लोगों ने कोतवाली पहुंचकर गिरफ्तारी की मांग की।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कृतित्व-व्यक्तित्व पर चर्चा

संवाददाता। चित्रकूट

**भाजपा जिला** कार्यालय में जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता व प्रदेश मंत्री/जिला प्रभारी देवेश कोरी के मुख्य आतिथ्य में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।

बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की बाबत बतौर मुख्य अतिथि देवेश कोरी ने कहा कि 21 अक्टूबर 1951 को दिल्ली में जनसंघ की स्थापना कर पहले अध्यक्ष बने थे। मुखर्जी देश को 21वीं सदी के वैश्विक नेता के रुप में नये भारत निर्माण का लक्ष्य उनके विचारों से प्रेरित है। वह सिद्धान्तों के पक्के और मानवता के उपासक थे। जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि डॉ मुखर्जी का जन्म छह जुलाई 1901 को कलकत्ता में हुआ था। वह भारत के पहले इंडस्ट्री और सफाई मंत्री बने थे। मुखर्जी अनुच्छेद 370 के खिलाफ थे।



डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाते भाजपाई

पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि मुखर्जी 33 साल की उम्र में कलकत्ता यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर बने थे। सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि सभी का सौभाग्य है कि राष्ट्रवाद और एकात्म मानववाद के चलते डॉ मुखर्जी ने राष्ट्रहित में नेहरु कैबिनेट से इस्तीफा देकर कश्मीर में तत्कालीन सरकार की नीतियों के खिलाफ आन्दोलन छेडा था। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि डॉ मुखर्जी जैसे नेता की वजह से भाजपा विशाल वृक्ष बन चुकी है। संचालन जिला महामंत्री राजेश जायसवाल ने किया। इस मौके पर पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, अश्वनी अवस्थी, आलोक पाण्डेय, पंकज अग्रवाल, रामदयाल त्रिपाठी, अर्पित जायसवाल, जगदीश गौतम, रामेन्द्र गौतम, राजीव तिवारी, प्रेमलाल बाल्मीकि, दिनेश तिवारी, नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, श्याम गुप्ता, अंजू वर्मा, शानू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## अनुदेशकों की समस्याओं का होगा प्राथमिकता से निस्तारण: बीएसए



**चित्रकूट।** उच्च प्राथमिक अनुदेशक शिक्षक वेलफेयर एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष श्यामसुन्दर यादव के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव से भेंट मुलाकात कर अनुदेशकों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया और अपनी समस्याओं के विषय में ज्ञापन देकर अवगत कराया । जिसमें बीएसए ने कहा कि आप लोग परेशान न हो आप लोगों की समस्या का निस्तारण किया जायेगा आप मुझसे व्यक्तिगत मिल सकते हैं बात कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप रोजाना और समय से स्कूल जाये और बच्चों को विषयानुसार आप सभी लोग गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करें। उन्होने कहा कि जैसे ही शासन से आप लोगों की ग्रान्ट आती है एक सप्ताह के अन्दर आप लोगों के खाते में पहुंचेगी। स्थानान्तरण के सम्बन्ध में कहा कि परियोजना विभाग से परिचर्चा करके आप लोगों को जानकारी दी जायेगी। इस मौके पर महामंत्री जितेन्द्र त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी धीरेन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार, सुरेश कुमार, संतोष कुमार मौर्या, सुरेन्द्र कुमार, रेखा तिवारी, कीर्ति सोनी, मनीषा देवी, रत्ना सिंह, जय सिंह, उदयवीर, दयाशंकर, सुशील आदि अनुदेशक मौजूद रहे।

## आकाशीय बिजली गिरने से नाबालिग व महिला और पांच बकरियों की मौत



घटना स्थल का निरीक्षण करती पुलिस

**कोंच( कैलिया )।** तहसील क्षेत्र के ग्राम लाडूपुरा में आकाशीय विजली गिरने से नावालिग सहित एक महिला और 5 बकरियों की मौत हो गयी प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम लाडूपुरा निवासिनी रती पत्नी गणेश वरार उम्र करीब 45 बर्ष अपने भतीजे यश कुमार पुत्र इंद्रपाल उम्र करीब 14 बर्ष के साथ खेतों में बकरियां चराने गयी थी तभी अचानक से काली घटाएं घिर आयीं और उसी के साथ आकाशीय विजली ने अपना कहर ढाकर अपनी चपेट में लिया जिससे महिला व नावालिग सहित 5 बकरियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी जैसे ही घटना की सूचना ग्रामीणों को लगी तो ग्राम में सनसनी फैल गयी और पुलिस को सूचना दी सूचना पर थानाध्यक्ष कैलिया अखलेश दुवेदी दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए और घटना की सूचना अपने उच्च अधिकारियों को दी वहीं पुलिस विधिक कार्यवाही में जुट गई है।

## छात्र-छात्रों को दी साइबर अपराध की जानकारी

● **1930 पर दर्ज होगी साइबर क्राइम की शिकायत**

संवाददाता। उरई( जालौन)

**डीजीपी के** आदेश पर प्रत्येक सप्ताह के हर बुधवार को साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में साइबर टास्क फोर्स ने आज स्कूलों में साइबर जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों को साइबर अपराध और नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी। छात्र-छात्राओं से साइबर जागरूकता के बारे में बताया गया है ।उन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में भी बताया गया।

बुधवार को साईबर क्राइम के सदस्य वीर विक्रम सिंह ने सरस्वती ज्ञान मंदिर बघौरा उरई में जागरूकता कार्यक्रम चलाया। साइबर क्राइम टीम के सदस्य वीर विक्रम सिंह विद्यालय में बच्चों को साइबर क्राइम कैसे रोके, साइबर क्राइम में क्या सावधानी बरते, के सम्बन्ध में बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आये। जो भी आधार कार्ड होता है उसमे कई तकनीकी होती है। इसलिए बोला गया है मेक इन इंडिया यह



सब चीजें सावधानी से की जाए तो हम सावधान रह सकते हैं। अन्यथा की स्थिति में हम धोखा खा सकते हैं। इसलिए आप कभी भी किसी को अपना मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक नंबर और आधार कार्ड नंबर, किसी के साथ साँझा न करे इसके साथ ही साइबर क्राइम से बचाव से सम्बंधित विभिन्न प्रकार के कई टिप्स दिए एवं बच्चों को जागरूक किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह यादव ने कहा की यदि कोई समस्या आती है 155260 पर कॉल करें। और यदि कोई दिक्कत आती है साइबर 1930 नंबर पर दर्ज होगी साइबर क्राइम की शिकायत । इस मौके पर अंकुश संखवार, कृष्णदीप इन्दौलिया मौजूद रहे।

## गाय छूटने को लेकर हुए विवाद में मारपीट

**जालौन।** गाय छूटने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसियों द्वारा घर में घुसकर बेटियों के साथ गाली, गलौज व मारपीट किए जाने एवं पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई न किए जाने की शिकायत पीड़ित पिता ने सीओ को शिकायती पत्र देकर की है। कुठौंद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मालपुर निवासी रामप्रकाश ने सीओ के यहां शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 8 जून को उनकी गाय खूंटे से छूट गई थी और पड़ोसी की लिड़ौरी में भूसे को खाने लगी। गाय को छूटा देखकर उनकी पुत्रियों ने गाय को पकड़ने की कोशिश की लेकिन गाय पकड़ में नहीं आई। कुछ देर बाद पड़ोसी अपने तीन पुत्रों के साथ उनके घर में घुस आए और पुत्रियों के साथ गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने पुत्रियों के साथ मारपीट कर दी। इतना ही नहीं पुत्री के गले में पड़े ओम के लॉकेट को भी छीनकर ले गए।